ष्ट अनिष्ट विषे एक समान है ॥ जैसे मंद पवन करकै सुमेर पर्वत चलाइमान नहीं होता ॥ तैसे उह बडे भोगौं कर अरु निरादर कर चलाइमान नहीं होता ॥ जैसे पपीहा कों मेघ के जलतें भिन्न नदीयों के जल की इछ्या नहीं होती ॥ तैसे उसकों किसी और पदार्थ की इछ्या नहीं ॥ तब राजे कहा ईहां ले आवो ॥ जब शुकजी आया ॥ तब राजा जनक उठ षडा हूया ॥ अरु प्रणाम कीया ॥ अरु दोनों बैठ गये ॥ तब राजे कहा हे मुनीश्वर तुम किस निमित्त आए हो ॥ तुम कों क्या वांछा है ॥ जो कछु वांछा है सो कहो ॥ अरु तिसकी प्रापत जाणो ॥ शुक उवाच ॥ हे राजे इहु संसार अडंबर कैसे उतपन हूया है ॥ अरु कैसे शांत होता है ॥ सो तुम कहो ॥ विश्वामित्र उवाच ॥ हे रामचंद्र जब इस प्रकार शुकजी कहा ॥ तब राजे जनक उपदेश कीया वहुई शुकजी कहा ॥ हे भगवन जो कछु तुम मो कहा है ॥ सोई पिताजी कहा था ॥ अरु सोई शास्त्र कहते है ॥ अरु विचार कर मैं भी ऐसे जानता हों ॥ जो इहु संसार अपणे चित्त के स्पंद कर के उतपन होता है ॥ अरु चित्त के अफुर हूए ते भ्रम निवर्त हो जाता है ॥ पर विश्राम मुझ कों नहीं प्रापत होता ॥ जनक उवाच ॥ हे मुनीश्वर जो कछु इहु मो कहा है ॥ अरु जे कछु तूं जाणता है इसतें उपरांत और जानणा कछु नहीं ॥ अरु कहणा भी और कछु नहीं ॥ इहु जगत चित्त के संवेदन कर के हूया है ॥ जब चित्त फुरणे तें रहत होवे ॥ तब भ्रम निवर्त हो जाता है ॥ अरु आत्मतत्व नित्य शुद्ध है ॥ अरु परमानंद स्वरूप है ॥ केवल चैतन्य है ॥ तिसका अभ्यास कर ॥ तब तूं विश्राम कों पावेगा ॥ अरु तूं मुक्त रूप है ॥ काहे ते जो तेरा जतन आत्मा की ओर है ॥ दृश्य की ओर नहीं ॥ तांतें तूं बडा उदार आत्मा है ॥ हे मुनीश्वर व्यास तें अधिक जाण कर तूं मेरे पास आया है ॥ अरु तूं मेरे तें भी अधिक है ॥ काहे ते जो हमारी चेष्टा वाहु तें नेष्ट आवती ॥ अरु अंतर तें इछ्या हमारी भी नहीं ॥ तुमारी भी नहीं ॥ हे रामचंद जब इस प्रकार राजे जनक कहा तब शुकजी निहशंक अरु निरभय होकर चले ॥ सुमेर पर्वत की कंदरा विषे निर्विकल्प समाधि लगाई ॥ दश सहस्र वर्ष निर्विकल्प समाधि इस्थित रहे ॥ वहुड निर्वाण हो गए जैसे समुद्र विषे बूंद लीन हो जाती है ॥ तैसे लीन हो गए ॥ जैसे सूर्य का प्रकाश संध्या काल में सूर्य विषे लीन होता है ॥ तैसे कलना रूपी कलंक को त्याग कर के ब्रह्म पद को प्रापत हूए ॥ इति श्री मुमक्षु प्रकरणे शुक निर्वाण वर्णनं नाम सर्गः ॥ ॥ ॥

ॐ स्वस्ति सिद्धं ॥ श्री विश्वामित्र उवाच ॥ हे राजा दशरथ जिस प्रकार शुकजी शुद्ध बुध थे तैसे रामचंद है ॥ जैसे उसकों शांत के निमित्त कछुक कर्तव्य था ॥ तैसे रामचंद कों विश्राम के निमित्त कछुक मार्जन कर्तव्य है ॥ काहे ते जो आवरण करणहारे भोग है ॥ सो तिनों ते इछ्या इसकी निवर्त भई है ॥ अरु जो कछु जाणने जोग था ॥ सो जाण्या है ॥ अब इहु मों कर कछुक कहणी है ॥ तिसकर के इसकों विश्राम होवेगा ॥ जैसे शुकजी कों थोडे मार्जन कर के शांत की प्रापत भये है ॥ तैसे इसकों भी प्रापत होवेगी ॥ हे राजन अब रामजी कों भोगों की इछ्या स्पर्श नहीं करती ॥ जैसे ज्ञानवान कों अध्यात्मक आदि दुख नहीं स्पर्श करते ॥ तैसे रामकों भोगों की इछ्या नहीं स्पर्श करती ॥ भोगों की इछ्या सभ कों दीन करती है ॥ भोगों की इछ्या करणी इसी का नाम बंध है ॥ अरु भोगों की वासना का क्षय करणा ॥ इसी का नाम मो

क्ष है ॥ ज्यों ज्यों भोगों की वासना करता है ॥ त्यों त्यों लघु होता है ॥ अरु ज्यों ज्यों भोगों की वासना क्षय होती है ॥ त्यों त्यों गरिष्ट होता है ॥ जब लग इसकों आत्मानंद प्रकाश नहीं होता ॥ तब लग विषयों की वासना दूर नहीं होती ॥ जब आत्मानंद प्रापत होता है ॥ तब विषय वासना कोऊ नहीं रहती ॥ जैसे मारूथल विषे वल्ली नहीं उतपन होती ॥ तैसे ज्ञानवान कों विषय वासना नहीं उतपन होती है ॥ हे साधो ज्ञानवान जो विषय भोगों का त्याग करता है ॥ सो किसी फल कों धार कर नहीं करता ॥ स्वभाव कर ही ज्ञानवान की विषय वासना चलती रहती है ॥ जैसे सूर्य के उदे हूए अंधकार का स्वभाव कर अभाव हो जाता है ॥ सो रामजी कों किसी भोग पदार्थ की वांछा नहीं ॥ अब विदत वेद हूया है ॥ पर विश्राम की अपेक्षा चाहता है ॥ तांतें मैं कहता हों जो सोई करो जिसकर इहु विश्रामवान होवे ॥ हे राजन इहु भगवान वसिष्ट है इनकी युक्त कर के शांतवान होवेगा ॥ अरु आगे भी रघुवंश कुल के गुरु है ॥ इनके उपदेश द्वारा आगे भी रघुवंशी ज्ञान हूए है ॥ कैसे है भगवान वसिष्ट जो सर्वज्ञ है ॥ अरु साक्षात् रूप है अरु त्रिकालज्ञ है ॥ अरु ज्ञान का सूर्य है ॥ इनकी उपदेश कर के रामजी आत्मपद कों प्रापत होवेगा ॥ हे वसिष्टजी उह ब्रह्माजी का उपदेश तुमारे स्मरन विषे है ॥ कि जो जब तुमारा हमारा विरूध था ॥ निषध पर्वत विषे ॥ कैसा था निषधाचल ॥ जो सर्व ऋषीश्वरों अरु छोसों शरणे था ॥ अरु ब्रह्माजी आइ कर ॥ संसार वासना के नाश निमित्त उपदेश कीया था ॥ अरु तुमारा हमारा विरूध हर कीया था ॥ अरु और जीवों के कल्याण निमित्त उपदेश कीया था ॥ अब उही उपदेश तुम रामजी कों करो ॥ इहु भी अब निर्मल ज्ञान का पात्र है ॥ अरु ज्ञान भी वही है ॥ विज्ञान भी वही है ॥ अरु निर्मल युक्त भी वही है ॥ जो शुभ पात्र विषे अर्पणा होवै ॥ अरु पात्र विना नहीं शोभती ॥ जिस विषे शिष्य भाव न होवे ॥ अरु विरक्तता न होवे अ ऐसा जो अपात्र पुरुष है ॥ तिसकों उपदेश करणा व्यर्थ होता है ॥ अर्थ यहु जी उपदेश भी अपवित्र होता है ॥ जैसे दुध बहुत पवित्र है ॥ पर स्वान की त्वचा विषे डारीये ॥ तब उह भी अपवित्र हो जाता है ॥ तैसे अपात्र विषे उपदेश करणा ॥ अपवित्र हो जाता है ॥ हे मुनीश्वर जो शिष्यता अरु वैराग्य कर के संपन्न है ॥ अरु उदार आत्मा है ॥ सो तुमारि उपदेश कों योग्य है ॥ अरु तुम कैसे हो ॥ जो वीतराग हो ॥ अरु भय अरु क्रोध तें रहित हो ॥ परम शांत रूप हो ॥ सो तुमारि उपदेश का इहु पात्र है ॥ वाल्मीकि रुवाच ॥ इस प्रकार जब विश्वामित्र कहा ॥ तब नारद अरु व्यास आदिकों कहा जो साध ॥ अर्थ यहु जो भला कहा ॥ ऐसे ही यथार्थ है ॥ तब राजा दशरथ के पास वडे प्रकाश कों धारे जो बैठे थे ॥ ब्रह्मा के पुत्र वसिष्टजी तिनों ने कहा ॥ हे मुनीश्वरो जो कछु तुम आज्ञा करी सोइ मों ने मानी ॥ ऐसा समर्थ कोऊ नहीं ॥ जो संतों की आज्ञा निवारण करै ॥ हे साधो जेते राजा दशरथ के पुत्र है ॥ तिन सभनों के हिदे का तम रूपी अज्ञान ॥ सो मै ज्ञान रूपी सूर्य कर निवर्त करोंगा ॥ जैसे सूर्य के प्रकाश कर अंधकार दूर हो जाता है ॥ हे मुनीश्वर जो कछु ब्रह्माजी उपदेश कीया था ॥ सो मुझ कों अखंड तनसरणे है ॥ सोई उपदेश करोंगा ॥ तिसकर रामचंद निहसंसय पद कों प्रापत होवेगा ॥ वा

वाल्मीकि रुवाच ॥ इस प्रकार वसिष्टजी विश्वामित्र कों जब कहा ॥ तिसके अनंतर वक्यमाण मोक्ष उपाय सेहला कहणे कों रामजी के सन्मुख होत भया ॥ इति श्री मुमक्षु प्रकरणे विश्वामित्र वचन नाम सर्गः ॥ ॥ ॥ ॥

ॐ श्री रामाय नमः ॥ वसिष्ट उवाच ॥ हे रामचंद जो कछु कमलजा ब्रह्माजी मुझकों सृष्टि के आदि विषें उपदेश कीया है ॥ जीवों की कल्याण निमित्त सो भले प्रकार करि मे

रेस्मरण विषे आवता है॥ अब तक कौं कहता हौं॥ रामउवाच॥ हे भगवन कछु प्रश्न करणे का अवसर पाया है॥ तिस संशय कौं हर करो॥ मोक्ष उपाय जो संहता है॥ सो तो सम सम ही कहोगे॥ पर इह जो तुम कहा॥ शुकजी विदेह मुक्त हूए॥ जो शुकजी विदेह मुक्त हूए॥ तो भगवान व्यास देव सर्वज्ञ है॥ सो विदेह मुक्त क्यों न हूया॥ वसिष्ठउवाच॥ हे रामचंद्र जैसे सूर्य की यां किरणां विषे त्रिसरेणु होती यां है॥ अरु तिन की संख्या कछु नहीं होती॥ तैसे पर सूर्य की संवेदन रूप किरणां विषे जो त्रिलोकी रूप त्रिसरेणु है॥ सो असंख है॥ तिन की संख्या भी कछु नहीं॥ रामउवाच॥ हे भगवन जो आगे वितीत हूइयां है॥ अरु तो आगे होवेगी यां तिन की संख्या केती है॥ अरु वर्तमान कौं तो जाणते है॥ वसिष्ठउवाच॥ हे रामचंद्र अनंत कोटि त्रिलोकी यां की गणा उपजे है॥ अरु मिट गए है॥ अरु कई होवणगी यां॥ कई हूया ई यां है॥ गणने की संख्या कछु नहीं॥ काहे ते जो जीव असंख्य है अरु जीव जीव प्रति अपणी अपणी सृष्टि है॥ जब इह जीव मृतक होता है॥ तब उसी स्थान विषे अपणे आतिवाहक संकल्प रूपी शरीर विषे इसकों वोध व भास आवते है॥ अरु उसी इस्थान विषे परलोक भास आवता है॥ अरु पृथिवी आप तेज वायु आकाश यां चो भूत भास आवते है॥ अरु नाना प्रकार की अपणी अपणी सृष्टि वासना के अनुसार भास आवती है॥ वहुरि उज्हां ते मृतक होता है॥ तब उही सृष्टि वहुरि भास आवती यां है॥ नाम रूप संजोग तन उही जायन सत्य होइ कर पड़ी भासती है॥ वहुरि जब उज्हां ते मरता है॥ तब उस पंच भूत क सृष्टि का अभाव हो जाता है॥ अरु भी सृष्टि आवती है॥ अरु तहां के जो जीव होती है॥ तिन कों भी इस प्रकार अनुभव होता है॥ इस प्रकार एक एक जीव की सृष्टि होती है अरु मिट जाती है॥ तिन की संख्या कछु नहीं॥ तो ब्रह्म विषे सृष्टि की संख्या कछु नहीं॥ तो ब्रह्म विषे सृष्टि की संख्या कैसे होवे॥ जैसे पुरुष फेरी देता है॥ अरु तिसकों सर्व पदार्थ भ्रमते दृष्टि आवते है॥ अरु नौका विषे वैठे हूए॥ नदी तट के वृक्ष चलते दृष्टि आवते है॥ जैसे नेत्रों के दोष करके आकाश विषे मोती यों की यां माला दृष्टि आवती यां है॥ अरु जैसे स्वप्न विषे सृष्टि भासती यां है॥ तैसे जीवों कों परलोक अरु इहलोक भ्रम करके भासता है॥ वास्तव ते जगत कछु उपजा नहीं॥ एक अद्वैत परमात्म तत्व अपणे आप ही विषे स्थित है॥ तिस विषे द्वैत भ्रम अविद्या कर के भासता है॥ जैसे वालक कौं अपणी परछावें विषे वैताल भासता है॥ अरु भय कौं पावता है॥ तैसे अज्ञानी कौं अपणी कल्पना ही जगत रूप होकर भासती है॥ हे रामचंद्र इह व्यास देव बतीसवार तो मेरे देषणे विषे आया है॥ तिन विषे दस तो एक ही प्रकार रूप हूया है॥ अरु एक ही जैसी क्रिया॥ एक ही जैसा निश्चे हूया है॥ अरु और दस समान सम हूए है अरु वारह विलक्षण आकार अरु विलक्षण क्रिया चेष्टा हूए है॥ जैसे समुद्र विषे तरंग होते है॥ कै समसम उपजते है॥ कई विलक्षण उपजते है॥ तैसे व्यास हूए है॥ अरु सम जो दस हूए है॥ तिनों विषे दशमा व्यास एही है॥ अरु आगे भी होवेगा॥ अष्टवार एही॥ अरु वहुरि महा भारत करेगा॥ वहुरि नवमवार ब्रह्मा हो कर विदेह मुक्त होवेगा॥ अरु हम भी होवेगे॥ अरु वाल्मीकि भी होवेगा॥ अरु भृगु भी होवेगा॥ अरु वृहस्पति का पिता अंगिरा भी होवेगा॥ इत्यादिक और भी होवेंगे॥ हे रामचंद्र एक सम ही होते है॥ एक विलक्षण होते है॥ अरु मनुष्य देवता तिर्यक आदिक जीव कई वार समान होते है॥ कई वार विलक्षण होते है॥ कई जीव समान प्रकार आगे जैसे होते है॥ कुल क्रिया सहित॥ अरु कई विलक्षण होते है॥ कई संकल्प करि उडते फिरते है॥ आवणा जावणा मरणा स्वप्न भ्रम की न्याई पड़े देषते है॥ अरु वास्तव ते न कोऊ आवता है॥ न जावता है॥ न जन्मते है॥ इह भ्रम अज्ञान कर के पड़ा भासता है॥ विचार कीए तें निकसता कछु नहीं॥ जैसे कदली का थंभ होता है॥ सो देषणे मात्र तो वड़ा पुष्ट होता है॥ पर फरोलीये तो सार कछु नहीं निकलता॥ तैसे जगत भ्रम अविचार सिध है॥ विचार कीये ते निकसता कछु नहीं॥ हे रामचंद्र जो पुरुष आत्म सत्ता विषे जागा है॥ तिसकों द्वैत भ्रम नहीं भासता उह आत्म दर्शी॥ सदा शांत आत्मा परमानंद स्वरूप है॥ अरु सर्व कलना ते रहित है॥ ऐसा जो जीवन मुक्त पुरुष है॥ तिसकों चलाइ कोऊ नहीं सकता॥ ऐसा जो व्यास जी है॥ तिसकों सदेह मुक्त अरु विदेह मुक्त की कल्पना कोऊ नहीं॥ सदा अद्वैत रूप है॥ हे रामचंद्र जीवन मुक्त कों सर्व आत्मा सर्व ठौर तें पूर्ण भासता है॥ अरु स्वस्थ रूप है॥ स्वरूप सारमय शांत रूप अस्तन करि पूर्ण है॥ अरु निरावर्ण इस्थित है॥ इति श्री असंख्य सृष्टि प्रतिपादनं नाम सर्गः ३

ॐ श्री रामानुजाय नमः॥ वसिष्ठउवाच॥ हे रामचंद्र जीवन्मुक्त अरु विदेह मुक्त विषे भेद कछु नहीं॥ जैसे सोम जल है॥ तो भी जल है॥ अरु इव ताकर के तरंग होइ भासता है॥ तो भी जल है॥ तैसे जीवन्मुक्त अरु विदेह मुक्त विषे कछु भेद नहीं॥ हे रामचंद्र जीवन्मुक्त अरु विदेह मुक्त का अनुभव तम को प्रत्यक्ष नहीं भासता॥ काहे तें जो स्वसंवेद है॥ अरु तिनका भेद जो भासता है॥ सो असम्यकदरसी को भासता है॥ ज्ञानी को भेद नहीं भासता॥ हे मनन हाथ्यो विषे भेद है जैसे वायु स्पंद रूप होती है॥ तो भी वायु है॥ अरु अस्पंद रूप होती है॥ तो भी वायु है॥ उसकी वायुत्व निश्चे विषे भेद कछु नहीं॥ पर और जीवों को स्पंद होती है॥ तो भासती है॥ अरु निस्पंद है॥ तो नहीं भासती॥ तैसे ज्ञानवान पुरुष को जीवन्मुक्त अरु विदेह मुक्त विषे भेद कछु नहीं॥ उह सदा अद्वैत है॥ द्वैत कल्पना ते रहित है॥ पर और जीवों को उसका शरीर भासता है॥ तब जीवन्मुक्त कहते है॥ जब शरीर अदृष्ट होता है॥ तब विदेह कहते है॥ उसको दोनों तुल्य है॥ हे रामजी अब प्रकृत प्रसंग को सुणो॥ जो श्रवणों का भूषण है॥ जो कछु सिद्ध होता है॥ सो इसकों अपणे पुरुषार्थ कर सिद्ध होता है॥ पुरुषार्थ विना सिद्ध कछु नहीं होता॥ अरु जो कहते है॥ देव करेगा सो होवेगा॥ ते मूर्ष है॥ अरु इह जो चंद्रमा है दय को पीनत ल अरु उहला सकता है॥ सो इस विषे सीतलता पुरुषार्थ कर के हूई है॥ हे रामचंद्र जिस अर्थ की इह प्रार्थना करे॥ अरु यत्न न करे॥ अरु थक कर फिरे नहीं॥ तो वसमेव होता है॥ अरु पुरुष प्रयत्न किस का नाम है॥ सो श्रवण करु॥ संतजन अरु सत शास्त्रों के उपदेश कों धार कर तिन के अनुसार चित्त का विचारणा होवे॥ सो पुरुष प्रयत्न है॥ इस तें उतर जो चेष्टा करता है॥ तिस का नाम उनमत्त चेष्टा है॥ अरु जिस निमित्त प्रयत्न करता है सो पावता है॥ एक जीव था जो तिसने अपने पुरुष प्रयत्न कर इंद्र की पदवी पाई है॥ जो त्रिलोकी का पति है॥ तिस सिंहासन परि आरूढ होत भया॥ हे रामचंद्र आत्मतत्व विषे चेतन संवित्त स्पंद रूप होकर फुरी है॥ उह अपणे पुरुषार्थ कर ब्रह्म पद को प्रापत हूई है॥ तातें देषु जिसको कछु सिद्धता प्रापत हूई है॥ सो अपणे पुरुषार्थ कर हूई है॥ केवल चैतन्य जो आत्मतत्व है॥ तिस विषे चैतन्य संवेदन स्पंद रूप हूई है॥ उही चेतन संवित्त अपणे पुरुषार्थ कर के गरुड ऊपरि आरूढ विष्णु रूप हूई है॥ अरु पुरुषोत्तम कहती है अरु उही चैतन्य संवित्त अपणे पुरुषार्थ कर के रुद्र रूप हूई है॥ अरु अर्ध अंग पार्वती कों धार रहा है॥ अरु मस्तक विषे चंद्रमा को धारा है॥ अरु नीलकंठ परम शांत रूप है॥ तातें जो कछु सिद्ध होता है॥ सो पुरुषार्थ कर होता है॥ हे रामचंद्र पुरुष प्रयत्न द्वारा जो सुमेरु कों भोजन कीया चाहे॥ तो भी हो जाता है॥ अरु जो पूर्व दिन दुःकृत कीया होवे॥ आगले दिन सुकृत करीये॥ तब दुःकृत दूर जाता है॥ जो अपणे हाथ कर चरणामृत भी नही ले सकता॥ अरु पुरुषार्थ करे तो उही पृथिवी के षंड षंड करणे कों समर्थ होता है॥ इति

श्रीमुमुक्षुप्रकरणेपुरुषार्थउपक्रमवर्णनंनामचतुर्थःसर्गः॥४॥ ॥ ॥ ॥

ॐश्रीगुरुभ्योनमः॥वसिष्ठउवाच॥हेरामचंद्रजोचित्तकछुवांछाकर्ताहै॥अरुशा
स्त्रोंकेअनुसारपुरुषार्थनहींकरता॥सोसुखकौंनहींपावेगा॥उसकीउन्मत्तचेष्टाहै
अरुपुरुषार्थभीदोप्रकारकाहै॥एकशास्त्रअनुसारहै॥एकशास्त्रविरुधहै॥जोशा
स्त्रविधकोंत्यागकरअपणीइछाकेअनुसारविचरताहै॥सोसिद्धताकोंप्रापतनहो
वेगा॥अरुसुखीभीनहोवेगा॥अरुपरमगतकोंनपावेगा॥अरुजोशास्त्रकेअनुसारपु
रुषार्थहै॥तिसकरकेसिद्धताकोंप्रापतहोवेगा॥अरुदुखीभीनहोवेगा॥जोअनुभव
तेस्फुरतहोतीहै॥अरुस्फुरततेअनुभवहोतीहै सोदोनोइसकरहोतेहै॥दैवतोकछुनहो
या॥हेरामचंद्रऔरदैवकोऊनहीं॥इसकाकीयाइसकोंप्रापतहोताहै॥परजोवलिष्टहो
ताहै॥तिसकेअनुसारविचरताहै॥जोपूर्वलासंस्कारवलीहोताहै॥तोउसीकीजय
होतीहै अरुजोविद्यमानपुरुषार्थवलीहोताहै॥तवउसकोंजीतलेताहै॥जैसेएक
पुरुषकीदोभुजेहोतेहै॥अरुतिनकोंलडावताहै॥तोदोनोविषेजोवलीहोताहै॥तिस
कीजयहोतीहै॥तोदोनोउसीकेहै॥तैसेदोनोकर्मइसकेहै॥जोपूर्वलासंस्कारवली
होताहै॥तोउसीकीजयहोतीहै॥अरुइहप्रयत्नवलीहोताहै॥तोइसीकीजयहोतीहै॥हे
रामचंद्रइहजोसन्तसंगकर्ताहै॥अरुसत्तशास्त्रविचारताहै॥वहुडविषयोंकीऔरदौड
ताहै तोपूर्वलासंस्कारवलीहोताहै॥तिसकरस्थितनहींहोसकता॥ऐसेजाणकर
केपुरुषप्रयत्नकात्यागनहींकरणा॥तोपूर्वलेसंस्कारतेअन्यथानहींहोता॥जोपू
र्वलासंस्कारवलीहोवे॥अरुसन्तसंगकरै॥अरुसत्तशास्त्रोंकादृढअभ्यासकरै॥तोपूर्व
लेसंस्कारकोंइहपुरुषप्रयत्नजीतले॥जैसेपूर्वलेदिनविषेदुःकृतकीया॥अरुअगले
दिनसुकृतकीया॥तोउसकाअभावहोजाताहै॥तैसेपुरुषप्रयत्नतेंहोताहै॥सोपुरु
षार्थक्या॥अरुतिसकरसिद्धक्याहोताहै॥श्रवणाकरु॥ज्ञानवानजोसंतहै॥अरुसत्त
शास्त्रजोब्रह्मविद्याहै॥तिसकेअर्थअनुसारप्रयत्नकरणा॥इसकानामपुरुषार्थहै
अरुपुरुषार्थकरपावणेजोगआत्माहै॥जिसकरसंसारसमुद्रकेपारकोप्रापतहो
वे॥हेरामचंद्रजोकछुसिद्धहोवणाहै॥इसकोंसोअपणेपुरुषप्रकारप्रयत्नकरहोव
णा॥औरदैवकोऊनहीं॥अरुजोशास्त्रअनुसारपुरुषार्थकोंत्यागकरकहतेहै॥जोक
छुकरणाहैसोदैवकरेगा॥सोमनुष्योंविषेगर्धभहै॥तिनकासंगभीनकरीये॥उनकी
संगतकरणीदुखोंकाकारणाहै॥इसपुरुषकोंप्रथमतोइहकर्तव्यहै॥जोअपणेवर्ण
आश्रमकाशुभआचारकोंग्रहणकरणा॥अरुअशुभकात्यागकरणा॥वहुडसंतो
कासंगअरुसत्तशास्त्रोंकाविचारकरणा॥तिनकोंविचारकरअपणेगुणदोषोंको
विचारणा॥जोदिनअरुरात्रविषेमेंसुभक्याकरताहों॥अरुअशुभक्याकर्ताहों॥ऐसे
गुणदोषोंकासाषीभूतहोकरगुणोंकाजोसंतोषधीरजवैराग्यविचारअभ्यासहै॥ति
नकोंधारणा॥अरुदोषजोइनोंतेउपजेहै॥तिनकात्यागकरणा॥जवऐसेपुरुषार्थ
कोंअंगीकारकरेगा॥तवपरमानंदरूपआत्मतत्वकोंप्रापतहोवेगा॥तातेंहेराम
चंद्रवनकेचाइलहूएकीटकीन्याईनहींहोवणा॥जोघासतृणकेपानकोंरसीलाजा
णकरपडाचुगताहै॥तैसेइस्त्रीपुत्रधनादिकोंविषेमगननहोरहणानहीं॥इनतेंवि
रक्तहोवणा॥अरुदंतोंसाथदंतोंकोंचवाइकरसंसारसमुद्रतेंपारहोवणाकायत्नक

रणा॥अरुवलकरिवंधनकोंतोडकरनिकसजावणा॥जैसेकेसकेसरीसिंहवला
करकेपिंजरेसोंनिकसजाताहै॥तैसेनिकसजाणापुरुषार्थहै॥हेरामचंद्रजि
सकोंकछुसिद्धताप्रापतकिसीकीहूईहै॥सोअपणेपुरुषार्थकरहूईहै॥पुरुषा
र्थविनानहींहोती॥जैसेप्रकाशविनापदार्थोंकाज्ञाननहींहोता॥जिनोंपुरुषोंअ
पणापुरुषार्थत्यागयाहै॥अरुदैवकेआश्रयहूएहै॥जोहमाराकल्याणदैवकरेगा
सोनहोवेगा॥जैसेपथरोंतेतेलनिकस्याचाहै॥तोनहींनिकसता॥तैसेउनकाक
ल्याणनहोवेगा॥हेरामचंद्रतुमतोदैवकाआश्रयत्यागकरअपणेपुरुषार्थकोंआ
श्रयकरो॥जिनोंअपणापुरुषार्थत्यागयाहै॥तिनकोंसुंदरकांतलषमीत्यागकरजा
तीहै॥उनकीकांतलघुहोजातीहै जैसेवसंतऋतुकीमंजरीवसंतऋतुकेगएतेंवि
रसहोजातीहै॥तैसेउनकीकांतहोजातीहै॥जिनोंपुरुषोंनेऐसेनिश्चेकीयाहै॥जो
हमारेपालनेहारादैवहै॥तेपुरुषऐसेहै॥जैसेकोऊअपणीभुजाकोंसर्पजाणकर
दौडेअरुभयपावै॥जाणतेनहीं जोमेरीहीभुजाहै॥तैसेअपणेपुरुषार्थकोंत्याग
करदैवकाआश्रयलेतेहै॥अरुभयकोंपावतेहै॥इसीकानामपुरुषार्थहै॥जोसंत
अरुशास्त्रोंकोंविचारकरतिनकेअनुसारविचारणा॥अरुजोतिनकोंत्यागकरअप
णीइछाकेअनुसारवर्ततेहै॥तेनइहांसुषपावैंगे॥नआगेसुषपावैंगे॥नसिद्धता
कोंपावैंगे॥अरुजोसत्तशास्त्रोंकेअनुसारविचारतेहै॥तेईहांभीसुषपावैंगे॥अरु
सिद्धताकोंभीपावैंगे॥तातेंसंसाररूपदोषविषगिडतानहीं॥पुरुषार्थजोहैसंत
जनासंगअरुसत्तशास्त्रोंकाअर्थविदेरूपीपत्रऊपरलिषना॥वोधरूपीकानीकर
णीअरुविचाररूपीस्याहीकरणी॥तवऐसेपुरुषार्थकरलिषेगा॥तवसंसाररू
पीदोषविषनगिरेगा॥हेरामचंद्रजैसेइहथादिनहूईहै॥जोपटहैसोपटहीहै॥घटन
हींहोता॥अरुघटहैसोपटनहींहोता॥तैसेइहभीनेमहूईहै॥जोपुरुषार्थअपणेविना
परमपदकीप्रापतनहींहोती हेरामचंद्रजोसंतोंकीसंगतभीकर्ताहै॥अरुसत्तशास्त्र
भीविचारताहै॥अरुउनकेअर्थविषेपुरुषार्थनहींकर्ता॥अर्थइहजोअभ्यासनहींकर्ता
तिसकोंसिद्धतानहींप्रापतहोती॥जैसेअम्रतकेनिकटभीवैठाहोवे॥परपानकीये
विनाअमरनहींहोता॥तैसेअभ्यासकीयेविनासिद्धताप्रापतनहींहोती॥हेरामचं
द्रअज्ञानीजीवअपणाजीवणाव्यर्थषोवतेहै॥जववालकहोतेहै॥तवमूढअवस्था
विषेलीनहोतेहै॥अरुजुवाअवस्थाविषेविकारोंकोसेवतेहै॥अरुजराविषेजरजरीभू
तहोकरम्रतकहोजाताहै॥इसप्रकारजीवणाव्यर्थषोवतेहै॥अरुजोअपणापुरुषार्थ
त्यागकरदैवकाआश्रयलेतेहै॥सोअपणेहंताहोतेहै॥तेसुषकोंनहींपावैंगे॥हेराम
चंद्रजोपुरुषव्यवहारविषेअरुपरमार्थविषेआलसीहूएहै॥अरुपुरुषार्थकोंत्यागक
रआलसीहोरहेहै॥तेदीनहूएहै॥मानोपसुहै॥अरुदुषकोंप्रापतहूएहै॥इहमैंवि
चारकरदेष्याहै॥तातेंतुमपुरुषार्थकोंआश्रयकरो॥सतसंगतअरुसत्तशास्त्ररूपीआ
दर्शकरकेअपणेगुणअरुदोषोंकोदेषकरदोषोंकात्यागकरो॥अरुशास्त्रकासिद्धांत
जोहैतिसकाअभ्यासकरो॥जवदृढअभ्यासकरोगे॥तवशीघ्रहीआनंदवानहोवोगे॥
वाल्मीकिउवाच॥जवइसप्रकारवसिष्ठजीकह्या॥तवसायंकालकासमाहूया॥सभ
सभाइसनानिकेनिमित्तउठषडेहूए॥परस्परनमस्कारकरकेअपणेअपणेघरोंको
गए॥वहुडसूर्यकीयाकिरणोंसहितआनस्थितहूए॥इतिश्रीमुमुक्षुप्रकरणेपुरुषा
र्थवर्णनंनामपंचमसर्गः॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥

ॐश्रीपरमात्मनेनमः॥वसिष्ठउवाच॥हेरामचंद्रइसकाजोकोऊपूर्वलाकीयापुरुषार्थ
हैतिसकानामदैवहै॥औरदैवकोऊनहीं॥जवइहसंगतअरुसत्तशास्त्रविचारद्वारापु
रुषार्थकरै॥तवपूर्वलेसंस्कारकोंजीतलेताहै॥जिसशास्त्रद्वाराजिसइष्टकेपावणेका
यहयत्नकरेगा॥तैसाअवश्यमेवपावेगा॥अपणेपुरुषार्थतेअन्यथासिद्धकछुनहीं
होता॥नहूयाहै॥नहोवेगा॥पूर्वजोकोऊपापकीयाहोताहै॥तिसकीप्रापतहूए॥तेजा

योग
वा
५

वमारघाता है ॥ तव मूर्ख कहता है हा देव हा देव ॥ कोऊ कहता है हा कष्ट हा कष्ट ॥ हे राम
चंद्र इसका जो पूर्वला पुरुषार्थ है ॥ तिसका नाम देव है ॥ और देव कोऊ नहीं ॥ और कोऊ
देव जो कल्पते है ते मूर्ख है ॥ जो पूर्वले जन्म में सुकृत कर आया होता है ॥ उही सुकृत सुष
होकर दिषाई देता है ॥ जो पूर्वला संस्कार वली होता है ॥ तौ उसही की जय होती है ॥ अ
रु जो इहां पुरुषार्थ वली होता है ॥ तौ इसही की जै होती है ॥ जो पूर्व दुःकृत वली होता
है ॥ अरु ईहां शुभ का पुरुषार्थ कर्ता है ॥ सत संगत अरु सत शास्त्रों का श्रवण विचार क
रता है ॥ तौ पूर्वले संस्कार कों जीत लेता है ॥ जैसे प्रथम दिन पाप कीया होवे ॥ अरु दूस
रे दिन वडा पुंन करे ॥ तौ पूर्वला पाप निवर्त होजाता ॥ तैसे ईहां दृढ पुरुषार्थ करे ॥ तौ पू
र्वले कों जीत लेता है ॥ ताते जो कछु सिद्ध होता है ॥ सो इसी के पुरुषार्थ कर सिद्ध होता है
जो एकाग्र भाव होकर के यत्न करणा ॥ इसका नाम पुरुषार्थ ॥ जिसका यत्न एकाग्र भाव हो
कर करेगा ॥ तिसकों अवश्यमेव पावेगा ॥ जो पुरुष और देव कों जाणकर अपणा पुरु
षार्थ त्याग वैठे है ॥ ते दुष तें दुष कों पावैगे ॥ शांतवान कदाचित न होवैगे ॥ हे रामचंद्र मि
थ्या देव के अर्थ कों त्याग कर तुम अपणे पुरुषार्थ कों आश्रय करो ॥ जो संतजन अरु शा
स्त्रों के वचनों कर अरु युक्ती साथ यत्न करके आत्मपद कों अभ्यास कर प्रापत होणा ॥ इसी
का नाम पुरुषार्थ है ॥ जैसे प्रकाश करके पदार्थों का ज्ञान होता है ॥ तैसे पुरुषार्थ करके आ
त्मपद की प्रापत होती है ॥ जो वडा पाप होता है पूर्वला कीया ॥ अरु ईहां दृढ पुरुषार्थ
कर पुण्य करता है ॥ तौ उसकों जीत लेता है ॥ जैसे वडा मेघ होता है ॥ अरु तिसकों पवन
नाश कर देता है ॥ अरु जैसे वर्षा दिन का पका खेत होता है ॥ अरु गडा तिसकों नाश कर छो
डता है ॥ तैसे पूर्वला संस्कार पुरुष प्रयत्न करि नाश करीता है ॥ हे रामचंद्र श्रेष्ट पुरुष
ते ई है ॥ जिनो संतसंग अरु शास्त्र विचार द्वारा वुध कों तीक्षण करके संसार समुद्र तें त
रणे का पुरुषार्थ कीया है ॥ अरु जिनो संतसंग अरु शास्त्र द्वारा वुध तीक्षण नहीं करी
अरु पुरुषार्थ कों त्याग वैठे है ॥ ते पुरुष नीच तें नीच गत कों प्रापत होवैगे ॥ अरु जो श्रे
ष्ट पुरुष है ॥ ते अपणे पुरुषार्थ करके परमानंद अनंत पद कों पावते है ॥ जिसकों पाइ
कर वहुड दुषी न होवना ॥ अरु देषणे कर दीन होते थे ॥ अरु संतसंग अरु शास्त्र के अनु
सार पुरुषार्थ कीया है ॥ ते उत्तम पद कों प्रापत होते है प्रापत है ॥ हे रामचंद्र जिनो पु
रुषो पुरुष प्रयत्न कीया है ॥ तिनकों सभ संपदा आन प्रापत होती है ॥ अरु परमानंद क
र पूर्ण होरहते है ॥ जैसे रत्नों कर के समुद्र पूर्ण है ॥ तैसे उह परमानंद कर पूर्ण होते है
ताते जो श्रेष्ट पुरुष है ॥ ते अपणे पुरुषार्थ द्वारा संसार के वंधनों ते निकस जाते है ॥
जैसे केसरी सिंह अपणे अपणे वल कर पिंजरे सें निकस जाता है ॥ तैसे उह अपणे
पुरुषार्थ कर संसार वंधन ते निकस जाता है ॥ हे रामचंद्र जो इह पुरुष और कछु न
करे तौ इह करे ॥ जो अपणे वर्ण अरु आश्रम के अनुसार विचारे ॥ अरु यत्न इही करे ॥
जो संतों अरु शास्त्रों का आशय होवे ॥ तिसके अनुसार पुरुषार्थ करे ॥ जव ऐसे करेगा
तव सर्व वंधनों ते मुक्त होवेगा ॥ अरु जिस पुरुष अपणे पुरुषार्थ का त्याग कीया है ॥ अ
रु किसी और देव कों मान कर कहता है ॥ इहु मेरा कल्याण करेगा ॥ सो जन्म अरु मरण
कों प्रापत होवेगा ॥ अरु शांतवान न होगा ॥ हे रामचंद्र इस जीव कों संसार रूपी विसूचका
रोग है ॥ तिसके दूर करणे का उपाइ मै कहता हों ॥ संतजन अरु सत शास्त्रों के अर्थ वि
षे दृढ भावणा करणी ॥ जो कछु तिनोंने सुनाया है ॥ तिसका वारंवार अभ्यास करे ॥ अरु
सभ कल्पणा का त्याग करे ॥ इकाग्र होइ कर चिंतवना करे ॥ तव इसकों परम पद की
प्रापत होवै ॥ अरु द्वैत भ्रम निवर्त होजावै ॥ अरु अद्वैत रूप पडा भासे ॥ इसका नाम पु
रुषार्थ है ॥ इति श्री मुमुक्षु प्रकरणे परम पुरुषार्थ वर्णनेनाम षष्ठो सर्गः ॥ ६ ॥

ॐ श्री रामाय नमः ॥ वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामचंद्र पुरुषार्थ करकै इसकों अध्यात्मक आदि
रोग आन प्रापत होते है ॥ तिस करके इह शांत कों नहीं पावता ॥ तुम मनें रोगी नहीं होव

णा ॥ अपणे पुरुषार्थ द्वारा जन्म अरु मरण के वंधनतें मुक्त होवणा ॥ अरु और कि
सी देव मुक्त न हीं करणा ॥ अपणे पुरुषार्थ करि संसार वंधनतें मुक्त होवणा है ॥
जिनों पुरुषों अपणा पुरुषार्थ त्याग कीया है ॥ अरु और किसी देव कों मानकर तिस
परायण हूये है ॥ तिनका धर्म अर्थ काम नष्ट होजाता है ॥ अधः तें अधः गत कों प्राप
त होते है ॥ हे रामचंद्र शुध चैतन्य जो इसका अपणा आप है ॥ अरु वास्तव रूप है ॥ ति
सके आश्रय जो आदि चित्त संवेदन जो फुरती है ॥ तव इह फुरणा संत अरु शास्त्रों के
अनुसार होवे ॥ तव पुरुष परम शुधता कों प्रापत होता है ॥ अरु जो संत शास्त्रों के अनुसा
र न होवे ॥ तव वासना के अनुसार भाव अभाव जो भ्रम जाल है ॥ तिस विषे घटा भटका
ता है ॥ छटी यंत्र की न्याई ॥ शांतवान कवहूं न होवेगा ॥ हे रामचंद्र जिसकों सीको सिथता
प्रापत हुई है ॥ सो अपणे पुरुषार्थ कर हूई है ॥ पुरुषार्थ विना सिथता कों प्रापत न हो
वेगा ॥ जो किसी पदार्थ कों ग्रहण करणा होता है ॥ तव भुजा पसारीये तव ग्रहण हो
ता है ॥ अरु जो देश कों प्रापत होवणा है ॥ तव चलकर जाईये तौ पहूचीये ॥ अन्यथा न
हीं होता ॥ तौ पुरुषार्थ विना कछु नाही होता ॥ जो कोऊ कहता है देव करेगा सो होवेगा
सो मूर्ष है ॥ हे रामचंद्र और देव कोऊ नही ॥ इसके पुरुषार्थ का नाम देव है ॥ इह देव आह
स्वर्गों का परचावा है ॥ जो किसी कष्ट साध दुःष पाया ॥ तिसकों कही ए देव का कीया है
और देव कोऊ नही ॥ हे रामचंद्र जो पुरुष अपणा पुरुषार्थ त्याग कर देव के आश्रय हो
रहेगा ॥ तौ सुषता कों न पावेगा ॥ काहेतें जो अपणे पुरुषार्थ विना सिथता किसी को
प्रापत नहीं हुई ॥ अरु हम रूप तिस्री जो दृढ पुरुषार्थ कीया है ॥ तव संपूर्ण देवत्यों की
राजा इंद्र का गुरु हूया है ॥ अरु शुक्र जी अपणे पुरुषार्थ द्वारा सर्व दैत्यों का गुरु हूया है
अरु और जो समान जीव है ॥ जिस पुरुष प्रयत्न कीया है ॥ सो पुरुष उत्तम हूया है ॥ ताते
जिसकों सिथता विभूति प्रापत भये है ॥ सो अपणे पुरुषार्थ करके प्रापत हूई है ॥ अरु
पुरुषों ने संतों अरु शास्त्रों के अनुसार पुरुषार्थ त्याग्या है ॥ ते मेरे देषते देषते वडे राज
अरु धन अरु प्रजा तें अरु विभूति तें षीण होगए है ॥ अरु नरकों विषे पडे जल लेते है ॥ जिस
करके कछु अर्थ सिध होवे ॥ तिसका नाम पुरुषार्थ है ॥ हे रामचंद्र इस पुरुष कों करणे
मए ही है ॥ जो सत शास्त्र अरु संतों का संग कर वुध कों तीक्षण करे ॥ अरु शुभ गुणों कों
पुष्ट करे दया अरु धीरज अरु संतोष अरु वैराग्य के अभ्यास करके वुध कों तीक्षण क
रे ॥ अरु नीच गुण वुध करके इनकों पुष्ट करे ॥ जैसे वडे ताल ते मेघ पुष्ट होते है ॥ वहुड उव
धाकर के उसकों पुष्ट करते है ॥ तैसे सत भगुणों कर वुध पुष्ट होती है ॥ पुष्ट वुध कर सत गु
ण पुष्ट होते है ॥ हे रामचंद्र जो वालक अवस्था ते लेकर अभ्यास कीया होता ॥ तव इसकों दृढ
ता प्रापत होती है ॥ अर्थ इह जो दृढ अभ्यास करके दृढता प्रापत होती है ॥ अन्यथा नहीं होती
जो किसी देश अथवा तीर्थ इस जावणा होवे ॥ तव मार्ग के निरालस होकर चल्या जा
वे ॥ तौ जाइ पहूचेगा ॥ अन्यथा न पहूचेगा ॥ अरु क्षुधा तव निवर्त होवेगी ॥ जो भोजन करेगा
अन्यथा निवर्त न होवेगी ॥ अरु पाठ तव स्पष्ट होवेगा ॥ जो मुष विषे जिह्वा सुथ होवेगी ॥ गुं
गे सों पाठ नहीं होता ॥ ताते जो कछु कार्य सिद्ध होता है ॥ सो पुरुषार्थ अपणे ही कर सिद्ध होता
है ॥ तूसी होर रहने ते कार्य कोऊ सिद्ध नहीं होता ॥ अरु सभ गुरु ही वेठे है ॥ इनोंने शब्द देष ॥ आ
गजो ते रीझ्या है सो करु ॥ अरु जो मुझ से पूछे तो सर्व शास्त्रों का सिद्धांत कहता हों ॥ जिस
करके सिद्धता कों प्रापत होवे ॥ हे रामचंद्र संत जो है ज्ञानवान पुरुष ॥ अरु सत शास्त्र जो है ब्र
ह्म विद्या तिसके अनुसार संवेदन अरु मन ॥ अरु इंद्रियों का विचारना होवे ॥ अरु इनतें वि
रुध होवे ॥ तिससें वर्जित होवणा ॥ तिस करके तुम कों संसार का राग अरु द्वेष स्पर्श न क
रेगा ॥ सभ ते निर्लेप होरहेगा ॥ जैसे जल ते कमल निर्लेप रहता है ॥ तैसे तूं निर्लेप रहै
गा ॥ हे रामचंद्र जिनों महापुरुषों ने शांत प्रापत होवे ॥ तिनकी भली प्रकार सेवना करी
ये ॥ काहेतें जो उनका वडा उपकार कार है ॥ जो संसार समुद्र तें निकास लेते है ॥ अरु सभ

जो अहं अस्मि तव वढ
इ मन होइ कर फुरणे
लागता है वहुड इं
द्रियां करती याहै ६

योग वा॰ ५

कल्पनाकोंत्यागकरअपणेपुरुषार्थकोंअंगीकारकरो॥तवजन्मअरुमरणकाभयनिवर्तहोजावे॥हेरामचंद्रजिसजिसकीइहवांछाकरताहै॥अरुतिसकेनिमित्तदृढपुरुषार्थकरताहै॥तवअवश्यमेवतिसकोंपावताहै॥अरुजोवडेतेजअरुविभूतिकरकेंसंपन्नतुफकोंदृष्टआवतेंहैं॥अरुगुणीतेंहैं॥सोअपणेपुरुषार्थकरहूएहैं॥अरुजोमहानिकृष्टसर्पकीटआदिकतुफकोंदृष्टआवतेंहैं॥तिनअपणेपुरुषार्थकात्यागकीयाहै॥तवश्रैसेहूएहैं॥हेरामचंद्रअपणेपुरुषार्थकोंआश्रयकरो॥नहींतसर्पअरुकीटादिकनीचजूनीकोंप्रापतहोवैगे॥जिनोंपुरुषोंअपणापुरुषार्थत्यागकीयाहै॥अरुकिसीऔरदैवकाआश्रयधाराहै॥तेमहामूर्षहैं॥काहेतेंजोइहवारताव्यवहारविषेभीप्रसिद्धहै॥अपणेउद्यमकीयेविनाकिसीपदार्थकीप्रापतकैसेहोवे॥तांतेंदैवकोंत्यागकरकें॥संतजनअरुसतशास्त्रोंकेअनुसारयत्नकरो॥परमपदपावणेका॥जोदुःखोंतेंमुक्तहोवै॥हेरामचंद्रजनार्दनजोविस्नजीहैं॥सोअवतारधारकरदैत्योंकोमारताहै॥अरुऔरचेष्टाभीकरताहै॥परपापकास्पर्शतिसकोंनहींहोता॥काहेतेंजोअपणेपुरुषार्थकरकेंअक्षयपदकोंप्रापतहूयाहै॥तमभीपुरुषार्थकाआश्रयकरो॥अरुसंसारसमुद्रतेंतरजावो॥इतिश्रीममुक्षप्रकरणेपुरुषार्थउपमावर्णनंनामसप्तमसर्गः॥

ओंहरितत्सदितिपरमात्मनेनमः॥वसिष्ठउवाच॥हेरामचंद्रइहजोदैवशब्दहै॥सोमूर्षोंनेंकल्पाहै॥जोदैवहमारीरष्याकरताहै॥हमकोंतोदैवकाआकारदृष्टनहींआवता॥नकोऊदैवकाकालहीहै॥नदैवकछुकरताहीहै॥मूर्षलोदैवदैवपडेकहतेंहैं॥औरदैवकोऊनहीं॥इसकासर्वलोकमेंहीदैवहै॥हेरामचंद्रजिनोंपुरुषोंअपणापुरुषार्थत्यागकीयाहै॥अरुदैवपरायणहोएहैं॥जोदैवहमाराकल्याणकरेगा॥तेमूर्षहैं॥काहेतेंजोअग्निविषेइहजाइपडे॥अरुदैवआइकरइसकोंनिकासलेवै॥तवजाणीयेकोऊदैवभीहै॥सोतोनहीं॥अरुदैवकरताहै॥तोइहस्नानदानभोजनादिककोंत्यागकरचुपहोवैदे॥आपेदैवकरजावेगा॥सोभीनहींहोताइसकेकीयेविना॥तांतेंऔरदैवकोऊनहीं॥अपणापुरुषार्थहीकल्याणकरताहै॥हेरामचंद्रजोइसकाकीयाकछुनहींहोता॥औरदैवहीकरणेवालाहोता॥तौशास्त्रअरुगुरोंकाउपदेशभीनहोता॥अरुसतशास्त्रकेउपदेशकरकें॥अरुअपणेपुरुषार्थद्वाराइसकोंवांछितपदकीप्रापतहोती॥तांतेंऔरजोकोऊदैवशब्दहै॥सोव्यर्थहै॥इसभ्रमकोंत्यागकरकें॥अरुसंतअरुशास्त्रोंकेअनुसारअपणापुरुषार्थकरै॥तवहीदुःखोंतेंमुक्तहोवेगा॥हेरामचंद्रऔरदैवकोऊनहीं॥इसकापुरुषार्थजोहैस्पंदसोईनामदैवहै॥हेरामचंद्रजोऔरकोऊदैवकरणेहाराहोता॥तोइहजवशरीरकोंत्यागताहै॥अरुशरीरशवहोजाताहै॥क्याशरीरसोंकछुहोतीनहीं॥काहेतेंजोचेष्टाकरणेहारात्यागजाताहै॥तोशवशरीरसोंभीचेष्टाकरावता॥सोचेष्टाकछुनहींहोती॥तांतेंजाणीताहैजोदैवशब्दव्यर्थहै॥हेरामचंद्रपुरुषार्थकीवार्तातोअज्ञानीजीवोंकोभीप्रत्यक्षहै॥जोअपणेपुरुषार्थविनाहोताकछुनहीं॥जोपालभीजाणताहै॥मैंगावोंकोचरावोंनहींतोभुषीयारहै॥तांतेंऔरदैवकेआश्रयतौवैठनहींरहता॥आपहीचरायलेआवताहै॥हेरामचंद्रऔरदैवकेकल्पनाभ्रमकरकेकोतेहै॥अरुदैवतोंइहकोदृष्टकोऊनहींआवता॥इहलपादशरीरदैवकाकोऊदृष्टनहींआवता॥अपणेपुरुषार्थकरसिद्धहोतासभदृष्टआवताहै॥अरुजोकोऊआकारतेंरहितहैदैवशब्दकल्पीये॥तोनहींवनता॥काहेतेंजोनिराकारअरुसाकारकासंयोगकैसेहोवे॥हेरामचंद्रअरुदैवकोऊनहीं॥अपणापुरुषार्थहीदैवरूपहै॥जोराजेभासतेहै॥अरुसिद्धजोसिद्धीसंसंयुक्तभासतेहै॥सोभीअपणेपुरुषार्थकरकेंहूएहैं॥अरुकालकरचिरपर्यंतरहतेहैं॥सोभीअपणेपुरुषार्थकरहूएहैं॥हेरामचंद्रइहविश्वामित्रहै॥इनोंदैवशब्दकोंदूरतेंत्यागकीयाहै॥पुरुषार्थकरकेंक्षत्रीनेंब्राह्मणहूयाहै॥अरुऔरभीऋषीश्वरमुनीश्वरतेजवानहूएहैं॥सोअपणेहीपुरुषार्थकरहूएहैं॥अरुऔरवडेवडेविभूतवानहूएहैं॥सोअपणेपुरुषार्थकरदृष्टआवनेहैं॥हेरामचंद्रजोदैवकिसीकोंपढिविनापंडितकरै॥तोभीजाणीयेदैवकीया॥सोपढिविनापंडितकोऊहोतानहीं॥अरुजोअज्ञानीज्ञानवानहोता॥सोभीअपणेपुरुषार्थकरहोनेहैऔरकरनहींहोने॥तांतेंऔरदैवकोऊनहीं॥मिथ्याभ्रमकोंत्यागकर॥संतजनअरुसतशास्त्रोंकेअनुसारसंसारसमुद्रतेंतरणेकाप्रयत्नकरु॥तेरेपुरुषार्थविनाऔरदैवकोऊनहीं॥जोऔरदैवहोता॥तोव्यवहारक्रियात्यागकरसोइरहते॥आपेदैवहीपढाकर्ता॥सोअैसेतोकोऊनहींकरता॥तांतेंअपणेपुरुषार्थविनासिद्धकछुनहींहोता॥अरुजोइसकाकीयाकछुनहोता॥तोपापकरणेवालानरकनजाता॥अरुपुण्यकरणेवालास्वर्गनजाता॥सोपापकरणेवालेनरककोंजातेहैं॥अरुपुण्यवालेस्वर्गकोंजातेहैं॥तांतेंजोकछुप्रापतहोताहै॥सोअपणेपुरुषार्थकरहोताहै॥हेरामचंद्रजोकोऊऔरदैवकर्ताहोवे॥तोइसकासिरकाटीये॥अरुदैवकेआश्रयजीवतारहै॥सोतोजीवताकोऊनहीं॥तांतेंदैवशब्दमिथ्याभ्रमकोंत्यागकरसंतजनअरुसतशास्त्रोंकेअनुसारअपणापुरुषार्थकरआत्मपदविषेस्थितहोवो॥इतिश्रीममुक्षप्रकरणेपरमपुरुषार्थवर्णनंनामाष्टमसर्गः॥८॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥

ओंनमःसिद्धं॥वसिष्ठउवाच॥हेभगवनसर्वधर्मोंकेवेत्तातुमकहतेहोऔरदैवकोऊनहीं॥औरदैवजोहैसोब्रह्माणभीकहतेहैं॥जोदैवकाकीयासभकछुहोता॥अरुसुषदुषकादेवणहारादैवनहै॥इहलोकविषेप्रसिद्धहै॥वसिष्ठउवाच॥हेरामचंद्रमैंतुफकोंएसेकहताहों॥जोतेराभ्रमनिवर्तहोजावे॥इसहीकाजोशुभअथवाअशुभकर्मकीयाहूयाहै॥तिसकाफलअवश्यमेवभोगणाहै॥सोदैवकहीयेपुरुषार्थकहीये॥औरदैवकोऊनहीं॥अरुकर्ताक्रियाकर्मआदिकोंविषेतोदैवकोऊनहीं॥अरुकोऊदैवकास्थाननहीं॥रूपनहीं॥तोऔरदैवक्याकहीये॥हेरामचंद्रमूर्षोंकेपरचावणेनिमित्तदैवशब्दकहाहै॥जैसेआकाशसूंनहै॥तैसेदैवभीसूंनहै॥रामउवाच॥हेभगवनसर्वधर्मोंकेवेत्तातुमकहतेहोजोदैवकोऊनहीं॥आकाशकीन्याइंसूंनहै॥सोतमारेकहणेकरभीदैवसिद्धहोताहै॥जोतुमकहतेहोइसकेपुरुषार्थकानामदैवहै॥अरुजगतविषेभीदैवशब्दप्रसिद्धहै॥वसिष्ठउवाच॥हेरामचंद्रमैंश्रैसेतुफकोंकहताहों॥जिसकरदैवशब्दतेरेहृदेसोंउठजावे॥जोअर्थसत्यहोजावेगा॥दैवनामअपणेपुरुषार्थकाहै॥अरुपुरुषार्थनामकर्मकाहै॥अरुकर्मनामवासनाकाहै॥अरुवासनामनतेंहोतीहै॥अरुमनरूपेपुरुषहै॥जैसीवासनाकर्ताहै॥सोईइसकोंप्रापतहोताहै॥जोगिरांउकोंप्रापतहोवणेकीवासनाकर्ताहै॥तोगिरांउकोंप्रापतहोताहै॥अरुजोपत्तनकीवासनाकर्ताहै॥तोपत्तनकोंप्रापतहोताहै॥तांतेंऔरदैवकोऊनहीं॥पूर्वलाजोकोऊदृढपुरुषार्थकीयाहै॥शुभअथवाअशुभतिसकापरिणामसुषअरुदुषजोअपणेपुरुषार्थकर्मोंतेंभिन्न॥तोसुषदुषदेवणेहाराअरुअपणेपेलनेहारादैवतोकोऊनहूयाकों॥अरुजोपापकीवासनाकर्ताहै॥अरुशास्त्रविरुधकर्मकर्ताहै॥सोकिसकरकर्ताहै॥पूर्वजोइसकादृढपापकर्महै॥तिसकरइहपापकर्ताहै॥अरुजोपूर्वलापुन्यकर्मकीयाहोतातोइहशुभमार्गविषेविचरताहै॥रामउवाच॥हेमुनीश्वरजोपूर्वलीदृढवासनाकर्मकेअनुसारइहविचरताहै॥तोअवमैंक्याकरों॥मफकोंपूर्वलीयोंवासनोंनेंदीनकीयाहै॥अवमुफकोंक्याकर्तव्यहै॥वसिष्ठउवाच॥हेरामचंद्रकछुइसकीपूर्वलीवासनादृढहोरहीहै॥तिसकेअनुसारइहविचरताहै॥परजोश्रेष्टमनुषहै॥सोअपणेपुरुषार्थकरकेंपूर्वलेमलनसंसारकोंसंहकर्तेहैं॥तिसकीमैलदूरहोजातीहै॥सतशास्त्रअरुज्ञानवानोंकेवचनोंअनुसारदृढपुरुषार्थकरो॥तवमलीनवासनादूरहोजावैगीयां॥हेरामचंद्रसर्वः

लेमलीनपापकर्मकेसेजाणीये॥ अरुसुद्धकैसेजाणीये॥ सोश्रवणकरु॥ जोचित्तविषयोंकीओरधावे॥ अरुशास्त्रविरुद्धमार्गकीओरधावे॥ अरुसुभकीओरनधावे॥ तवजाणीये जोकोऊसर्ववेलामलीनहै॥ अरुजोसंतजनोंअरुसतशास्त्रोंकेअनुसारचेष्टाकरे॥ अरुसंसारमार्गतेंविरक्तहोवे॥ तवजाणीयेजोसर्वकर्मसुद्धहै॥ तांतेहेरामचंद्रतुझकोंदोनोकरकैसिद्धताहै॥ जोसर्ववेलासंस्कारसुद्धहोवे॥ तोतेराचित्तशीघ्रहीसतसंगअरुसतशास्त्रोंकेवचनोंकोग्रहणकरलेवेगा॥ अरुशीघ्रहीतुझकोंआत्मपदकीप्रापतहोवेगी॥ अरुजोतेराचित्तअसुभमार्गविषेस्थितनहीहोसकता॥ तांतेंदृढपुरुषार्थकरु जोसंसारसमुद्रतेंपारहोवे॥ हेरामचंद्रतूंचेतन्यहै॥ जड़तोनहीं॥ अपणेपुरुषार्थकाआश्रयकरो॥ मेराभीएहीआशीर्वादहै॥ जोतमाराचित्तशीघ्रहीसुभमार्गविषेस्थितहोवे॥ हेरामचंद्रश्रेष्टपुरुषभीउहीहै॥ अरुब्रह्मविद्याकाजोसिद्धांतसारहै॥ तिसविषेस्थितहोवे॥ हेरामचंद्रपुरुषउहीहै॥ जिनकासर्ववेलासंस्कारकर्मयद्यपिमलीनभीथा॥ परसंतजनअरुसतशास्त्रोंकेअनुसारदृढपुरुषार्थकाआश्रयकीयाहै॥ अरुसिद्धंकोंप्रापतहूयेहै॥ अरुजोमूर्षहै॥ तिनोंनेअपणापुरुषार्थत्यागकीयाहै॥ तांतेसंसारतेंमुक्तनहीहोते॥ सर्ववेलाजोकोऊपापकर्महोताहै॥ तिसमलीनताकेकेपापकोंथावतेहै॥ अरुपुरुषार्थकेत्यागणेतेंविशेषकरथावतेहै॥ जोश्रेष्टपुरुषहै॥ तिनकोंइहकर्तव्यहै॥ प्रथमेतोअपणीयांपांचोंइंद्रियांवशकरणीयां॥ शास्त्रकेअनुसारतिनकोंवर्तावणा॥ जोसुभवासनाद्दढकरणी॥ अरुविरुद्धकात्यागकरणा॥ यद्यपित्यागणीदोनोंवासनाहै॥ परप्रथमसुभवासनाकोंएकदाकरणा॥ अरुअसुभत्यागकरणा॥ जवसुभवासनाकरकेकषायपकहोवेगे॥ तवइतदेविषेसंतोंअरुसतशास्त्रोंकाजोहै॥ सिद्धांततिसकाविचारउत्पनहोवेगा॥ तिसविचारद्वारातुझकोंआत्मज्ञानकीप्रापतहोवेगी॥ तिसज्ञानद्वाराआत्मपदकीप्रापतहोवेगी॥ वहुरइहतिज्ञानकाभीत्यागहोजावेगा॥ केवलसुद्धअद्वैतरूपअपणाअवबोधभासेगा॥ तांतेंहेरामचंद्रगेरसमकल्पनाकोंत्यागकरसंतजनअरुसतशास्त्रोंकेअनुसारपुरुषार्थकरो॥

इतिमुमुक्षुप्रकरणेपरमपुरुषार्थवर्णनेनामनवमसर्गः॥ ९॥

वसिष्ठउवाच॥ हेरामचंद्रमेरेवचनोंकोंग्रहणकरु॥ कैसेवचनहैं॥ जोवांधवहै॥ वांधवकहीयेजोतेरेपरममित्रहोवेगे॥ अरुदुःखोंतेपरमरष्याकरेंगे॥ हेरामचंद्रइहजोमोक्षउपायतुझकोंकहताहो॥ तिसकेअनुसारतूंपुरुषार्थकरु॥ तवपरमअर्थतेरासिद्धहोवेगा॥ इहचित्तजोसंसारकेभोगोंओरधावताहै॥ तिनोंभोगोंरूपीगर्तेविषेचित्तकोडिगणेनदेइ॥ भोगोंकोविरसजाणकरत्यागु॥ इहत्यागतेरापरममित्रहोवेगा॥ अरुत्यागभीअैसाकरु॥ जोवहुड़भोगोंकाग्रहणनहोइ॥ हेरामचंद्रइहमोक्षउपाइकेसाहै॥ संहिताहै॥ चित्तएकाग्रकरकेइसकोंश्रवणकरु॥ तिसकरपरमानंदकीप्रापतहोवेगी॥ प्रथमेशमअरुदमकोंधार॥ शमअर्थयहजोसंपूर्णसंसारकीवासनाकात्यागकरु॥ अरुउदारताकरकेतृप्तरहणा॥ अरुदमअर्थयहजोवाह्यइंद्रियोंकोवशकरणा॥ जवइनकोंप्रथमधारेगा॥ तवपरमतत्वकाविचारआनउत्पनहोवेगा॥ तिसविचारविवेकद्वारापरमपदकीप्रापतहोवेगी॥ जिसपदकोंपाइकरवहुड़दुःखीकदाचितनहोवेगा॥ अविनाशीसुखतुझकोंआनप्रापतहोवेगा॥ तांतेजोकछुइहमोक्षउपाइसंहिताहै तिसकेअनुसारपुरुषार्थकरु॥ अरुसंसारकेवासनाकात्यागकरु॥ तवआत्मपदकोंप्रापतहोवेगा॥ एवंजोकछुमुझकोंब्रह्माजीउपदेशकीयाहै॥ सोमेंतुझकोंउपदेशकहताहों॥ रामउवाच॥ हेमुनीश्वरतुमकोंब्रह्माजीउपदेशकीयाथा॥ सोकिसकारणकरकीयाथा॥ अरुकेसेतुमकोंथायासोमुझकोंकहो॥ वसिष्ठउवाच॥ हेरामचंद्रसच्चिदाकाशएकहै॥ अरुअनंतहै॥ अविनाशीहै॥ परमानंदस्वरूपहै॥ चिदानंदस्वरूपहै॥ ब्रह्महै॥ तिसविषेजोसंवेदनस्पंदरूपहूईहै॥ सोविष्णुरूपहोइकरस्थितभई॥ सोविष्णुजीकैसेहै जोस्पंदअस्पंदविषेएकरसहै॥ कदाचित॥ अन्यथाभावकोंनहींप्रापतहूया॥ जेसेंसमुद्रतेंतरंगउपजताहै॥ तेसेसच्चिदाकाशनेंस्पंदकरकेविष्णुउत्पनहोया॥ तिसविष्णुजीकेस्वर्णवनकर्णिकानाभकमलतेंब्रह्माजीप्रगटभया॥ तिसब्रह्माजीनेरिषमुनीश्वरसहितस्थावरजंगमप्रजाउत्पनकरी॥ जेसेसमनोराजकरिकोऊपुरुषघरचलेवे॥ तेसेसमनोराजकरब्रह्माजगतकोंउत्पनकीया॥ तिसजगतकीकोणविषेजोजंबूद्वीपभरतखंडहै॥ तिसविषेमनुष्योंकोंदुःखकरतदेख्या॥ देखकरब्रह्माजीकोंकरुणाउत्पनभई॥ जेसेपुत्रकोंदुःखीदेखकरपिताकोंकरुणाउपजतीहै॥ तवतिनकेसुखकेनिमित्तब्रह्माजीनतपकोंउत्पनकीया॥ जोसुखीहोवेगे॥ अरुआगयाकरीजोतपकरो॥ तवजीवतपकरनेभए॥ तिसतपकरस्वर्गआदिकोंकोजाइप्रापतहोवणेगे तिनसुखकोंभोगकरवहुड़गिरे॥ तेदुःखीहीरहे॥ अैसेब्रह्माजीदेखकरसतवाकथर्मकीप्रतिपादनाकरतभये॥ तिनकोंसुखकेनिमित्ताज्ञाकरी॥ तिसधर्मकीप्रतिपादनाकरसुखलोकोंकोप्रापतहोवणेलगे॥ तहांकेता॥ ककालसुखभोगकरवहुड़गिरपड़ि॥ वहुड़दुःखीकेदुःखीरहे॥ वहुड़ब्रह्माजीनेदानतीर्थादिकशुभकर्मकीयाउत्पत्यनर्कके तिनकोंआज्ञाकरी॥ जोइनकेसेवनेकरसुखीहोवोगे॥ तवइहजीवतिनकोंसेवणेलागे॥ तिससेवनेकरकेवेइपुण्यलोकोंकोप्रापतहूए॥ अरुतिनकेसुखभोगणेलागे॥ केताककालअपणेकर्मोंकेअनुसारभोगकरवहुड़गिरे॥ तवतिस्साकैकेवहुड़दुःखीहूए॥ अरुदुःखकरआर्तहूये॥ तवब्रह्माजीदेखतभया॥ जोजन्मअरुमरणाकेदुःखकरकेमहादीनरहतेहै॥ तांतेंसोईउपायकरीये॥ जिसकरइनकादुःखनिवर्तहोवे॥ हेरामचंद्रब्रह्माजीविचारतभया॥ जोइनकादुःखब्रह्मज्ञानविनानिवर्तनहींहोता॥ तांतेंआत्मज्ञानकोंउत्पनकरीये॥ जोइहसुखीहोवे॥ इसप्रकारविचारकरब्रह्माजीआत्मतत्वकाध्यानकरतभया॥ आत्मतत्वकेज्ञानकासंकल्पकीया॥ तिसध्यानकेकरणेकरकेसुद्धजोतत्वज्ञानहै॥ तिसकीमूर्तिहोइकरमैंप्रगटभया॥ सोमैंकेसाहों॥ जोब्रह्माजीकेसमानहों॥ जैसेंउनकेहाथविषेकमंडलहै॥ तेसेमेरेहाथविषेकमंडल॥ अरुजैसेउनकेकंठविषेरुद्राक्षकीमाला॥ तैसेमेरेकंठविषेरुद्राक्षकीमाला॥ जैसेउनकेऊपरमृगछाला॥ तैसेमेरेऊपरमृगछाला॥ ओढीहूए॥ इसप्रकारब्रह्माजीकाअरुमेरासमानहीआकार॥ अरुस्वरूपमेंसुधज्ञानरूप॥ अरुजगतमुझकोंकछुनभासे॥ स्वप्नवतमुझकोंजगतभासथा॥ तवब्रह्माजीविचारकीया जोइसकोंमैजीवोंकेकल्याणनिमित्तउत्पनकीयाहै॥ अरुइहतोसुद्धज्ञानरूपहै॥ अरुज्ञानकाउपदेशमार्गतवहोवे॥ जोकछुप्रश्नउत्तरहोवे॥ अरुतत्वमिथ्याकाविचारहोवे॥ हेरामचंद्रजीवोंकेकल्याणनिमित्तमुझकोंगोदविषेवैठाया॥ अरुसीसपरहाथफेरया॥ तिसकरमैशीतलहोगया॥ जैसेचंद्रमाकीयाकिरणोंकरशीतलहोताहै॥ तैसेमैंशीतलभया॥ तवब्रह्माजीमुझकोंकहा॥ जैसेहंसकोंहंसकहे॥ हेपुत्रजीवोंकेकल्याणनिमित्तएकमुहूर्तपर्यंततूंअज्ञानकोंअंगीकारकर॥ ॥ श्रेष्टपुरुषअरुकिनिमित्तभीअंगीकारकरतेआएहै॥ जैसेचंद्रमावहुतनिर्मलहै॥ अरुश्यामताकोंअंगीकारकीयाहै॥ तैसेतूंभीएकमुहूर्तअज्ञानकोंअंगीकारकरु मैंतुझकोंसरापदेताहों॥ तिसकोंअंगीकारकरु॥ हेरामचंद्रइसप्रकारजवमुझकोंकहकरब्रह्माजीसरापदीया॥ जोतूंअज्ञानीहोवेगा॥ तवमैब्रह्माजीकीआज्ञामानकरसरापकाअंगीकारकीया॥ तवमैराजोसुद्धआत्मतत्वआपणाआपथा॥ तिसमेंअस्यकीन्याईहोतभया॥ अपणीस्वभावसत्तामुझकोंविस्मरणहोगई॥ तिसकाविस्मरणहोवणा॥ अरुमेरामनजागआया॥ भावअभावरूपजगतमुझकोंभासणेलागा॥ अरुआपकोंमैंवसिष्ठजाणनेलागा॥ जाणताभया॥ अरुब्रह्माजीकापुत्रआपकोंजाणताभया॥ अरुनानाप्रकारकेपदार्थोंसहितजगतकों

योग वा° ८

जाणता भया ॥ अरु तिनकी गेर चंचल होत भया ॥ तब मैं संसार भ्रम जाल कों उदय हूय
जाण कर ब्रह्माजी के पास प्रश्न करत भया ॥ हे भगवन् इह संसार भ्रम कैसे उत्पन्न हूया है
अरु कैसे लीन होता है ॥ हे रामचंद्र जब इस प्रकार मैं पिता मां जी सों प्रश्न कीया ॥ तब भ
ले प्रकार मुझ कों उपदेश करत भए ॥ तिस कर मेरा अज्ञान तम निवर्त होगया ॥ जैसे सू
र्य के उदे हूए तम निवर्त हो जाता है ॥ तैसे मेरा अज्ञान तम नष्ट होगया ॥ तब मैं सहजता कों
प्रापत भया ॥ जैसे आदर्श कों मार्जन करीता है ॥ अरु स्वछ हो आवता है ॥ तैसे मैं स्वछ हूया
हे रामचंद्र मैं कैसा हों ॥ जो ब्रह्माजी ते भी अधिक होत भया ॥ तब मुझ कों परमेष्टी ब्रह्मा
जीनें आज्ञा करी ॥ हे तूं जंबूदीप भारतखंड विषे जाइ ॥ तुझ कों स्रष्ट पर्यंत अधिकार है ॥
तहां जाइ कर जीवों कों उपदेश करु ॥ जो संसार के सुखों कों चाहते हैं ॥ ऐसी इछा जिनकों
होवेगी ॥ तिनकों कर्म मार्ग का उपदेश करणा ॥ तिस कर स्वर्गादिक सुख भोगेगे ॥ अरु
जो संसार तें विरक्त होवेगे ॥ जिनकों आत्म पद की इछा होवेगी ॥ तिनकों ज्ञान का उपदे
श करणा ॥ तांतें अब तूं भूलोक विषे जाइ ॥ हे रामचंद्र इस प्रकार मेरा उपजाणा हूया है
इति श्री मुमुक्षुप्रकरणे ज्ञानावतार वर्णनें नाम दशम सर्गः ॥ ॥ वसिष्ठ उवाच
हे रामचंद्र इस प्रकार मैं पृथिवी विषे आवत भया हों ॥ कैसा मैं हों ज्ञान ही वोछ तें है जि
स कों ॥ तिस कर मुझ कों ब्रह्माजी उत्पन्न करत भया है ॥ राम उवाच ॥ हे भगवन् तिस ज्ञा
न उपजने के अनंतर जीवों की बुध कैसे होत भई सो कहो ॥ वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामचंद्र
सुद्ध जो आत्म तत्व है ॥ तिस का स्वभाव रूप संवेदन फुरी है ॥ सो ब्रह्म रूप होकर स्थित
भई है ॥ जैसे समुद्र अपणी द्रवता कर के तरंग रूप हूया है ॥ तैसे ब्रह्माजी होत भया है ॥
वहु इस संपूर्ण जगत उत्पन्न कीया ॥ अरु तीनों काल उत्पन्न कीये ॥ जब कीताक काल वि
तीत हूया ॥ अरु कलयुग आया ॥ तिस कर जीवों की बुध मलीन होगई ॥ अरु पाप विषे
विचरणे लागे ॥ शास्त्र वेद की आज्ञा कों मानने तें रह गए ॥ इस प्रकार धर्म की मर्यादा छ
पन होगई ॥ अरु पाप प्रगट भया ॥ जेती कछु राज की मरजादा थी ॥ अरु धर्म की मरजादा
थी ॥ सो सभ नष्ट होगई ॥ अरु अपणी अपणी इछा की अनुसार जीव विचरणे लागे ॥ तब क
ष्ट पावणे लागे ॥ तिनकों देखकर ब्रह्माजी कों करुणा उपजी ॥ तिस दया कों धार कर इस मि
लोक विषे मुझ कों भेजया ॥ अरु कहा हे पुत्र जाइ कर तुम धर्म की मर्यादा स्थापन करो
अरु जीवों कों शुभ उपदेश करो ॥ जिनकों भोगों की इछा होवे ॥ तिनकों कर्मकांड का उप
देश करणा ॥ अरु जो संसार ने विरक्त हूए हैं ॥ अरु मध्य हैं ॥ परम पद के पावणे की इछा
जिनकों है ॥ तिनकों ब्रह्म विद्या का उपदेश करणा ॥ हे रामचंद्र जिस प्रकार मुझे आज्ञा
कर भूमि लोक विषे भेजते भए ॥ तैसे ही सनत्कुमार आदिकों कों भी कहत भए ॥ अरु
नारदादिकों कों भी कहत भए ॥ तब हम सभ रिषीश्वर एकठे होइ कर विचार करते भए ॥ जो
किसी प्रकार जगत की मर्यादा होवे ॥ अरु जीव शुभ मार्ग विषे विचरें ॥ तब हम सों ने इह
विचार कीया ॥ जो प्रथम राजयों कों उत्पन्न करीये ॥ जो जीव तिनकी आज्ञा अनुसार वि
चरें ॥ प्रथमें इडु करता राज स्थापन करीये ॥ तब हम सों ने राजे स्थापन कीए देशों के ॥ कैसे
राजे जो वडे वडे वीर्यवान् ॥ अरु तेजवान ॥ वडे उदार आत्मा सों राजे होत भए ॥ तिन रा
जों कों हम ने अध्यात्म विद्या उपदेश करी ॥ तिस उपदेश कर परम पद कों प्रापत होत
भए ॥ जो परमानंद रूप अविनाशी पद है ॥ तिस ब्रह्म विद्या का उपदेश तिनकों भया ॥
तौ सुखी हूए ॥ इस कारणे तें ब्रह्म विद्या नाम राज विद्या है ॥ हे रामचंद्र तब हम सों नें वेद
शास्त्र स्मृति पुराण कर धर्म की मर्यादा स्थापन करी ॥ जो जप तप दान यज्ञ स्नानादि
क क्रिया कों प्रगट कीया ॥ जो अरे जीवो तुम इनके सेवने कर के सुखी होवोगे ॥ तब ति
नकों सेवणे लागे ॥ जो फल कों धार कर तिन विषे कोऊ विरला निहकाम हृदे सुध के
निमित्त भी करे ॥ हे रामचंद्र जो मूर्ख थे ॥ सो कामना फलों का करे अरु कर्मों को सेवे ॥ अ
रघट्टी यंत्र की न्याई ॥ भटकने फिरे अधः कों भी अरु उरध कों भी अरु जो निहकाम करे

तिनका सदा सुख होवे ॥ वहु इ विद्या के अधकारी होवहि ॥ तब उनकों ज्ञान उपदेश द्वारा
आत्म पद की प्रापत होवे ॥ इस प्रकार कई जीवन मुक्त हूए ॥ कई राजा विदित वेद हूए ॥ हे
रामचंद्र इस प्रकार राजयों कों परंपरा इह मारे उपदेश द्वारा ज्ञान की प्रापत होत भई ॥ अ
रु इह राजा दशरथ भी ज्ञानवान हूया ॥ अब तूं भी राजकुमार ज्ञान प्रापत हूया है ॥ सो
तूं सभनें श्रेष्ट है ॥ जैसा तूं विरक्त आत्मा है ॥ तैसा आगे कोऊ नहीं हूया ॥ स्वभाविक विर
देसुइक कैं हूया है ॥ इसी कारण तें तूं श्रेष्ट है ॥ जो कोऊ अनिष्ट वस्तु प्रापत होता है ॥ तिस
कर विरक्तता उपजती है ॥ सो तुझ कों ऐसे नहीं उपजी ॥ तुझ कों सभ इंद्रियों के विषय
भी विद्यमान हैं ॥ तिनके होते जो वैराग उपजा है ॥ तुझ कों तांतें तूं श्रेष्ट है ॥ हे रामचंद्र आ
पदादिक जो कष्ट के स्थान हैं ॥ तिनकों देखकर सभ कों वैराग उपजता है ॥ जो कछु
नहीं मरजावणा है ॥ तिसा विषे भी जो कोऊ श्रेष्ट पुरुष होता है ॥ जो तिनकों इष्ट होज
ना है ॥ औरु जो मूर्ख हैं ॥ सो विषयों विषे अशक्त हो जाते हैं ॥ तांतें जिनकों प्रकारणे वै
राग उपजा है ॥ सो श्रेष्ट है ॥ हे रामचंद्र जो श्रेष्ट पुरुष हैं ॥ सो अपणे वैराग अरु अभ्यास के
वल कर के संसार के बंधन तें मुक्त हो जाते हैं ॥ जैसे हस्ती बंधन कों तोड़ कर निकस
ता है ॥ अपणे वल सों ॥ तब सुखी होता है ॥ तैसे ही वैराग अभ्यास के वल कर बंधन तें मु
क्त होता है ॥ हे रामचंद्र इह संसार वडा अनर्थ रूप है ॥ जिनों पुरुषों ने अपणा पुरुषार्थ
कर के इस कों नहीं तोड़या ॥ तिनकों राग अरु द्वेष रूपी अगनि पड़ी जलावती है ॥ अरु
जे उस पद कों प्रापत हूए हैं ॥ तिनकों अध्यात्मक अधदेवक अधभूतक ताप जला
इ नहीं सकते ॥ जैसे वर्षा काल विषे जो सहस्त वर्षा के होते वन कों अगनि के लाटा
जलाइ नहीं सकतीयां ॥ तैसे ज्ञानी कों अध्यात्मकादि ताप कष्ट नहीं देइ सकते ॥ हे रा
मचंद्र जिनों श्रेष्ट पुरुषों नें संसार कों विरस जाण कर त्यागया है ॥ तिनकों संसार के प
दार्थ गिडाइ नहीं सकते ॥ अरु जो मूर्ख हैं ॥ तिनकों गिडाइ देते हैं ॥ जैसे अंधेरी जो है ती
षण पवण का वेग सो और वृछों कों गिडावता है ॥ पर कलप वृक्ष के गिडावने कों स
मर्थ नहीं होता ॥ हे रामचंद्र श्रेष्ट पुरुष भी उही हैं ॥ जिनिकों संसार विरस होगया है
केवल आत्म तत्व की इछा करते हैं ॥ अरु तिसी परायण हूए हैं ॥ ब्रह्म विद्या का अधिकार
भी तिनहीं कों है ॥ अरु उत्तम पुरुष भी उही हैं ॥ हे रामचंद्र उत्तम भी तैसे उजल पात्र हैं
जैसे कोमल पृथिवी विषे वीज वोवीता है ॥ तैसे मैं अब तुझ कों उपदेश करता हों ॥ अरु
जिनकों भोगों की इछा है ॥ अरु संसार डोर जतन करते हैं ॥ ते पशुवत हैं ॥ श्रेष्ट पुरुष ते
ई हैं ॥ जिनकों संसार के तरणे का पुरुषार्थ हूया है ॥ हे रामचंद्र अज्ञ भी तिसी सों करीये
जो जाणीये मेरे प्रश्न के उतर देवणे कों समर्थ है ॥ अरु जो देषीये मेरे प्रश्न के उतर देव
णे कों समर्थ नहीं ॥ तब तिस सों प्रश्न न करीये ॥ अरु जो उत्तर देवणे को समर्थ देषीए
अरु तिसके वचन विषे आस्तिक भावना न होवे ॥ तब प्रश्न उस प्रति न करीये ॥ काहेते
जो दंभ कर प्रश्न करणा पापी होता है ॥ अरु गुरु भी उपदेश तिस कों करै जो संसार तें वि
रक्त होवे ॥ अरु केवल आत्म परायण जिसकी श्रद्धा होवे ॥ अरु आस्तिक भाव होवे ॥ ऐसे
पात्र कों देष कर उपदेश करे ॥ पात्र विना उपदेश न करे ॥ हे रामचंद्र गुरु अरु सिष्य दो
नो उत्तम होते हैं ॥ तब वचन शोभने हैं ॥ सो तूं भी उपदेश का शुध पात्र है ॥ जेते कछु गु
ण शास्त्रों विषे वरणन कीये हैं ॥ सो सभ ही शुभ गुण तेरे विषे पाईते हैं ॥ अरु मैं भी
कहणे उपदेश करणे कों समर्थ हों ॥ तांतें कार्य शीघ्र होवेगा ॥ हे रामचंद्र शुभ गुणा
साथ तेरे बुध निर्मल हो रही है ॥ मेरे जो सिद्धांत का सार वचन हैं ॥ सो तेरे हृदि विषे
प्रवेश कर जावैगे ॥ जैसे उज्जल वस्त्र कों केसर का रंग शीघ्र चढ जाता है ॥ तैसे तुझ कों
उपदेश लग जावैगा ॥ अरु जैसे सूर्य के चढे हूए ॥ सूर्यमुषी कमल षिडावते हैं ॥ तै
से तेरी बुध शुभ गुणा कर षिडाई है ॥ हे रामचंद्र जो कछु शास्त्रों का सिद्धांत आत्म तत्व

जैसे सूके तृण कों
अगनि जलावती
है तैसे उनकों राग द्वेष
जलावता है

मैं तुझकों कहता हों ॥ तिस विषे तेरी बुद्धि शीघ्रही प्रवेश कर जावैगी ॥ जैसे उज्जल विषे सूर्य सूर्यकी क्रांति प्रवेश कर जाती है ॥ तैसे तेरी बुद्धि आत्मतत्त्व विषे प्रवेश कर जावैगी स्वछता करके ॥ जो कछु मैं तुझकों उपदेश करता हों ॥ तिस विषे तूं आस्तिक भावना करु ॥ तो इनें वचनों कर तेरा कल्याण होवैगा ॥ अरु जो तुझे धारणा न होवै ॥ तो अश्रद्धी मत करो ॥ जिस सिष्य कों गुरु के वचनों विषे आस्तिक भावना होती है ॥ तिस का शीघ्र कल्याण होता है ॥ तातें मेरे वचनों विषे आस्तिक भावना करु ॥ अरु जिस तूं आत्मपद कों प्रापत होवै ॥ सो मैं कहता हों ॥ अब मन तूं रह करु ॥ जो अज्ञानी जीवों विषयाबुद्धीयों का संग त्याग ॥ अरु मोक्षद्वार के जो चार द्वारपाल कहे हैं ॥ तिन सों मित्रभाव करु ॥ जब तिन सों मैत्रीभाव करैगा ॥ तब मोक्षद्वार के अंतर वाड़ देइंगे ॥ तो आत्मदर्शन तुझकों होवैगा ॥ द्वारपालकों का नाम श्रवण करु ॥ शम और संतोष अरु विचार अरु संतों के संगत इह चारों द्वारपाल कहे हैं ॥ जिस पुरुष इनकों वस कीया है तिसकों इह शीघ्रही मोक्षरूप द्वार कों अंतर वाड़ देवेगे ॥ रामचंद्रजी जो सभ वस न होवैं ॥ तो त्रय होवैं ॥ अथवा दो ही होवैं ॥ अथवा एक ही होवै ॥ तो भी चारों आवैगे ॥ इन चारों का परस्पर स्नेह है ॥ जहां एक भी आवता है ॥ तहां चारों आन स्थित होते हैं ॥ जिसने इस के साथ स्नेह कीया है ॥ ते सुखी भए हैं ॥ अरु जिनों इन का त्याग कीया है ॥ ते दुखी हैं ॥ हे रामचंद्र यद्यपि प्राण त्याग होवै ॥ तो भी एक तों बल करके वस करीये ॥ एक के वस हूए चारों वस आवैगे ॥ अरु तुझ विषे सभ गुणों ने आइ निवास कीया है ॥ जैसे सूर्य विषे सर्व प्रकाश आए हैं ॥ तैसे सतशास्त्रों अरु संतों कर जो निर्मल गुण कहे हैं ॥ ते सभ ही तेरे विषे पाईते हैं ॥ हे रामचंद्र अब तूं मेरे वचनों का अधिकारी है ॥ जैसे तंडी के स्रवणने कों अडोरा अधिकारी होता है ॥ अरु सभ गुणों कर तेरी बुद्धि षिड़ाई है ॥ जैसे चंद्रमा के उदे हूए चंद्रमुखी कमल षिड़ावता है ॥ हे रामचंद्र सतशास्त्र अरु संतों की संगत द्वारा बुद्धि कों तीक्षण कीये तें शीघ्रही आत्मतत्त्व विषे प्रवेश करता है ॥ तातें श्रेष्ठ पुरुष उह ही हैं ॥ जिनों संसार कों विरस जाण कर त्याग कीया है ॥ अरु सतशास्त्र अरु संतों के वचन विचार द्वारा आत्मपद पावणे का यत्न करते हैं ॥ अरु अविनाशी पद कों प्रापत होते हैं ॥ अरु जो सभ मार्ग कों त्याग कर संसार की ओर लागे हैं ॥ ते महामूर्ख हैं ॥ अरु जड़ हैं ॥ जैसे जल ठठ जड़ता करके जड़रूप हो जाता है ॥ तैसे उह अज्ञानी हठ मूर्खता करके आत्ममार्ग सों जड़ हो जाते हैं ॥ हे रामचंद्र अज्ञानी के हृदे रूपी बिल विषे दुरासा रूपी सर्प रहता है ॥ कदाचित शांति कों नहीं प्रापत होता ॥ अरु आनंद कर प्रफुल्लित कदाचित नहीं होता ॥ अरु आशा कर सदा संकुचया रहता है ॥ जैसे अग्नि विषे चर्म पाया संकुच जाता है ॥ हे रामचंद्र आत्मपद के साक्षात्कार विषे आशा ही आवर्ण है ॥ जैसे सूर्य के आगे मेघ का आवर्ण होता है ॥ तैसे आत्मपद के आगे दुराशा आवर्ण है ॥ जब आशा रूपी आवर्ण निवृत्त होवै ॥ तब आत्मपद का साक्षात्कार होवै ॥ अरु आशा न बहुर होवै ॥ जो संतों की संगत अरु सतशास्त्रों का विचार होवै ॥ हे रामचंद्र संसार रूपी एक बड़ा वृक्ष है ॥ तिस कों बोध रूपी षड़ग कर के छेदो ॥ जब सतशास्त्र अरु सतसंग करती षणा दृढ होवै ॥ तब संसार वृक्ष नष्ट होवै ॥ जहां सभ गुण होते हैं ॥ तहां आत्मज्ञान भी आन विराजता है ॥ जैसे जहां कमल फूल होते हैं ॥ तहां भ्रमरे भी आन स्थित होते हैं ॥ हे रामचंद्र गुण रूप पवन कर जब इच्छा रूपी मेघ निवृत होता है ॥ तब आत्मरूपी चंद्रमा साक्षात्कार होता है ॥ जैसे चंद्रमा के उदे हूए आकाश शोभता है ॥ तैसे आत्मा के साक्षात्कार हूए तेरे बुद्धि शोभैगी ॥ इति श्री वक्ताप्रश्नवर्णनं नाम एकादशो सर्गः ॥ ॥

ॐ हरि ॐ

वसिष्ठ उवाच

हे रामचंद्र अब तूं मेरे वचनों का अधिकारी है ॥ काहे तें जो तें ने वैराग विचार संतोष आदिक जो सभ गुण शास्त्र अरु संतों कहे हैं ॥ सो सभ ही तेरे विषे पाईते हैं ॥ तातें मेरे वचनों को स्रवण ॥ पर किस प्रकार स्रवण ॥ जो रजतम गुणों त्याग कर सुद्ध सात्विक भाव होइ कर स्रवण ॥ राजस जो है विषेप अरु तामस जो है लय होजावणा ॥ निद्रा विषे तिन दोनों का त्याग करके स्रवण ॥ जैसे कछु जगवासी के गुण शास्त्रों वर्णन कीये हैं ॥ तिन की आवली पंक्ति तेरे विषे पाईती है ॥ अरु जैसे कछु गुरों के गुण शास्त्रों वर्णन कीये हैं ॥ तिस आवली पंक्ति कर तैं संपन्न है ॥ जैसे सभ रत्नों कर समुद्र संपन्न होता है ॥ तैसे मैं संपन्न हों ॥ तातें मेरे वचनों का तूं अर्थकारी है ॥ अरु मूर्ख इनों वचनों का अधिकारी नहीं ॥ हे रामचंद्र जैसे चंद्रमा उदे होता है ॥ तब चंद्रकांत मणि द्रवीभूत होती है ॥ अर्थ स्रवता है जो तिस तें अमृत स्रवता है ॥ और जो पथर कीया शिला है ॥ तिनों तें नहीं स्रवता ॥ जैसे जहां जगवासी होता है ॥ तिस कों परमार्थ वचन लगते हैं ॥ अरु अज्ञानी कों नहीं लगते ॥ हे रामचंद्र जो सिष्य सुद्ध पात्र होवै ॥ अरु उपदेश करणेवाला ज्ञानवान न होवै ॥ तब भी उस सिष्य कों आत्मा साक्षात्कार नहीं होता ॥ जैसे चंद्रमुखी कमलनी निर्मल भी होवै ॥ पर चंद्रमा न होवै ॥ तब प्रफुल्लित नहीं होती ॥ तातें तूं मोक्ष का पात्र है ॥ अरु मैं भी परमगुरु हों ॥ मेरे उपदेश करने साथ अज्ञान नष्ट होवैगा ॥ सो मैं तुझ उपाइ कहता हों ॥ तिस कों तूं भले प्रकार विचारेगा ॥ तब जेता कछु मनन रूपी मन कीया हूआ है ॥ तिन का अभाव होजावैगा ॥ जैसे महाप्रलय के सूर्य मंदराचल पर्वत आदिक जलजाते हैं ॥ तातें हे रामचंद्र वैराग अरु अभ्यास के बल कर इस मन कों आपणे विषे लीन करु ॥ जो शांत आत्मा होवै ॥ तूं तो बाल अवस्था तें लेकर अभ्यास कर रख्या हूआ है ॥ तातें मन कों उपसम करु जो आत्मपद कों प्रापत होवै ॥ हे रामचंद्र जिनों सतशास्त्र अरु संतों के संग द्वारा आत्मपद कों पाया है ॥ ते ई सुखी भए हैं ॥ वह दुःख दुःखन कों नहीं लागता ॥ काहे तें जो इस देह अभिमान कर होता है ॥ सो देह का अभिमान उनों त्याग्या है ॥ जैसे सर्प कंचुक कों त्यागता है ॥ अरु आत्मता करके ग्रहण नहीं करता ॥ तैसे जिस देह का अभिमान त्याग्या है ॥ सो देह बहुड़ आत्मता करके ग्रहण नहीं करता ॥ तातें सर्वदा सुखी रहता है ॥ हे रामचंद्र आत्मा का बल धारकर विचार द्वारा आत्मपद कों पाया है ॥ ते अकृतम आनंद कर सदा पूर्ण हैं ॥ सभ जगत तिन कों आनंद रूप भासता है ॥ अरु जो असम्यकदर्शी है ॥ तिन कों जगत अनर्थ रूप भासता है ॥ हे रामचंद्र संसार नाम रूपी जो रह संसार है ॥ सो अज्ञानी के हृदे विषे दृढ हो गया है ॥ सो योग रूप वारह संत करके नष्ट होता है ॥ अन्यथा नष्ट नहीं होता ॥ अरु और सर्पादिकों की जो विष है ॥ सो एक जन्म विषे मारती है ॥ अरु संसार नाम रूपी जो विष है ॥ तिस कर के अनेक जन्मों कों मारता हूआ चल्या जाता है ॥ शांतवान कदाचित नहीं होता ॥ हे रामचंद्र जिनों पुरुषों ने सतसंग अरु सतशास्त्रों के विचार द्वारा आत्मपद कों पाया है ॥ ते आनंदी भए हैं ॥ अरु अंतर बाहर सभ जगत तिन कों आनंद रूप भासता है ॥ अरु सभ क्रियाकर्म विषे तिन कों आनंद विलास है ॥ अरु जिनों सतसंग अरु सतशास्त्रों का विचार त्याग्या है ॥ अरु संसार के सन्मुख हूए हैं ॥ तिस कर तिन कों संसार अनर्थ रूप है ॥ अरु ऐसे दुख देता है ॥ जैसे सर्प के डंग तें दुखी होवीता है ॥ अरु शस्त्रों कर घाइल हूए दुखी होवीता है ॥ अरु अग्नि के न्याई उनकों संसार जलावता है ॥ अरु जेवड़ीयों साथ बंधीते हैं ॥ जैसे अंधकूप विषे डिगने कष्ट पाईता है ॥ सो कष्ट पावते हैं ॥ हे रामचंद्र जिनों पुरुषों ने सतसंग अरु सतशास्त्रों के विचार द्वारा आत्मपद कों नहीं पाया ते ऐसे कष्ट कों पावते हैं ॥ नरकों की अग्नि विषे जलते हैं ॥ अरु चक्की विषे पीसते हैं अरु पाषाणों की वर्षा कर चूर्ण होवीते हैं ॥ कुंभ विषे पीड़ीते हैं ॥ अरु शस्त्रों साथ कटीते हैं ॥ इत्यादिक जो बड़े कष्ट हैं ॥ सो तिन कों प्रापत होते हैं ॥ रामचंद्र ऐसा दुख को

कुन नहीं जो इन जीवों को नहीं प्रापत होता ॥ आत्म के प्रमाद कर सभ दुख होते हैं ॥ अरु जिनों पापीओं को इह रमणीक जाणते हैं ॥ जो चक्र की न्याईं चंचल है ॥ स्थिर कदाचित नहीं रहते ॥ सत मार्ग को त्याग कर जो तिन की इछा करते हैं ॥ सो महा दुःख को प्रापत होते हैं ॥ अरु जिनों पुरुषों ने इस संसार को विरस जाण्या है ॥ अरु दुख रूप जाण्या है ॥ अरु परमार्थ की ओर रहे होइ हैं ॥ तिन को आत्म पद की प्रापत होती है ॥ हे रामचंद्र जिन पुरुषों को आत्म ज्ञान की दृढ इछा हुई है ॥ तिन को दुख कदाचित नहीं होता ॥ अरु जो तिन के दुख नष्ट न होते ॥ तो ज्ञान के निमित्त पुरुषार्थ को ऊन करता ॥ जो अज्ञानी है ॥ तिन को संसार दुख रूप है ॥ अरु ज्ञानी को सर्व जगत आनंद रूप प्रपंच आया है ॥ द्वैत भ्रम को कुन नहीं भासता ॥ हे रामचंद्र ज्ञानवान विषे नाना प्रकार की चेष्टा भी दृष्ट आवती है ॥ तो भी सदा शांत रूप है ॥ अरु आनंद रूप है ॥ संसार का दुख उस को कुन नहीं स्पर्श करता ॥ काहे ते ज्ञान रूपी कवच को पहरा है ॥ हे रामचंद्र जो ज्ञानवान को भी दुख होता है ॥ तो वडे जो ब्रह्मरिष अरु राजरिष अरु ओर भी ज्ञानवान हूए हैं ॥ तो भी दुख को सहार न सकते ॥ दुख कर आतुर हो जाते ॥ सो ज्ञानवान ज्ञान का कवच पहरा है ॥ ताते दुख को कुन नहीं स्पर्श करता ॥ सदा आनंद रूप है ॥ जैसे ब्रह्मा विस्नु रुद्र नाना प्रकार की चेष्टा करते अवर जीवों को दृष्ट आवते हैं ॥ पर सदा शांत रूप हैं ॥ इस प्रकार ओर भी ज्ञानवान जो उत्तम पुरुष हैं ॥ सो शांत रूप हैं ॥ कर्तृत्व का अभिमान उन को नहीं फुरता ॥ हे रामचंद्र अज्ञान रूपी जो मेघ है ॥ अरु तिस विषे मोह रूपी कुहीड है ॥ सो ज्ञान रूपी सरत काल के कर नष्ट हो गई है ॥ ताते परम स्वछता को प्रापत हूए हैं ॥ अरु सदा आनंद करके पूर्ण हैं ॥ हे रामचंद्र जो कछु क्रिया करते हैं ॥ सो उन को विलास रूप है ॥ अरु सभ जगत आनंद रूप है ॥ अरु शरीर रूपी रथ है ॥ अरु इंद्रियां रूपी अश्व हैं अरु मन रूपी लगाम वा रज्जु समान है ॥ जो सो अश्वों को खैंचीता है ॥ खैंचियत है ॥ अरु बुद्धि रूपी रथवाही है ॥ तिस रथ विषे इह पुरुष बैठा है ॥ अरु इंद्रियां रूपी अश्व विरुद्ध मार्ग विषे डारतीयां हैं ॥ अरु ज्ञानवान के रथ के अश्व रूपी इंद्रियां ऐसे हैं ॥ जो जहां जाता है ॥ तहां ही आनंद रूप है ॥ किसी ठौड विषे खेद नहीं ॥ सदा सर्व क्रिया विषे उन को विलास है ॥

इति श्री मुमुक्षु प्रकरणे तत्ववेत्ता महात्म वर्णनं नाम द्वादश सर्गः ॥ १२ ॥ ॥ ॥

ॐ श्री तत्वात्मने नमः ॥ वसिष्ट उवाच ॥

हे रामचंद्र ऐसी दृष्ट को आश्रय करु ॥ जो तेरा हृदा पुष्ट होवे ॥ अर्थ इह जो वल पावै ॥ वहुड संसार के इष्ट अनिष्ट विषे चलायमान न होवे ॥ हे रामचंद्र जिनों पुरुषों को इस प्रकार आत्म पद की प्रापत भई है ॥ ते परम आनंद भए हैं ॥ न शोक करते हैं न कछु याचना करते हैं ॥ हेय अरु उपादेय ते रहत परम सत्त रूपी ॥ अस्त न करके पूर्ण हो रहे हैं ॥ हे रामचंद्र उह पुरुष नाना प्रकार की चेष्टा भी करते दृष्ट आवते हैं ॥ अरु कछु नहीं करते ॥ जहां उन के मन की वृत्ति जाती है ॥ तहां आत्म सत्ता ही पडी भासती है ॥ आत्म आनंद कर पूर्ण हो रही है ॥ जैसे पूर्णमासी का चंद्रमा अस्त न करके पूर्ण होता है ॥ तैसे ज्ञानवान परमानंद कर पूर्ण होता है ॥ हे रामचंद्र इह जो मैं तुझ को अमृत रूपी हित कही है ॥ इस को तब जाणेगा ॥ जब तुझ को आत्म तत्व का साक्षात्कार होवेगा ॥ जब इस को आत्म ज्ञान की प्रापत होती है ॥ तब सभ दुख नष्ट हो जाती है ॥ जैसे चंद्रमा के मंडल विषे तपत नहीं होती ॥ तैसे ज्ञानी को कदाचित दुख नहीं होता ॥ अरु अज्ञानी को शांत कदाचित नहीं होती ॥ जो कछु क्रिया करता है ॥ तिस विषे दुख ही पावता है ॥ सुख को नहीं पावता ॥ जैसे किकर के वृक्ष सों कंटक पडे उत्पन होती है ॥ तैसे अज्ञान सों दुख पडे उत्पन होते हैं ॥ हे रामचंद्र इस जीव कों मूर्षता करके वडे दुख उत्पन होते हैं ॥ ऐसा दुख अथिभूतक को कुन नहीं ॥ अरु किसी आपदा कर भी ऐसा दुख नहीं होता ॥ ओर भी ऐसा दुख को कुन नहीं ॥ जैसा दुख मूर्षता कर पाईता है ॥ हे रामचंद्र जो हाथ विषे ठीकरा होवे ॥ अरु चंडालों के गृह भिख्या पाईये ॥ तो भी ओर ऐश्वर्य तें श्रेष्ठ है ॥ पर आत्म पद की जिज्ञासा होवे ॥ मूर्षता विषे जीवणा व्यर्थ है ॥ तिस मूर्षता के हरकरणे के अर्थ मोक्ष उपाइ मैं कहता हो ॥ हे रामचंद्र इह मोक्ष उपाइ बोध का परम कारण है ॥ कछुक बुद्धि संस्कृत होवे अर्थ यह जो पद पदार्थ के जाणने वाली होवे ॥ अरु मोक्ष शास्त्र को विचारे ॥ तौ तिस की मूर्षता निवृत्त हो जावेगी ॥ अरु आत्म पद की प्रापत होवेगी ॥ जैसे आत्मबोध का कारण इह शास्त्र है तैसा ओर त्रिलोकी विषे कोऊ नहीं ॥ नाना प्रकार के दृष्टांतों सहित इतिहास कथा है ॥ तिस को जब इह विचारेगा ॥ तब परमानंद को प्रापत होवेगा ॥ अरु अज्ञान रूपी तम के नाश करणे कों ज्ञान रूपी शिलाका है ॥ अरु जैसे अंधकार कों सूर्य नाश करता है तैसे अज्ञान कों इह शास्त्र विचार कीये ते नाश करता है ॥ हे रामचंद्र जिस प्रकार इसका कल्याण होता है ॥ सो श्रवण करु ॥ गुरु जो ज्ञानवान है ॥ सो शास्त्र का उपदेश करे ॥ अरु अपणी अनुभव होवे ॥ तब गुरु अरु शास्त्र अरु अपणी अनुभवती तीनों एकठे मिले ॥ तब इसका कल्याण होवे ॥ जब लग अकृत्रम आनंद नहीं प्रापत भया ॥ तब लग दृढ अभ्यास करै ॥ तिस अकृत्रम आनंद के प्रापत करणे हारे हम गुरु हैं ॥ इस जीव के हम मित्र हैं ॥ ऐसा मित्र ओर कोऊ नहीं ॥ जैसे हम मित्र हैं ॥ हमारी संगत इस जीव को आनंद देवणहारी है ॥ ताते जो कछु मैं कहता हों ॥ सो तूं करु ॥ हे रामचंद्र इह जो संसार के भोग हैं ॥ सो विषण के हैं ॥ ताते इन का त्याग करु ॥ स्वाद विषे हैं ॥ अरु परिणाम विषे अनंत दुख हैं ॥ इन को विष रूप जाण कर त्याग ॥ अरु संसार ते ज्ञानवानों का संग करु ॥ अरु हमारे वचनों को वारंवार विचारे ॥ तैं तेरे दुख नष्ट हो जावेंगे ॥ हे रामचंद्र जिस पुरुष हमारे साथ प्रीत करी है ॥ तिस हम आनंद पद की प्रापत करी है ॥ अरु जिस को पाइ कर ब्रह्मादिक आनंदी भए हैं ॥ अरु ओर ज्ञानवान आनंदी हूए हैं ॥ तिस निर्दुख पद कों सो प्रापत होता है ॥ जो हमारे साथ प्रीत करता है हे रामचंद्र श्रेष्ठ पुरुष सोई है ॥ जिस ने संतों के संगत अरु सत शास्त्रों के विचार द्वारा दृष्य को अदृष्पना को प्रापत कीया है ॥ अरु निर्भय हूया है आत्मा का प्रमाद इस को दीन करता है ॥ अज्ञानी का हिदे रूपी कमल तब लग संकुचया रहता है ॥ जब लग त्रिस्ना रूपी रात्र होती है ॥ जब ज्ञान रूपी सूर्य उदे हूया ॥ तब त्रिस्ना रूपी रात्रि नष्ट हो जावेगी ॥ अरु हिदा रूपी कमल आनंद कर खिड आवैगा ॥ हे रामचंद्र जिनों पुरुषों ने परमार्थ मार्ग को त्याग्या है ॥ अरु संसार के षान पानादिक भोगों विषे मगन हूए हैं ॥ तिन कों तूं डडू जाण ॥ जैसे कीच विषे डडू पडे शब्द करते हैं ॥ तैसे ही उह पुरुष हैं ॥ हे रामचंद्र इह संसार ॥ वडी आपदा का समुद्र है ॥ जो कोऊ श्रेष्ठ पुरुष है ॥ सो संतों की संगत अरु सत शास्त्रों का विचार करके तिस ते उलंघत होता है ॥ अरु परमानंद पद कों प्रापत होता है ॥ अरु आदि अंत मध्य ते रहित निराश पद को प्रापत होता है ॥ अरु जो संसार समुद्र के सन्मुख हूया है ॥ सो दुखों ते दुख पद कों प्रापत होता है ॥ कष्ट ते कष्टतर नरक ते नरक को प्रापत होते हैं ॥ जैसे विष को जाणे जो इह विष है ॥ अरु उस को पान करे ॥ तो विष उस को नाश करती है ॥ तैसे जिनों पुरुषों संसार को असत रूप जाण्या है ॥ अरु वहुड संसार के पदार्थों की ओर यत्न करते हैं ॥ ते नरकों प्रापत होवेंगे ॥ हे रामचंद्र जो पुरुष आत्म पद ते विमुख है ॥ अरु आप को कल्याण रूप जाणते हैं ॥ जैसे किसी के गृह को अग्नि लागी ॥ अरु गृह भीतर तृणों का होवे ॥ अरु तिस विषे तृणों की शय्या करके शयन कर रहे ॥ तौ नाशता को प्रापत होवेगा ॥ तैसे उह भी जन्म मरन को प्रापत होवेंगे ॥ अरु जिस संसार के पदार्थों कों देख कर राग द्वेषवान होते हैं ॥ सो दुख सभ ऐसे हैं ॥ जैसे विज्जली का चमतकार होता है ॥ अरु मिट जाता है ॥ स्थिर नहीं रहता

योग
वा॰
१०

तैसे संसार का सुषदुष आगासा पाई है॥ हे रामचंद्र इह संसार अविचार के भासता है॥ अरु
विचार कीयेते लीन होजाता है॥ जो विचार ते लीन न होता॥ तौ तुम कों भी दोसन होता॥
सो तौ विचार कीयेते लीन होजाता है॥ इसी ते पुरुषार्थ कहीता है॥ जैसे हाथ विषे दीपक हो
वै॥ अरु अंधे कूप विषे गिरै॥ तौ मूर्षता है॥ तैसे संसार भ्रम के निवर्त्ति करणेवाले संत अ
रु सतशास्त्र भी विद्यमान होवै॥ अरु तिन की शरण न जावै॥ तौ मूर्षता है॥ हे रामचंद्र जि
नों पुरुषों ने संतों की संगत अरु अरु सतशास्त्रों के विचार द्वारा आत्मपद कों पाया है॥ ते
पुरुष केवल केवली भाव कों प्रापत हूए है॥ अर्थ यह जो सुद्ध चैतन्य कों प्राप्त हूए है॥ अरु
संसार भ्रम तिन का निवर्त्त होगया है॥ हे रामचंद्र इह संसार मन के संसरणे ते उत्पत्त हूया
है॥ सो इसका कल्याण वोधवों कर नहीं वणा॥ अरु तीर्थों दान करहा रयों कर भी नहीं होव
णा॥ न अपणीयां भुजा नै ओर ईश्व जै कर होवणा॥ एक मन के जीतणे करके कल्याण होवे
गा॥ हे रामचंद्र तिसी कों ज्ञान परमपद कहते है॥ अरु तिसही कों रसायण कहते है॥
जिसके पाए ते नाश न होवै॥ अमर होता है॥ अरु सभ सुखों की पूर्णता होती है॥ अरु तिस
का साधन समता अरु संतोष है॥ शाम अरु संतोष करके ज्ञान उत्पन्न होता है॥ सो आत्म
ज्ञान कैसा है॥ ज्ञान रूपी एक वृक्ष है॥ तिसका मूल शांत है॥ अरु स्थित तिसका फल है॥ जि
स पुरुष कों ज्ञान प्रापत हूया है॥ सो शांतवान हूया है॥ हे रामचंद्र जो पुरुष ज्ञानवान है
सो सदा निर्लेप रहते है॥ तिनकों संसार का भाव अभाव रूप स्पर्श कछु नहीं होता॥ जै
से आकाश विषे सूर्य उदे होता है॥ तो जगत की क्रया होती है॥ अरु जो अस्त होजाता है
तव क्रया भी जगत की लीन होजाती है॥ जैसे तिस क्रया के होवणे॥ अरु न होवणे वि
षे आकाश ज्यों का त्यों है तैसे ज्ञानवान सदा निर्लेप है॥ तिस आत्मज्ञान के उत्पन्न का
उपाइ इह मेरा शास्त्र श्रेष्ट है॥ हे रामचंद्र जो पुरुष इस मोक्ष उपाइ कों श्रद्धा संयुक्त जि
स दिन पढने॥ अरु सुणने लागै॥ तिसही दिन इसकों मोक्षभागी जाणीये॥ अरु मोक्ष के
चार द्वारपाल मैं तुम कों कहे है॥ सो इनो विषे एक भी अपणे वश आवै॥ तव मोक्ष द्वार
विषे इसका शीघ्र ही प्रवेश होवै॥ तिन चारों का अव विस्तार श्रवण कर॥ हे रामचंद्र इह
शाम इसकों परम विश्राम का कारण॥ अरु इह संसार जो देषीता है॥ सो मारूथल की
नदी वत है॥ तिसकों देषकर मूर्ष अज्ञानी रूप जो मृग है॥ सो सत्य रूप जल कों जाणकर
दौडता है॥ पर शांत कों नही प्रापत होता॥ जव शाम रूपी मेघ की वर्षा होवै॥ तव सुषी
होता है॥ अन्य पास सुषी नही होता॥ हे रामचंद्र शाम ही परमानंद है॥ अरु शाम परमप
द है॥ जिस पुरुष शाम कों पाया है॥ सो संसार समुद्र ते पार हूया है॥ अरु तिसकों शत्रु भी
मित्र होजाते है॥ हे रामचंद्र जहां चंद्रमा आन उदे होता है॥ तहां अमृत कीयां किरणा॥
पडीयां फुरतीयां है॥ अरु शीतलता होती है॥ तैसे जिसकी हृदे विषे समरूपे चंद्रमा
उदे होता है॥ तिसकी सर्व तपत मिट जाती है॥ अरु परम शांतवान होता है॥ हे राम
चंद्र सम करके इसकों परम शोभा होती है उज्जल॥ जैसे विस्नु के दो हस्त है॥ एक अप
णे शरीर विषे रहता है॥ दूसरा संतों विषे रहता है॥ तैसे इसके दो हस्त होते है॥ एक शरी
र विषे दूसरा सम भी इसका हस्त होता है॥ हे रामचंद्र अैसा आनंद अमृत के पान कीये
नही होता॥ अरु लक्ष्मी के प्रापत हूए भी नही होता॥ जैसा आनंद सम कर होता है
अरु अैसा आनंद राजा कों भी नही होता॥ जो वाय श्रेष्ट मेत्री होती है॥ अरु अंतर सुंद
र स्त्रीयां होतीयां है॥ जैसा आनंद सम संपन्न पुरुष कों होता है॥ हे रामचंद्र जिस पुरुष
कों सम प्रापत भई है॥ सो वंदना करणे के योग्य है॥ जिसकों समता प्रापत भई है॥ ति
स ते लोक उद्वेग नही पावता॥ अरु लोकों ते उद्वेग नही पावता॥ उसकी क्र
या अमृत रूप है॥ अरु वचन भी उसकी अमृत की न्याई कोमल है॥ जैसे चंद्रमा
कीयां किरणा शीतल अरु अमृत रूप है॥ अरु सम कों हृदे अंगम है॥ तैसे संतजनों

के वचन है॥ जिस पुरुष कों सम प्रापत हूए है॥ जव इस जीव कों उसकी संगत प्रा
पत भई है॥ तव परम आनंदी होता है॥ हे रामचंद्र जैसे वालक माता कों पाइ कर आ
नंदमान होता है॥ जिसकों सम की प्रापत भई है॥ तिसका संग जिसकों प्रापत हो
ता है॥ सो वालक ते भी अधिक आनंदमान होता है॥ जैसे किसी का वांधव हूया हूया
फिर आवे॥ अरु उसकों आनंद प्रापत होता है॥ तिसने भी अधिक आनंद शमसंपन्न के
संग ते पुरुष कों होता है॥ हे रामचंद्र अैसा आनंद चक्रवर्ती राज के पाए ते नहीं होता
अरु त्रिलोकी के राज पाए ते भी नहीं होता॥ जैसा आनंद शम पाए ते होता है॥ जिसकों
शम की प्रापत भई है॥ तिसके शत्रु भी मित्र होजाते है॥ अरु तस्कर का भय उसकों नहीं
रहता॥ सर्प का भय भी उसकों नहीं होता॥ सिंह का भय भी नहीं होता॥ अरु भी भय कि
सी का नहीं होता॥ सर्वदा शांत रूप होता है॥ हे रामचंद्र जो कोऊ कष्ट आन प्रापत होवे
अरु प्रलयकाल की अग्नि आन लगे॥ तौ भी चलायमान नहीं होता॥ सदा शांत रूप र
हता है॥ जैसे शीतल चांदनी चंद्रमा विषे स्थित होती है॥ तैसे जो कछु सभ गुण अरु
संपदा है॥ सो सभ ही शम संपन्न पुरुष के हृदे विषे आन स्थित होते है॥ हे रामचंद्र जो
पुरुष अध्यात्मक आदि तापों कर दिपडा जलता है॥ अरु उसके हृदे विषे शम की प्रापत
होवै॥ तव ताप मिट जाता है॥ अरु जैसे तपत पृथ्वी वर्षा कर शीतल होजाती है॥ तैसे
उसका हृदा शीतल होजाता है॥ जिसकों शम की प्रापत भई है॥ सो सम क्रया विषे भी
आनंद रूप है॥ तिसकों दुष कोऊ नहीं स्पर्श करता॥ जैसे वज्र सिला कों वाण नहीं वेध
सकता॥ तैसे जिनों पुरुषों शम रूपी कवच पहिरा है॥ तिनकों अध्यात्मक आदि ताप
वेध नहीं सकते॥ उह सर्वदा शीतल रूप रहता है॥ हे रामचंद्र तपस्वि अरु पंडित अरु
यज्ञ करावणेवाला अरु धनाढ्य भी प्रजा मान करणे कों जोग है॥ पर जिसकों सम
प्रापत भई है॥ सो सभने उत्तम है॥ अरु सभनों कों पूजने योग है॥ उसके मन की जा वृत्ति
है॥ सो आत्मतत्व कों ग्रहण करती है॥ अरु शम कर पूर्ण है॥ अरु सम क्रया विषे सोभता
है॥ अरु जिस पुरुष कों शब्द स्पर्श रूप रस गंध इंद्रीयां के इष्ट अनिष्ट विषे राग अरु द्वेष
नहीं॥ तिसकों शांत आत्मा कहते है॥ हे रामचंद्र जो पुरुष संसार के रमणीक पदार्थों
विषे वंधमान नहीं होता॥ अरु आत्मानंद कर त्रिप्त है॥ तिसकों शांतवान कहते है॥
जो शांतवान है॥ सो संसार के शुभ अरु अशुभ कर मलीन नहीं होता॥ सदा निर्लेप
रहता है॥ जैसे आकाश सभ पदार्थों ते निर्लेप रहता है॥ तैसे शमवान पुरुष निर्ले
प रहता है॥ हे रामचंद्र अैसा जो पुरुष है॥ सो इष्ट विषयों की प्रापत विषे संत्रुष्ट हर्षवान
भी दृष्ट आवता है॥ अरु अनिष्ट की प्रापत विषे द्वेषमान भी दृष्ट आवता है॥ अरु अंतर ते स
दा शांतवान है॥ कोऊ दुष उसकों दुष नहीं देता॥ अपणे आप विषे सदा परमानंद रूप है
जैसे सूर्य के उदे हूए अंधकार नष्ट होजाता है॥ तैसे शांत के पाए ते सभ दुष नष्ट होजा
ता है॥ हे रामचंद्र उह पुरुष सभ चेष्टा भी करते दृष्ट आवते है॥ पर सदा निर्गुण रूप है
कोऊ क्रया उनकों स्पर्श नहीं करती॥ जैसे जल विषे कमल निर्लेप रहता है॥ तैसे शां
तवान सदा निर्लेप रहता है॥ हे रामचंद्र जो पुरुष शम ते रहित है॥ तिनका चित्त विषए
षिण विषे राग द्वेष कर पडा छेदीता है॥ अरु जिसकों शांत की प्रापत हूई है॥ सो अंतर
वाह्य ते शीतल है॥ अरु सदा एकरस है॥ जैसे हिमाला पर्वत शीतल होता है॥ तैसे उह
पुरुष शीतल होत है॥ अरु मुष की क्रांत भी वहुत सुंदर होजाती है॥ जैसे निहकलंक
चंद्रमा होता है॥ तैसे शांतवान की निहकलंक क्रांत होती है॥ हे रामचंद्र जिसकों शां
त प्रापत हूई है॥ सो परम आनंदी है॥ अरु परम लाभ तिसही कों प्रापत भया है॥ अरु
ज्ञानी तिसकों परमपद कहते है॥ अरु पुरुषार्थ जो करणा है॥ जिस कर इसकों शांत की
प्रापत होवै॥ ताते हे रामचंद्र जैसे मैं कहा है तिस क्रम कर के शांत कों ग्रहण करो॥ तव
संसार समुद्र के पार कों प्रापत होवो॥ इति श्री मुमुक्षु प्रकरणे शाम निरूपणं नाम त्रयोदश

सर्गः ॥१३॥ वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामचंद्र अब तूं विचार का निरूपण सुण ॥ जब दृढ सद्बुद्धि होता है ॥ तब इसको विचार उपजता है ॥ अरु शास्त्र के अर्थ विचार द्वारा जब बुद्धि तीक्ष्ण होती है ॥ तब श्री ब्रह्मी आत्मपद की प्रापत होती है ॥ हे रामचंद्र अविचार रूपी जो वन है ॥ तिस विषे आपदा रूपी वल्लीयां उत्पन्न होतीयां हैं ॥ तिसको विचार रूपी षड्ग करके काटे ॥ तब शांत आत्मा होवै ॥ अरु मोह रूप हस्ती है ॥ अरु जीवों के हृदे रूपी कमलों को खंड खंड पड़ा करता है ॥ अर्थ यह जो इष्ट अरु अनिष्ट पदार्थों विषे राग द्वेष कर पड़ा खेदता है ॥ तब विचार रूपी सिंह प्रगटे ॥ तब मोह रूपी हस्ती को नाश करे ॥ अरु इह शांत आत्मा होवै ॥ हे रामचंद्र जिसको कछु सिद्धता प्रापत भई है ॥ सो विचार अरु पुरुषार्थ कर प्रापत भई है ॥ अरु राजा जो होता है ॥ सो प्रथम विचार करके पुरुषार्थ करता है ॥ तिस करकै राज्य को प्रापत होता है ॥ अरु बल बुद्धि अरु तेज अरु चतुर्थ जो पदार्थ का आगमन अरु पंचम पदार्थ की प्रापत होती है ॥ सो इह पांचों भी विचार करकै प्रापत होती है ॥ बल अर्थ यह जो इंद्रियों की जीतणा ॥ अरु मन को जीतणा ॥ अरु बुद्धि अर्थ यह जो आत्मा को आपणी ॥ अरु तेज अरु पदार्थ का आगमन प्रापत विचार कर होती है ॥ हे रामचंद्र जिनों पुरुषों ने विचार का आश्रय लीया है ॥ सो दृढ विचार करकै जिसकी वांछा करते हैं तिसको पावते हैं ॥ तातें विचार इसका परम मित्र है ॥ जो विचारवान पुरुष है ॥ सो आपदा विषे मगन नहीं होता ॥ जैसे तूंबा जल विषे डूबती नहीं ॥ तैसे उह आपदा विषे नहीं डूबता ॥ हे रामचंद्र विचार संयुक्त इह जो कछु देता है ॥ लेता है क्रिया करता है ॥ सो सभ सिद्धता का कारण होती है ॥ धर्म अर्थ काम मोक्ष चारों पदार्थ विचार की दृढता कर सिद्ध होते हैं ॥ विचार रूपी कल्पवृक्ष है ॥ तिस विषे जिसका अभ्यास करीता है सोई पदार्थ सिद्ध होता है ॥ हे रामचंद्र सद्ब्रह्म का विचार ग्रहण करो ॥ अरु आत्मज्ञान को प्रापत होवो ॥ जैसे दीपक करकै पदार्थ ज्ञान प्रापत होता है ॥ तैसे विचार करकै आत्मज्ञान प्रापत होता है ॥ जिस पुरुष विचार करकै सत अरु असत को जाण्या है ॥ अरु असत्य को त्याग कर सत्य की ओर यत्न कीया है ॥ सो विचारवान कहीता है ॥ हे रामचंद्र संसार रूपी समुद्र विषे आपदा रूपी तरंगा हैं ॥ जो विचारवान पुरुष है ॥ सो संसार के भाव अथवा अभाव विषे कष्ट को नहीं प्रापत होता ॥ जो कछु विचार संयुक्त क्रिया होती है ॥ तिसका परिणाम सुख होता है ॥ अरु जो विचार विना चेष्टा होती है ॥ तिसकर दुख प्रापत होता है ॥ हे रामचंद्र अविचार रूपी करीरण का बूटा है ॥ तिसतें दुख रूपी कंटक पड़े उत्पन्न होते हैं ॥ अरु अविचार रूपी रात्रि है ॥ तिस विषे तृस्ना रूपी पिशाचनी आन विचरती है ॥ अरु जब विचार रूपी सूर्य उदे होता है ॥ तब अविचार रूपी रात्रि अरु तृस्ना रूपी पिशाचनी नष्ट हो जाती है ॥ हे रामचंद्र मेरा इह आशीर्वाद है ॥ जो तुमारे हृदे सों अविचार रूपी रात्रि विचार रूपी सूर्य कर नष्ट होवे ॥ अविचार करकै संसार दुख उदे होता है ॥ अरु विचार कीयेतें संसार दुख नष्ट हो जाता है ॥ जैसे बालक अविचार करकै अपणी पर्छावे को वैताल कलपकर भय को पावता है ॥ अरु विचार कीयेतें भय नष्ट हो जाता ॥ तैसे अविचार करकै संसार दुख भय को देता है ॥ अरु संत शास्त्रों की युक्ति कर विचार कीयेतें संसार भय नष्ट हो जाता है ॥ हे रामचंद्र जहां जहां विचार है ॥ तहां तहां दुख नहीं रहते ॥ जैसे जहां जहां प्रकाश होता है ॥ तहां तहां अंधकार नहीं रहता ॥ अरु जहां जहां प्रकाश नहीं होता ॥ तहां अंधकार रहता है ॥ तैसे जहां विचार है ॥ तहां संसार भय नहीं रहता ॥ अरु जहां विचार नहीं ॥ तहां संसार भय रहता है ॥ अरु जहां आत्म विचार उत्पन्न होता है ॥ तहां सुख के देवणहारे सुभ गुण आन स्थित होते हैं ॥ जैसे मानसरोवर विषे कमल उत्पन्न होते हैं ॥ तैसे विचार विषे सुभ गुण आ स्थित होते हैं ॥ अरु जहां विचार नहीं ॥ तहां दुखों का आगमन होता है ॥ हे रामचंद्र जो कछु अविचार करकै क्रिया करीती है ॥ सो दुखों का कारण है ॥ जैसे चूहा जो घर को खोदता है ॥ अरु रतन का निकासता है ॥ जहां एक ठीक करता है ॥ तहां

स्तका नेवली उत्पन्न होती है ॥ तैसे अविचार करकै इह पुरुष अस्तनका इयेदषों को एकदा करता है ॥ तिसतें आपदा रूपी वल्ली निकसती है ॥ अरु अविचार रूपी घुण का खाया सूका ब्रछ है ॥ तिसतें सुख रूपी फूल फल चाहै तौ नहीं निकसते ॥ अविचार किसका नाम है ॥ जिसकरकै शुभ क्रिया न होवै ॥ अरु जिसकर शास्त्र के अनुसार क्रिया होवै ॥ तिसका नाम विचार है ॥ हे रामचंद्र विवेक विचार रूपी राजा है ॥ अरु विचार रूपी धजा है ॥ जिहां विवेक रूपी राजा आगमन करता है ॥ तहां विचार रूपी धजा भी साथ है ॥ अरु जहां विचार रूपी धजा आवती है ॥ तहां विवेक रूपी राजा भी आवता है ॥ जो पुरुष विचार करकै संपन्न है ॥ सो सज्जनें जीता है ॥ तिसको सभ कोइ नमस्कार करता है ॥ जैसे द्वितीया की चंद्रमा को सभ नमस्कार करते हैं ॥ तैसे विचारवान को सभ नमस्कार करते हैं ॥ हे रामचंद्र हमारे देखते अलप बुद्धी भी विचार के दृढताने मोक्ष पद को प्रापत हुए हैं ॥ तातें विचार इसका परम मित्र है ॥ जो विचारवान पुरुष है ॥ तिसका अंतर बाह्य शीतल हो जाता है ॥ जैसे हिमालय पर्वत अंतर तें भी शीतल है ॥ अरु बाह्य भी शीतल है ॥ तैसे उह शीतल हो जाता है ॥ विचार करकै ऐसे पद को प्रापत होता है ॥ जो पद नित्य है ॥ अरु स्वछ है ॥ अरु अनंत है ॥ परमानंद स्वरूप है ॥ तिसको पाइकर न किसी के त्यागणे की इछा होती है ॥ ना किसी के ग्रहण की इछा होती है ॥ इष्ट अनिष्ट विषे सम हो जाता है ॥ जैसे तरंगा के उदे होणे विषे अरु लीन होवणे विषे समुद्र सम रहता है ॥ तैसे विवेकी को इष्ट अनिष्ट की प्रापत विषे समता है ॥ अरु संसार भ्रम मिट जाता है ॥ आधार आधेयतें रहत केवल अद्वैत तत्व उसको भान होता है ॥ हे रामचंद्र इह जगत अपणे मन के मोहतें उपजा है ॥ अरु स्वपर के अविचार करकै दुखदाई भासता है ॥ जैसे अविचार कर बालक को वैताल भासता है ॥ तैसे इसको जगत भासता है ॥ जब ब्रह्म विचार के प्रापत होवै तब जगत भान न होवै ॥ हे रामचंद्र जिस घट विषे विचार उपजता है ॥ तहां समता आन उत्पन्न होती है ॥ जैसे बीजतें अंकुर निकस आवता है ॥ तैसे विचारतें समता उपज आवती है ॥ अरु विचारवान पुरुष जिस ओर देखता है ॥ तिसी ओर आनंद दृष्ट आवता है ॥ दुख कदे दृष्ट नहीं आवता ॥ जैसे सूर्य को अंधकार नहीं दृष्ट आवता ॥ तैसे विचारवान को दुख दृष्ट नहीं आवता ॥ जहां अविचार है ॥ तहां दुख है ॥ अरु जहां विचार है ॥ तहां दुख नहीं ॥ जैसे अंधकार विषे बालक को वैताल दृष्ट आवता है ॥ अरु भय को पावता है ॥ अंधकार के अभाव हुए वैताल भी अभाव हो जाता है ॥ अरु भय नहीं रहता ॥ तैसे विचार कीयेतें दुखों का अभाव हो जाता है ॥ हे रामचंद्र संसार रूपी दीर्घ रोग है ॥ तिसके नाश करणे को विचार बड़ा औषध है ॥ जिसको विचार के प्रापत भई है ॥ तिसके मुख की कांति भी उज्जल हो जाती है ॥ जैसे पूर्णमासी के चंद्रमा की उजलता होती है ॥ तैसे विचारवान के मुख की कांति उज्जल होती है ॥ हे रामचंद्र विचार करकै इसको पद की प्रापत होती है ॥ जिसकर अर्थ सिद्ध होवै ॥ सो विचार कहीये ॥ अरु जिसकर अनर्थ को प्रापत होवै ॥ सो अविचार है ॥ अविचार रूपी मदिरा है ॥ जो इसको पान करता है ॥ सो उन्मत्त हो जाता है ॥ तिसतें शुभ आचार कोई नहीं हो आवता ॥ शास्त्र के अनुसार जो कछु शुभ क्रिया है ॥ सो तिसतें होइ नहीं आवती ॥ तातें अविचार करकै अर्थ सिद्ध नहीं होता ॥ अरु विचार करकै सभ अर्थ सिद्ध होते हैं ॥ हे रामचंद्र इछा रूपी रोग है ॥ सो विचार रूपी औषध करकै निवृत्त होता है ॥ जिनों पुरुषों ने विचार द्वारा परमार्थ सत्ता आश्रय कीया है ॥ सो परम शांत हो जाते हैं ॥ अरु हेय उपादेय बुद्धि तिनकी जाती रही है ॥ अरु दृश्य को सभी भूल होइ कर देखते हैं ॥ अरु संसार के भाव अभाव विषे ज्यों के त्यों रहते हैं ॥ अरु उदे अस्ततें रहत निःसंग रूप हैं ॥ जैसे आकाश निःसंग है ॥ तैसे निःसंग हैं ॥ अरु जैसे समुद्र जल कर पूर्ण है ॥ तैसे विचार आत्म तत्व कर पूर्ण होते हैं ॥ अरु जैसे अंधकूप विषे गिड़या हूया रस्सों के आश्रय निकसता है ॥ तैसे संसार रूपी अंधे कूप विषे गिड़या हूया विचार के आश्रय होकर विचारवान निकसणे को समर्थ होता है ॥ हे रामचंद्र राजों को जो कोऊ कष्ट आन प्रापत होता है ॥ तब उह विचार करकै यत्न करते हैं

योग॰
वा॰
१२

12

तिसकर उनका कष्ट निवर्त होता है ॥ तातें हूं विचार देष जो किसीको पद प्रापत होता है ॥ सो विचार करकै प्रापत होता है ॥ तूं भी विचार को आश्रय करके सिद्धता को प्रापत होवो ॥ सो विचार इस प्रकार प्रापत होता है ॥ जो वेद अरु वेदांत अरु सिद्धांत कों भली प्रकार विचार्यै ॥ तब तूं इनकों श्रवण कर अथवा पठन करि भली प्रकार विचारैगा ॥ तब विचार की दृढता कर आत्मतत्त्व कों प्रापत होवैगा ॥ जैसे प्रकाश करकै पदार्थों का ज्ञान होता है ॥ तैसे शास्त्र अरु गुरों के वचन विचार कर आत्मतत्त्व का ज्ञान होता है ॥ अरु जैसे प्रकाश भी होवै ॥ अरु नेत्रों ते अंध होवै ॥ तिसकों भी पदार्थ की प्रापतन नहीं होती ॥ तैसे शास्त्र अरु गुरो के होते भी जो विचार ते रहत होवै ॥ तिसकों भी आत्मपद की प्रापतन नहीं होती ॥ तातें हे रामचंद्र ऐसे विचार करे ॥ जो मैं कौन हौं अरु इह जगत क्या है ॥ अरु इसके उत्पत्ति कैसे हुई है ॥ लीन कैसे होता है ॥ इस प्रकार संत अरु शास्त्रों के अनुसार विचार कर सत कों सत जाणे ॥ अरु असत कों असत जाणे ॥ वहुड़ जिसकों असत जाणया है ॥ तिसकों त्याग करीये ॥ अरु सत विषे स्थित होवीये ॥ इसका नाम विचार है ॥ इस विचार कर आत्मपद की प्रापत होती है ॥ हे रामचंद्र विचार रूपी दिव्य दृष्ट जिसकों प्रापत भई है ॥ तिसकों सभ पदार्थों का ज्ञान होता है ॥ तैसे विचार कर आत्मपद की भी प्रापत होती है ॥ तिसकों पाइ कर परिपूर्ण होता है ॥ वहुड़ संसार के शुभ अशुभ विषे चलाइमान नहीं होता ॥ ज्यों का त्यों ही रहता है ॥ अरु जब प्रारब्ध वेग होता है ॥ तब शरीर की चेष्टा पड़ी करता है ॥ अथवा जब लग अपणी इच्छा होवै ॥ तब लग शरीर की चेष्टा करता है ॥ वहुड़ शरीर कों त्याग कर केवल शुद्ध रूप हो जाता है ॥ तातें हे रामचंद्र ब्रह्म विचार कों आश्रय करकै संसार समुद्र कों तरो ॥ जो कोऊ रोगी होता है ॥ सो एता रुदन नहीं करता जेता रुदन विचार तें रहत पुरुष करता है ॥ अरु जिसकों कोऊ कष्ट प्रापत होता है ॥ सो भी एता रुदन नहीं करता ॥ जेता विचार तें रहत पुरुष करता है ॥ हे रामचंद्र जो पुरुष विचार ते रहत है ॥ सभ ही आपदा तिसकों आन प्रापत होतीयां है ॥ जैसे सर्व नदीयां समुद्र विषे स्वभाव कर प्रवेश करतीयां है ॥ तैसे अविचारी पुरुष विषे सभ आपदा प्रवेश करतीयां है ॥ हे रामचंद्र चिकड़ का कीट होवणा भी भला है ॥ अरु गर्त का कंटक होवणा भी भला है ॥ अरु विल विषे सर्प होणा भी भला है श्रेष्ठ है ॥ अरु विचार ते रहित होवणा तुच्छ है ॥ जो पुरुष विचार तें रहत है ॥ अरु भोगों विषे पड़ा धावता है सो श्वान है रामचंद्र विचार ते रहत वड़े कष्ट कों प्रापत होता है ॥ तातें एक निमेष भी विचार तें रहित नहीं होवणा ॥ दृढ होइ कर निरणै करणा जु मैं कवण हौं ॥ अरु इह प्रपंच क्या है ॥ ऐसे विचार करकै सत्त रूप आत्मा को जाण कर स्थित होवणा ॥ अरु असत रूप जाण कर दृश्य प्रपंच कों त्याग करणा ॥ हे रामचंद्र जो पुरुष विचारवान है ॥ सो संसार के भोगों विषे नहीं गिड़ता ॥ अरु सत्य विषे स्थित होता है ॥ विचार जब दृढ होता है तब तिसते तत्त्वज्ञान होता है ॥ अरु तत्त्वज्ञान तें विश्राम होता है ॥ अरु विश्राम करकै चित्त उपशम होता है अरु चित्त के उपशम होए सभ दुःखों का नाश होता है ॥ इति श्री मुमुक्षु प्रकरणे विचार निरूपणं नाम चतुर्दश सर्गः ॥१४॥

वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामचंद्र अविचार रूपी शत्रु के हनते जिसकों संतोष प्रापत हूया है सो परम आनंदी हूया है ॥ अरु त्रिलोकी का ऐश्वर्य उसकों त्रिण की न्याईं तुच्छ भासता है ॥ हे रामचंद्र ऐसे सा आनंद त्रिलोकी के राज कर नहीं प्रापत होता ॥ अरु अमृत के पान कीये तें भी ऐसा आनंद प्रापत नहीं होता ॥ जैसा आनंद संतोषवान को होता है ॥ हे रामचंद्र इच्छा रूपी रात्र है ॥ अरु हृदे रूपी कमल कों संकुचाइ लेती है ॥ तब संतोष रूपी सूर्य उदे होता है ॥ तब इच्छा रूपी रात्र का अभाव हो जाता है ॥ अरु जैसे षीर समुद्र उज्जलता करके सोभता है ॥ तैसे संतोषवान की कांति शोभते है ॥ हे रामचंद्र जो त्रिलोकी का राजा है ॥ पर इच्छा निवर्त नहीं होई ॥ तब दरिद्र ही है ॥ अरु जो निर्धन है ॥ पर संतोषवान है ॥ तो सर्व का ईश्वर है ॥ सो संतोष किसका नाम है ॥ श्रवण कर जो अप्राप्त वस्तु की इच्छा न करे ॥ अरु प्रापत होई इष्ट अरु अनिष्ट विषे राग अरु द्वेष न करै ॥ तिसका नाम संतोष है ॥ अरु संतोष का नाम परमपद है ॥ संतोषवान पुरुष सदा आनंद रूप है ॥ अरु आत्म स्थित कर विश्रामय है ॥ तिसको और इच्छा कछु नहीं फुरती ॥ अरु संतुष्टता करकै उसका हृदा प्रफुल्लित होरहा है ॥ जैसे सूर्य के उदे हूए सूर्यमुखी कमल प्रफुल्लित होता है ॥ तैसे संतोषवान का हृदा प्रफुल्लित है ॥ जो अप्राप्त वस्तु है ॥ तिसकी इच्छा नहीं करता ॥ अरु जो अनिच्छित प्रापत भई है तिसकों यथाशास्त्र क्रम करकै ग्रहण करता है ॥ तिसकों संतोषवान कहते हैं ॥ जैसे पूर्णमासी का चंद्रमा अमृत करकै पूर्ण होता है ॥ तैसे संतोषवान संतुष्ट करकै पूर्ण होता है ॥ अरु जो संतोष तें रहत है ॥ तिसके हृदे रूपी वन विषे सदा दुःख अरु चिंता रूपी फूल पड़े उत्पन होते हैं ॥ हे रामचंद्र जो चित्त संतोष ते रहित है ॥ तिस विषे नाना प्रकार कीयां इच्छा पड़ीया उत्पन होतीयां है ॥ जैसे समुद्र विषे नाना प्रकार के तरंग पड़े उत्पन होते हैं ॥ अरु जो संतुष्ट आत्मा है ॥ सो परम आनंदी है ॥ तिसको जगत के पदार्थों विषे ॥ हेय अरु उपादेय बुद्धि नहीं होती ॥ हे रामचंद्र जैसा आनंद संतोषवान कों होता है ॥ तैसा अष्ट सिद्धी के ऐश्वर्य पाए ते भी नहीं होता ॥ अरु अमृत के पान कर भी नहीं होता ॥ संतोषवान सदा शांत रूप है ॥ अरु सदा निर्मल रहता है ॥ इच्छा रूपी धूड़ जो सर्वदा उडती थी ॥ सो संतोष रूपी वर्षा कर तिसकी शांत होगई है ॥ इस कारण ते निर्मल है ॥ हे रामचंद्र संतोष सभ कों प्यारा लगता है ॥ जैसे परपक्व फल अरु आवका सुंदर होता है ॥ अरु सभ कों प्यारा लगता है ॥ तैसे शांतवान पुरुष सभ कों प्यारा लगता है ॥ अरु उस्तति करणे कों जोग है ॥ जिस पुरुष कों संतोष प्रापत भया है ॥ तिसकों परम लाभ हूया है ॥ हे रामचंद्र जहां संतोष है ॥ तहां इच्छा नहीं रहती ॥ अरु सो गोविष दीन नहीं होता ॥ उह उदार आत्मा है ॥ अरु सर्वदा आत्म आनंद कर त्रिप्त रहता है ॥ जैसे स पवन के आए ते मेघ नष्ट होता है ॥ तैसे संतोष के आए ते इच्छा नष्ट हो जाती है ॥ अरु जो संतोषवान पुरुष है ॥ तिसकों देवता ऋषीश्वर सभ नमस्कार करते हैं ॥ अरु धन्य धन्य कहते हैं हे रामचंद्र इस संतोष कों धारो तब परम शोभा पावोगे ॥ इति श्री मुमुक्षु प्रकरणे संतोष निरूपणं नाम पंचदश सर्गः ॥१५॥

हरि ॐ

वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामचंद्र और जेतेक व्रत दान तप तीर्थ आदिक साधन हैं ॥ तिनों करकै आत्मपद की प्रापत ऐसे नहीं होती ॥ जैसे साधसंग कर आत्मपद की प्रापत होती है ॥ साधसंग रूपी एक वृक्ष है तिसका फूल आत्मज्ञान है ॥ जिस पुरुष ने इस फूल की रक्षा करी है ॥ सो अनुभव रूपी फल कों पावैगा ॥ हे रामचंद्र आत्म आनंद ते रहत जो है ॥ सो फेर संसार ते संतों के संग करकै आत्म आनंद सों पूर्ण होता है ॥ अरु अज्ञान करकै जो आपदा मृतक कों पावता है ॥ सो संतों के संग कर संपदा कों पावता है ॥ आपदा रूपी कमलों का नाश करती ॥ संतों का संग गाढा है ॥ संतों के संग कर आत्म विषयणी बुद्धि प्रापत होती है ॥ तिसकरकै मृतक ते रहत होता है ॥ अरु सर्व दुःखों ते रहत होता है ॥ अरु परमानंद कों प्रापत होता है ॥ हे रामचंद्र संतों की संगत कर इसके हृदे विषे ज्ञान रूपी दीपक जागता है ॥ तिसकरके अज्ञान रूपी तम नष्ट हो जाता है ॥ अरु वड़े ऐश्वर्य कों प्रापत होता है ॥ वहुड़ किसी भोग पदार्थ की इच्छा नहीं रहती ॥ अरु वोधवान होता है ॥ अरु सभ ते उत्तम पद विषे विराजता है ॥ जैसे कल्प वृक्ष के निकट गए ते वांछित फल की प्रापत होती है ॥ तैसे संतों की संगत कर वांछित फल की प्रापत होती है ॥ हे रामचंद्र संसार रूपी समुद्र के पार उतारणे वाले संत जन हैं ॥ जैसे जीवर नौका करके पार करता है ॥ तैसे संतजन पुरुषों करकै संसार समुद्र ते पार करते हैं ॥ अरु मोह रूपी मेघों का नाश करता ॥ संतों का संग पवन है ॥ जिनका देहादिक अनात्म विषे अहं नष्ट भया है ॥ अरु शुद्ध आत्म विषे स्थित भई है ॥ अरु तिसकर त्रिप्त भए हैं ॥ वहुड़ संसार के इष्ट अनिष्ट विषे चलायमान नहीं होता ॥ सदा समता भाव विषे स्थित है ॥ तैसे संतजन संसार समुद्र के पार जावणे कों पुल है ॥ अरु आपदा रूपी वली कों जड़ां समेत नाश करते हैं ॥ हे रामचंद्र संतजन प्रकाश रूप है ॥ तिनके संगत पदार्थ की प्रापत होती है ॥ पर जो अपणे पुरुषार्थ रूपी नेत्रों ते हीन होता है ॥ तिसकों पदार्थ की प्रापत नहीं होती ॥ जिनों पुरुषों ने संत

योगा॰
वा॰
र्व

13

संग का त्याग कीया है॥ ते नरक रूपी अग्नि विषे लकडीयां होकर जलहिंगे॥ अरु जिनों पुरुषों सतसंग कीया है॥ तिनकों नरक रूपी अग्नि का नाश कर्ता साध संग मेघ रूप होवेगा॥ हे रामचंद्र सत संग रूपी गंगा है॥ जिनों सत संग रूपी गंगा का स्नान कीया है॥ तिनकों बहुत दान तप आदिक साधन साधने क्या प्रयोजन है॥ उह सत संग रूपी गंगा स्नान करके ही परम गत कों पावैंगे॥ ताते और सभ उपावों को त्याग कर सत संग को खोजीये॥ जैसे निर्धन चिंतामणि आदिक धन कों खोजता है॥ तैसे मुमक्षु सत संग को खोजे॥ अध्यात्म आदिक तीन ताप कर जो पुरुष जलता है॥ तिसकों शीतल करणेहारा संतों का संग है॥ जैसे तपी हूई पृथ्वी मेघ कर शीतल होती है॥ तैसे संतों के संग कर हृदा शीतल होता है॥ हे रामचंद्र मोह रूपी वृक्ष का नाश कर्ता सत संग रूपी गडा है॥ सत संग कर के रहे पुरुष अविनाशी पद कों प्राप्त होता है॥ अरु तिस पद के पायेते बहुर और कछु पावणे की इच्छा नहीं रहती॥ अरु सर्व ते उत्तम होता है॥ जैसे सर्व अपछरा ते लक्ष्मी उत्तम है॥ तैसे सत संग कर्ता सभ ते उत्तम है॥ ताते अपणे कल्याण के निमित्त सत संग करणा तुम को योग है॥ हे रामचंद्र इह चार जो मोक्ष के द्वारपाल तुम को मैं कहे हैं॥ जिनों पुरुषों इनके साथ प्रीत करी है॥ ते शीघ्र ही आत्म पद कों प्राप्त हूए हैं अरु जो इनकी सेवना नहीं करते॥ सो मोक्ष कों प्राप्त नहीं होते॥ हे रामचंद्र इनों चारों विषे एक भी जहां आवता है॥ तहां और भी आवते हैं जहां शम आन स्थित होता है॥ तहां संतोष अरु विचार अरु साध संग भी आवते हैं॥ जैसे जहां समुद्र होता है॥ तहां सर्व नदीयां आवतीयां हैं॥ तैसे जहां शम होता है॥ तहां और भी तीनो आवते हैं॥ अरु जहां साध संगम होता है॥ तहां शम संतोष विचार भी आवते हैं जैसे जहां कल्प वृक्ष के निकट होता है॥ तहां सभ लक्ष्मी आन स्थित होती है॥ अरु जहां संतोष होता है॥ तहां शम अरु विचार अरु साध संग भी आवता है॥ जैसे पूर्णमासी चंद्रमा विषे गुण कला सभ ही एकटी होतीयां हैं॥ तैसे जहां संतोष आवता है॥ तहां तीनो भी आवते हैं॥ अरु जहां विचार आवता है॥ तहां संतोष उपशम साध संग भी आवता है॥ जैसे श्रेष्ट मंत्री कर लक्ष्मी राज विषे आन स्थित होती है॥ तैसे जहां विचार होता है॥ तहां और भी तीनो आवते हैं॥ ताते हे रामचंद्र जो चारों एकठे होवे॥ तब तो परम श्रेष्ट है॥ अरु जो चारों न होवे॥ तौ एक कों अवश्य आश्रय करे॥ जो एक आवेगा॥ तब चारों आन स्थित होवेंगे॥ मोक्ष की प्राप्त होवणे कों इह परम साधन है॥ और उपायों कर मुक्ति की प्राप्त नहीं होती॥ संतोषः परमो लाभः सत्संगः परमा गतिः॥ विचारः परमं ज्ञानं शमश्च परमं सुखं॥ रामचंद्र इह परम कल्याण के कर्ता है॥ जो इनों कर के संपन्न है॥ तिसकी ब्रह्मादिक भी उस्तुति करते हैं॥ ताते दृढता साथ दंत चबाइ कर इनको आश्रय कर के मनकों वश कर॥ हे रामचंद्र मन रूपी हस्ती विचार रूपी अंकुश कर के वश होता है॥ अरु मन रूपी वन विषे वासना रूपी नदी चलती है॥ तिसके शुभ अशुभ दो कनारे हैं॥ अरु पुरुषार्थ करणा एह है॥ जो अशुभ की ओर ते रोक कर शुभ की ओर चलावणा॥ जब अंतर्मुखी आत्मा के सन्मुख वृत्ति का प्रवाह होवेगा॥ तब तुम परम पद कों प्राप्त होवोगे॥ हे रामचंद्र प्रथम पुरुषार्थ करणा एह है॥ जो अविचार रूपी उचाड दूर करणी॥ जब विचार रूपी दिवाहर होवेगा॥ तब आप ही प्रवाह चलेगा॥ हे रामचंद्र दृश्य की ओर जो प्रवाह चलता है॥ सो बंधन का कारण होता॥ अरु जब आत्मा की ओर अंतर्मुख प्रवाह होता है॥ सो मोक्ष का कारण होता है आगे जैसे तेरी इच्छा होइ सो कर॥ इति श्री ममुक्षुप्रकरणे साध संग समउपमा वर्णनं नाम षोडश सर्गः॥ १६॥

वसिष्ठ उवाच

हे रामचंद्र इह जो मेरे वचन हैं सो परम पावन हैं जो विचारवान शुद्ध अधिकारी है तिसकों इह वचन योग है कैसे वचन हैं जो परम बोध के कारण हैं जो उकष शुद्ध पात्र है सो इनों वचनों को पाइ कर शोभता है अरु इह वचन भी उहां शोभा पावते हैं जैसे मेघों के अभाव हूए सर्तकाल विषे चंद्रमा अरु आकाश शोभा पावता है शुद्ध आकाश कर के कदलों के अभाव हूए चंद्रमा शोभता है अरु बदलों के अभाव हूए ते चंमाकर के आकाश शोभता है॥ तैसे जिज्ञासी अरु निर्मल वचनों की महिमा है॥ हे रामचंद्र तुम परम पात्र हो॥ अरु मेरे वचन उत्तम हैं॥ इह जो महारामायण मोक्ष उपाइ शास्त्र है॥ सो आत्मबोध का परम का परम कारण है॥ अरु परम पावन वाकों की संहिता है॥ अरु शुभक्रयुक्तार्थ वाक है॥ अरु नाना प्रकार के दृष्टांत कहे हैं॥ अरु जिनके बहुते जन्मों के पुण्य एकटे आन होते हैं॥ तिनका कल्प वृक्ष होता है अरु फलों कर फक पडता है तब तिसकों इह शास्त्र श्रवण होता है॥ अरु अथ जो नीच है॥ तिनकों इसका श्रवण नहीं प्राप्त होता॥ उनकी हति इसके श्रवण विषे नहीं आवती॥ जैसे जो धर्मात्मा राजा होता है॥ तिसकी न्याइ शास्त्र के श्रवण विषे इच्छा होती है॥ जो पापात्मा राजा होता है॥ तिसकी इच्छा नहीं होती है॥ हे रामचंद्र तैसे पुन्यवान की इच्छा श्रवण विषे होती है॥ अधम की इच्छा नहीं होती है॥ जो पुरुष इस महारामायण मोक्ष उपाइ शास्त्र का अध्ययन करे॥ अथवा निष्काम के मुख ते श्रद्धा संयुक्त श्रवण करे॥ अरु आदि ते लेकर अंत पर्यंत विचारे॥ एकत्र भाव होइ कर॥ तब तिसका संसार भ्रम निवृत्त हो जावे॥ जैसे जेवडी के जाणे ते सर्प भ्रम नष्ट हो जाता है॥ तैसे आत्म तत्व अद्वैत कों जाण कर तिसका संसार भ्रम नष्ट हो जावेगा॥ इस मोक्ष उपाइ शास्त्र के द्वात्रिंशत सहस्र श्लोक हैं॥ अरु षट प्रकरण हैं॥ प्रथम वैराग प्रकरण है॥ सो वैराग का परम कारण है॥ हे रामचंद्र जैसे मारूथल विषे वृक्ष नहीं लगता॥ पर बडी वर्षा होवे॥ तब तहां भी वृक्ष उत्पन्न हो आवता है॥ तैसे अज्ञानी का हृदा रूप जो मारूथल है॥ तिस विषे वैराग रूपी वृक्ष नहीं उपजता॥ पर इह शास्त्र रूपी जो वर्षा है॥ तिस कर हृदे रूपी मारूथल विषे वैराग रूपी वृक्ष उत्पन्न होइ आवेगा॥ तिसका एक सहस्र पंचसो श्लोक है॥ तिसके अनंतर ममुक्षु व्यवहार प्रकरण है॥ तिस विषे परम निर्मल वचन है॥ तिसकर के हृदय परम निर्मल होता है॥ जैसे मलीन हूई मणि मार्जन कीये ते उज्जल होइ आवती है॥ तैसे इसके श्रवण ते इह निर्मल होइ आवता है॥ अरु विचार के बल कर के आत्म पद के पावणे कों समर्थ होता है॥ तिसका एक सहस्र श्लोक है॥ तिसके अनंतर उत्पत्ति प्रकरण है॥ तिसके पंच सहस्र श्लोक हैं॥ तिस विषे बडीयां सुंदर कथा दृष्टांतों सहित कहीयां हैं॥ सो कैसी उत्पत्ति कही है॥ जिसके विचारे ते जगत को सत्यत्व भाव मन ते चलता रहता है॥ अर्थ यह जो जगत का अत्यंत अभाव जाणीता है॥ हे रामचंद्र इह जगत मनुष्य देवता दैत्य पर्वत नदीयां टे प्रा लोक पृथिवी अप तेज वायु आकाश आदिक स्थावर जंगम भासता है॥ सो अज्ञान कर भासता है॥ अरु इसकी उत्पत्ति के स भई है॥ जैसे जेवडी विषे सर्प उत्पन्न होता है॥ अरु सिपी विषे रूपा उत्पन्न होता है॥ अरु सूर्य की यों किरणों विषे जलाभास होती है॥ आकाश विषे तरमरे भासते हैं॥ जैसे आकाश विषे दूसरा चंद्रमा भासता है॥ जैसे गंधर्व नगर भासता है॥ मनोराज की सृष्टि होती है॥ संकल्प का पुर होता है॥ स्वप्न नगर होता है॥ स्वर्ण विषे भूषण होते हैं॥ समुद्र विषे तरंग होते हैं॥ आकाश विषे नीलता होती है॥ जैसे नौका विषे बैठे ते कनारे के वृक्ष पर्वत चलते दृष्ट आवते हैं॥ अरु बदले के चलते चंद्रमा धावता दृष्ट आवता है॥ जैसे कथा के अर्थ भासते हैं॥ अरु भ्रम विषे भूत लीयां॥ भविष्यत नगर ते आदि लेकर॥ असत्य पदार्थ हैं॥ जैसे असत्य पदार्थ सत्य रूप होकर भासते हैं॥ तैसे ही सभ जगत आकाश रूप है॥ अर्थ आकार कछु नहीं॥ अरु जो अर्थ रूप भासता है॥ सो अज्ञान कर के भासता है॥ अज्ञान कर उत्पन्न होता है॥ अरु ज्ञान कर के लीन हो जाता है॥ जैसे निद्रा कर के स्वप्न की सृष्टि उत्पन्न होती है॥ अरु जागे ते निवृत्त हो जाती है॥ तैसे अविद्या कर के जगत उत्पन्न होता है॥ अरु सम्यक ज्ञान कर के निवृत्त हो जाता है॥ सो अविद्या भी कछु वस्तु नहीं॥ सर्व ब्रह्म शुद्ध चिदाकाश रूप है॥ सो नित्य है शुद्ध है अनंत है॥ परमानंद स्वरूप है॥ तिस विषे जगत न उपज्या है॥ न लीन होवणा है॥ ज्यों की त्यों आत्म सत्ता अपणे आप विषे स्थित है॥ तिस विषे जग ऐसे है॥ जैसे चितरे के निश्चे विषे होता है॥ जो इस थंभे विषे एती पुतलीयां हैं॥ पर हूए बिना भासतीयां हैं॥ तैसे इह सृष्टि मन विषे स्थित है॥ वास्तव ते क

छवणी नहीं ॥ सभ आकाश रूप है ॥ जब चित्त संवेदन स्पंद रूप होती है ॥ तब नाना प्रकार का जगत होइकर भासता है ॥ अरु निस्पंद होती है ॥ तब जगत मिट जाता है ॥ इस प्रकार उत्पत्त प्रकरण विषे जगत की उत्पत्त कही है ॥ तिसके अनंतर स्थित प्रकरण है ॥ तिस विषे जगत की स्थित कही है ॥ सो कैसे कही है ॥ जैसे इंद्र का धनुष आकाश रूप है ॥ अरु अविचार कर के तिस विषे आस्त भावना होती है जैसे सूर्य की यां किरणां विषे जल आभास होता है ॥ अरु जैसे जेवड़ी विषे सर्प असत्य कष्ट दायक करके प्रतीत होती है तैसे अज्ञान कर के जगत की प्रतीत होती है ॥ अरु जैसे मनोराज कर नगर रचलेता है ॥ सो उत्पत्त कछु नहीं हूया ॥ तैसे इहु जगत भी संकल्प मात्र है ॥ जैसे जब लग मनोराज है ॥ तब लग उहु नगर होता है ॥ अरु जब मनोराज का अभाव हूया ॥ तब नगर का अभाव हो जाता है ॥ तैसे जब लग अज्ञान है ॥ तब लग जगत होता है ॥ उत्पत्त भी अरु स्थित भी होता है जब संकल्प लय हूया ॥ तब जगत का अभाव होता है ॥ जैसे इंद्र ब्राह्मण के दस पुत्रों की यां दस सृष्टां संकल्प कर के स्थित भईयां है ॥ सो संकल्प कर के उत्पत्त भईयां ॥ अरु संकल्प ही कर के स्थित हूईयां ॥ तैसे इहु जग भी है ॥ कोऊ पदार्थ अर्थ रूप नहीं ॥ हे रामचंद्र इस प्रकार स्थित प्रकरण विषे कहा है ॥ तिसके तीन सहस्र स्लोक हैं ॥ तिसके विचारणे कर जगत सता जाती है ॥ तिसके अनंतर उपशम प्रकरण है ॥ तिसके पंच सहस्र स्लोक है ॥ तिसके विचारिते अहं त्वं आदिक वासना लीन हो जातीयां है ॥ जैसे स्वप्ने ते जागे हूए स्वप्न की यां वासना जातीयां है ॥ तैसे विचारवान की यां अहं त्वं आदिक वासना जातीयां है ॥ काहे ते जो उसके निश्चय विषे जगत नहीं रहता ॥ जैसे एक पुरुष सोया होता है तिसको स्वप्ने का जगत भासता है ॥ उसके निकट जो जाग्रत पुरुष बैठा है ॥ तिसको उसके स्वप्न का जगत आकाश रूप है ॥ तैसे विचारवान को इहु जगत आकाश रूप होता है ॥ जब आकाश रूप हूया ॥ तब वासना केसे रहे ॥ जब वासना नष्ट होई ॥ तब मन भी उपशम होता है ॥ तब देषणे मात्र उसकी सभ चेष्टा होती है ॥ परु उसके मन विषे अर्थ रूपी इछा नहीं होती ॥ जैसे मृत्त की अगन दिषणे मात्र होती है ॥ अर्थकारण नहीं होती ॥ तैसे उसकी चेष्टा होती है ॥ हे रामचंद्र जब मन विषे इछा नष्ट होती है ॥ तब मन भी निर्वाण हो जाता है ॥ जैसे स्नेह ते दीपक सहज सो निर्वाण हो जाता है ॥ तैसे इछा ते रहत मन निर्वाण होता है ॥ इस प्रकार उपशम प्रकरण है ॥ तिसके अनंतर निर्वाण प्रकरण है ॥ जो शेष रहा सो ॥ १६५०० ॥ स्लोक है ॥ तिस विषे परम निर्मल वचन कहे हैं ॥ विचार कीये ते अज्ञान कर चित्त अरु चेत्य का संबंध है ॥ सो निर्वाण हो जाता है ॥ जैसे सत्तकाल विषे मेघों के अभाव ते सुद्ध आकाश होता है ॥ तैसे पुरुष विचार कर निर्मल होता है ॥ हे रामचंद्र अहंकार रूपी जो पिशाच है ॥ सो विचार कर नष्ट होता है ॥ जेती कछु इछा फुरती यां है ॥ सो निर्वाण हो जाती यां है ॥ जैसे पथर की शिला फुरणे ते रहत होती है ॥ तैसे इछा ते रहत होता है ॥ जेते कछु जगत को जाणा है ॥ सो तिसकी हो इ चुकती है ॥ जो कछु करणा था सो कर चुकता है ॥ हे रामचंद्र शरीर के होती ही उहु अशरीर हो जाता है ॥ अरु नाना प्रकार का जगत उसको नहीं भासता ॥ जगत की नेतनते उहु अंध हो जाता है ॥ अरु अहं त्वं आदिक जगत भ्रम तिसको नहीं भासता ॥ जैसे सूर्य को अंधकार नहीं दृष्ट आवता ॥ तैसे उसको जगत नहीं भासता ॥ अरु ऐसे पद को प्रापत होता है ॥ जिसके किसी परमाणु विषे जगत सारा है ॥ जैसे सुमेरु के किसी कोण विषे कमल होता है ॥ तिसके ऊपर भ्रमर स्थित होवै ॥ तैसे ब्रह्म के किसी कोण विषे जगत स्थित है ॥ उहु पुरुष अचेत्य चिन्मात्र होता है अरु रूप आलोक मनसकार तिसको आकाश रूप हो जाता है ॥ हे रामचंद्र जिस पद को उहु प्रापत हूया है ॥ तिस पद की उपमा ब्रह्मा विस्नु रुद्र अनेक हैं ॥ तो भी कहणे को समर्थ नहीं होवै ॥ जो ऐसा है ॥ इति श्री महारामायणे मोक्षोपाये मुमुक्षु व्यवहार प्रकरणे सत्तसहस्र संहितायां वाल्मीकीये आर्ष वाक्यं देव दूत उक्तं प्रकरण विभाग वर्णनं नाम षोडशः सर्गः ॥ १६ ॥

ॐ वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामचंद्र इहु परम उत्तम वाक्य हैं ॥ इनको विचार करणे द्वारा उत्तम पद को प्रापत होता है ॥ जैसे उत्तम क्षेत्र विषे उत्तम बीज पाए ते उत्तम फल ही उत्पत्त होता है ॥ तैसे इनके विचारणे वाला उत्तम पद को प्राप्त हो ॥ कैसे वाक हैं इहु युक्त पूर्वक वाक है ॥ हे रामचंद्र जो युगत ते रहत वाक आर्ष भी होवै ॥ तौ तिनका त्याग करीये ॥ अरु पौरुष वाक युगत सहित होवै ॥ तौ तिनका अंगीकार करीये ॥ हे रामचंद्र बालाके वचन युक्त ते रहत होवै ॥ तिनको भी तृण की न्याई त्याग करीये ॥ अरु बालक के वचन युक्त पूर्वक होवै ॥ तब तिनको अंगीकार करीये ॥ ऐसे न करीये जो पिता का कूप होवै ॥ तिस विषे षारा जल होवै ॥ अरु निकट मिष्ट जल को त्याग करना मके निमित्त षारा जल पान करीये ॥ पिता का जान कर षारा जल पान करणा नीचता है ॥ तैसे बडे अरु छोटे का विचार न करै यो युक्त पूर्वक वचन होवै ॥ तिनको अंगीकार करीये ॥ हे रामचंद्र मेरे वचन सभ युक्त पूर्वक हैं ॥ अरु बोध के परम कारण हैं ॥ जो पुरुष एकाग्र होइकर इस शास्त्र को आदि ते लेकर अंत पर्यंत पढे ॥ अथवा पंडित ते सो श्रवण कर के विचारै ॥ तब तिसकी बुद्ध संस्कारी होवै ॥ प्रथम वैराग प्रकरण की विचारते इसको वैराग उपजे ॥ जेते कछु संसार रमणीक भोग पदार्थ हैं ॥ तिसको विरस हो जावे ॥ अरु किसी पदार्थ की वांछा न रहै ॥ जब भोग पदार्थों विषे वैराग होता है ॥ तब शांत रूप आत्म तत्व विषे प्रीत उत्पत्त होती है ॥ जब संसार ते वैराग अरु आत्म तत्त्व विषे प्रीत उपजी ॥ तब विचार कर बुद्ध संस्कार होवेगी ॥ तब शास्त्र का सिद्धांत बुद्ध विषे आन स्थित होवेगा ॥ अरु संसार के विकारों ते रहित तब बुद्ध निर्मल होवेगी ॥ जैसे सत्तकाल विषे बदलों का अभाव होण कर आकाश सर्व ओर ते स्वछ होता है तैसे बुद्ध निर्मल होवेगी ॥ बहुड़ आधि व्याधि की पीडा उसको न होवै ॥ हे रामचंद्र ज्यों ज्यों विचार दृढ होवेगा ॥ त्यों त्यों शांत आत्मा होवेगा ॥ तां ते जेते कछु संसार के यत्न हैं ॥ तिनको त्याग कर इस शास्त्र को विचारै ॥ इसको बारंबार विचारणे कर चैतन्य सत्ता उदे होवेगी ॥ ज्यों ज्यों चैतन्य सत्ता उदे होवेगी ॥ त्यों त्यों लोभ मोहादिक विकार नष्ट होवेगे ॥ जैसे ज्यों ज्यों सूर्य उदे होता है ॥ त्यों त्यों अंधकार नष्ट होता है तैसे विकार नष्ट होवेगे ॥ बहुड़ तिस पद की प्रापत होवेगी ॥ जिसके पाए ते संसार के क्षोभ मिट जावेंगे ॥ हे रामचंद्र जैसे सत्तकाल विषे मेघ नष्ट हो जाते हैं ॥ तैसे संसार के क्षोभ मिट जावेंगे ॥ हे रामचंद्र ज्ञानवान पुरुष को संसार के राग द्वेष बेध नहीं सकते ॥ जैसे जिस पुरुष कवच पहिर्या है ॥ तिसको बाण नहीं बेध सकते ॥ तैसे तिसको राग द्वेष रूपी बाण नहीं बेध सकते ॥ अरु भोगों की इछा नहीं रहती ॥ जो विषय भोग विद्यमान प्रापत आन होते हैं ॥ तौ भी तिनको बुध विषय भूत करके नहीं ग्रहण करती ॥ अर्थ जाणक विवास्य नहीं निकसती ॥ अंतर आत्मा विषे ही स्थित रहती है ॥ जैसे पतिव्रता स्त्री अपणे अंतःपुर ते बाह्य नहीं निकसती ॥ तैसे बुद्ध अंतर ते नहीं निकसती ॥ हे रामचंद्र बाह्य ते उहु भी प्राकृत जनों की न्याई दृष्ट आवता है ॥ जो कछु अनिछत प्रापत होता है ॥ तिसको भोगता अरु करता दृष्ट आवता है ॥ पर अंतर ते राग द्वेष उसको नहीं फुरता ॥ हे रामचंद्र जेता कछु जगत की उत्पत्त अरु लय का क्षोभ है ॥ सो ज्ञानवान को कष्ट नहीं दे सकता ॥ जैसे सूरत लिखी वल्ली को आंधी नहीं चलाइ सकती ॥ तैसे उसको जगत का कष्ट नहीं होता ॥ अरु संसार की ओर ते वृछ की न्याई जड़ हो जाता है ॥ अरु समुद्र की न्याई गंभीर होता है ॥ अरु पर्वत की न्याई स्थिर होता है ॥ अरु चंद्रमा की न्याई शीतल होता है ॥ हे रामचंद्र आत्म ज्ञान कर ऐसे पद को प्रापत होता है ॥ जिसके पाए ते और पावणे जोग कछु नहीं रहता ॥ सो आत्म ज्ञान का कारण इहु मेरा मोक्ष उपाइ शास्त्र है ॥ कैसा शास्त्र है ॥ जो नाना प्रकार के दृष्टांत इस विषे कहे हैं ॥ दृष्टांत किसका नाम है ॥ सो सुण ॥ जो वस्तु अपरछिन्न होवै ॥ अरु देषणे विषे न आई होवै ॥ तिसकी न्याई जो देषणे विषे आवे ॥ तिसके दृष्टांत कर समझाए ॥ सर्वक जो समझीए तिसका नाम दृष्टांत है ॥ हे रामचंद्र इहु जो जगत का जे कारण

रूप है॥ अरु आत्मा कार्य कारणतें रहत है॥ आत्मा अरु जगत की एकता कैसे होवै॥ तातें जो कछु मैं दृष्टांत देवौंगा॥ तिसका एक देश अंगीकार करणा॥ सर्व देश करि नहीं अंगीकार करणा॥ हे रामचंद्र कार्य अरु कारण की कल्पना मूर्खों करी है॥ तिसके निषेधणेकौं मैं स्वप्न दृष्टांत कहौंगा॥ तिसके समझणे करि नैरास्य सातिष्ट होवैगा॥ अरु दृश्य प्रपंचका भेद मूर्खों कौ भासता है॥ तिसके दूर करणे अर्थ भी स्वप्न दृष्टांत कहौंगा॥ तिसके विचारणे करि मिथ्या विभाग कल्पना का अभाव होवैगा॥ हे रामचंद्र ऐसी कल्पना का नाश करता मैं रामोक्षउपाइ शास्त्र है॥ जो पुरुष आदितें लेकर अरु अंत पर्यंत इसकौं विचारैगा॥ तब पंडित सहित संसकारी होवैगा॥ जो पद पदार्थकौं जाणनेवाला होवै॥ अरु इसकौं वारंवार विचारै॥ तब दृश्य भ्रम तिसकौ शांत होजावै॥ इस शास्त्रके विचार विषे और किसी तीर्थ तप दान नीर्थादिक की अपेक्षा नहीं॥ जहां स्थान होवै तहां बैठे॥ अरु जैसा भोजन ग्रह विषे होवै॥ तैसा करीयै॥ अरु वारंवार इसका विचार करीयै॥ तब अज्ञान नष्ट होजावैगा॥ अरु आत्मपदकौं प्रापत होवैगा॥ हे रामचंद्र इह शास्त्र प्रकाशरूप है॥ जैसे अंधकार विषे पदार्थ दृष्ट नहीं आवता॥ अरु दीपकके प्रकाश करि अरु चक्षौं सहित पाईता है॥ सो शास्त्ररूपी दीपक विचाररूपी नेत्रौं सहित होवै॥ तब आत्मपद की प्रापत होती है॥ हे रामचंद्र आत्मज्ञान विचार विना वरशाप करि प्रापत नहीं होता॥ जब विचार करि दृढ अभ्यास करीयै तब प्रापत होता है॥ तातें मोक्षउपाइ जो परम पावन शास्त्र है॥ तिसके विचार कीयेतें जगत भ्रम नष्ट होजावैगा॥ जगतके देखनेतें देखनें जगत भाव मिट जावैगा॥ जैसे सर्पकी मूर्त्ति लिखी होती है॥ अविचार करि तिसतें भय पाईता है॥ जब विचार देखीयै तब सर्प भ्रम जाता है॥ सर्पका आकार दृष्ट भी आवता है॥ परि तिसका भय नष्ट होजाता है॥ तैसे इह जगत भ्रम विचार कीयेतें नष्ट होजावैगा॥ अरु जन्म मरण का भय भी न रहैगा॥ हे रामचंद्र जन्म मरणका भी बडा दुःख है॥ परि इस शास्त्रके विचारतें नष्ट होजावैगा॥ अरु जिननें इस विचारका त्याग कीया है॥ सो माताके गर्भ विषे कीट होवैगा॥ अरु कष्टतें न छूटैगा॥ अरु विचारवान पुरुष आत्मपदकौं प्रापत होवैगा॥ अरु अनंत सृष्टि आत्मज्ञानीकौं अपणाही रूप भासतीयां है॥ कोऊ पदार्थ आत्मतें भिन्न नहीं भासता॥ जिसकौं जलका ज्ञान हूया॥ तिसकौं लहरी आवर्त सभ जल ही रूप भासते हैं॥ तैसे सभ आत्मस्वरूप ज्ञानवानकौं भासता है॥ अरु इंद्रियोंके इष्ट अनिष्ट विषयोंकी प्रापति विषे इछा द्वेष नहीं करता॥ सदा एकरस रहता है॥ अरु मनके संकल्पतें रहत शांतरूप होता है॥ जैसे मंद्राचल पर्वतके निकसेतें क्षीरसमुद्र शांत भया है॥ तैसे संकल्प विकल्पतें रहत हूया इह पुरुष शांत होता है॥ हे रामचंद्र और जो तेज होता है॥ सो दाहक होता है॥ अरु ज्ञानरूपी तेज जिसघट विषे उदे होता है॥ सो शीतल शांतरूप होता है॥ वहुर तिस विषे संसारका विकार कोऊ नहीं रहता॥ जैसे कलयुग विषे उपद्रव कर्त्ता॥ सिपावाल्लाता राउदे होता है॥ कलयुगके अभाव हूए नहीं उदे होता॥ तैसे ज्ञानवानके चित्त विषे विकार नहीं उत्पन्न होता॥ हे रामचंद्र संसार भ्रम आत्माके प्रमाद करि उदे होता है॥ सो आत्माके पावणे विषे यत्न विना विचार मोक्ष करि शांत होता है॥ फूल पत्रके काटणे विषे भी कछु यत्न होता है॥ पर आत्माके पावणे विषे यत्न कछु नहीं॥ काहेतें जो वोधरूप वोधही कर जाणीता है॥ हे रामचंद्र जो जानने मात्र ज्ञानस्वरूप है॥ तिस विषे स्थित होवणा क्या यत्न है॥ आत्मा शुद्ध अद्वैत रूप है॥ अरु जगत भ्रम मात्र है॥ जो पूर्व अपर विचार कीयेतें सत्य होवै॥ तिसकौं रूप जाणीये॥ अरु पूर्व अपर विचार कीयेतें जिसता न पाईये तिसकौं भ्रम मात्र जाणीये॥ सो इस जगतकी सत्ता न आदि विषे पाईती है॥ न अंत विषे पाईती है॥ तातें स्वप्नवत है॥ जैसे स्वप्ना आदि विषे भी नहीं पाईता॥ न अंत विषे ही रहता॥ तैसे जाग्रत भी आदि विषे नहीं पाईती॥ अरु अंत विषे भी नहीं रहती॥ तातें जाग्रत स्वप्न दोनों तुल्य है॥ हे रामचंद्र इह वार्ता वाल्मीकि भी जाणते हैं॥ जो आदि अरु

अंत विषे जिसकी सत्ता न पाईये॥ सो स्वप्नवत है॥ जो आदि न होवै॥ अरु अंत भी न रहै॥ तिसकौं मध्य विषे भी असत्य जाणीये॥ तिस विषे इह दृष्टांत कहे हैं॥ संकल्पपुरव नस्ताननगरकी न्याई॥ स्वप्नपुरकी न्याई॥ अरु वरखा आप जो उपजता है॥ तिसकी न्याई उवधीतें उपजेकी न्याई॥ न इन पदार्थोंकी सत्ता आदि होती है॥ न अंत रहती है॥ अरु मध्य विषे जो भासते हैं॥ सो भी भ्रांतिरूप है॥ तैसे इह जगत है॥ तातें अकारण है॥ अरु कार्य कारण भाव मध्य विषे भासते हैं॥ तौ कार्य कारण रूप जगत हूया॥ अरु आत्मसत्ता अकारण है॥ जगत न है साकार॥ अरु आत्मा है निराकार॥ इस जगतका दृष्टांत जो आत्म विषे देवौंगा॥ सो तिसका न्याय एक अंश ग्रहण करणा॥ जैसे स्वप्नकी सृष्टि होती है॥ तिसका सर्व अपर भाव आत्मतत्त्व विषे मिलता है॥ काहेतें जो अकारण कहे है॥ अरु भावका दृष्टांत नहीं मिलता॥ काहेतें जो उपमेय अकारण रूप है॥ अरु उपमान कार्य कारण रूप है॥ तौ तिसका अरु इसका समान दृष्टांत कैसे होवै॥ तातें अपणे वोधके अर्थ दृष्टांतका एक अंश ग्रहण करणा॥ हे रामचंद्र जो विचारवान पुरुष है॥ सो गुरु शास्त्रोंतें श्रवण करकै शुद्ध वोधके अर्थ दृष्टांतका एक अंश ग्रहण करते हैं॥ हे रामचंद्र तिनकौं आत्मतत्त्वकी प्रापत होती है॥ काहेतें सारग्राहक होते हैं॥ अरु जो अपणे वोधके अर्थ दृष्टांतका एक अंश नहीं ग्रहण करते॥ अरु वाद करते हैं॥ तिनकौं आत्मतत्त्वकी प्रापत नहीं होती॥ तातें दृष्टांतका एक अंश ग्रहण करणा॥ सर्व भाव करि दृष्टांतकौं नहीं मिलावणा॥ अरु प्रतज्ञकौं देखकर तर्क नहीं करणी एक अंश दृष्टांतका आत्मवोधके निमित्त सारभूत ग्रहण करणा॥ जैसे अंधकार विषे पदार्थ पडा होवै॥ तिसकौ दीपकके प्रकाश साथ देख लेवणा॥ सो दीपकके प्रकाश साथ प्रयोजन है ऐसे नहीं करणा॥ जो दीपक किसका है॥ अरु वाटी तेल कैसा है॥ अरु किस स्थानका है॥ दीपकका प्रकाश ही अंगीकार करणा॥ तैसे एक अंश दृष्टांतका आत्मवोधके निमित्त अंगीकार करणा॥ हे रामचंद्र जिस करि वाक्यार्थ सिद्ध होवै सो वचन लेवणा॥ अरु जिस करि वाक्यार्थ सिद्ध न होवै॥ तिसकौं त्याग करणा॥ जो वचन अनुभवकौं प्रगट करै तिसकौं अंगीकार करणा॥ अरु जो अनुभवकौं प्रगट न करै॥ तिसका त्याग करणा॥ जो पुरुष अपणे वोधके निमित्त ग्रहण करता है॥ सो ई श्रेष्ट है॥ अरु जो वादके निमित्त ग्रहण करता है॥ सो वोध च्युत है॥ सो क्या कहीये॥ ज्ञान कथा करदा है॥ वर्तदा नहीं ज्ञान विषे॥ सो वोध च्युत कहीए॥ उह अर्थकौं सिद्ध नहीं कर्त्ता॥ जो कोऊ अभिमानकौं लेकर कहता है॥ सो इस्त्रीकी न्याई सिर पर मिटी डारता है॥ तिसका अर्थ सिद्ध नहीं होता॥ अरु जो अपणे वोधके निमित्त वचनकौं ग्रहण कर्त्ता है॥ अरु विचार तिसका अभ्यास कर्त्ता है॥ तव उह आत्म शांतकौं पावता है॥ हे रामचंद्र आत्मपदके पावणे निमित्त अवश्यमेव अभ्यासका होना॥ शांत विचार संतोष अरु संत समागम सद्बुद्धकी प्रापत होवै॥ तब परमपदकौं पावता है॥ हे रामचंद्र दृष्टांत जिसका कहीता है॥ सो पदार्थका एक अंश लेकर कहीता है॥ सर्वस्व करि ग्रहण करि अखंडताका अभाव होता है॥ अरु जो सर्वस्व दृष्टांत करि जाणीये॥ तव असत्त रूप होता है॥ सो ऐसे नहीं॥ आत्म सत्त रूप है॥ अरु अखंड है॥ कार्य कारणतें रहत सद्ध चेतन्य है॥ तिसके लखावणे निमित्त कार्य कारण जगतका दृष्टांत कैसे दीजे॥ इस जगतका जो दृष्टांत कहीता है॥ सो एक अंश लेकर कहीता है॥ अरु वडवान भी दृष्टांतके एक अंशकौं ग्रहण करते हैं॥ हे रामचंद्र जो श्रेष्ठ पुरुष है॥ सो अपणे वोधके निमित्त सारकौं ग्रहण करता है॥ अरु जज्ञासीकौं एही चाहीता है॥ जो अपणे वोधके निमित्त सारकौं ग्रहण करकै गैरवाद न करै॥ जैसे क्षुधार्थीकौं चावल पाक आइ प्रापत होवै॥ तव भोजन करणेका प्रयोजन है॥ उनकी उत्पत्त अरु स्थितका वाद करणा व्यर्थ है॥ हे रामचंद्र वाक साई है॥ जो अनुभवकौं प्रतक्ष करै॥ जो अनुभवकौं प्रतक्ष न करै॥ तिस वाककौं त्याग करणा है॥ जो इस्त्रीका वाक होवै॥ अरु आत्म अनुभवकौं प्रतक्ष करै॥ तिसकौं ग्रहण करीये॥ अरु परम गुरु जाणी:

प्रतिमाकाएकनामदेवी॥अरुदूसरानाममंगलादेवीभया॥तिसकाध्यानकरके
पूजाकरणेलागे॥तिसकरभीतिसकाकार्जसिद्धहोणेलागा॥हेरामचंद्रतिस
प्रतिमाविषेउहदेवीअनन्यवाककरतीभई॥जोकोऊजिसफलकेनिमित्तप्रति
माकीपूजाकरे॥तिसकाकार्यसिद्धहोवे॥अरुदुषभीदूरहोवे॥अरुजोतिसप्रति
माकीपूजानकरे॥तिसकाकार्यसिद्धनहोवे॥तांतेंजोकोऊकछुकार्यकरणेलागे॥
सोप्रथमेकंदरामंगलादेवीकीपूजाकरे॥तिसकरवहुतप्रसन्नहोवे॥हेरामचंद्रअ
वलगउहीप्रतिमाकिरातदेशविषेस्थितहै॥जिसजिसफलकेनिमित्तकोऊउस
कीसेवनकरताहै॥तैसातैसाफलउसकोंदेतीहै जैसेभावनाहोतीहै॥तैसाफल
परमवोधरूपचिंतदेतीहै॥इतिसूचीउपाख्यानेसमाप्तंनामसर्गः॥ॐ॥५७॥ॐ॥

वसिष्टउवाच॥हेरामचंद्रइहअनिंदतककंटीकाउपाख्यानजैसेसर्ववितीतभया
तैसेमैंतुमकोंकहाहै॥रामउवाच॥हेभगवनराक्षसीकाक्रमस्वरूपकिसनिमित्तथा
अरुककंटीइसकानामक्युंथा॥जैसेहूयाहैसोकहो॥वसिष्टउवाच॥हेरामचंद्रइह
राक्षसीकेकुलकीकन्याथी॥सोराक्षसीकाक्रमकलवपुभीहोताहै॥अरुक्रमस्वपुभी
होताहै॥एकजलजंतुककंटनामप्राणीहोताहै॥उसकाश्यामआकारहोताहै॥
तिसकेसमानएककर्कटनामाराक्षसथा॥तिसकेसमानश्यामआकारउसकीदेहहु
वीभई॥इसकारणतेंइसकानामककंटीभया॥हेरामचंद्रइहांतोरककंटीकाप्रयो
जनकछुनहीथा॥ईंहीअध्यात्मप्रसंगथा॥सुद्धचेतन्यकेनिरूपणनिमित्तमेंतुम
कोंकहाहै॥इहआश्चर्यहै॥जोअसत्तरूपजगतकेपदार्थहै॥सोसत्तरूपहोइकरभा
सतेहै॥अरुजोआत्मसत्तासदासंपन्नरूपहै॥सोअविद्यमानकीन्याईभासताहै॥हे
रामचंद्रवस्तुतेंतोएकअनादिअनंतपरमकारणआत्मसत्तामस्थितहै॥तिसवि

षभावनाकेवशतेंजगतरूपभासताहै॥परस्वरूपतेंअनन्यरूपहै जैसेजलअरु
तरंगविषेकछुभिन्नताहैनही॥तैसेब्रह्मअरुजगतविषेकछुभिन्ननही॥आत्मावि
षेजगतकछुहैतरूपहूयानही॥सदाआत्मसत्ताअपणेआपहीविषेस्थितहै॥ति
सविषेजैसाजैसाचितस्पंदउहहोताहै तैसातैसारूपहोइकरभासताहै॥जैसेवा
दरवनकोंकाएकठाकरकेतिसविषेअग्निकीभावनाकरतेहै॥अरुतापतेहै॥तवउ
नकाशीतनिवर्तहोताहै॥तैसेस्थिरसमरूपआत्माविषेजवजगतकीभावनाकु
रतीहै॥तवनानाप्रकारकाजगतभासताहै जैसेथंभविषेपुतलीयांअनउदेहीहैं
परसिलपीकेमनविषेउदेकीन्याईभासतीयांहै॥तैसेभावनाकेवशतेंजगतहोइ
भासताहै जैसेवीजविषेपत्रफूलफलदासहजहीअनन्यरूपहोताहै॥तैसेब्रह्म
साथजगतअनन्यरूपहै॥जैसेवीजहस्तविषेभेदकछुनही॥तैसेब्रह्मअरुजग
तविषेभेदकछुनही॥अविचारकरकेभेदपडाभासताहै॥जैसेवीजअरुवृक्षवि
षेभेदमृषाताकरकेभासताहै तैसेभिन्नभिन्नसत्तानानाप्रकारकाजगतमृषा
ताकरभासताहै॥विचारकीयेतेंजगतभेदनष्टहोताहै॥हेरामचंद्रइहअव
विचारनहीकरणा॥जोकैसेउपजयाहै॥कहांसोआयाहै॥अरुकवकाहूयाहै॥
जैसेहूयातैसेहूया॥अवइसकेनिवर्तकाउपाउकरीये॥जवतूंजागेगा॥तवचि
दजडग्रंथिहृदेकीटूटजावेगी॥पाछेअरुअर्थकीजेतीकछुकल्पनाउठतीहै॥
सोमेरेवचनोंकरस्वरूपविषेस्थितभएतैसभनष्टहोजावेगी॥हेरामचंद्रइ
हसर्वजगतअनर्थरूपचितेतेंउपजयाहै॥सोमेरेवचनोंकेश्रवणकीयेतेंशां
तहोजावेगा॥इसविषेसंसेनहीकरणा॥सभजगतब्रह्मतेउपजयाहै अरुस
वब्रह्महीस्वरूपहै जवतूंज्ञानविषेजागेगा॥तवउसकाखंडहीजाणेगा॥रामउ
वाच॥हेभगवनजोजिसतेंहोताहै॥सोतिसतेवितरेकहोताहै॥जैसेकुलाल
तेंघटहोताहै॥सोकुलालतेंभिन्नहोताहै॥तुमकैसेकहतेहो॥जोसभजगत
ब्रह्मतेंउपजयाहै॥अरुब्रह्महीस्वरूपहै॥वसिष्टउवाच॥हेरामचंद्रइहजगत
ब्रह्मतेंउपजयाहै॥इहशास्त्रभीशास्त्रोंकेउपदेशजनावणेकेनिमित्तकहाहै॥
जैसेकछुप्रतियोगीसहतशास्त्रोंकहेहै॥सोशास्त्रविषेहै॥उपदेशजनावणे
केनिमित्तकहेहै॥वास्तवइहशास्त्रकोऊनही॥जैसेकिसीवालककोंपछावें
विषेवेतालभासताहै॥अरुकोऊपूछताहै॥जोइसवालककोंवेतालकिसठौ
रविषेस्थितहोइकरभयदीयाहै॥सोव्यवहारकेनिमित्तउसकोंकहीताहै॥अ
मुकेठौरविषेभयदीयाहै॥औरवेतालतोकोऊनही॥तैसेआत्माविषेउपदेशके
निमित्तभेदकल्पनाकरीहै॥वास्तवतेंतिसविषेद्वैतएककल्पनाकोऊनही॥अ
रुहेरामचंद्र॥ब्रह्मतेंजगतहूया॥इहअर्थकेवलवितरेकविषेहीनाहीहोता
अभिन्नविषेभीहोताहै॥अरुभिन्नविषेभीहोताहै॥जोकुलालतेंघटउपजा
ताहै॥सोवितरेककेअर्थहै॥स्वामीकाटहलूवा॥इहभीभिन्नकेअर्थहै॥अरुइहअभि
न्नरूपभीहोतेहै॥जैसेकहीयेअवयवीकेअवयवहै॥अरुस्वर्णतेंभूषणहूएहै म्रत
कातेंघटहूएहै॥सोइहअभिन्नरूपहोतेहै॥अवयवअवयवीरूपहै भूषणस्वर्णरूप
है॥घटम्रतकारूपहै॥तैसेब्रह्मतेंउपजयाजगतब्रह्महीरूपहै॥अरुवास्तवतेंभिन्नअ
भिन्नकारणकार्यपरणामभावविकारअविद्याअरुविद्यासुषदुषआदिकमिथ्याक
ल्पनाअज्ञानकरउठीहै॥आत्माहीपदार्थरहिताहै॥जवतूंज्ञानज्ञेयहोवेगा॥तव
ऐसेजाणेगा॥जोआदिअंतमध्यतेंरहतअविभागअखंडरूपएकआत्मसत्ताज्युंकी
त्युंस्थितहै॥अज्ञानकरकेभेदकल्पनाहोतीहै॥अथवाजिज्ञासीकोंउपदेशकेनिमि
त्तद्वैतवादकल्पीताहै॥वोधहूएतेंद्वैतभेदकछुनहीरहता॥हेरामचंद्रवाच्यवाचक
भावद्वैतविनासिद्धनहीहोता॥जववोधहूया॥तववाच्यवाचककीमोनहोतीहै॥तां

तैं महावाक्य के अर्थ विषे निष्ठा करु ॥ अरु जेती कछु भेद कल्पना मन ने रची है ॥ तिस के निवर्त्त अर्थ मेरे वचन श्रवण करु ॥ हे रामचंद्र इह मन असे उपज्या है जैसे गंधर्व नगर होता है ॥ तिस ने आगे जगत की रचना करी है ॥ जैसे मैं देख्या है तैसे तुझ कों दृष्टांत कहता हों ॥ जिस के जाणे तें सभ जगत तुझ कों भ्रांति मात्र भासेगा ॥ अरु निश्चे कों धार कर जगत की वासना इह रनैं त्याग देवैंगा ॥ बोध करके सभ जगत मन का मनन रूप भासेगा अरु आत्म रूप होइ कर अपणे आप विषे निवास करेगा ॥ अर्थ इह जो जगत की कल्पना त्याग कर अपणे स्वभाव सत्ता विषे स्थित होवेगा ॥ ता तैं सावधान होइ कर श्रवण ॥ हे रामचंद्र इह मन रूप वडा रोग है ॥ विवेक रूपी औषध कर तिस की चिकित्सा करो ॥ अरु सभ जगत करके कल्प्या है ॥ सो शरीर आदिक वास्तव कछु नहीं ॥ जैसे रेत में तेल नहीं निकसता ॥ तैसे जगत वास्तव सत्त कछु नहीं निकसता ॥ चित्त करके पड़ा भासता है ॥ सो चित्त रूपी संसार स्वप्न की न्याईं है ॥ अरु राग द्वेष आदि संकल्पों करके युक्त है ॥ तिस तें जो रहत हूया है ॥ सो संसार समुद्र के पार कों प्रापत हूया कहीता है ॥ ता तैं सभ युगों कर चित्त की खंडना करो ॥ अरु ये जो विवेकी हैं ॥ सभ कों रजक करते हैं ॥ अरु सभ कों नहीं करते ॥ आहार अरु व्यवहार सभ विचार करके करते हैं ॥ तैसे ही आर्यों की न्याईं तुम सभ चेष्टा शास्त्र के अनुसार ही करो ॥ जब ऐसा ही अभ्यास तुम कों होवेगा ॥ तब शीघ्र ही ज्ञानवान होवोगे ॥ अरु ज्ञान के प्रापत हूए सर्व कल्पना मिट जावेगी ॥ अरु आत्म विषे स्थित होवैगी ॥ अरु सभ जगत रूप चित्र मन ही ने रच्या है ॥ जैसे मोर का अंड काल पाइ कर अनेक रंगों को धारता है ॥ तैसे मन अनेक प्रकार के जगत कों धारता है ॥ सो मन जड अरु चैतन्य रूप है ॥ जो मन विषे चैतन्य भाग है ॥ सो सर्व अर्थों का बीज रूप है ॥ बीजक ही ये सर्व का उपादान रूप है ॥ तिस का जो जड भाग है ॥ सो जगत रूप है ॥ हे रामचंद्र सर्ग के आदि विषे पृथिवी आदिक तत्त्व अविद्यमान थे ॥ तिन कों विद्यमान की न्याईं ब्रह्मा देखता भया ॥ जैसे स्वप्ने विषे जगत विद्यमान की न्याईं भासता है ॥ तैसे देखता भया ॥ सो अप्रमाद कर देखता भी अदेखता है ॥ जड वेदना कर पहाड आदिक जगत देखता भया ॥ अरु चैतन्य वेदना कर जंगम रूप कों देखता भया ॥ सो सभ जगत दीर्घ वेदना है ॥ वास्तव तें सभ देहादिक शून्य रूप है ॥ सर्व आत्मा करके व्याप्त हूए हैं ॥ अरु तिस का शरीर कोऊ नही ॥ अपणे करके जो दृश्य रूप मन चेत्या है ॥ सो ई मन आत्मा का शरीर है ॥ सो आत्मा विस्तीर्ण है अरु निर्मल स्थित है ॥ मन तिस का आभास रूप है ॥ जैसे सूर्य की यों किरणां जल आभास होता है ॥ तैसे आत्मा का आभास मन है ॥ सो मन रूपी बालक जगत रूपी पिशाच कों अज्ञान करके देखता है ॥ अरु ज्ञान करके परमात्म पद शांत रूप निरामय कों देखता है ॥ हे रामचंद्र जब आत्मा चेतनता कों प्रापत होता है ॥ तब उही चित्त रूप जो दृश्य है ॥ सो द्वैत एक भ्रम कों देखता है ॥ तिस के निवर्त्त अर्थ मैं तुझ कों कथा कहता हों तूं श्रवण करु ॥ जो वचन दृष्टांत अरु दार्ष्टांत सहित होता है ॥ अरु वाणी भी मधुर होती है ॥ अरु स्पष्ट वचन होवे ॥ तब गुरु का वचन श्रोता के हृदे विषे पसर जाता है ॥ जैसे जल विषे तेल की बूंद पसर जाती है ॥ तैसे पसर जाता है ॥ अरु जिस का वचन दृष्टांत अरु दार्ष्टांत तें रहित होता है ॥ अरु अर्थ स्पष्ट भी नहीं होता ॥ अरु क्षोभ काहली से युक्त वचन कहीता है ॥ अरु अक्षर भी पूर्ण नहीं होता ॥ सो वचन श्रोता के हृदे विषे नहीं ठहरता ॥ उपदेष्टा का वचन भी निष्फल जाता है ॥ अरु मैं जो तुझ कों आख्यान कथा कहता हों ॥ सो नाना प्रकार के दृष्टांतों सहित ॥ अरु मधुर वाणी सहित वचन कहता हों ॥ अरु स्पष्ट अर्थ करके कहता हों ॥ जैसे चंद्रमा अपणे दृष्टकु ऊपर आनंद देता होवे ॥ अरु मंदर शीतल हो जावे ॥ तैसे मेरे स्पष्ट वचन अरु प्रकाश रूप अर्थ कर श्रवण कीये तें तेरा भ्रम निवर्त्त हो जावेगा ॥ इति श्री मनअंकुर उत्पत्ति कथनं नाम सर्गः ॥ ५८ ॥

वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामचंद्र एक जो मुझ कों ब्रह्मा जी सर्ग के हेतां विषे कहा है ॥ सो मैं तुझ कों कहता हों ॥ पूर्व एक काल में मैं ब्रह्मा जी पास गया था ॥ अरु पूछ्या था जो हे भगवन इह जगत जाल कहां तें आया है ॥ अरु कैसे उत्पत्ति भया है ॥ तब पितामह जी ने मुझ कों इंदु ब्राह्मण का आख्यान कहत भया ॥ ब्रह्मोवाच ॥ हे मुनीश्वर इह सभ जगत मन तें उपज्या है ॥ अरु मन करके पड़ा फुरता है ॥ जैसे जल में द्रवता करके नाना प्रकार के तरंग चक्र पडे फुरते हैं ॥ तैसे मन के फुरणे कर सभ जगत पडे फुरते हैं ॥ अरु मन रूप है ॥ हे मुनीश्वर पूर्व कल्प विषे मैं एक वृत्तांत देख्या है सो तुम सुणो ॥ एक समे दिन का अंत हूया ॥ मैं संपूर्ण सृष्टि कों संहार कर करके एकाग्र भाव होइ कर रात्रि कों स्वस्थ भाव होइ रहा ॥ जब मेरी रात्रि व्यतीत भई ॥ अरु मैं जाग्या ॥ तब उठ कर संध्या आदिक कर्म विधि संयुक्त करत भया ॥ अरु बडे आकाश की ओर मैं देखत भया ॥ सो तम अरु प्रकाश तें रहत अव्याकृत शून्य रूप अंत तें रहित मैं देखत भया ॥ अरु चिदाकाश विषे चित्त कों जोड्या ॥ अरु सर्गी के उपजावणे का संकल्प चित्त विषे धारा ॥ तब मुझ कों शुद्ध सूक्ष्म चिदाकाश विषे सृष्टि दृष्ट आइयां ॥ सो केसीयां सृष्टि आभासीयां ॥ जो बडे विस्तार सहित अरु परस्पर अदृष्ट रूप जो एक सृष्टि कों हम सरीन देखे ॥ अरु एक एक सृष्टि विषे ब्रह्मा विष्णु रुद्र तीनों देवते रहे ॥ अरु देवता गंधर्व दैत्य किन्नर नाग मनुष्य सुमेर मंद्राचल कैलास हिमाला आदिक पर्वत अरु पृथिवी नदीयां अरु सातों समुद्र आदिक सर्व सृष्टि के विस्तार मैं देखत भया ॥ सो दश सृष्टी कर संख्या देखी ॥ तिनों विषे दश ब्रह्मा देखे ॥ मानों मेरा ही प्रतिबिंब है ॥ मेरी ही सूरत है ॥ कमल तें उत्पत्ति हूए ॥ अरु राजहंस के ऊपर आरूढ हूए दशों ही ब्रह्मा देखे ॥ अरु भिन्न भिन्न तिन कीयां दशां ही सृष्टि देखीयां ॥ बडे नदीयां के प्रवाह चलते हैं ॥ वायु आकाश विषे चलता है ॥ सूर्य चंद्रमा उदे होते हैं ॥ देवते स्वर्ग विषे क्रीडा करते हैं ॥ मानुष पृथिवी ऊपर विचरते हैं ॥ दैत्य नाग पाताल विषे भोगों को भोगते हैं ॥ काल चक्र पडा फिरता है ॥ द्वादश मास तिस के द्वादश किले हैं ॥ षट रितु वसंत आदिक हैं ॥ वासना के अनुसार शुभ अशुभ आचार करके नरक स्वर्ग के भोग भोगते हैं ॥ अरु मोक्ष फल कों भी प्रापत होते हैं ॥ सृष्टि विषे सप्त द्वीप हैं ॥ उत्पत्ति प्रलय कल्प कर होते हैं ॥ गंगा जी के प्रवाह जगत के गले मां यज्ञोपवीत हैं ॥ कहीं ऐसे स्थान हैं ॥ जहां सदा प्रकाश रहता है ॥ कहूं अंधकार ही रहता है ॥ अंधकार भी रहता है ॥ तिस विषे स्थावर जंगम रूप प्रजा मैं देखता भया ॥ बिजली की न्याईं सृष्टि उपजतीयां हैं ॥ अरु मिट जातीयां हैं ॥ जैसे वृक्ष के पत्र उपजते हैं ॥ अरु नष्ट हो जाते हैं ॥ अरु गंधर्व के नगर वत सृष्टीयां देखीयां ॥ एक ब्रह्मांड विषे स्थावर जंगम प्रजा देखीयां ॥ जैसे गूलर फल विषे अनेक मच्छर होते हैं ॥ तैसे एक एक ब्रह्मांड विषे जीव देखे ॥ आत्मा विषे काल का भी अभाव है ॥ सो तत्काल व दिन मास वर्षों का प्रवाह चला जाता देख्या ॥ हे मुनीश्वर आतिवाहक दृष्ट करके मैं उन सृष्टों कों देखता भया ॥ जब मैं चर्म दृष्ट कर देखों ॥ तब कछु न भासे ॥ दिव्य दृष्ट कर देखों तब भासे ॥ चिरकाल पर्यंत मैं देखता रहा ॥ जो कदाचित भ्रम होवे ॥ पर स्पष्ट ही भासे ॥ तब एक सृष्टि के सूर्य कों देख कर मैं आवाहन कीया ॥ तब सूर्य मेरे निकट आइ प्रापत भया ॥ तिस कों मैं कहत भया ॥ हे देव देवेश भासकर तुम कों कुशल तो है ॥ ऐसे कह कर मैं बहुड कहा ॥ कि हे सूर्य तुम कवन हो ॥ अरु इह सृष्टि कहां ते उपजी है ॥ अरु इह एक जगत है ॥ अथवा अनेक जगत हैं ॥ जैसे तुम जानते हो ॥ तैसे कहो ॥ तब इह सूर्य भी त्रिकालज्ञता न बाधता था ॥ मुझ कों जाण कर परिणाम कीया ॥ अरु अनिंद वाणी कर कहत भया ॥ सूर्यउवाच ॥ हे ईश्वर इह सर्व दृश्य रूपी पिशाच के तुम नित ही कारण होते हो ॥ तुम आप ही जाणते हो ॥ मेरे पास सो किस निमित्त पूछते हो ॥ जो जैसे वृत्तांत हूया है ॥ तैसे तुम्हारे विद्यमान प्रार्थना करता हों ॥ हे भगवन इह सत्य अरु असत्त रूपी नाना प्रकार के व्यवहारों संयुक्त जगत भासता है ॥ सो सभ मन के फुरणे विषे स्थित है ॥ इत्युत्पत्ति प्रकरणे ब्रह्मादित्य समागम नाम सर्गः ॥ ५९ ॥

योग·
वा·
६८

ॐ भानुरुवाच ॥ हे भगवन तुमारा जो कल का दिन व्यतीत भया है ॥ तिस कल्प विषे जो जंबूदीप था ॥ तिस की कोण विषे कैलास पर्वत था ॥ तिस की कंदरा विषे स्वर्णज्येष्ट नाम एक तुमारा पुत्र था ॥ सो ऊहां कुटी रचता भया था ॥ तहां जाइ कर साथ जन निवास करते थे ॥ तहां वेद का वेत्ता शांत रूप इंदु नामा ब्राह्मण कश्यप ऋषीश्वर की कुल ते प्रगट्या हूया तिस कुटी विषे जाइ कर स्त्री सहित निवास करत भया ॥ तिस स्त्री विषे प्राणों की न्याई तिस का स्नेह था ॥ सो इस्त्री पुत्र ते रहत होत भई ॥ जैसे मारूस्थल विषे घास नहीं उपजता ॥ तैसे उस ते संतान नहीं उपजे ॥ अरु वहुत संदर रूपवान ॥ पर पुत्र ते रहित ॥ जैसे सबन काल की वली वहुत संदर होती है ॥ पर फल ते सून्य होती है ॥ तैसे उह स्त्री थी तब उह दोनो पुरुष अरु स्त्री पुत्र के निमित्त तप करणे लागे कैलास के निकट निरजन स्थान विषे एक वृक्ष था तिस के ऊपर चढ वैठे ॥ तहां वैठ कर तप करणे लागे ॥ जल पान करै ॥ और भोजन कछु न करै ॥ इस प्रकार दिन अरु रात्र को व्यतीत करै ॥ वहुर एक ही चुली जल की पान करणे लागे ॥ वहुर उह चुली का भी त्याग कीया ॥ ऊरणे ते रहत हत की न्याई होकर वैठ रहे ॥ तिन को तप करते कर तेता युग व्यतीत भया ॥ तब शषिकलाधारी रुद्र तुष्टमान होइ कर तिन के निकट आए ॥ अरु भवानी शंकर दोनो तिन के सनमुख आइ षडे ॥ स्त्री पुरुष दंपती देषत भई ॥ जो इस्त्री पुरुष दोनो वृक्ष ऊपर वैठे है ॥ तब तिनों शिव को देषकर प्रणाम कीया ॥ अरु दोनो प्रफुलत होइ आए ॥ जैसे दिन की तप्त कर सकुचे हूए चंद्रमुखी कमलनीयां चंद्रमा के उदे हूए प्रफुलत होइ आवती यां है ॥ तैसे महा हिम की न्याई शिव को देषकर प्रफुलत भए ॥ मानो आकाश अरु पृथिवी दोनो रूप धारकर आन षडे हूए है ॥ ऐसे भवानी शंकर तिस ब्राह्मण को कहते भए ॥ ईश्वर उवाच ॥ हे ब्राह्मण तूं वर मांग ॥ मैं तुम पर तुष्ट हूया हों ॥ जो कछु तुम को वांछित वर है सो मांग ॥ हे ब्रह्माजी जब ऐसे शिव कहा ॥ तब ब्राह्मण प्रफुलत होइ कर कहत भया ॥ हे भगवन देवदेव मेरे गृह विषे दश पुत्र होवे ॥ सो वडे बुद्धवान होवे ॥ अरु कल्याणमूर्त होवे ॥ जिस कर सुख को वहुर शोक कदाचित न होवे ॥ भानुरुवाच ॥ हे भगवन इस प्रकार जब ब्राह्मण कहा ॥ तब ईश्वर कहा ॥ ऐसे ही होवो ऐसे कहकर अंतर्ध्यान भए ॥ जैसे समुद्र का तरंग उछलकर मिट जाता है ॥ तैसे शिव अंतर्ध्यान भए ॥ तब उह पुरुष अरु स्त्री दोनो शिव के वर को ग्रहण करके प्रसन्न होत भए ॥ जैसे सदाशिव अरु भवानी मूर्ति है ॥ तैसे उह प्रसन्न होइ कर अपणे गृह विषे आवत भए ॥ तब ब्राह्मणी गर्भवान होत भई ॥ जैसे वर्षाकाल के वदल जल कर पूरण होते है ॥ तैसे उह गर्भ कर पूरण भई ॥ समे पाइ क्रमकर दश ही पुत्र तिस के होत भए ॥ जैसे द्वितीया के चंद्रमा की शोभा होती है ॥ तैसे उन की शोभा भई ॥ अरु षोडश वर्ष के आकार की न्याई ब्राह्मणी का आकार रहा ॥ वृद्ध भाव को न प्रापत भया ॥ अरु उह दश ही संस्कार को लेकर उपजे ॥ अरु जो थोडे काल विषे वडे हो गए ॥ जैसे वर्षाकाल की वदली थोडी भी शीघ्र वडी हो जाती है ॥ तैसे उह थोडे काल विषे वडे भए ॥ जब सप्त वर्षों के भए ॥ तब सब वाणी के वेत्ता भए ॥ जब कछु काल व्यतीत भया ॥ तब उन के माता पिता दोनो शरीर को त्याग कर अपणी गति को प्रापत भए ॥ उह दश ही ब्राह्मण माता पिता ते रहित भए ॥ अपणे गृह को त्याग कर कैलास के शिषर ऊपर जाइ चढे ॥ अरु परस्पर विचार करणे लागे ॥ जो उह कवन ऐश्वर्य है ॥ जो परमेश्वर रूप है ॥ अरु उह कवन ऐश्वर्य पद है ॥ जिस के पाए वहुर दुष न होवीये ॥ अरु जिस का नाश भी न होवे ॥ अरु जिस के पाए ते सभ का ईश्वर होवीए ॥ तब एक भाई कहा ॥ जो सर्व ते वडा ऐश्वर्य मंडलेश्वर का है ॥ सभ ऊपर तिस की आज्ञा चलती है ॥ वहुर इसरे भाई कहा मंडलेश्वर की विभूति भी कछु नही ॥ काहे ते जो उह भी राजे के अधीन होता है ॥ ताते चक्रवर्ती राजपद वडा है ॥ वहुर उऔर भाई कहा राजे की विभूत भी कछु नही ॥ काहे ते जो राजा चक्रवर्ती के अधीन होता है ॥ ताते चक्रवर्ती पद वडा है ॥ वहुर और भाई कहा चक्रवर्ती भी कछु नही ॥ उह भी जम के अधीन होता है ताते यम का पद वडा है ॥ वहुर और भाई कहा ॥ जो इंद्र के आगे यम की विभूति भी कछु नही ॥ ताते इंद्र वडा पद है ॥ तब और भाई कहा ॥ इंद्र की विभूति भी कछु नही ॥ ब्रह्मा के एक महूर्त विषे इंद्र नष्ट हो जाता है ॥ तब सभनों का ज्येष्ट वडा भाई कहा ॥ जैसे भृंगों का भृंग कहे ॥ तैसे छोटे भाईयों को बुद्धवान वडा भाई गंभीर वचन कर कहत भया ॥ जेती कछु विभूति है ॥ सो सभ ब्रह्मा के कल्प विषे नष्ट हो जाती है ॥ ताते सभ ते वडा ऐश्वर्य ब्रह्माजी का है ॥ उस ते वडा और कोऊ नही ॥ हे भगवन ब्रह्माजी इस प्रकार जब वडे भाई कहा ॥ तब सभनो कहा भला कहा ॥ तब वडे भाई को कहा ॥ हे तात जो सर्व दुषों का नाशकर्ता जगत स्रष्टा ब्रह्म पद है ॥ तिस को हम कैसे प्रापत होवे ॥ जिस उपाइ कर प्रापत होवे ॥ सो उपाइ कहो ॥ वहुर वडा भाई कहत भया ॥ हे भाईयो और सभ वासना को त्याग करो ॥ अरु इह भावना निश्चै कर के करो ॥ जो हम ब्रह्मा है ॥ अरु पद्मासन ऊपर वैठे है ॥ मैं ब्रह्मा हों ॥ अरु सृष्टि का कर्ता हों ॥ अरु सर्व की पालना कर्ता हों ॥ अरु संहार कर्ता मैं ही हों ॥ जेते कछु जगत जाल है ॥ तिस का आश्रय भूत मैं ही हों ॥ सभ सृष्टि मेरे अंगों विषे स्थित है ॥ ऐसे निश्चै को धार वैठो ॥ अरु सजाती भावना को धार कर वैठो ॥ तब तुम को ब्रह्मा का पद प्रापत होवेगा ॥ हे भगवन ब्रह्माजी तब इस प्रकार वडे भाई कहा ॥ तब छोटे भाईयों कहा ॥ हे भाई तुम यथार्थ कहा है ॥ जैसे तुम कहा है ॥ हम तैसे ही करते है ॥ ऐसे मान कर वडे भाई सहित सभ ध्यान विषे स्थित भए ॥ जैसे कागत ऊपर सूरत लिषी होती है ॥ तैसे ही दश भाई ध्यान विषे जुड गए ॥ अरु मन विषे इह ही चितवना करत भए ॥ जो मैं ब्रह्मा हों ॥ कमलआसन मेरा है ॥ मैं सृष्टि का कर्ता हों ॥ भोगता भी मैं ही हों ॥ महेश्वर भी मैं ही हों ॥ सांगोपांग सहित जगत कर्म मैं ही रचे है ॥ अरु सरस्वती गायत्री सहित जो वेद है ॥ सो मेरे आगे आन षडे है ॥ अरु इह लोकपाल अरु सिद्धों के मंडल लोकों को पालने वाले है ॥ सो सभ मैं ही रचे है ॥ स्वर्गलोक भूमिलोक पाताललोक पहाड नदीयां समुद्र सभ मैं ही रचे है ॥ अरु महावाहु वज्र के धारणेहारा यज्ञों का भोगता इंद्र मैं ही रचा है ॥ अरु सूर्य मेरी आज्ञा मान तपता है ॥ जगत की मर्यादा निमित्त सभ लोकपाल मैं ही रचे है ॥ जैसे गौवां को गोपाल पालता है ॥ तैसे लोकपाल मेरी आज्ञा पाइ कर जीवों को पालते है ॥ अरु जैसे समुद्र विषे तरंग उपजते है ॥ वहुर मिट जाते है ॥ तैसे जगत मुझ ते उपजता है ॥ वहुर मेरे ही विषे लीन होता है ॥ अरु मैं सदा आत्म पद विषे स्थित हों ॥ अरु क्षण दिन मास वर्ष युगा आदिक काल मेरा ही रचा हूया है ॥ मैं ही सभ काल के नाम राषे है ॥ मैं ही दिन को उत्पत्त करता हों ॥ रात्रि को लीन करता हों ॥ अरु सदा आत्म पद विषे स्थित हों ॥ अरु पूर्ण परमेश्वर मैं ही हों ॥ हे ब्रह्माजी इस प्रकार उह दश ही भाई भावना धार कर वैठे है ॥ मानो कागत ऊपर मूरत लिष छोडी है ॥ तैसे सभ प्रवृती के जाल को अंतर ते त्याग कर एक ब्रह्माजी के ध्यान विषे जुड आए ॥ इति ऐंदव समाधान नाम सर्गः ॥ ६० ॥

ॐ भानुरुवाच ॥ हे भगवन इस प्रकार इंदु के दश ही पुत्र पिता माता की भावना धार कर वैठे ॥ तब तिन के देह धूप अरु पवन कर के सूक गए ॥ जैसे जेष्ट आषाढ विषे कमल पत्र सूक कर गिर पडते है ॥ तैसे तिन के देह सूक कर गिर पडे ॥ तब वनचर जो जीव थे ॥ सो तिन ते मांस को भक्षण करे ॥ अरु शरीरों को आधे आप षैंचे ॥ जैसे फल को वानर पकडते है ॥ अरु विदीरण करते है ॥ तैसे इन के देहों को विदीरण करते है ॥ तैसे इन के देहों को विदीरण करणे लागे ॥ पर तिन की वृत्ति ध्यान की ओर ते न छूटी ॥ वाह्य देहादिक अध्यास विषे न आवे ॥ ब्रह्मा की भावना विषे ही लागी रहे ॥ इस प्रकार जब चतुर्युग का अंत भया ॥ अरु तुमारे कल्प दिन का क्षय होवणे लागा ॥ द्वादश सूर्य तपणे लागे ॥ पुष्कर मेघ गर्ज कर वर्षा करणे लागे वडे भूचाल आवणे लगे ॥ वायु चलणे लागी ॥ समुद्र उछल पडे ॥ सभ जल ही जल हो गया ॥ सभ भूत लय को प्रापत भए ॥ सभ को संहार करके रात्रि में तुम आत्म पद विषे जाइ स्थित भए ॥ तब उन के शरीर भी नष्ट हो गए ॥ अरु पुर्यष्टिका उन की

आकाश विषे आकाशरूप होइकर ब्रह्मा के संकल्प कों लकर तीव्र भावना के वश तें दशसृष्टों सहित दशही ब्रह्मे होत भए ॥ भिन्न भिन्न अपणी अपणी सृष्टि के ब्रह्मा भए हैं अव तुम जागकर देषे हैं ॥ जो आकाश विषे फुरते हैं ॥ हे भगवन तिन दस ब्राह्मणों के चित्त आकाश विषे दसही सृष्टां स्थित हैं ॥ तिन दसों सृष्टी के मध्य विषे एक सृष्टि का सूर्य मैं हों ॥ आकाश विषे मेरा संदिर है काल जो है क्षणादिक मास पक्ष वर्ष युग सो मेरे कर होता है ॥ इस सृष्टि या विषे मुझ कों उनने उपाया है हे भगवन इस प्रकार तुम कों मैं दसही ब्रह्मा अरु दसही सृष्टां कही यां है ॥ सो केसी यां सृष्टां है ॥ सभ मनही मात्र है ॥ मनही विषे स्थित है आगे जेसी तुमारी इछा है ॥ तेसे करो ॥ भिन्न भिन्न कल्पना जगतजाल विस्तार कों प्राप्त भया है ॥ सो इंद्रजाल की न्यांई है चित्त के भ्रम कर के पड़े भासता है इति जगत रचना निर्णयो नाम सर्गः ॥ ६१ ॥

ब्रह्मोवाच ॥ हे ब्राह्मण ब्रह्मवेत्त्यों विषे श्रेष्ट इस प्रकार उस ब्रह्मा के सूर्य ने ब्रह्मा को कहकर तूष्णी करी ॥ तब तिस के वचनों को विचार कर मैं कहत भया ॥ हे भानो तूं कहु इनों सृष्टों तें अन्य मैं क्या रचों ॥ इह दस सृष्टां हूइ यां है ॥ अरु दशही ब्रह्मा है ॥ अब मेरे रचने कर क्या सिद्ध होवेगा ॥ हे मुनीश्वर जब इस प्रकार मैं कहा ॥ तब सूर्य विचार करके मुझ कों कहत भया ॥ सूर्य उवाच ॥ हे प्रभो तुम तो निरइछत हो ॥ तुमारे विषे इछा कछु नही सृष्टि रचने की ॥ सृष्टि का रचना तुम कों विनोद मात्र है ॥ किसी कामना के निमित्त तुम नही रचते तुम निहकाम रूप हो ॥ जेसे जल कर के सूर्य का प्रतिविंव होता है ॥ जल विना प्रतिविंव की कल्पना नही होती ॥ तेसे संवेदना कर के तुमारे विषे सृष्टि की रचना होती है ॥ अज्ञानी कों तुम सृष्टिकर्ता भासते हो ॥ तुम ज्युं के त्युं सदा निहकाय स्वरूप हो ॥ हे भगवन तुम कों धारी आदिकों की प्राप्त अरु त्याग विषे राग द्वेष कछु नही ॥ उत्पत्ति अरु संहार कों तुमारे विषे कल्पना कछु नही ॥ लीलामात्र तुमतें सृष्टि होती है ॥ जेसे सूर्य कर के दिन होता है ॥ अरु सूर्य ही कर के दिन की लय होती है ॥ अरु सूर्य असंसक्त रूप है ॥ तेसे तुमारे विषे संवेदन के फुरणे कर सृष्टि होती है ॥ संवेदन के अफुरणे हूए सृष्टि की लय होती है अरु तुम सदा असंसक्त रूप हो ॥ अरु जगत की रचना तुमारा नित्य कर्म है ॥ नित्य कर्म को त्याग कीये तुम कों कछु अपूर्व वस्तु भी प्राप्त नही होती ॥ तां तें जो कछु तुमारा नित्य कर्म है ॥ सो तुम करो हे जगतपति महापुरुष जो होते है ॥ सो जो कछु उन कों प्राप्त होता है ॥ तिस यथाप्राप्त विषे असंसक्त होइकर वरतते है ॥ कार्य को करते है ॥ जेसे निहकलंक दर्पण प्रतिविंव कों अंगीकार करते है तेसे महापुरुष यथाप्राप्त को ॥ असंसक्त होइकर अंगीकार करते है ॥ जेसे ज्ञानवान कों कर्म करणे विषे कछु प्रयोजन नही ॥ तेसे तिस कों अकरणे विषे भी कछु प्रयोजन नही ॥ करणे अकरणे दोनों तिस कों सम है ॥ इस कारण तें दोनों तें स्वरूप स्वरूप होता है ॥ हे भगवन तुम तो सदा सुषस्वरूप है ॥ तुम कों उत्थान किसी प्रकार नाही ॥ तां तें तुम सुषस्व प्रवोध होइकर अपणे प्रकृत आचार कों करो ॥ जो इंदु ब्राह्मण के पुत्रों की सृष्टि कों देषो ॥ तब भी विरूथ कछु नही ॥ तो ज्ञान दृष्ट कर देषो ॥ तब एक ही अद्वितीय है ब्रह्म ॥ अरु कछु वर्णया नही ॥ अरु जो चित्त दृष्ट कर के देषो ॥ तब संकल्प रूप अनेक सृष्टां पड़ी यां फुरती यां है ॥ तिन विषे स्थाकरणी क्या है ॥ अरु जो चर्मदृष्ट कर के देषो ॥ तो तुमारी सृष्टि विषे उन की सृष्टि भासती ही नही ॥ उनके साथ तुमारा क्या है ॥ उन की सृष्टि उन ही के चित्त विषे स्थित है ॥ अरु उन की सृष्टि कों तुम नाश भी न कर सकोगे ॥ काहे तें जो कछु कर्म इंद्रियां साथ कर्म होता है ॥ तिस के नाश करणे कों भी समर्थ होवीता है ॥ पर मन के निश्चे कों नाश नही कर सकीता ॥ हे भगवन जो निश्चा जिस के चित्त विषे दृढ होगया है ॥ तिस कों उही निवर्तने करे ॥ तब निवर्त होता है ॥ और कोऊ निवारणे कों समर्थ नही होता ॥ जो चिरकाल का निश्चे दृढ होर हा है ॥ तिस का स्वरूपतें नाश भी होता देहनष्ट होता है ॥ पर निश्चे नष्ट नही होता ॥ हे भगवन जो मन विषे दृढ निश्चा होर हा है ॥

सोई पुरुष का रूप है ॥ तिस का निश्चा और किसी कर नाश नही होता ॥ जेसे मल के सेचणे कर के पर्वत न नही चलाइमान होता ॥ तेसे चिन का निश्चा और कर नही चलाइमान होता ॥ इसी कारण तें कहा है जो सृष्टां इनके चित्त विषे दृढ होइ रही है ॥ उन का नाश नही होना ॥ इति ऐंदव निश्चय कथनं नाम सर्गः ॥ ६२ ॥

इडिओं भानुरुवाच ॥ हे देवेश इस पर एक अपूर्व इतिहास हूया है ॥ सो तुम श्रवण करो ॥ एक इंद्रद्युम्न नाम राजा था ॥ तिस की कमलनयनी इस्त्री थी ॥ तिस का नाम अहिल्या था ॥ तिस के नगर विषे इंद्र नामा एक पुरुष था ॥ अरु ब्राह्मण का पुत्र था ॥ बहुत सुंदर था अरु वडा बुधवान था अहिल्या राजे की पटराणी थी ॥ तब तिस राणी पूर्व अहिल्या गोतम की इस्त्री अरु इंद्र की कथा सुणी ॥ तब एक सहेली कहा ॥ हे राणी जेसे पूर्व अहिल्या थी ॥ तेसे तूं है ॥ अरु जेसा उह इंद्र था सुंदर ॥ तेसा तुमारे नगर विषे भी एक इंद्र ब्राह्मण है ॥ हे भगवन जब इस प्रकार राणी सुणाया ॥ तब उस विषे राणी का अनुराग हूया ॥ पर उह उस कों प्राप्त न होवे ॥ राणी का शरीर इसी कारण तें सूकता जावे ॥ तब राजे सुणाया जो इस कों रोगी का कषु रोग है ॥ तिस के निवारणे अर्थ मिश्र अरु केले के पत्र और षीतल औषध तिस कों देवण ॥ पर उस कों वांछित पदार्थ कोऊ न दृष्ट आवे ॥ षान पान सिज्या आदिक कछु इंद्रीयों के वांछित पदार्थ है ॥ सो तिस कों सर्परूप कोऊ न भासे ॥ उह दिन दिन विषे पीत वर्ण होती जावे ॥ अरु इंद्र के वियोग कर के पड़ी तड़फे ॥ जेसे मछली जल विना मारूथल विषे तड़फे ॥ तेसे उह तड़फती रहे ॥ कहे हाय इंद्र हाय इंद्र ऐसे विरलाप करती रहे ॥ लोकलाज कों त्याग दीया ॥ उस इंद्र विषे बहुत स्नेह वध गया ॥ तब विचार कर एक सखी कहा ॥ हे राणी जी मैं इंद्र ब्राह्मण कों ले आवती हों ॥ जब इस प्रकार सखी कहा ॥ तब राणी सावधान होइ आई ॥ जेसे चंद्रमा कों देष कर विकमनीयां षिड आवती यां है ॥ तेसे उस के पाहू कर राणी षिड आई ॥ तब उह सषी ब्राह्मण के घर विषे गई ॥ उस इंद्र कों प्रवोध कर के रात्र के समे अहिल्या के पास ले आई ॥ तब गोप स्थान विषे एकठे भए ॥ तहां परस्पर उन लीला चेष्टा करी ॥ अरु दोनों का चित्त परस्पर स्नेह कर वंधमान भया ॥ अरु बहुत प्रसन्न भी भए ॥ जेसे चकवी अरु चकवे का स्नेह होता है ॥ तेसे उन का स्नेह भया ॥ एक दूसरे विना एक छिण भी रह न सके ॥ और सभ कृया उन की निवर्त होगई ॥ लज्जा भी दूर होगई जेसे चंद्रमा कों देष कर चंद्रमुषी कमल प्रसन्न होता है ॥ तेसे एक दूसरे कों देष कर उह प्रसन्न होवे ॥ हे भगवन ब्रह्मा जो उस राणी का भर्ता भी वडा गुणवान था ॥ पर राणी भर्ता का त्याग कीया ॥ अरु इंद्र साथ उस का परस्पर स्नेह भया ॥ जब राजे इन का संगोहतां न श्रवण कीया ॥ तब बलकर इन कों दंड ताड़ना करावणे लागा ॥ पर उन कों षेद कछु न होवे ॥ जब चिकड विषे उन कों डारा ॥ तब कमल की न्यांई ऊपर ही रहे ॥ कष्ट कछु न पावे ॥ वहुड बरफ विषे उन कों डार दीया ॥ तो भी षेदवान न हूए ॥ तब राजे कहा रे दुर्मतीयो तुम कों षेद कछु नही होता ॥ इह कहे हम कों दुष के से होवे ॥ हम मानों आप कों भी नही जाणते ॥ अहिल्या कहे मुझ कों सभ इंद्र ही भासता है ॥ भिन्न दुष कहा होवे ॥ इंद्र कहे मुझ कों सभ अहिल्या ही भासती है ॥ भिन्न दुष कहा होवे ॥ तेरे दंड करणे कर हम कों कछु नही होता ॥ परस्पर हम महर्षमान है ॥ तब राजे उन कों वध डारया ॥ वहुड अग्नि विषे डार दीया ॥ तो भी जले नाही ॥ वहुड हस्ती के चरणों तले डार दीया ॥ तो भी कष्ट कछु न भया ॥ तब राजे कहा रे पापीयो तुम कों अग्नि आदिकों कर दुष कछु नही होता ॥ तब इंद्र कहा हे राजन जेते कछु जगत जाल है ॥ सो मन विषे स्थित है ॥ अरु जेसा मन है तेसा रूप पुरुष है ॥ जेसा निश्चा मन विषे दृढ होता है ॥ तिस के दूर करणे कों कोऊ समर्थ नही ॥ जेते भावें तेते दंड देहु ॥ हम कों दुष कछु नही होता ॥ काहे तें जो हमारे हृदे विषे परस्पर प्रतिभा हो रही है ॥ जो कोऊ हम कों अनिष्ट होवे ॥ तब दुष भी होवे ॥ अनिष्ट कछु नही इषके मे होवे ॥ हे राजन जो कछु मन विषे दृढीभूत होता है ॥ सोई पड़ा भासता है ॥ तिस का निश्चा दूर कोऊ नही कर सकता ॥ षा

रोर नष्ट होजाता है ॥ पर मन का निश्चा नाश नही होता ॥ हे राजन जैसे मन विषे तीव्र संवेग होता है ॥ सो वर अरु स्राप कर भी हर नही होता ॥ जैसे सुमेर पर्वत को मंद मंद वायु नही चलाइ सकती ॥ तैसे मन के निश्चे को कोऊ नही चलाइ सकता ॥ इसी कारणाते कहा है ॥ जो मेरे हृदे विषे इस की मूर्ति स्थिर भूत है ॥ इस के हृदे विषे मेरी मूर्ति स्थिर भूत है ॥ इस को सभ जगत मैं ही भासता हों ॥ अरु मुझ को सभ जगत इस ही भासती है ॥ जो कछु इस को हस्त आभास न वड षभी होवे ॥ जैसे लोहे के कोटि विषे देवी भगवती होवे तिस को दुष देवणे कों समर्थ कोऊ नही ॥ तैसे मुझ को दुष कोऊ नही ॥ जहां मैं जाता हों ॥ तहां सर्व ओर ते मुझ को अहल्या पडी भासती है ॥ ताते दुष कोऊ नही ॥ जैसे ज्येष्ठ आषाढ की वर्षा विषे पर्वत तपायमान नही होता ॥ तैसे हम को दुष कोऊ नही होता ॥ हे राजन मन का नाम अहल्या है ॥ अरु मन ही का नाम इंद्र है ॥ अरु मन ही सभ जगत रचा है जैसा जैसा मन विषे दृढ निश्चा होता है ॥ तैसा ही भासता है ॥ सुमेरु की न्याई स्थिर होजाता है ॥ नष्ट नही होता ॥ जैसे पत्र फूल टास के काटे ते वृक्ष नष्ट नही होता जब बीज नही नष्ट होवे ॥ तब वृक्ष नष्ट होता है ॥ तैसे सरीर के नष्ट हूए ते मन का निश्चा नष्ट नही होता जब मन का निश्चा ही उलट पडे तब ही हूर रहोता है ॥ एक शरीर जब नष्ट भी होता है तब और शरीर धार लेता है ॥ जैसे स्वप्ने विषे इह शरीर पडा रहता है ॥ और शरीर धार कर पडा चेष्टा करता है ॥ तो शरीर के अधीन क्या हूया ॥ तैसे शरीर के नष्ट हूए मन का निश्चा नही र रहोता ॥ जब मन नष्ट होवे ॥ तब शरीर के होते भी ॥ कछु क्रिया सिद्ध नही होती ॥ ताते सभ का बीज मन है ॥ जैसा चित्त है ॥ तैसा रूप पुरुष है ॥ ताते जहां मैं जाता हों ॥ तहां सर्व ओर ते राणी भासती है ॥ मुझ को दुष कैसे होवे इति श्री कृत्रिमैंदवाकं नाम सर्गः ॥ ६७ ॥

भानुरुवाच ॥ हे भगवन इस प्रकार जब इंद्र ब्राह्मण कहा ॥ तब कमल नयन राजे के समीप जो भरत नाम मुनीश्वर बैठा था ॥ तिस को राजा कहत भया ॥ हे सर्व धर्मी के वेत्ता भरत मुनीश्वर तुम देषो ॥ इह कैसा ढीठ पापात्मा है जैसा इन का पाप है ॥ तिस के अनुसार इन को स्राप देवो ॥ जो इह मर जावे ॥ जो मारणे योग न होवे ॥ तिस को राजा मारे ॥ तब राजा को पाप होता है ॥ जैसे तिस को मारे ते पाप होता है ॥ तैसे पापी के न मारणे ते भी पाप होता है ॥ ताते इह दो पापीयों स्राप देवो ॥ जो इह नष्ट होजावे ॥ हे भगवन जब इस प्रकार राजा षाईल कहा ॥ तब भरत मुनि ते तिन के पापों का विचार कर कहा ॥ अरे पापीयो तुम मर जावो ॥ जब इस प्रकार मुनीश्वर कहा ॥ तब इंद्र ने कहा ॥ हे मुनीश्वर तैने अपना तप षीन कीया है वृथा ॥ हमारा मन का निश्चय नहीं हर कर सका ॥ एह स्थूल शरीर अस्थिर स्वभाव है तिस को तेरा स्राप लगेगा ॥ एह कर ॥ तब दोनों पृथिवी पर गिर पडे ॥ जैसे मूल के काटे ते वृक्ष गिर पडता है ॥ तैसे उह गिर पडे ॥ अरु वासना संयुक्त जो थे तिस कर दो मृग भए ॥ तहां भी परस्पर स्नेह विषे रहे ॥ बहुड तिस देह को त्याग कर पंषी जन्म को पाया ॥ हे ब्रह्माजी तिस देह को भी त्याग कीया ॥ अब इह मारी सृष्टि विषे तपकर्ता पुन्यवान ब्राह्मण अरु ब्राह्मणी भए है ॥ ताते तुम देषो जो भरत मुनि भी स्राप दीया तब उन के शरीर नष्ट हूए ॥ पर मन का जो कछु निश्चा था ॥ सो न नष्ट भया जहां शरीर पावे ॥ तहां दोनो एकठे रहे ॥ आपस मों अत्यंत प्रेमवान भए ॥ जो और किसी कर आनंदमान न होवे ॥ इति कृत्रिमेंद्राहल्यानुरागा नाम सर्गः ॥ ॥ ॥

ओं भानुरुवाच हे नाथ हदेषजो जैसा मन का निश्चा होता है ॥ तिस के अनुसार आगे भासता है ॥ इंदु के पुत्रों की सृष्टि तन मन के निश्चे को हर कर नही सकीता ॥ हे जगत के पति मन ही जगत का कर्ता है ॥ अरु मन ही पुरुष है ॥ मन का कीया होता है ॥ शरीर का कीया कार्य नही होता ॥ जो मन विषे दृढ निश्चा होता है ॥ सो किसी औषध कर के हर नही होता ॥ अरु स्राप कर भी किसी सों हर नही होता ॥ जैसे मणि विषे प्रतिबिंब होता है ॥ सो मणि के उदाए विना प्रतिबिंब हर नही होता ॥ तैसे मन का निश्चा किसी और कर हर नही होता ॥ जब मन ही उलट न हर होवे ॥ इस कारण ते कहा है ॥ जो अनेक सृष्टां के भ्रम विषे स्थित है ॥ ताते हे ब्रह्माजी तुम भी चिदाकाश विषे सृष्टि कों रचो ॥ हे नाथ तीन आकाश है ॥ एक भूताकाश है ॥ एक चित्ताकाश है ॥ तीसरा चिदाकाश है ॥ सो तीनों अनंत है ॥ इन का अंत कहूं नही ॥ भूताकाश जो है ॥ सो चित्ताकाश के आश्रय स्थित है ॥ अरु चित्ताकाश चिदाकाश के आश्रय स्थित है ॥ भूताकाश अरु चित्ताकाश इह दोनों चिदाकाश के आश्रय प्रकाशते है ॥ ताते चिदाकाश के आश्रय जेती तुमारी इच्छा होवे ॥ तैसी सृष्टि तुम भी रचो ॥ इंदु ब्राह्मण के पुत्रों तुमारा क्या लीया है ॥ अपणा नित्य कर्म तुम सभी करो ॥ ब्रह्मोवाच ॥ हे वसिष्टजी इस प्रकार जब सूर्य मुझ को कहा ॥ जो सभ जगत जाल मन ते उठे है ॥ तब मैं विचार कर के कहा ॥ हे भानु तुम सुन्दर वचन कहे है ॥ जो एक भूताकाश है ॥ एक चित्ताकाश है ॥ एक चिदाकाश है ॥ सो तीनों अनंत है ॥ अरु भूताकाश चित्ताकाश चिदाकाश के आश्रे ही फुरते है ॥ ताते हम भी अपणे नित्त कर्म कों अवकरते है ॥ अरु जो कछु मैं तुझ को कहता हों ॥ सो तुम भी सुनो ॥ मेरी सृष्टि के तुम स्वयंभू मनु प्रजापति होवो जैसे तुमारी इच्छा होवे तैसे रचो ॥ अस जब मैं कहा ॥ तब सूर्य मेरी आज्ञा मान कर अपणे दो शरीर कीये ॥ एक तो पूर्वला सूर्य का रूप कीया ॥ उस कर सूर्य हूया ॥ अरु दूसरा शरीर उस स्वयंभू मन का कीया ॥ हे वसिष्टजी मेरी आज्ञा के अनुसार मनने सृष्टि रची ॥ ताते मैं तुझ को कहा है ॥ जो इह जगत सभ मन का रचा हूया है ॥ जो मन विषे दृढ निश्चा होता है ॥ सोई सफल होता है ॥ जैसे इंदु ब्राह्मण के पुत्रों कीयं सृष्टां है यां ॥ हे मुनीश्वर देह के नष्ट हूए भी मन का निश्चा हर नही होता ॥ चित्त विषे उही भासत आवता है ॥ सो चित्त आत्मा का कंचन रूप है ॥ जैसे तिस विषे फुरणा होता है ॥ तैसा ही भासता है ॥ प्रथम जो सु इस संवित्त रूप विषे उत्थान हूया है ॥ सो आतिवाहक शरीर है ॥ बहुड जब उस विषे दृढ अभ्यास हूया है ॥ अरु स्वरूप का प्रमाद हूया है ॥ तब अधिभूतक शरीर रहोया है ॥ जब अधिभूतक का अभिमान भी भया ॥ तब इस का नाम जीव हूया ॥ देह अभिमान कर नाना प्रकार कीयां वासना होतीयां है ॥ तिन के अनुसार घटीयंत्र की न्याई पडा भटकता है ॥ जब बहुड आत्मा का बोध होता है ॥ तब देह ते आदि लेकर सभ दृश्य शांत होजाती है ॥ हे मुनीश्वर जेती कछु दृश्य भासती है ॥ सो भ्रम कर के भासती है ॥ वास्तव ते न कोऊ भया है ॥ न कोऊ जगत है ॥ इह सभ भ्रम चित्त कर रचा है वसिष्टजी और द्वैत कछु उपजया नही ॥ चित्त के फुरणे कर के अहंत्व आदिक भ्रम भासता है ॥ जैसे इंदु ब्राह्मण के पुत्र मन के निश्चे कर ब्रह्मा रूप होत भये ॥ तैसे मैं ब्रह्मा हो सुथ आत्मा विषे चेतनता होती है ॥ साई चेतनता ब्रह्म रूप होइ कर स्थित होती है ॥ सुथ आत्मा विषे जो चेतता होती है ॥ सोई मन रूप है ॥ तिन मन के संयोग कर चैतन को जीव कहीता है ॥ जब इस विषे जीवत्व होता है ॥ तब अपणी देह को देषता है ॥ बहुड नाना प्रकार के जगत भ्रम को देषता है ॥ जैसे ब्राह्मण के पुत्रों कीयां सृष्टां हुईयां ॥ तैसे इह जगत भी है ॥ जैसे भ्रम कर आकाश विषे दूसरा चंद्रमा भासता है ॥ जैसे जेवडी विषे सर्प भासता है ॥ तैसे इह जगत भासता है ॥ जो जगत सत नही ॥ अरु असत भी नही ॥ प्रत्यक्ष देषणे कर सत भासता है ॥ अरु नाशीभाव कर असत है ॥ सो सभ मन विषे पडा फुरता है ॥ अरु मन के दोइ रूप है ॥ एक जड रूप है ॥ दूसरा चैतन्य रूप है ॥ जड रूप मन का दृश्य है ॥ अरु चैतन्य मन को ब्रह्म है ॥ जब दृश्य की ओर फुरता है ॥ तब दृश्य रूप होता है ॥ अरु जब चैतन्य भाव की ओर स्थित होता है ॥ तब जड भाव दृश्य रूप इस का नष्ट होजाता है जैसे स्वर्ण के जाणे ते भूषण भाव नष्ट होजाता है ॥ अरु जब जड भाव विषे फुरता है ॥ तब नाना प्रकार के जगत कों देषता है ॥ वास्तव ते ब्रह्मा आदिक त्रिण पर्यंत सभ चैतन्य ही रूप है ॥ जड कछु नही ॥ जड तिस को कहीता है ॥ जो अभाव रूप होवे ॥ जैसे लकडी विषे चित्त नही भासता ॥ अरु प्राणधारीयों विषे चित्त भासता है ॥ पर स्वरूप ते दोनो तुल्य है काहे ते जो सभ परमात्मा कर के प्रकाशते है ॥ जड अरु चैतन्य का विभाग अवाच ब्रह्म विषे नाही पाईता ॥ जैसे मरुस्थल विषे जल नाही पाईता ॥ तैसे ब्रह्म विषे जड चैतन्य का भा

ह अर्थ नहीं पाईता ॥ हे मुनीश्वर ब्रह्म विषे चेतनता भई सो मन भया ॥ तिस मन विषे जो चैतन्य भाग है ॥ सो ब्रह्म है ॥ अरु जड भाग है ॥ सो अबोध है जब अबोध भाव होता है ॥ तब दृश्य रूप कों देषता है ॥ जब चैतन्य भाग विषे स्थित होता है ॥ तब सद्रूप स्थित होता है ॥ हे मुनीश्वर चैतन्य मात्र विषे अहंकार उत्थान दृश्य है ॥ अरु परमार्थ ते कछु भेद नहीं ॥ जैसे तरंग जल ते भिन्न नहीं होता ॥ तैसे अहं चेतन मात्र ते भिन्न नहीं ॥ सर्व कों अहं प्रतीत ब्रह्म ही विषे होती है ॥ सो परमपद है ॥ सभ दृषों ते रहित है ॥ सोई सुध चित्त जीव चेत्य भाव कों चेतता है ॥ तब जड भाव कों देषता है जैसे स्वप्न विषे कोऊ अपना मरणा देषता है ॥ तैसे उह चित्त जड भाव कों देषता है ॥ सो आत्मा सर्व शक्त है ॥ कर्ता है तो भी कछु नहीं करता ॥ तिसके समान अरु कछु नहीं ॥ काहे ते जो और कछु वस्तु है नहीं ॥ हे मुनीश्वर इह जगत कछु वास्तव ते उपज्या नहीं ॥ चित्त के फुरणे कर के पडा भासता है ॥ जब चित्त का फुरणा होता है ॥ तब जगत जाल भासते हैं ॥ जब चैतन्य भाग आत्मा विषे स्थित होता है ॥ तब मन का जड भाग नहीं रहता ॥ जैसे पारसमणि के मिलाप ते तांबा स्वर्ण हो जाता है ॥ वहुड तांबा भाव तिसका नहीं रहता ॥ तैसे जब मन चैतन्य आत्मा विषे स्थित होता है ॥ तब मन की जडता रूप भाव नहीं रहता ॥ अरु जैसे स्वर्ण कों शोधन करीता है ॥ तब मैल जल जाती है ॥ सुद्ध ही शेष रहता है ॥ तैसे जब चित्त आत्मा विषे स्थित होता है ॥ तब जड भाग इसका जल जाता है ॥ सुद्ध चैतन्य भाग शेष रहता है ॥ अरु वास्तव ते पूछे तो शोधन भी द्वैत विषे होता है ॥ आत्मा विषे द्वैत कछु नहीं ॥ ताते शोधन कैसे होवै ॥ जैसे आकाश के फूल है तो वास्तव कछु नहीं ॥ तैसे सोधन भी वास्तव नहीं ॥ हे मुनीश्वर जब लग आत्मा का अज्ञान है ॥ तब लग नाना प्रकार का जगत भासता है ॥ जब आत्मा का बोध होता है ॥ तब जगत भ्रम नष्ट हो जाता है ॥ इह जगत चित्त विषे स्थित है ॥ जैसा जैसा निश्चा चित्त विषे दृढ होता है ॥ तैसे ही होइ भासता है ॥ इस रूप अहं त्वा अरु इदंकार दृष्टान्त कहा है ॥ ताते जैसी भावना दृढ होती है ॥ तैसा तैसा होइ भासता है ॥ हे वसिष्ठ जी जिसकों इही भावना दृढ है ॥ जो मैं देह हौं ॥ सो पुरुष जो कछु चेष्टा करता है सो देह के निमित्त करता है ॥ तिस कारण ते वहुत काल पर्यंत कष्ट पावता है ॥ जैसे बालक वेताल की कल्पना करता है ॥ तिस कर आप ही भय पावता है तैसे देह विषे अभिमान करके पुरुष भय पावता है ॥ तैसे देह विषे अभिमान करके पुरुष क्षय पावता है ॥ अरु जिसकी देह भावना निवृत्त भई है ॥ अरु सुद्ध चेतन्य विषे स्थित पाई है ॥ तिसकों देह आदिक जगत भ्रम शांत हो जाता है ॥ इति जीवावतारकमोपदेशो नाम सर्गः ॥ ६ ॥

वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामचंद्र जब इस प्रकार ब्रह्मा जी मुझ कों कहा ॥ तब मैं वहुड प्रश्न कीया जो हे भगवन तुम मोकों कहा ॥ जो स्राप मंत्र आदिकों का वल होता है ॥ सो स्राप भी अमिट रूप है ॥ मिटता नहीं ॥ सो मैं ऐसे भी देख्या है ॥ जो स्राप करके मन वुध इंद्रीया भी जडीभूत हो जाती यां है ऐसे तो नहीं जो देह कों स्राप होवै ॥ अरु मन कों न होवै ॥ हे भगवन मन अरु देह ते अनन्य रूप है जैसे वायु अरु स्पंद [illegible] नहीं ॥ जैसे घृत अरु चिकनाई विषे भेद नहीं ॥ तैसे मन अरु देह विषे भेद नहीं ॥ अरु जो क[illegible]वस्तु नहीं ॥ चित्त ही चित्त है ॥ देह भी चित्त विषे कल्पत है ॥ जैसे [illegible] ॥ जैसे मृगत्रिस्ना का जल होता है ॥ जैसे दूसरा चंद्रमा भासता है ॥ [illegible] एक के दृष्ट रूप दोनो कुं नहीं नष्ट होजाते ॥ तैसे देह के स्राप कर चाहीये ॥ जो मन कों भी स्राप लग जावे सो मैं देख्या है ॥ जो स्राप कर भी जडीभूत होगए ॥ अरु तुम कहते हो जो देह का कर्म मन कों नहीं लागता ॥ सो कैसे जानीये ॥ ब्रह्मोवाच ॥ हे मुनीश्वर ऐसा पदार्थ जगत विषे कोऊ नहीं ॥ जो सर्व कर्म कों त्याग कर के उग्र रूप पुरुषार्थ कीये ते सिद्ध न होवै ॥ पुरुषार्थ कीये ते सभ कछु होता है ॥ ब्रह्मा आदि कीटी पर्यंत जिस जिस की भावना होती है ॥ तैसा रूप होइ भासता है ॥ अरु सर्व जगत के दो शरीर हैं ॥ एक मन रूपी शरीर है ॥ सो चंचल रूप है ॥ अरु दूसरा आधिभूतक मांसमय शरीर है ॥ जो मांसमय शरीर है ॥ तिसका कीया कार्य निष्फल है ॥ अरु जो मन कर के चेष्टा होती है ॥ सो सफल होती है ॥ हे मुनीश्वर जिस पुरुष का मांसमय शरीर विषे अहंभाव है ॥ तिसकों आधि व्याधि अरु स्राप भी अवश्य लागता है ॥ अरु मांसमय शरीर जो मृतक है ॥ अरु तुछ है ॥ अरु दीन है ॥ अरु क्षणनाशी है ॥ इस साथ जिसका संबंध है ॥ सो दीन ही रहता है ॥ अरु चित्त रूपी शरीर चंचल रूप है ॥ अपणा चित्त अरु वश किसी के नहीं होता ॥ जैसे जैसे मन विषे निश्चा होता है ॥ तैसा ही सफल होता है ॥ मांसमय का कीया सफल नहीं होता ॥ अरु जो मन विषे निश्चा है सो[illegible] नहीं होता ॥ हे मुनीश्वर जिनो पुरुषों चित्त कों आत्मपद विषे स्थित कीया है ॥ तिनकों अग्नि विषे पाईये तो भी दघ कछु नहीं होता ॥ अरु जल विषे पाईये तो भी डुब नहीं होता ॥ काहे ते जो उनका चित्त वास्तव स्पर्श आदिक भाव कों ग्रहण नहीं करता ॥ आत्मा ही विषे स्थित होता है ॥ हे मुनीश्वर जो सर्व भाव कों त्याग कर मन का निश्चा जिस विषे दृढ होता है ॥ सोई पडा भासता है ॥ ताते मन साथ मन कों मार ॥ अरु चित्त कों परमपद विषे जोड ॥ जब आत्मा विषे दृढीभूत होता है ॥ तब जगत के पदार्थों कर चलायमान नहीं होता ॥ जैसे इंद्र ब्राह्मण चलायमान न भया ॥ तैसे मन आत्मा विषे स्थित हूया चलायमान न होवेगा ॥ हे मुनीश्वर जैसा जैसा मन विषे तीव्र निश्चा होता है ॥ तिसही की सिद्धता होती है ॥ दीर्घतपा एक विपीस्वर था ॥ उह अंधकूप विषे किसी प्रकार गिड पडा ॥ तिस अंधकूप ही विषे मन कर यज्ञ करणे लागा ॥ मन विषे यज्ञ का दृढ निश्चे कीया ॥ तिस यज्ञ कर मन ही विषे देवता होइ कर फल भोगणे लागा ॥ अरु जैसे इंद्र ब्राह्मण के पुत्र मनुषों के समान थे ॥ अरु मन विषे जो ब्रह्मा की दृढ भावना करी ॥ तिस कर दशों ही ब्रह्मा भए ॥ दशों ही तिन अपणी अपणी सृष्टि रची ॥ सो कैसी यां सृष्टि है ॥ जो मुझ कर भी खंडन नहीं होती यां ॥ ताते जो कछु दृढ अभ्यास होता है ॥ तिसका नष्ट नहीं होता ॥ और भी जो देवता महा ऋषि आदिक धीर्यमान हूए हैं ॥ जिनकी एक क्षिण भी वृत्त वास्य चलायमान नहीं होती ॥ तिनकों संसार का ताप कोऊ नहीं स्पर्श करता ॥ जैसे कमल फूल का प्रहार सिला कों फोड नहीं सकता ॥ तैसे धीरजवान कों संसार का ताप नहीं खंडन कर सकता ॥ अरु जिसकों आधि व्याधि दुख खंडत करते हैं ॥ सो जाणीये परमार्थ दर्शन ते सून्य है ॥ हे मुनीश्वर जो पुरुष स्वरूप विषे सावधान भए हैं ॥ तिनकों दुःख कोऊ नहीं स्पर्श करता ॥ स्वप्ने विषे भी तिनकों दुःख का अनुभव नहीं होता ॥ काहे ते जो तिनका चित्त सावधान है ॥ ताते हठ पुरुषार्थ कर मन के साथ मन कों मार ॥ तिस कर जगत भ्रम नष्ट हो जावेगा ॥ हे मुनीश्वर जिसकों स्वरूप का प्रमाद होता है ॥ तिसकों क्षिण विषे जगत भ्रम दृढ हो जाता है ॥ जैसे बालक कों क्षण विषे वेताल भास आवता है ॥ तैसे प्रमाद कर जगत भासता है ॥ हे मुनीश्वर मन रूपी कुलाल है ॥ अरु दृष्टा रूपी मृतका है ॥ तिस मन कर दृष्टा विषे अनेक आकार धारती है ॥ जैसे मृतका घटादिक अनेक आकार धारती है कुलाल कर ॥ तैसे निश्चे के अनुसार दृष्टा अनेक आकारों कों पावता है ॥ जैसे सूर्य विषे उल्लू आदिक भावना करके अंधकार कों देखते हैं ॥ अरु किनहूं कों चंद्रमा की यां किरणां भी भावना कर अग्नि रूप भासती यां हैं ॥ किनहूं कों विष विषे अमृत की भावना होती है ॥ तिनकों विष भी अमृत होइ भासती है ॥ इसी प्रकार कटु अरु अम्ल सलोना भी भावना के अनुसार भासता है ॥ जैसा मन विषे निश्चा होता है ॥ तैसा ही इसकों भासता है ॥ मन रूपी वाजीगर है ॥ जैसी रचना चाहता है ॥ तैसी रचता है ॥ अरु मन का रचा हूया जगत है ॥ सो सत नहीं ॥ अरु असत भी नहीं ॥ असत हू भासतो कर सत्त है ॥ असत नाहीं ॥ अरु मह भाव ते असत्त है ॥ सत्त नाहीं ॥ अरु सत असत द्वय भी मन कर के पडा फुरता है ॥ वास्तव कछु नहीं ॥ इति मनो महात्म्य वर्णनं नाम सर्गः ॥ [illegible] ॥

ॐ वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामचंद्र इस प्रकार प्रथम ब्रह्मा जी मुझ कों कहा था ॥ सो मैं अव तुझ कों कहा है ॥ जो प्रथम ब्रह्म अशब्द पद स्थित था ॥ तिस विषे चित्त हूया ॥ अर्थ यह जो अहं अस्मि चेतन्यता का लक्षण हूया ॥ तिसकी जब दृढता हूई ॥ तब मन हूया ॥ तिस मन पंचतन्मात्रा की

कल्पना करी॥ सो तिन आकार ब्रह्मा परमेष्ठी कहीता है॥ हे रामचंद्र ब्रह्माजी मनरूप है॥ अरु मन ही ब्रह्मरूप है॥ तिसका रूप संकल्प है॥ वहुड आगे जैसा संकल्प करता है॥ तैसा होता है॥ तिस ब्रह्मा ने एक अविद्या शक्ति कल्पी है॥ अनात्मा विषे आत्म अभिमान करणा इसका नाम अविद्या है॥ वहुड अविद्या की निवर्तक विद्या कल्पी॥ इस प्रकार पहाड त्रिण जल समुद्र स्थावर अरु जंगम संपूर्ण जगत को उत्पत्ति कीया॥ इस प्रकार ब्रह्मा हूया॥ अरु इस प्रकार जगत हूया॥ जैसे तुफ को कहा॥ सो जगत कैसे उपजता है॥ अरु कैसे मिटता है॥ श्रवण कर॥ जैसे समुद्र विषे तरंग उपजाता है॥ अरु समुद्र विषे लीन होता है॥ तैसे संपूर्ण जगत ब्रह्म विषे उपजता है॥ अरु ब्रह्म ही विषे लीन होता है॥ हे रामचंद्र इस्थ आत्मसत्ता विषे जो अहंकार लेश हूया है॥ सो मन है॥ अरु सोई ब्रह्मा है॥ तिसने नाना प्रकार कार का जगत रचा है॥ सो सर्व विषे चित्तशक्ति पसरी है॥ सो चित्त के फुरणे कर नानात्व भासता है॥ हे रामचंद्र जेते कछु जीव हैं॥ तिन सर्वों विषे आत्मसत्ता ही अस्थित है॥ पर अपणे स्वरूप के प्रमाद कर के पड़े भटकते हैं॥ जैसे कस्तूरी वायु कर के वन गिर कीयां कुंजां विषे हके पान भटकते हैं॥ तैसे कर्मरूपी वायु कर जीव पड़े भटकते हैं॥ अधः अरु ऊर्ध्व विषे घटीयंत्र की न्याई अनेक जन्मों को धारते हैं॥ जब काकतालवत संतसंग की प्राप्त होवे॥ अरु अपणा पुरुषार्थ करे तब वस्तु का ज्ञान होता है॥ इसकी जब लग प्राप्त नहीं भई॥ तब लग कर्मरूपी जेवड़ी साथ बांधे हूए॥ अनेक जन्मों विषे भटकते हैं॥ जब ज्ञान की प्राप्त हूये तब ही इस भ्रम ते छूटे॥ अन्यथा न छूटे॥ हे रामचंद्र इस प्रकार ब्रह्म ते जीव उपजते हैं॥ अरु मिटते हैं॥ अनंत संकटों का कारण वासना है॥ वासना ही नाना प्रकार के भ्रमों को दिखावती है॥ अरु जगतरूपी वन की जन्मोंरूपी वल्ली वासना जल कर के बढती है॥ जब सम्यक ज्ञान प्राप्त होवे॥ सोई भया कुदारा॥ तिस कर इसको काटे॥ तब मन विषे वासना का क्षोभ मिटे॥ तब शरीररूपी अंकुर मनरूपी बीज ते उपजे नहीं॥ जैसे भुना बीज अंकुर नहीं लेता॥ तैसे वासना ते रहत मन शरीर को नहीं धारता॥ इति उत्पत्ति दर्शनं नाम सर्गः॥ ६७॥

ओं वसिष्ठ उवाच॥ हे रामचंद्र जेते कछु भूतजात हैं॥ सो ब्रह्म ते उपजते हैं॥ जैसे समुद्र ते तरंग बुदबुदे होते हैं॥ कई बडे कई छोटे कई मध्यभाव होते हैं॥ सो सभ जल ही जल है॥ तैसे इह जीव ब्रह्म ते उपजते हैं॥ सो ब्रह्म ही रूप है॥ जैसे सूर्य की किरणां विषे जल भासता है॥ जैसे अग्नि ते चिणगारे उपजते हैं॥ तैसे ब्रह्म ते जीव उपजते हैं॥ जैसे कल्पवृक्ष की मंजरी नाना रूपों को धारती है॥ तैसे ब्रह्म ते जीव होते हैं॥ जैसे स्वर्ण ते अनेक भूषण होते हैं॥ तैसे ब्रह्म ते जगत होता है॥ जैसे झरणों ते जलकणके उपजते हैं॥ तैसे परमात्मा ते भूत उपजते हैं॥ जैसे आकाश एक ही है॥ तिस विषे घटमठ की उपाधि कर के घटाकाश मठाकाश कहीता है॥ तैसे संवेदन के फुरणे कर जीव कल्पना होती है॥ जैसे जल ही द्रवता कर के तरंग आवर्तरूप होइ भासता है॥ तैसे ब्रह्म ही संवेदन कर के जगतरूप भासता है॥ द्रष्टा दर्शन दृश्य सभ ब्रह्म ते उपजते हैं॥ जैसे सूर्य के तेज कर मृगतृष्णा की नदी भासती है॥ तैसे संवेदन कर के ब्रह्म विषे द्रष्टा दर्शन दृश्य त्रिपुटी भासती है॥ वास्तव ते द्रष्टा दर्शन दृश्य कल्पना कोऊ नहीं॥ जैसे चंद्रमा अरु शीतलता विषे कछु भेद नहीं॥ जैसे सूर्य अरु प्रकाश विषे भेद नहीं॥ तैसे ब्रह्म अरु दृश्य विषे कछु भेद नहीं॥ जैसे समुद्र विषे तरंग उपजते हैं॥ अरु समुद्र ही विषे लीन होते हैं॥ तैसे जीव ब्रह्म ते उपजते हैं॥ अरु ब्रह्म ही विषे लीन होते हैं॥ कई सहस्र जन्मों ते अनंतर प्राप्त होते हैं॥ कई थोड़े बहुत जन्मों कर प्राप्त होते हैं॥ हे रामचंद्र इस प्रकार का जगत परमात्मा ते हूया है॥ अरु तिस ही इच्छा अनुसार व्यवहार करते हैं॥ सोई व्यवहार की न्याई होइ भासता है॥ इति सर्व ब्रह्म प्रतिपादनं नाम सर्गः॥ ६८॥

ओं वसिष्ठ उवाच॥ हे रामचंद्र कर्ता अरु कर्म अभिन्नरूप है॥ अरु एकठा ही ब्रह्म ते उत्पत्ति हूए हैं॥ जैसे फूल अरु सुगंध एकठी उत्पत्ति होती है॥ तैसे कर्ता अरु कर्म एकठे उत्पन्न होए हैं॥ जब जीव सर्व संकल्प कलना को त्यागता है॥ तब निर्मल ब्रह्मरूप होता है॥ जैसे आकाश विषे नीलता भासती है॥ तैसे आत्मा विषे जगत कल्पना फुरती है॥ आत्मा अद्वैत सदा अपणे आप विषे स्थित है॥ अरु इह अज्ञानी के बोध उपजावणे को कहीता है॥ जो जीव ब्रह्म ते उपजते हैं॥ अरु इस प्रकार सात्विक राजस तामस गुणों के भेद कर स्थित हैं॥ तो ज्ञानवान हैं॥ तिनों प्रति इह कहणा भी नाही बणता॥ जो ब्रह्म ते उपजे हैं॥ तो भी इह सरा कछु नहीं॥ इस रे को अंगीकार कर के उपदेश करीता है॥ वास्तव ते ब्रह्मसत्ता विषे कोऊ कल्पना नहीं॥ सदा अपणे आप स्वभाव विषे स्थित है॥ जो ज्ञानवान है॥ तिन को सदा ऐसे ही प्रतत्त भासता है॥ अरु अज्ञानी को हरते हर भासता है॥ तिन को सुमेर मंद्राचल की न्याई अनंतरा भासता है॥ आत्मा अरु जीव का॥ हे रामचंद्र परमपद आत्मा के अज्ञान ते जगत उपजता है॥ अरु ज्ञान कर के आ विषे ही लीन होता है॥ जैसे वसंत रित ना कर के नाना प्रकार के नौतन अंकुर प्रगट होते हैं॥ वसंत रित के अभाव ते नष्ट हो जाते हैं॥ तैसे चित्त के फुरणे कर के जीवरास उपजते हैं॥ चित्त के अफुर हूए समलीन हो जाते हैं॥ अरु मन अरु कर्मों विषे भेद कछु नहीं॥ मन अरु कर्म एकठे ही उत्पत्ति होते हैं॥ जैसे वृक्ष सो फूल अरु गंध एकठी उत्पन्न होती है॥ तैसे आत्मा सो मन अरु कर्म एकठे ही उपजे हैं॥ अरु बहुड आत्मा विषे लीन होते हैं॥ हे रामचंद्र दैत्य नाग मनुष्य देवता आदिक जेते कछु जीव तुफ को भासते हैं॥ सो आत्मा ते उपजे हैं॥ अरु बहुड आत्मा ही विषे लीन होते हैं॥ इनका उत्पत्ति कारण अज्ञान है॥ आत्मा के अज्ञान कर के पड़े भटकते हैं॥ जब आत्मज्ञान उपजता है॥ तब संसार भ्रम निवृत्त हो जाता है॥ राम उवाच॥ हे भगवन जो पदार्थ शास्त्र प्रमाण कर के सिद्ध॥ सोइ सत्त है॥ अरु प्रमाण शास्त्र उही है॥ जिस विषे रागद्वेष ते रहित निरणा हूया॥ अरु प्रमाण नित्य अरु अदंभित्व आदिक गुण प्रतिपादन कीये हैं॥ तिस समहूत कर जो उपदेश कीया है॥ सो पदार्थ प्रमाण है॥ तिस के अनुसार जो विचरते हैं॥ सो भली उत्तम गत को प्रापत होते हैं॥ अरु जो अपस्व प्रमाण विपरीत वरतते हैं॥ सो भली उत्तम गत को प्रापत होते हैं नहीं॥ सो असुभ गत को प्रापत होते हैं॥ अरु लोक विषे भी प्रसिद्ध सुणीता है॥ जो कर्मों के अनुसार जीव उपजते हैं वर्तते हैं॥ जैसे बीज ते अंकुर उपजता है॥ सो जैसा बीज होता है॥ तैसा ही तिस ते अंकुर उपजता है॥ जैसा जैसा कर्म होता है॥ तैसी गत तिस को प्रापत होती है॥ अरु तुम कहते हो॥ मन अरु कर्म ब्रह्म ते एकठे ही उत्पत्ति हूए हैं॥ इस पक्ष कर शास्त्र के वचन अरु लोक के वचन अप्रमाण होते हैं॥ हे देव देवों विषे श्रेष्ठ इह मेरा संशा हरणे को तुम ही जोग हो॥ जैसे सत्य है तैसे ही कहो॥ वसिष्ठ उवाच॥ हे रामचंद्र प्रश्न इह तुफ भला कीया॥ तिसका उत्तर मैं तुफ को कहता हों॥ जिसके श्रवण कीये तुफ को ज्ञान प्रकाश होइ आवेगा॥ हे रामचंद्र सदा से चित्त मात्र ब्रह्म तत्त्व विषे जो संवेदन फुरी है॥ सो कर्मों का बीज मन हूया है॥ सो सभ का कर्मरूप है॥ तिस बीज ते सभ फल होते हैं॥ तां ते कर्म अरु मन विषे कछु भेद नहीं॥ जैसे गंध अरु कमल विषे कछु भेद नहीं॥ तैसे मन अरु कर्म विषे कछु भेद नहीं॥ मन विषे स्पंद होता है॥ सो अंकुर कर्म ज्ञानवान कहते हैं॥ हे रामचंद्र पूर्व इस का देह मन ही है॥ तिस मनरूपी शरीर साथ कर्म होता है॥ सो फल पर्यंत सिद्ध होता है॥ मन विषे जो फुरणा होता है॥ सोई क्रिया है॥ अरु सोई कर्म है॥ तिस मन कर कीया कर्म अवश्य होता है॥ अन्यथा नहीं होता॥ ऐसा पर्वत कोऊ नहीं॥ न आकाश है॥ न कोऊ लोक है॥ जिस को प्राप्त होइ कर कर्म ते छूटे जो कछु मन संकल्प साथ कीया है॥ सो अवश्यमेव सिद्ध होता है॥ एवं जो पुरुष प्रयत्न कछु कीये सो निष्फल नहीं होता॥ अवश्यमेव तिस की प्रापत होती है॥ हे रामचंद्र ब्रह्म विषे जो चेतनता हूई है॥ सोई मन होता है॥ अरु मन जो है॥ सो कर्मरूप है॥ अरु सर्व लोकों का बीज है॥ इतर कछु नाही॥ हे रामचंद्र जब कोऊ देश ते देशांतर जावणे लगता है॥ तब जावणे का संकल्प साथ ले जाता है॥ सो चलन कर्म है॥ तां ते फुरणारूप कर्म हूया॥ अरु फुरणारूप मन का है॥ मन अरु कर्म विषे भेद कछु नहीं॥ अदोभसउ

द्रूपी ब्रह्म है ॥ तिस विषे द्रवता रूपी चेतता है ॥ अरु तिसही का नाम मन है ॥ सो मन कर्मरूप है ॥ जैसे जैसे मन फुरता है ॥ सोई सिद्ध होता है ॥ जो कछु मन कर के कार्य करीता है सोई सिद्ध होता है ॥ शरीर चेष्टा करी सिद्ध नहीं होती ॥ इसी कारणतें कहा है ॥ जो मन अरु कर्म विषे भेद कछु नहीं ॥ जैसे तिल अरु तेल विषे भेद कछु नहीं ॥ तैसे मन अरु कर्म विषे भेद कछु नहीं ॥ भिन्न भिन्न भासते हैं ॥ सो मिथ्या कल्पना मूर्ख करते हैं बुधिवान नहीं करते ॥ जैसे समुद्र अरु तरंगों विषे भेद मूर्ख मानते हैं ॥ बुधिवानों को भेद कछु नहीं भासता ॥ तैसे मन अरु कर्म विषे भेद मूर्खों को भासता है ॥ बुधिवानों को भेद कछु नहीं भासता ॥ तैसे मन अरु कर्म विषे भेद मूर्खों को भासता है ॥ प्रथमे परमात्मा सो मन अरु कर्म एकठे ही उत्पत्ति भए हैं ॥ जैसे समुद्र तें तरंग द्रवता कर फुरते हैं ॥ तैसे चित्त के फुरणे कर कर्म आत्मा तें उपजे हैं ॥ जैसे तरंग समुद्र ही विषे लीन होते हैं तैसे मन अरु कर्म परमात्मा विषे लीन होते हैं ॥ जैसे जो पदार्थ दर्पण के निकट होता है ॥ तैसा ही प्रतिबिंब भासता है ॥ जैसे वरफ का रूप शीतलता है ॥ शीतलता विना वरफ नहीं होती है ॥ तैसे चित्त कर्मरूप है ॥ कर्मों विना चित्त नहीं होता ॥ जब चित्त सो स्पंदता मिट जाती है ॥ तब चित्त भी नष्ट होता है ॥ चित्त के नष्ट हुए कर्म भी नष्ट होता है ॥ अरु कर्म के नाश हुए मन का नाश होता है ॥ जो पुरुष मन तें मुक्त हूया है ॥ सोई मुक्त है जो चित्त तें मुक्त नहीं हूया ॥ सो बंधन मों है ॥ एक के नाश हुए दोनों नाश होते हैं ॥ जैसे नाश हुए अग्नि के उस्नता भी नाश होती है ॥ अरु जब उस्नता नाश होती है ॥ तब अग्नि भी नाश होती है ॥ तैसे मन के नष्ट हुए कर्म भी नाश होते हैं ॥ अरु कर्म के नाश हुए मन भी नष्ट होता है ॥ एक के अभाव हुए दोनों का अभाव होता ॥ कर्मरूप चित्त है ॥ अरु चित्तरूपी कर्म है परस्पर अभेद रूप है ॥ इति कर्मपौरुषयोरैक्यप्रतिपादनं नाम सर्गः ॥ ९८ ॥ ९ ॥

वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामचंद्र मन जो है ॥ सो भावना मात्र है ॥ भावना नाम है फुरणे का ॥ अरु फुरणा क्रिया रूप है ॥ तिस क्रिया फुरणे कर सर्व फल प्रापत होती है ॥ राम उवाच ॥ हे ब्राह्मण इस मन का रूप विस्तार कर के कहो ॥ जड अजड रूप मन का आकार तिसको विशेष कर कहो ॥ वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामचंद्र आत्मतत्त्व अनंत रूप सर्व शक्तिमान है ॥ जब तिस विषे संकल्प शक्ति फुरती है ॥ तब तिसको मन होता है ॥ जड अजड के मध्य विषे दोलायमान होता है ॥ तिस मिश्रित रूप का नाम मन है ॥ हे रामचंद्र भावरूप जो पदार्थ है ॥ तिनके मध्य विषे जो सत्त असत्त का निश्चा करता है ॥ तिसका नाम मन है ॥ तिस विषे जो दृढ निश्चा करणा ॥ मैं चिदानंदरूप नंद नहीं ॥ मैं कृपण हों देह साथ मिलकर अैसे फुरता है ॥ सो मन का रूप है ॥ जो कल्पना करता रहता है ॥ इसतें रहित मन नहीं होता ॥ जैसे गुण विना गुणी नहीं होता ॥ तैसे कर्म कल्पना विना मन नहीं रहता ॥ जैसे उस्नता की सत्ता अग्नि तें भिन्न नहीं पाईती ॥ तैसे कर्मों की सत्ता मन तें भिन्न नहीं पाईती ॥ अरु मन अरु आत्मा विषे कछु भेद नहीं ॥ हे रामचंद्र मन रूपी बीज है ॥ तिसतें संकल्परूपी नाना प्रकार के फूल होते हैं ॥ तिस कर के नाना प्रकार के शरीर होते हैं ॥ तिस कर जगत देखीता है जैसी जैसी जैसी मन विषे वासना होती है ॥ तिसके अनुसार फल की प्रापत होती है ॥ तातें मन का फुरणा ही कर्मों का बीज है ॥ तिस कर जो भिन्न भिन्न हूया होती है ॥ सो तिस वृक्ष की शाखा है ॥ अरु नाना प्रकार के जगत विचित्र फल है ॥ हे रामचंद्र जिसतें अरु मन का निश्चा होता है ॥ तिसी दौर कर्म इंद्रीयां भी प्रवर्तती यां है ॥ जो कर्म है सोई मन का फुरणा है ॥ अरु मन ही फुरणा रूप है ॥ इसी कारणतें कहा है ॥ जो मन कर्म रूप है ॥ तिस मन की यां एती यां संज्ञा कही है ॥ मन कहीये ॥ बुद्ध कहीये ॥ चित्त कहीये ॥ कर्म कर्म कहीये ॥ कलना कहीये ॥ स्मृत कहीये ॥ वासना कहीये ॥ अविद्या इंद्रियां प्रयत्न प्रकृति माया इत्यादिक कल्पना संसार का कारण है ॥ चित्त को जब चेतन्यता संजोग होता है ॥ तब संसार भ्रम होता है ॥ अरु यह जेती संज्ञा तुझ को कही यां है ॥ सो चित्त के फुरणे कर के कल्पता लीवन अरु अस्मान ते फुर आए है ॥ राम उवाच ॥ हे भगवन अहंतत्त्व परम सें वित

विषे इस्थित होता है ॥ तब संसार का कारण मोह मिट जाता है ॥ अरु वर्तमानकाल भी भविषत की न्याई हो जावेगा ॥ जैसे भवितकाल के रागदोष स्पर्श नहीं करते ॥ तैसे वर्तमानकाल का राग द्वेष भी स्पर्श न करेगा ॥ हे रामजी आत्मा परमानंदरूप है ॥ जिसके पायते अनंत भी विषसमान भासता है ॥ अर्थ यह जो ग्रंथनरूप जाणकर जो चित को चल्ला वनाया ॥ सो चित किसी इश्च पदार्थ की ओर चलता नहीं ॥ जिस पुरुष की इस्थित आत्मपद विषे भई है ॥ सो सर्वते उतम है जैसे सुमेर परवत के निकट हस्ती तुछ भासता है ॥ तैसे तिसके निकट सर्व त्रिलोकी के पदार्थ तुछ भासते हैं ॥ अरु यत द्विष तेज को प्राप्त होता है ॥ जिस तेज को सूर्ज नहीं प्रकास सकता ॥ ऐसा परम प्रकासरूप है ॥ अरु शांतरूप है सर्व कलना ते रहत अद्वैतरूप है ॥ हे रामजी तिस आत्मतत्व विषे इस्थित होवो ॥ जिस पुरुष ऐसे स्वरूप को पाया है ॥ तिस सर्व कछु पाया है ॥ अरु जिस ऐसे स्वरूप को नहीं पाया तिस कछु नहीं पाया ॥ हमको तो ज्ञान की वारता ते लब्धा कछु नहीं ॥ अरु जो तिस सरूपज्ञान की वार्ता ते वेमुष है ॥ यदपि अंतमरु वाऊ भी है तो भी गरधभ पवन है ॥ जो आतम स्वरूप न करके संपत भी है ॥ अरु आत्मपद ते वेमुष है ॥ तिसको विष्टा के कीट ते भी नीच जाणना ॥ हे रामजी ज्ञानी सना तिस का श्रेष्ठ है ॥ जो आत्मपद के नमित यतन करते हैं ॥ अरु तिन का ज्ञान वाणा व्यर्थ है ॥ जो संसार के नमित यतन न करते हैं ॥ देषणे मात्र तो चेतन हैं ॥ परपावक की न्याई ॥ अरु जो तत्व के ज्ञाते भए हैं ॥ सो अपणे प्रकाश करके सूरज चंद्रमा नषत्र तारियों को प्रकासते हैं ॥ अरु जिनको सरीर विषे अभिमान है ॥ सो मृतक समान है ॥ हे रामजी इस चित ही दीन कीया है ॥ ज्युंज्युं चित मोटा होता है ॥ त्युंत्युं इसको कष्ट होते हैं ॥ अरु जब चित षीण होता है ॥ तब कल्याण होता है तब आत्मभाव अनात्मा विषे दृढ होता है ॥ अरु भोगों की त्रिस्ना होती है ॥ तब चित मोटा होता है अरु आत्मभाव ते वेमुष होता है ॥ जैसे बडे मेघ के आवरण करके सूर्य नहीं भासता ॥ तैसे अनातम अभिमान करके आत्मा नहीं भासता ॥ अरु जब भोगों की त्रिस्ना निवर्त होती है तब चित षीण हो जाता है ॥ जैसे वसंत रुत ते रहत पत्र कमल हो जाते हैं ॥ तैसे भोगों की वासना अभाव ते चित क्रिश हो जाता है ॥ हे रामजी चितरूपी सर्प है ॥ सो दुर्वासनारूपी दुगंध अरु भोगरूपी वायु अरु शरीर विषे दृढ आसक्यारूपी भ्रम का रस्थान करके मोटा होता है तीन पदार्थों कर जब मोटा भया ॥ तब मोहरूपी विष करके इसको मारता है ॥ हे रामजी ऐसे दुष्ट चितरूपी सर्प को मारो ॥ तब तेरा कल्याण होवै ॥ देह विषे जो आत्म अभिमान है ॥ अरु भोगों की त्रिस्ना पुष्ट करती है ॥ तिसकर मोहरूपी विष इसको चर्म कीया है ॥ जब विचाररूपी गारुड मंत्र को चितारे ॥ तब मोहरूपी विष उतर जाती है ॥ अवर उपाउ विष उतरणे का कोऊ नहीं ॥ हे रामजी चितरूपी एक विष का ब्रिछ है अरु देहरूपी भ्रम पर लागा है ॥ संकल्प विकल्प रूपी फूल तिसके वास हैं ॥ दुरवासनारूपी पत्र हैं ॥ अरु दुषरूपी तिसके फल हैं ॥ अरु अहंकृतरूपी जल के सिंचणे कर वढता है ॥ जब वैराग विचाररूपी कुहाड करके तिसको काटे ॥ तब शांत को प्राप्त होवै ॥ अन्यथा शांत को न पावैगा हे रामजी चितरूपी एक हसती है ॥ अरु शरीररूपी तडाग विषे आन इस्थित भया है ॥ सो तिस ते सभ वासनारूपी जल को मलन कर रहा है ॥ अरु धीरज संतोष वैरागरूपी कमलों को मरदन कर रहा है ॥ अरु भोगों की त्रिस्नारूपी रस साथ धीरज संतोष आदिक कमलों को मरदन करके नष्ट करता है ॥ हे रामजी ऐसा जो दुष्ट हसती है चित ॥ अरु तूं सिंह की न्याई सर्व पुरषार्थ करणे को समरथ है ॥ अपणे आत्म विवेक तीक्षण दृढरूपी नषों साथ चितरूपी हसती को छेदो अरु हे रामजी चितरूपी कऊआ है ॥ अरु दुरवासनारूपी हलना तिसका प्रकार है ॥ अरु देहरूपी अपवित्र इस्थान पर आन वैठा है ॥ अरु एक विष ओर धावता है ॥ सो ही तिसका एक नेत्र है ॥ अरु विषयों के रसरूपी अपवित्र पदार्थों को भोजन करता है ॥ अरु हा यदु षी हा यदु षीरूपी कांकां शब्द उभकरता है ॥ अरु शांतरूपी लक्ष्मी को कदे नहीं पावता ॥ अरु लज्जारूपी दृष्ट करि ही यरु अपर पडा देषता है ॥ हे रामजी ऐसे अमंगलरूपी कोए को विवेकरूपी धनष साथ निकासोगे तब सुषी होवोगे ॥ अरु चितरूपी इलपंषी है ॥ अरु अमंगलरूप है ॥ जब गरूरूपी सरीर पर आन वैठता है ॥ तब आत्मपदरूपी विभूत का अभाव हो जाता है ॥ अरु भोगरूपी मास के नमित सर्व ओर प

राधमता है ॥ अरु लोभरूपी ऊर्ध मारकर विगाने पदार्थ ले जाता है ॥ सो तृस्नारूपी ऊचे चढकर पडता है षता है ॥ अरु आकास विषे पडा धमता है ॥ निवर्तन नहीं होता ॥ अरु अभिमानरूपी ग्रीवा को सदा ऊचे राषता है ॥ हे रामजी ऐसा जो चितरूपी अमंगल इलपंषी है तिसको आत्म अभ्यास कर वस करो ॥ तव शांत होवोगे ॥ अरु चितरूपी पिशाच इसको आन लागा है ॥ अरु त्रिस्नारूपी पिशाचनी साथ पडा भावत अस्तव्यस्त करता है ॥ पर आत्मपद को नाश करता है ॥ अरु आत्मारूपी स्वरूप को भुलाय कर अनात्मरूप देहादिकों का अभिमान करता है ॥ हे रामजी ऐसे चितरूपी पिशाच को वैरागरूपी मंत्र कर जलावो ॥ तब स्वभाव शांत को प्राप्त होवो ॥ अरु चितरूपी वानर है ॥ सो सदा ही चंचलरूप है ॥ सर्व दिस भटकता फिरता है ॥ इस्थित कदे चित नहीं होता ॥ कवहूं किसी पदार्थ की ओर धावता है कवहूं किसी पदार्थ की ओर धावता है ॥ अरु सरीररूपी ब्रिछ को हलावता ही रहता ॥ इस्थिर होता नहीं देता ॥ हे रामजी चितरूपी मर्कट इस्थित होवै तब देह भी इस्थित रहोवै ॥ अरु चितरूपी जेवरी है ॥ कता कर्म क्रियारूपी तिसके अंग लडे हैं तिस साथ संपूरन जगत बांधा हूया है ॥ जैसे एक संगली साथ अनेक वंदीवान बांधीते हैं ॥ अरु जैसे एक तागे साथ अनेक मणके बांधीते हैं ॥ तैसे चितरूपी जेवरी साथ सर्व देहधारी बांधे हुए हैं ॥ तिस जेवरी को असंगतारूपी शस्त्र करके काटो ॥ तब सुषी होवो ॥ हे रामजी हृद चितरूपी अजगर सर्प है ॥ अरु भोगों की त्रिस्नारूपी विष कर पूरन है ॥ जब वह इछारूपी फुंकार करता है ॥ तब सम दम धीरजादिक सर्व गुण जल जाते हैं ॥ इस दुष्ट के मारणे को अवर कोऊ समर्थ नाही ॥ एक विचाररूपी मंत्र कर इसका नास होता है ॥ जब चित नास होता है तब आत्मरूपी निध प्राप्त होती है ॥ हे रामजी इह चित शस्त्रों कर काटिया नही जाता अरु अगन कर जलता नहीं ॥ न अवर किसी उपाइ कर नष्ट होता है ॥ एक साधसंग अरु सतशास्त्रों के विचार करके इसका नास होता है ॥ हे रामजी यह चितरूपी गाढे का मेघ है ॥ सो अनत कष्टों का दाता है ॥ अरु भोगों के रसरूपी दामनी तिस विषे चमकती है ॥ जहां यह वरषा करता है ॥ तहां बोधरूपी षेत्र अरु सम दमादिकरूपी कमलों का नास करता है ॥ जब विचाररूपी मंत्र होवै तब शांत को प्राप्त होता है ॥ हे रामजी चित की जो चपलता है तिसको असंकल्प करके त्यागो ॥ जैसे अस्त्र करके ब्रिछों को छेदीता है ॥ तैसे मन ही साथ मन को छेदो ॥ अर्थ यह जो अंतरमुषी होयकर इस्थिर करो ॥ जब तेरा चितरूपी मरकट अचल होवैगा ॥ तब शांतीरूपी ब्रिछ षोभने रूत हो जावेगा ॥ हे रामजी स्वप बोध करके चित को जीतो ॥ यह जगत तृण ते भी तुछ है इसके पार को प्राप्त होवो ॥ तब शांत पावोगे ॥ ॥ इति श्री उपशम प्रकरणे चित चिकित्सा वर्ननं नाम सर्ग ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी एह जो मन की चंचलता है ॥ सो इष्ट अनिष्ट को ग्रहण करती है ॥ अरु षटराग की धारावत नी षणा है ॥ इस विषे तुम मत प्रतीत करो ॥ इसको मिथ्या जाणकर तिआग करो ॥ हे रामजी बोधरूपी वली सुभ षेत्र अरु काल सुभ करके प्राप्त भई है ॥ तिसको विवेकरूपी जल कर सिंचीए ॥ तब परमपद की प्राप्त होवै ॥ मैं जो तुझको वचन कहे हैं ॥ तिनको तुझ जाणा है ॥ इनका दृढ अभ्यास करो ॥ तब इष्ट भ्रम मिट जावेगा ॥ हे रामजी इह रूप चमत्कार शरीर आदिक जगत जो तुझको भासता है सो तेरा स्वरूप नहीं ॥ तूं शुद्ध चेतन स्वरूप है ॥ सा हृद बुध सों विचार करके अनात्म पंचभूतों के अभिमान को जैसे उदालक त्यागत भया है ॥ तैसे तुम भी त्यागो ॥ रामोवाच ॥ हे भगवन किस क्रम करके अरु किस प्रकार इनका अभिमान त्याग कर उद्दालक सुषी भया है ॥ जैसे भया है तैसे कहो ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी यह जगतरूपी जीरण घर है ॥ तिसकी प्रिथवी के कोण विषे एक देस है ॥ तहां वहुत परवत हैं ॥ अरु तमालादिक वडे ब्रिष हैं ॥ अरु सघनी जिनकी छाया है ॥ अरु फूलों करके अनेक इस्थान हर रहे हैं ॥ जीरण फूलों विषे गिट्टों पर्यंत तहां चर्ण डुब जाते हैं ॥ अरु महामुनी के इस्थान हैं ॥ तिस इस्थान विषे एक उदालक नाम ब्राह्मण था ॥ बुधवान अरु मान करणे को योग विद्यावान था ॥ पर अल्प बुध का है ॥ तिन जो न पाया था आत्मपद जिसने ॥ ऐसा जो ब्राह्मण है सो सुभ इछा करके यम अरु नेम को शास्त्रों के साधत भया ॥ तब उसके चित विषे इह विचार उपजत भया ॥ जो जिस पद को पायते वडा पावणे योग कछु न रहे ॥ हे देव ऐसा पद मुझको कव प्राप्त होवैगा ॥ अरु चित की पांच दृश्यरूपी वासना मेरी पाक कब मिटैगीयां ॥ जैसे सर्प अंग

उ.प.
६

6

तरंग उपजते हैं ॥ तैसे मन ते संकल्प विकल्प उपजते हैं ॥ तिस ते रहत मैं कब शांत होवेगा ॥ जैसे
कंप ते रहत ब्रिष शीतलवान होता है ॥ अर तृस्ना रूपी नदी ते सुद्ध बोध रूपी नौका पर आरूढ होइ क
र ॥ अर सत संग अर सत शास्त्र रूपी मल्लाह कर के कब पार उतरोंगा ॥ अर चित रूपी उन्मत
हसती कौं विवेक रूपी सिंह होइ कर कब मारोंगा ॥ अर ज्ञान रूपी सूरज कौ उदय कर के अज्ञा
न रूपी तम कौं कब नष्ट करोंगा ॥ जिस कर चित रूपी कुहुर जगत ते शुध होवेगा ॥ हे देव सर्व आ
रंभों कौं करता भी अलेपक कब होवेंगा ॥ जैसे जल विषे कमल अलेप रहता है ॥ तैसे मुझ कौं कर्म
न स्पर्श करें ॥ अर कब समताक व होवेगा ॥ जो मैं जनमों के अंध कौं ज्ञान रूपी नेत्र प्राप्त होवेगा ।
जिन कर मैं परमपद कौं देषोंगा ॥ अर कब हम समाक व होवेगा ॥ जो मेरा चित रूपी मेघ वासना रू
पी वायु ते रहत आत्म रूपी सुमेर पर्वत विषे इस्थित होय कर शांतवान होवेगा ॥ अज्ञान दि
शा कब जावेगी ॥ अर ज्ञान दिशा कब आवेगी ॥ पर ब्रह्म समाक व होवेगा ॥ अर ब्रह्म समाक
होवेगा ॥ जो जगत के कर्म मैं बालक की चेष्टा वत मिथ्या जाण कर करोंगा ॥ अर जगत म्र
ग की त्रिष्णा की न्याई होइ जावेगा ॥ अर वडुक बन समा होवेगा ॥ जो मस्तक कौं पाषाण की सि
ला वत निर्विकल्प समाध लाग जावेगी ॥ अर पारी रवि विषे पंषी आन कर आलणा करेंगे
अर निरसंक होइ कर छाती पर बैठेंगे ॥ जैसे ब्रिष पर बैठते हैं ॥ हे देव वहु समाक व आवेगा
जो इष्ट अनिष्ट की प्राप्त विषे मेरे चित्त की व्रत समसर हैगी ॥ अर विराट की न्याई सर्वात्मा हो
वोगा ॥ अर अपूर्ण स्वभाव विषे इस्थित होवोगा ॥ वशिष्ट उवाच ॥ हे रामजी ऐसे विचार कर
उदालक चित कौं ध्यान विषे लगावणे लागा ॥ पर चित रूपी मर्कट दसौं दिशा कौं उठ निकस
जावै ॥ जैसे पवन ठहरता नहीं ॥ तैसे इस्थित होवे नहीं ॥ वहु ध्यान विषे लगावै वहु चि
त भोगों की ओर निकस जावै ॥ जब वाह्य विषयों कौं त्याग कर चित कौं अंतर मुष कीया
तब चित कौं अंतर जो तत इष्ट आई ॥ तो भी विषयों कौं चितवणे लागे ॥ निर्विकल्प न होवे
जब रोक कर राषे तब सुषोपत विषे लीन होइ जावे ॥ विषय अर लय दोनों निंद्रा तिस मूरी विषे
चित रहे ॥ तब तहां ते उठ कर और इस्थान कौं चला ॥ जैसे सूरज सुमेर की प्रदक्षणा कौं च
लता है ॥ तब गंधमादन पर्वत की कंदरा विषे जाइ इस्थित भया ॥ सो कैसा है पर्वत जो फू
लों से भ्रमर तस हैं अर पशु पंषी मृग रहते हैं ॥ ऐसा एकांत इस्थान है ॥ जो देवतों कौं भी देष
णा कठिन है ॥ तहां अत्यंत प्रकास भी नहीं ॥ अर अत्यंत तम भी नहीं ॥ न अत्यंत उस्नता है न
शीत है ॥ जैसे सद्गुरु चित कार तक होता है ॥ ऐसे पर्वत विषे तहां इक कंदरा आई ॥ वसदेवी
यों का इस्थान ॥ किसी सिद्ध का विषय भी होवै ॥ पर अवर किसी की दासन ही ॥ तिस कुटी वि
षे तमाल ब्रिष के पत्रों का आसन कर ऊपर मृग छाला विछाई ॥ तिस के ऊपर बैठ कर
सर्व कामना कौं त्यागता भया ॥ जैसे ब्रह्माजी जगत कौं उत्पत कर के छोड बैठे ॥ तैसे सर्व
कामना कौं त्याग कर पद्मासन कौं धारा ॥ अर विचार करता भया ॥ उदालक उवाच ॥ अ
रे मूढ मन तूं कहां जाता है ॥ यह संसार तो सर्व माया मात्र है ॥ ज्ञानकाल तूं जगत विषे
भटकता रहा है ॥ कहूं तूं शांत भी प्राप्त भई ॥ काहे कौं अर्थ पड़ा भावता है ॥ सो अमृत कौं
त्याग कर विष का बीज बोवता है ॥ जो उपशम कौं त्याग कर विषयों के भोगों की ओर धाव
ता है ॥ हे मूढ मन यह चेष्टा तेरी सर्व दुःख अपणे दुषों के निमित है ॥ जैसे कुसवायणा आपही गु
फा वणाय कर आपही कौं बंधन करती है ॥ तैसे तूं आपही से कल्प उठाय कर आपकौं बंधता
है ॥ अब तूं संकल्प के संसरणी कौं त्याग कर आत्मपद विषे इस्थित हो ॥ जो तुझ कौं शांत प्राप्त
होवै ॥ हे मन जिह्वा साथ तूं मिल कर जो शब्द करता है ॥ सो दादर के भाव वत तेरा अर्थ है ॥
जब तूं श्रवणों साथ मिल कर श्रवण करता है ॥ तब शुभ अशुभ वाक ग्रहण कर के मृग की
न्याई तूं नष्ट होता है ॥ अर त्वचा साथ मिल कर जो तूं स्पर्श की इछा करता है ॥ सो हस्ती की
न्याई नष्ट होवेगा ॥ अर रसना स्वाद की जो तूं इछा करता है ॥ सो मीन की न्याई नास कौं प्राप्त
होवैगा ॥ अर गंध लेणे की जो तूं इछा करता है सो भ्रमर की न्याई नास होवैगा ॥ जैसे भ्रम
रा सुगंध के निमित पुष्पों विषे फास मरता है ॥ तैसे तूं फास मरेगा ॥ अर सुंदर रूप इस्त्रीयों
की जो वांछा करता है ॥ सो पतंग वत दग्ध हो जावैगा ॥ हे मूढ जो एक एक इंद्री का स्वाद लेने

ते है सो नासता कौं प्राप्त होता है ॥ तैसे तूं पंचों विषयों के सेवणे हारा ॥ नास कैसे न होवैगा
ताते तूं इन की इछा त्याग ॥ जो तुझ कौं शांत प्राप्त होवै ॥ अर जो तूं इन भोगों की इछा न त्यागे
गा तब मैं ही तुझ कौं त्याग छोडोंगा ॥ तूं तो मिथ्या भ्रमत रूप है ॥ तेरे संग मेरा का प्रयोज
न है ॥ विचार कर के मैं तूं त्याग करता हों ॥ हे मूढ मन तूं जो देह विषे अहं पडा करता है ॥ सो ते
री अहं किस पदार्थ मों है ॥ चरन के अंगुष्ट ते ले कर अर सीस पर्यंत विषे अहं का वन व
स्त है ॥ यह सरीर तो अस्थि मांस रक्त पीप पुरीष की लोथ है ॥ इन विषे तो अहं रूप कोऊ
नहीं ॥ अर स्वास जो है सो पवन रूप है ॥ अर बुलाउ है ॥ सो आकास रूप है ॥ यह पंच तत्तों
का शरीर बणा है ॥ अहं रूप तो वस्तु इस विषे कछु नहीं ॥ हे मूढ मन तूं अहं अहं का पडा
करता है ॥ यह जो तूं कहता है मैं देषता हों मैं सुणता हों ॥ मैं सूंघता हों ॥ मैं स्पर्स करता हों
मैं स्वाद लेता हों ॥ इन के अर्थ अनिष्ट विषे राग द्वेष कर के पड़ा जलता ॥ सो व्यर्थ कष्ट पाव
ता है ॥ रूप कौं नेत्र ग्रहण करते हैं ॥ सो नेत्र रूप ते उत्पत्त भए हैं ॥ तेज का अंस नेत्रों विषे इस्थि
त है ॥ सो अपणे विषयों कौं ग्रहण करते हैं ॥ इन के संग मिल कर तूं कुतपायमान होता है ॥ अ
र श्रवण इंद्री आकास ते उत्पत्त भया है ॥ सो आकास की अंस श्रवणों विषे इस्थित है ॥ सो श्रव
ण अपणे शब्द कौं ग्रहण करते हैं ॥ इन के संग मिल कर तूं क्यों राग द्वेष कर तपा
यमान होता है ॥ अर स्पर्श इंद्री वायु ते उत्पत्त भई है ॥ अर वायु कौ अंस त्वचा विषे इस्थित
है ॥ सो त्वचा ही स्पर्श कौं ग्रहण करती है ॥ तिस संग मिल कर तूं क्यों राग द्वेष करता है ॥ अ
र रसना इंद्री जल ते उपजत भई है ॥ जल का अंस जिह्वा के अग्र भाग विषे इस्थित है ॥ सो र
स इस कौं ग्रहण करता है ॥ अर घ्राण इंद्रिय गंध पृथ्वी ते उपजती है ॥ सो पृथ्वी का अंस
घ्राण विषे इस्थित है ॥ वही गंध कौं ग्रहण करती है ॥ तिस संग मिल कर तूं क्यों व्यर्थ राग द्वेष करता है
हे मूढ मन इह इंद्रीयां तो अपणे अपणे विषयों कौं ग्रहण करती यां हैं ॥ तूं कहे इन विषे अभिमान करता
है ॥ जो मैं देषता हों मैं सुणता हों मैं स्पर्स करता हों ॥ रस लेता हों ॥ यह तो सर्व इंद्रीयां आ
प भई हैं ॥ अर्थ यह जो अपणे अपणे विषयों कौं ग्रहण करती यां हैं ॥ अवर के विषयों कौं अवर ग्रहण
नहीं करती ॥ जो नेत्र देषते हैं श्रवण नहीं करते ॥ अर कान श्रवण करते हैं देषते नहीं ॥ इत्यादिक
सर्व इंद्रीयां अपणा धर्म न किसी कौं देती यां हैं न किसी का लेती यां हैं ॥ अपणे अपणे धर्म विषे इस्थि
त हैं ॥ अर विषयों कौं ग्रहण कर के इन कौं राग द्वेष कछु नहीं उपजता ॥ अर इन विषे वासना कछु न
हीं ॥ जो नेत्र इष्ट कौं देषें अर अनिष्ट कौं न देषें ॥ इत्यादिक सर्व इंद्रीयां इष्ट कौं भी ग्रहण करती यां हैं
अर अनिष्ट कौं भी ग्रहण करती यां हैं ॥ इन कौं हेय अर उपादेय नहीं ॥ इष्ट अनिष्ट जैसे विषे आवें तै
से ही ग्रहण करती यां हैं ॥ अर तूं ऐसा मूढ है जो अवरों के धर्म अपणे विषे मान कर राग द्वेष कर
पड़ा जलता है ॥ जब तूं वासना ते रहत होय कर चेष्टा करे तब तुझ कौं भी दुष कछु न होवे ॥ जब
तूं वासना सहत कर्म करेगा ॥ तब वही कर्म बंधन के कारण होवैगे ॥ अर वासना बिना दु
ष कछु नहीं ॥ अर तूं तो महा मूढ है ॥ जो विचार कर नहीं देषता ॥ ताते मैं तुझ का त्याग करता हों
तेरे संग मिल कर मैं अनंत षेद कौं पाया है ॥ जैसे ब्याघ्र के बालक कौं सिंह चूर्ण करता है ॥ तैसे
तुझ मूढ कौं चूर्ण कीया है ॥ तेरे संग मिल कर मैं तुच्छ भया हों ॥ अब तेरे संग मेरा संबंध कछु न
हीं ॥ मैं तो निर्विकल्प उज्वल आनंद हों ॥ जैसे महा प्रकास चंद संग मिल कर विवटा कालमा होता है
तैसे तेरे संग कर मैं तुच्छ जीव होगया हों ॥ इसी कारण ते तेरा संग त्याग कर मैं चिदाकास परम चेतन
कौं प्राप्त होवेंगा ॥ मैं निर्विकार हों अर तें भाव की कल्पना ते रहत हों मैं ॥ अर तूं का अहं अहं प
डा करता है ॥ पारी रवि विषे व्यर्थ अहं करणे हारा अवर कोऊ नहीं तूं ही चोर है ॥ अब मैं तुझ कौं त्या
ग करता हों ॥ तें तो अज्ञान ते उपज्या है ॥ तूं मिथ्या भ्रम रूप है ॥ जैसे बालक अ
पने पछावे कौं पिसाच जाण कर आपही भय कौं पावता है ॥ तैसे तुझ मूढ सर्व जगत कौं दुष दीया
है ॥ जब तूं नष्ट होवे तब ही आनंद होवे ॥ तेरे उपजणे कर महा दुष है ॥ जैसे कोऊ ऊंचे पर्वत सों
गिर कर कूप विषे जाय पडे ॥ अर कष्टमान होवे ॥ तैसे तेरे संग कर मैं आत्मपद ते गिड कर दे
ह अभिमान रूपी गर्त विषे गिर पड्या राग द्वेष रूपी दुष पाया ॥ अब मैं तुझ कौं त्याग कर निर्द

कार पद कों प्राप्त भया हों सो कैसा पद है जो प्रकाश है न तम है न प्रकट है न दितीय है नहीं ये है न अल्प है अहंता आदिकों ते रहत अचेत चिन्मात्र है जन्म जरा मरन राग द्वेष भय सर्व विकार तेरे संयोग ते होते हैं अब तेरे वियोग ते मैं निर्विकार सुद्ध पद कों प्राप्त भया हों हे मन तेरा ही वासना दी दुषों का कारन है जब तें निर्वाण होवैगा तब मैं ब्रह्मरूप होवैंगा तेरे संग कर तब दुःख होता हो जब तें निवरत भया तब मैं सुद्ध भया हों जैसे मेघ धुंध दीर के होते आकास मलन भासता है जब इन का अभाव भया तब सुद्ध निर्मल आकास ही प्रभासता है तैसे तेरे निवर्त भए आत्मा निर्मल सत्ता अपना आप भासती है हे चित्त इन्द्रीयादिक पदार्थ हैं सो प्रथक प्रथक हैं इन विषे अहं कछु वस्तु नहीं इन कों तें ही एकठा कीया है जैसे तागा अनेक मणकों कों एकठा करता है तैसे सर्व कों एकठा कर कें तें अहं अहं ग्रहण करता है सो तें मिथ्या राग द्वेष कों ग्रहण कर्ता है ताते तें सर्व इन्द्रीयों को ले कर निर्वाण हो जाय तो तेरी जय होवै ॥ ॥ इति श्री उपशम प्रकरणे उद्दालक विश्रांतो नाम सर्गः ॥ उद्दालक उवाच ॥

आत्मा जो है सो सूक्ष्म ते सूक्ष्म है अरु स्थूल ते स्थूल है सुद्ध निर्विकार रूप है सो मैं हों ॥ अचेत चेतन हों मेरे विषे विकार कोऊ नहीं जेते कछु जन्म मरन आदिक विकार भासते हैं ॥ सो आत्मा विषे चित्त ने कल्पे हैं आत्मा विषे कोऊ नहीं जन्म तिस कों कहीता है जो प्रथम न होवे बहुर उपजै आत्मा तो आदि भी सिद्ध है बहुरि जन्म कैसे कहीए अरु मरन तिस कों कहीता है जो प्रथम होवै बहुर अभाव कों प्राप्त होवै आत्मा तो जगत के अंत विषे भी सिद्ध है बहुर मृतक धर्म सो अभाव कैसे कहीए देह के आद्य अंत मध्य त्रिकाल विषे ब्रह्म सिद्ध है ताते सर्व विकारों ते रहत है अरु चित्त के संयोग ते विकार संयुक्त भासता है हे चित्त तेरे संग ते मैं पते भ्रम कों प्राप्त भया था अरु सरीर विषे अर्थ अहं भ्रहे पती होती है सो ज्ञानवान नहीं जानता जो कवन था सरीर तो रक्त मांस का पिंड है इन्द्रीया मनादिक सर्व जड़ हैं अहंकार ते हारा कवन था अरु अहं जब होती है तब भाव अभाव रूप पदार्थों कों ग्रहण करता है जहा यह अहंकार अभाव भया तहा भाव अभाव कैसे होवै अहं जो है सो मिथ्या है इन्द्रीयां अपने अपने भोगों कों ग्रहण करती या है अरु मनादिक भी अपने स्वभाव विषे स्थित है अब सर्व पदार्थ अपने अपने भाव विषे स्थित हैं आत्मा भी अपने भाव विषे स्थित है यह अहंकार ते हारा नहीं पाईता जो कवन था अहंकार रूप अरु अहंकार कछु नहीं पाईता तत यह निश्चय भया जो सर्व पदार्थ मिथ्या है अरु अहंकार सर्व पदार्थों के ग्रहण करणे हारा भी मिथ्या है जेते कछु दुख है सो अहंकार कर के होते हैं मैं कों देह इन्द्रीयों संग मिलकर इष्ट अनिष्ट विषे राग द्वेष कर जलाया इन का अरु मेरा संयोग कछु नहीं मैं तो आत्मा हों निरलेप हों मैं अद्वैत हों संयोग किस सेती होवै भावरूप वस्तु वस्तु है सो तो मैं हों मेरा संयोग किस सें होवै यह दृश्य तो है ही नहीं सर्व अनंत रूप है अरु जो कहीए देहादिक भी है तो भी संयोग नहीं बणता जैसे लोहे अरु वडी का संयोग नहीं होता यह बड़ा आश्चर्य है जो सर्व का अहंकार करणे हारा कवन था इह मिथ्या अहं अविचार कर के दुखदाई था जैसे अविचार कर के बालक कों परछांवे विषे पिशाच भाव करि दुख होता है अरु जैसे पर्वत ऊपर बदल दृष्टि होता है सो पर्वत बदल नहीं होता अरु बदल पर्वत नहीं होता तैसे आत्मा अनात्मा नहीं होता अरु अनात्मा आत्मा नहीं होता जैसे सूर्य की किरणों विषे जल भासता है अरु जेवड़ी विषे जैसे सर्प भासता है वैसे मैं अपने विषे अहंकार भासता है अरु विचार कीए ते अहंकार कछु वास्तव नहीं निकसता जहां अहंकार होता है तहां दुख भी आन स्थित होते हैं जैसे जहां मेघ होता है तहां दामनी भी होती है तैसे जहां अहंकार तैं तहां दुख भी है अरु जहां अहंकार रूपी मेघ वर्षा करता है तहां देह रूपी वृक्ष सों दुख रूपी मंजरी बढ़ती है जैसे गरुड़ के विद्यमान सर्प नहीं रहता तैसे आत्म विचार के विद्यमान अहंकार नहीं रहता ताते चित्तादिक सर्व मिथ्या है अज्ञान कर के पड़े भासते हैं इन कर था हुआ जगत कैसे सत होवै ॥ यह जगत कारण ते रहत है ॥ ताते मिथ्या है ॥ भ्रम कर के भासता है ॥ जैसे आकाश विषे धूंन कर के दूतीय चंद्रमा भासता है ॥ अरु जैसे नौका विषे आरूढ कों तट के वृक्ष चलते भासते हैं ॥ अरु जैसे गंधर्व नगर भासता है ॥ अरु जैसे बालक कों भ्रमणे ते पृथ्वी भ्रमती दृष्टि आवती है ॥ तैसे चित्त के भ्रम कर के यह जगत भासता है ॥ जब चित्त नष्ट होता है तब सर्व भ्रमों का अभाव हो जाता है ॥ देह विषे जो अहं अभिमान है सो दुखों का कारण है ॥ जब लग विचार नहीं उपजी तब लग भासता है ॥ जैसे वर्फ की पुतली तब लग दृष्टि आवती है ॥ तब लग सूर्ज का तेज नहीं स्पर्श करता ॥ जब सूरज का स्पर्श हूया तब गल जाती है ॥ तैसे अहंकार विचार के उपजे ते गल जाता है ॥ हे मन तेरे संग मिलणे कर कें अनंत कष्ट होते हैं ॥ अब तें रहत न मैं आप कों देषा है ॥ अब तें सर्व इन्द्रीयों से एकत्र निर्वाण हो ॥ अरु आत्म स्वरूप विषे जगत विषे स्थित हो ॥ जो सर्व मल तेरी जल जावे ॥ अरु सुद्धता कों प्राप्त होवे ॥ अरु इस देह के संग जो तेरा मिलाप है ॥ सो दुखों के निमित्त है ॥ मन अरु देह का अंतर ते आप स विषे सत्र भाव है ॥ अरु वासना ते मन है भासता है ॥ अंतर ते परमेश्वर नास करने की इछा करते हैं ॥ जब अत्यंत कष्ट होता है ॥ तब मन देह के नास की रक्षा करता है ॥ अरु देह कहती है ॥ जो मन नष्ट होवै ॥ तो मेरे विषे कष्ट कोऊ नाहीं ॥ इन का मिलाप ही दुख कु का कारण है ॥ इस कर मन देह कों भी तेरे संग कर दुख होता है ॥ आप ते इस विषे भी दुख कोऊ नहीं ॥ जब मन विषे देह का अभाव होवै तब भी दुख कोऊ नहीं ॥ अरु देह सों मन दूर होवै तब भी दुख कोऊ नहीं ॥ इन के मिलणे कर दुख होता है ॥ अरु वियोग कर के दुखों का अभाव हो जाता है ॥ जैसे अगन अरु जल के मिलणे विषे दोनों कों दुख होता है ॥ अरु वियोग कर के दोनों कों दुख कोऊ नहीं ॥ तैसे मन अरु देह के न्यारे विषे दुख कछु नहीं ॥ जैसे जहा अंगारियों की वरषा होवे तहा वृवा तन नहीं रहते ॥ तैसे इन के मिलाप विषे हम कों रहना योग नहीं ॥ हे मूढ मन तें जेता कछु दुख तम कों होता है सो देह के मिलाप ते होता है ॥ देह के संग ते किस वास्ते मिलता है ॥ अरु आप कों सुख ज्ञाण कर देह संग मिलता है ॥ अरु तें नहीं जानता जो हाथ सों दुष उत्पत होता है ॥ परंतु ऐसा मूढ है ॥ जो बारंबार देह के निमित्त पतन के करता है ॥ सुष जाणता है परंतु तेरा नास निश्चय कर होता है ॥ जैसे दीपक कों सुखरूप जाण कर पतंग मिलता की इछा करता है ॥ अरु दग्ध होता है ॥ अरु जैसे मीन मांस की इछा करतास होती है ॥ तैसे तें देह मिलणे की इछा कर के अपने स्वरूप ते नाश होता है ॥ ताते देह का अभिमान त्याग जो तू कों शांति प्राप्त होवे ॥ अरु देह कछु वस्तु नहीं मन ही का विकार है ॥ पंच तत्त्वन की इस देह बणी है ॥ सो भी कछु वस्तु नहीं सर्व मन के फुरणे कर रचे है ॥ ताते फुरणे कों त्याग कर आत्म पद विषे स्थित हों ॥ ता तू कों शांति की प्राप्त होवे ॥ अरु मैं सर्वातीत अतीत शुद्ध चिदानंद स्वरूप हों ॥ मेरे समीप तू कों मन है नहीं पाईता ॥ मैं अद्वैत रूप होते सेताने के समीप ऐसे ही नहीं होता तैसे मेरे समीप मन अरु देह ही था अरु देह को कोऊ नहीं मैं सदा आत्म तत्त्व हो ॥ भोगों मैं गमेरा का प्रयोजन है ॥ जो इन के संग मिलकर दीनता कों प्राप्त होवी ता है ॥ सो मूढ कों इन के संग प्रयोजन कछु नहीं चिरकाल पर्यंत यह अर्थ वासना वही नष्ट हो जावे इन के नाश होवण कर मेरा नाश नहीं होता ॥ अरु यह लोक संग कछु भयो जनन नहीं ॥ इनों ते आप कों भिन जाण्या है ॥ तैसे तिलों ते तेल निकास लीया तब वह इन ही मिलता ॥ अरु दूध मों माषण निकास लीया ॥ तब वह दूध इन ही मिलता ॥ तैसे विचार कर के मैं अपना आप इन सों निकास लीया ॥ बहुर इन संग कब मिलता हों ॥ सो मैं इन सों संग मिलता नहीं ॥ मैं शुद्ध चिदानंद आत्मा हों ॥ सर्व जगत मेरे आश्रे है ॥ सर्व विषे मैं एक ही अनस्यूत व्यापा हों ॥ अब तिसी स्वरूप विषे स्थित होवों ॥ वशिष्ठ उवाच ॥ हे राम जी ऐसे विचार कर उद्दालक अज्ञान रूप तन कों विषयों ते निवृत्त कर कें पद्मासन धार

उ॰ ७

रप्रणव जो है सार रूप तिसमा अकार उकार मकार अर अर्ध मात्रा तिन की क्रम कर के उपासना करने भया॥ प्राणायाम कर के मात्रा का ध्यान करने भया॥ अकार ब्रह्मा उकार विष्णु मकार शिव अर्धमात्रा तुरीय रूप तिन कों क्रम से त्यागन प्राणायाम करने लागा॥ प्रथम रेचक प्राणायाम करने भया॥ अर अकार की धुन से पूरा रेचक करने भया॥ तिस कर सर्व प्राणवायु अंतर ते निकासी॥ तब अंतर शून होत भया॥ अर स्वस्थ होत भया॥ जैसे अगस्त्य मुनि समुद्र कों शून करत भया था॥ तैसे उद्दालक रेचक कर के अंतर कों शून करत भया॥ अर अकार कर के ऐसी धुन उचारी॥ जो ब्रह्मा विष्णु रुद्र पर्यंत चली गई॥ अर देह अभिमान कों त्याग कर पुर्यष्टका कों सुषमन के मारग ब्रह्मरंध्र विषे प्राप्त कीया॥ जैसे पक्षी आलय कों त्याग कर आकाश कों उडता है॥ तैसे उद्दालक पुर्यष्टका कों ब्रह्मरंध्र विषे प्राप्त कीया॥ जब लग चित्त सुषेन रहा तब लग इस्थित रहा॥ काहे ते जो हठ कर के करणे सो दुष होता है॥ तब अथ कान वपुर्यष्टका की वायु अधः कों आई॥ अर उकार विष्णु रूप की धुन अर ध्यान संग कुंभक प्राणायाम कीया सर्व प्राणवायु कों अधार चक्र विषे रोक्या न तले कों गमन करे न ऊरध कों गमन करे तिस कर प्राण इस्थित संपट होत भए॥ तिस ते अगन निकसी तिस कर के इस का पाप पंजर रूपी शरीर जलने लगया॥ तिस कुंभक विषे जब लग सुषेन रहा तब लग इस्थित रहा॥ काहे ते जो हठ दुःसो गइ दुष दायक है॥ बहुर खोलत भया॥ बहुर मकार की धुन अर रुद्र का ध्यान कर के पूर्क प्राणायाम करत भया॥ पूर्व प्राणायाम कर सर्व इस्थान वायु सों पूरण कीए॥ अर ऊरध कों चित कला प्राप्त भई॥ महा शीतल है स्पर्श जिसका॥ ऐसा चंद्रमा का मंडल है॥ तिस ते अंमृत की वर्षा होती है॥ तिस कर यह अवयवों के पवित्र करणे हारा हूया॥ जैसे धूम्र आकाश कों जाता है॥ अर जल कों पाय कर बहु अषरों कों सीतल करणे हारा होता है॥ तैसे इस का सरीर अवयवों कों पवित्र करणे हारा हूया॥ जैसे मंद्राचल पर्वत कर मथिया षीर समुद्र तिस ते कल्प वृक्ष निकस्या॥ तैसे तिस के शरीर विषे प्राणवायु इस्थित भई॥ पदम आसन बांध कर इंद्रीयों कों रोकता भया॥ जैसे हस्ती बंधनों संग बांधीता है॥ तैसे इंद्रीयों कों रोक कर अर्धमात्रा जो है तुरीय पद तिस के दर्सन निमित यत्न करते भया॥ जो नेत्रों कों अर्ध मूंदत भया॥ अर बाह्य विषयों कों त्यागत भया॥ अर इंद्रीयों कों भी त्यागत भया॥ प्राण अर अपान कों मूलचक्र विषे रोकता भया॥ तिस कर नव ही द्वारे रोके गए॥ जैसे बालक के षेलणे कों मन का कायाणी चोर होता है॥ तिस के मुष मूंदणे कर चलता पाणी सर्व छिद्रों ते रोका जाता है॥ तैसे मूलचक्र के रोकणे कर नव ही द्वारे रोके गए॥ जब मन रूपी चंचल मृग होइ॥ तब वैराग अर अभ्यास के बल कर बहुर षेंच ले आवे॥ जैसे बनकर के जल का वेग रोकीता है॥ तैसे तिस विषे चित कों इस्थित कीया॥ तब अंतह करण की शांत की ब्रत जो थी प्रकास रूप तिस कों भी त्याग कर आगे इस्थित भया॥ तब मन की ब्रत जो है निद्रा रूपी जड़ता तिस विषे मन मूर्छा होगया॥ जैसे सूर्ज रात्र विषे इस्थित होवे॥ तैसे मन निंद्रा विषे लीन हो गया॥ तब राजस तामस संतान के गुणों कों जो प्रवाह है सो बहुर उफरणे लागा॥ तिस कों आत्म विवेक केवल कर छेदत भया॥ जैसे प्रकाश सकार के तम के विकल्प कों अर तम कों छेदीता है॥ तैसे यह त्रिगुण अज्ञान रूपी तम के विकल्प है सो दोनों छेदत भया॥ विवेक के बल कर चित की ब्रत कों चित कला विषे लगाया॥ तिस कों चित की ब्रत साक्षातकार कीया॥ महा प्रकाशवान अर शांत रूप तिस विषे एक षण चित इस्थित रहा॥ बहुर बाह्य निकस गया॥ जैसे बंध कों तोड़ कर जल निकस जाता है तैसे निकस गया॥ बहुर फेर कर अभ्यास के बल कर आत्म कला विषे लगाया॥ तब तिस परम शांत आत्म पद विषे चित की ब्रत इस्थित भई॥ तहां महा श्रेष्ठ आनंद के समुद्र विषे मगन भई॥ जो अशब्द आनंद स्वरूप अंतर है तिस विषे इस्थित भया॥ जिस विषे सिद्ध देवता ऋषीश्वर इस्थित है॥ अर जिस पद विषे ब्रह्मा विष्णु रुद्र इस्थित है॥ तिस पद विषे उद्दालक इस्थित भया॥ हे राम जी जो एक षण भी तिस पद विषे इस्थित भया है॥ अर जो वर्ष पर्यंत इस्थित भया है सो दोनों तुल्य है॥ जिस कों तिस पद का अनुभव भया है॥ सो भोगों की इच्छा नहीं करता॥ जैसे जिस सुर्ग का नंदन वन देषा है॥ सो करीर एके वन देषणे की इछा नहीं करता॥ तैसे ज्ञानवानों कों भोगों की इछा नहीं होती॥ अर सोक कदाचित नहीं उपजता॥ जैसे जिस कों राज प्राप्त भया है सो दीनता कों नहीं प्राप्त होता॥ तैसे जिस आत्म पद विषे इस्थित पाई है॥ जिस कों विषयों की त्रिस्ना अर सोक नहीं उपजता॥ हे राम जी इस प्रकार उद्दालक आत्म पद विषे इस्थित भया॥ तब सिद्ध गंधर्व विद्याधर कोटान संघ तिस के निकट आइ प्राप्त भए॥ सो अनंत तेजवान अर चंद्रमा की न्याई जिन के मुष है॥ सो आइ कर इस कों प्रणाम करते भए॥ अर कहा हे भगवन तुम स्वर्ग कों चलो॥ अर दिव्य भोगों कों भोगो॥ तुम बड़ी तपस्या करी है॥ अर पुन्यों का सार हो॥ अर कामना मात्र जो है सो इसत्रीयां है॥ सो इसत्रीयां ते सारे भोगणे के निमित है॥ सो केसीयां इसत्रीयां है॥ विद्याधरीयां महा दिव्य सरतास वे भोगां इंद्र के निकट है॥ ताते तुम विवान पर आरूढ होइ कर स्वर्ग कों चलो बड़े तक काल पर्यंत भोगों कों भोगो॥ हे राम जी इस प्रकार जब सिद्धों बहुत कहो॥ तब उद्दालक उन कों अतिथ जाण कर तिरादर कीया॥ यथा जोग पूजा कर के कहत भया॥ हे साधो तुम कों नमस्कार है तुम गमन करो॥ उन की सिद्ध विषे प्रसन्नता न हूया॥ काहे ते जो परमानंद विषे इस्थित था॥ विष्यों के सुष कों तुछ जानत भया॥ जैसे अंम्रत पान करणे हारा षाल की वांछा नहीं करता॥ तैसे उद्दालक विषय सुष कों न चाहत भया॥ तब कछुक ते न सिद्धों हार कर उद्दालक कों पूजत भए॥ बहुर गमन करत भए॥ अर यह परम पद विषे इस्थित भया॥ अर परम पद विषे इस्थित हूया अपणे प्रकृत विचार कों करता भया॥ सुमेर पर्वत मंद्राचल पर्वत विषे विचरा करे॥ अर कंदरा विषे ध्यान कर बैठे॥ कबहूं एक दिन बैठा रहे॥ बहुर मास पर्यंत बैठणे लागा॥ बहुर वर्ष पर्यंत बैठा रहा॥ बहुर वरषों के समूह बितीत हो जावे॥ इस प्रकार समाध कर के उथान हूया तब सवे समाध होगई॥ सन्मात्र सामान विषे इस्थित होइ कर विचरता भया परम शांत कों प्राप्त भया॥ ॥ इति श्री उपशम प्रकर्णे उद्दालक विश्रांत वर्ननं नाम सर्गः॥ ॥

रामोवाच॥ हे ब्रह्मन ज्ञान रूपी दिन के प्रकाश कर्ता॥ अर हे संसय रूपी त्रिणों के जलावणे हारे अगन अर हे सूर्य ज्ञान रूपी तम के शीत करता चंद्रमा वसिष्ठ जी सत्ता सामान का रूप कहो है॥

वसिष्ठोवाच॥ हे राम जी जब जगत के असत्यता भाव की भावना कर के चित षीण हो जावे॥ तिस ते सेष जो रहे सो सत्ता समान है॥ जब चित नेरंतर आत्म सत्ता होवे जिस विषे चित लीन हो जावै॥ तब सत्ता समान उदे होवे॥ जो अस्त की न्याई इस्थित है॥ सो सत्ता समान है॥ हे राम जी जब सर्व दृश्य प्रपंच शांत हो जावै॥ अर सुध सम बोध रहे॥ अंतर बाह्य का अवधान मिट जावै॥ तब सर्व जगत एक रूप हो जावे॥ समाध अर उथान एक जैसा हो जावै॥ ऐसी दृष्ट की जो प्राप्त है सो सन्मात्र सामान की प्राप्त है॥ सो देह के विद्यमान ही विदेह रूप है॥ तिस कों तुरीयातीत पद कहते है॥ समाध इस्थित है तो भी केवली रूप है अर उथान विषे होवै तो भी केवली रूप है॥ अर जो अज्ञानी है तिस कों समाध अर उथान तुल्य नहीं होता॥ काहे ते जो ज्ञान ते उपजी समाध उस कों नहीं प्राप्त भई॥ अर ज्ञा जीवन्मुक्त पुरष है॥ इस मते आद ले कर जिन कों ज्ञान दृष्ट प्राप्त भई है॥ नारद ते आद ले कर देव विषय अर ब्रह्मा विष्णु रुद्रादिक अवर भी जो ज्ञानवान पुरुष है॥ सो सत्ता समान विषे इस्थित है॥ तिन कों समाध अर उथान विषे तुल्यता है॥ जैसे आकाश विषे पव

न का सर्व रस्य सुखपद समान है ॥ जैसे प्रथवी विषे जल रस्थत है ॥ अर अगन विषे उसनता रस्थत है सो इसी रस्थत विषे रस्थत है ॥ तिसी पद विषे रस्थत होय कर उदालक विचरता भया ॥ जब लग जगत कोर विषे विचरणे की इछा थी ॥ तब लग ऐसे विचरता भया ॥ जब विदेह मुक्त होणे की इछा भई तब परबत की कंदरा विषे पदमासन करके पदमआसन बांधया ॥ अर बाह्य विषे जो कर इंद्रीयों वो स्पर्श का त्याग कीया ॥ अर अर्ध मेदन ने बंध कीए ॥ काया अर ग्रीवा को सम कीया ॥ अर प्राण वायु को मूला धार चक्र कर के तब ही हा रोकत भया ॥ खेचरी मुद्रा कर के दंतो के से ग दंत मिलाए ॥ अर सर्व संकल्पों का त्याग कीया तब अंतर वायु न ऊर्ध्व न अधरू ॥ भावन अभाव सरब विकल्पों को त्याग कर आत्म मात्र विषे चित की व्रित को जोड़ता भया तब सुइ चिन मात्र विषे चित की व्रत जाय प्राप्त भई ॥ रोम खड़े होय आए तिस अवस्था न को भी त्याग कीया ॥ तब सत्ता समान विश्रंभर पद को प्राप्त भया ॥ परम विश्रांत रूप जो आनंद अनु नंद स्वरूप है ॥ तिस पद को प्राप्त हूया चिरकाल कर के षीण मन हो गया ॥ तब पुतली की न्याई शरीर हो गया ॥ जैसे सरत काल का आकाश निर्मल होता है ॥ तैसे निर्मल पद को प्राप्त भया जिस ने चित उपजाया ॥ तिसी विषे जाय लीन भया ॥ जैसे सूर्ज की किरणा हारअंबर विषे रस होती है ॥ अर सूर्ज ही खेच लेता है ॥ अर जैसे समुंद्र ते तरंग उपज कर समुंद्र विषे लीन होते हैं ॥ तैसे चित लीन हो गया ॥ अर संशय ने संकल्प विलास की याद न साधते रहत भया ॥ अर तिस नंद को प्राप्त भया जिस विषे इंद्रादिकों का आनंद तुछ त्रिणावत भासता है ॥ ऐसा विश्राम स्थान देखो उत्तम पुरषों कर सेवणे योग है ॥ तिस को उदालक प्राप्त भया ॥ अहंता अवस्था समान पद को प्राप्त भया ॥ शांत रूप होत भया ॥ तब केतेक काल पीछे तिस का शरीर गिर पड़ा ॥ जैसे सूर्ज के ते अब घिर पड़ता है ॥ तैसे सूर्य की या किरण कर सूका हूया शरीर वीणा की न्याई होत भया ॥ जैसे वीणा बाजती है ॥ अर तिस का शब्द प्रगट होता है ॥ तैसे जब पवन चले तब तिस सरीर विषे प्रवेश कर निकसे सो वह प्रगट होवे ॥ केतेक काल पीछे सगीते देवता आए ॥ महा अगन वत प्रकास जिन का है ॥ ऐसे देवता आए कर तिस के शरीर के केंद्र विषे मुद्र ब्रषों के फूलों की या माला पहरावत भए ॥ अर मोर के पंख वत सुंदर कर के तिस के आगे नृत्य करन ते वारणे लागे ॥ अरु लीला करके सो भावन भए ॥ अर प्रसन्न भए ॥ हे रामजी उदालक के चित की वृत कलना ते विवेक रूपी वली प्रगट भई ॥ तिस को आत्मानंद रूपी फल उपज्या ॥ अब जिस के हिरदे विषे भी ऐसे फल की सुसंगधता रस्थत होवे सो सर्व भ्रम को तर जावे ॥ जिस को ऐसा विचार प्राप्त होवे ॥ सो सर्व भ्रमों ते मुक्त होवे ॥ इति श्री उपशम प्रकरणे उदालक निर्वाण वर्ननं नाम सर्ग ॥ वसिष्ठो वाच ॥ हे रामजी जिस प्रकार उदालक रिषीसर आत्म पद को प्राप्त भया ॥ तैसे क्रम कर के अपणे आप को विचार कर तुम भी आत्म पद को प्राप्त होवो ॥ हे कमल नैन कर तल्थय ही है जो शास्त्र अर गुरों के वचनों को धार कर जगत भ्रम ते मुक्त होवे ॥ इति श्री उपशम प्रकरणे उदालक निर्वाण वर्ननं नाम सर्ग ॥ वसिष्ठो वाच ॥ हे रामजी जिस प्रकार उदालक रिषीसर आत्म पद को प्राप्त भया ॥ तैसे क्रम कर के अपणे आप को विचार कर तुम भी आत्म पद को प्राप्त होवो ॥ हे कमल नैन कर तल्थय ही है जो शास्त्र अर गुरों के वचनों को धार कर जगत भ्रम ते मुक्त होवणा ॥ अर आत्म पद का अभ्यास करणा ॥ तिस कर शांत पद को प्राप्त होवणा ॥ प्रथम संतों अर शास्त्रों के वाक्य समझीए ॥ तिस कर जो विषय मन ने अर्थ है तिस के अभ्यास विषे बुध को लगाईए ॥ इस प्रकार जब दृढ़ता होवे तब परम पावन पद की प्राप्त होवे ॥ अथवा एक बुध जिस विषे तीषण अभ्यास होवे केवल एक कलना ते रहत सावधान होवे वैराग आदिक संपती ते रहत होवे तो भी अविनासी पद को पावता है ॥ रामो वाच ॥ हे भगवन केई ईश्वर एक ज्ञानवान पुरष समाध विषे रस्थत होते हैं ॥ अर बहुर जगत के व्यवहारों विषे भी विचरते हैं ॥ अर एक समाध विषे रस्थत होते हैं ॥ अर बहुर जगत के व्यवहारों विषे भी विचरते हैं ॥ अर एक समाध रस्थत ही रहते हैं ॥ जगत का व्यवहार नहीं करते ॥ तिन दुभयों विषे श्रेष्ट कौण है ॥ वसिष्ठो वाच ॥ हे रामजी प्रथम ते समाध का लषण सुण ॥ ए तो गुणों का समाहार है देह इंद्रिया मन बुध चित अहंकार ते ले कर जो इन को अनात्म रूप जाणता है ॥ अर आप को केवल इन का साषी चेतन जाणता देषता है ॥ अर इस भाव कर अंतर सीतल है ॥ जिस का जिस का अंतर सीतल होया है तिस का नाम समाध है ॥ सो समाध किस को कहते हैं ॥ अर ध्यान किस को कहते हैं ॥ जो मैत्री करुणा अमानित आदिक गुणों कर रस्थत है या मन आत्मा को विषय कर के शांत को प्राप्त है ॥ तिस को समाध कहीता है ॥ अर जिस को ऐसे निश्चय होता है ॥ जो मे सध चिदानंद स्वरूप हों ॥ अर देहादिकों से बंधते रहत हों ॥ ऐसे निश्चय कर जिस का अंतह करण सीतल होता है ॥ सो कोऊ वन विषे रहो अथवा घर ही विषे रहो ॥ उभय रस्थान उस को तुल्य है ॥ अर वहु अभय पूर्ण तुल्य है ॥ जो अंतःकरण शीतल होवे ॥ सो बडे तपों का फल है ॥ हे रामजी जो इंद्रियों को संजम कर के समाध लगाइ वैठते हैं ॥ अर मन कर जगत के पदार्थों की चितवना करते हैं ॥ तिन की समाध मिथ्या है ॥ वह उनमत की न्याई नित करते हैं ॥ अर जिस के मन विषे वासना कोऊ नाही ॥ अर व्यवहार सदा करता है ॥ कोऊ ज्ञानवान व्यवहार को त्याग कर वन विषे समाध रस्थत हो वैठा है ॥ सो उभय निश्चय कर परम पद को प्राप्त होते हैं ॥ इस विषे संशय नहीं करणा ॥ ज्ञानवान निर्वासी पुरष करता भी दृष्ट आवता है ॥ तो भी अकर्ता ही है ॥ अर अज्ञानी कछु भी नहीं करता पर वासना कर के कर्तत्व भाव को प्राप्त होता है ॥ जैसे कोऊ पुरष कथा श्रवण करणे वैठा है ॥ अर मन किसी अवर दिवार निकस गया ॥ तो सुणता भी नहीं सुणता ॥ तैसे ज्ञानवान का चित आत्म पद की ओर जाय लागा है ॥ ताते वह बहुत करता भी कछु नहीं करता ॥ इस को कर्तत्व का अभिमान कछु नहीं होता ॥ अर वासना सहत जो अज्ञानी सर्व इंद्रियों को रस्थत कर के सोया पड़ा है ॥ तिस को स्वप्न विषे पर्वत ते गिरने कर अनुभव भया ॥ अर कष्ट मान होता है ॥ ताते जहां वासना है तहां दुष भर्म है ॥ अर जहां वासना कछु नहीं तहां ही शान है ॥ हे रामजी जिस चित विषे कर कर्तत्व का अभिमान नहीं ॥ अर निश्चय कर के आप को अकर्ता जाणता है ॥ तिस को केवली भाव समाध विषे रस्थत जाणणा ॥ अर जिस चित विषे कर्तत्व का अभिमान है अर समाध रस्थत भी है तो भी तिस को उत्थान जाणणा ॥ हे रामजी चित को चलावणे का कारण सिमरत है ॥ जो सिमरत जगत की ले कर समाध लगाय वैठता है ॥ तो भी चित वासना कर के विसतार को पावता है ॥ जैसे वीज सों अंकुर उपजता है ॥ अर विस्तार को पावता है ॥ तैसे मन विषे जो सिमरत वासना की होती है ॥ तिस कर चित विस्तार को प्राप्त होता है ॥ अर जो मन सों जगत की सिमरत जाती रहै ॥ अर्थ यह जो जगत का सत भाव निवर्त हो जावे तब चित अचल हो जावे ॥ हे रामजी जिस चित ते वासना नष्ट होती है ॥ तिस को अचल अर रस्थत कहीता है ॥ सो ध्यान विषे रस्थत केवली भाव होता है ॥ अर जिस चित विषे सदा वासना पड़ी फुरती है ॥ तिस को सदा षोभ रहता है ॥ ताते निर्वासी होइ कर परम पद को पावो ॥ अर हे रामजी जिस चित विषे वासना की उत्पन होती है ॥ तहां कर्तत्व का अभिमान पड़ा फुरता है ॥ तिस कर सदा दुषी होता है ॥ अर वासना के षीण भए ते मुक्त होता है ॥ जिस पुरष के चित सों जगत की आस्था निवर्त भई है ॥ अर वीतराग होया है सो स्वछ आत्मा है ॥ तिस को समाध कहीता है ॥ हे रामजी जिस के अंतर ते संसार का राग द्वेष मिट गया है ॥ अर शांत को प्राप्त भया है ॥ तिस को सदा समाध है ॥ ताते चित विषे जो पदार्थों की भावना है तिस को त्याग कर के अपणे स्वभाव विषे

उप. ९

इस्थित होवो॥ तब ग्रह विषे रहो अथवा वन विषे जावो॥ उभय तुम कों तुल्य है॥ अरु हे राम जी जो गृह विषे इस्थित है॥ अरु चित तिन का सदा समाहित है अरु हंकार दोष ते रहत है॥ तिन कों कुटंब अरु जनों के संघट्ट भी वन की न्याई है॥ जैसा उन कों नगर है तैसा ही वन है॥ हे राम जी वन विषे जाय कर समाधि लगाय बैठा है॥ अरु चित की वृत्ति विषयों विषे रहती है॥ तब वह जनता के संघट्टों कों पड़ा देषता है॥ जो चित उस्थान विषे है॥ सो इस पते गिरस्या या है॥ तब जगत भ्रम कों पड़ा देषता है॥ अथवा सषुप्ति विषे जड़ी भूत होता है॥ हे राम जी जो चित आत्म पद विषे निर्वाण होता है तब इस्थित रहता है॥ वह पुरुष सर्व भाव पदार्थों ते आत्मा कों अतीत जानता है॥ अथवा सर्व भाव अभाव आत्मा ही कर जानता है॥ सो समाहित चित कहीता है॥ अरु जिस कों जाग्रत जगत सम्यक भासता है॥ तिस कों माहित चित कहीता है॥ वह उस पुरुष जनता के संघट्ट विषे रहता है॥ तो भी उस का संबंध किसी साथ नही॥ जैसे कोऊ पुरुष राज मार्ग विषे चला जाता है॥ तिस कों किसी अवर मार्ग के पदार्थों साथ सनेह नही होता। तैसे उस पुरुष का अभिमान कर अहं मम भावना ही फुरता॥ जिस पुरुष का मन अंतर स्वच्छ भया है॥ तब शोन करै॥ अथवा वैदे अथवा गमन करै देषन अग्राम सर्व उस कों महा वन रूप भासते है॥ जगत संपूर्ण उस कों प्रकास रूप भासता है॥ जिस पुरुष कों आत्मा विषे अहं मम त्याग भया है तिस कों अंतर स्पर्श नही होता है॥ जिस का अंतर आत्म ज्ञान कर शीतल भया है॥ तिस कों सर्व जगत शीतल रूप भासता है॥ जब लग वह जीवता है॥ तब लग विगत ज्वर होइ कर जीवता है॥ अरु हे राम जी जिस का अंतर त्रिसना कर पजलता है॥ तिस कों सर्व जगत दावा अगन साथ तप्त भासता है॥ हे राम जी यह सर्व जगत इस के चित विषे इस्थित है जैसी भावना चित विषे होती है॥ तिस के अनुसार ही जगत भासता है॥ स्वर्ग भूर लोक वायु आकास पर्वत नदीयां देस काल जेता कछु जगत है॥ सो सर्व चित के अंतर भाव विषे है॥ बाहिर कहा विसतार होइ कर भासता है॥ जैसे वट के बीज विषे वट का विसतार होता है॥ तैसे जगत का विसतार चित विषे होता है॥ अरु बाह्य जो सूर्य आदिक भासते है॥ सो भी चित के अंतर इस्थित है॥ जैसे फूल गिरता है अरु तिस के अंतर की सुगंध बाह्य भासती है॥ अरु ना कछु अंतर है ना कछु बाह्य है॥ जैसे अंतर का चिंतन होता है तैसा ही चेत्यता कर के बाह्य पड़ भासता है॥ एक आत्म सत्ता जगत रूप होइ कर पड़ी भासती है॥ सर्व जगत रूप आत्मा ही है॥ अवर कोऊ न सत है न असत है॥ एक आत्म सत्ता ज्युं की त्युं इस्थित है॥ सो ज्ञानवान पुरुष है॥ तिन कों सदा ऐसे ही भासता है॥ हे राम जी जिस के अंतर शांत है तिस कों सर्व जगत शांत रूप है अरु जिस के अंतर अहं अभिमान है सो नाश रूप है॥ अरु भय कों प्राप्त होता है॥ किसी ओर ते शांत उस कों नही होती॥ स्वर्ग लोक पृथवी वायु आकास पर्वत नदीयां देस काल सर्व कों प्रलय काल की अग्न कर जलते देषता है॥ जैसे जिस कों ताप चढ़ता है तिस कों सर्व जगत तपता भासता है॥ सर आत्म ज्ञानी कों सर्व शांत रूप भासता है॥ जैसे अंध कों सर्व जगत तम रूप भासता है॥ अरु सचक्ष कों सर्व जगत प्रकास रूप भासता है॥ हे राम जी जिस पुरुष कों आत्म पद विषे प्रतीत भई है॥ अरु कर्म इंद्रीयां साथ कर्म भी पड़ा करता है॥ अरु हर्ष शोक के वश नही होता॥ सो समाहित चित कहीता है॥ जो पुरुष सर्व जगत आत्मा कों देषता है बीती कों विचारता नही॥ अरु भविष्यत की इछा नही करता॥ अरु वर्तमान विषे राग द्वेष ते रहत होइ कर विचरता है॥ सो समाहित चित कहीता है॥ हे राम जी जो पुरुष जग की शरब अपरगत कों देष कर हसता है अरु सम पद विषे इस्थित है॥ अरु किसी विषे मन नही करता॥ सो समाहित चित कहीता है॥ अरु जो पुरुष अहंता ममता ते रहत है॥ अरु

जगत के विभाग कल्पना ते भी रहत है॥ चेतन अचेतन भाव जिस कों कछु नही फुरता॥ सो उरूष सत है॥ अरु आकासवत सूक्ष्म है॥ अरु राग द्वेष क्रोधादिक विकारों ते रहत काष्ट लोष्ट के समान हो रहा है॥ अरु सब भूतों कों अपणे समान देषता है॥ अरु अवर के इस कों माटी का ष्ट लोष्ट के समान जान कर इछा नही करता॥ स्वभाव ही कर नही चाहता॥ नही कछु देउ के भय कर त्यागता ऐसे जो देषता है॥ अरु अहंकार ते रहत होता है॥ न जगत के सत भाव कों देषता है॥ न असत भाव कों देषता है॥ न ज्ञान कों देषता है॥ न अज्ञान कों देषता है॥ न जड़ कों देषता है॥ न चेतन कों देषता है॥ केवल अद्वैत तत्व कों देषता है॥ सो महा पद विषे इस्थित है॥ सो उठ षड़ा होवै॥ अथवा बैठै॥ कछु उदे होवै॥ अथवा अभाव होवै॥ अनभोगों विषे रहै अथवा वन विषे जाय रहै॥ अथवा मदरापान कर उनमत होवै॥ अरु निर्त करे वा गंगादिक तीरथों विषे निवास करे॥ अथवा सर्व का संग त्याग कर शांतवान हूया कंद्रा विषे जाइ निवास करे वा शरीर कों चंदन अगर का लेप करे॥ अथवा कीच संग लपटा रहे॥ वा देह अब ही नष्ट होवै॥ वा कल्प पर्यंत रहै तिस पुरुष कों रंचक भी कलंक कदाचित नही सपर्स करता॥ जैसे स्वर्ण कों कीच के मिलणे का दोष नही स्पर्श करता॥ तैसे ज्ञानवान कों कर्तृता का दोष कछु नही स्पर्श करता॥ हे राम जी इस संवित कों अहंता की कलंकता है॥ सो महात्मा पुरुष अहंता ते रहत है॥ ताते स्पर्श नही करते॥ जैसे समियी कों रूप का अभ्यास स्पर्श नही करता॥ तैसे ज्ञानवान कों कछु स्पर्श नही करती॥ हे राम जी अहंता ही कर रहदीन होता है॥ जब अहंता इस कों फुरती है॥ तब अनेक प्रकारों के दुष सुष कों देषता है॥ अरु बार बार जन्म मरण आदिक संकटों कों देषता है॥ अरु भय कों प्राप्त होता है॥ जैसे जेवड़ी विषे किसी कों सर्प भासता है अरु भय पावता है॥ अरु जब भली प्रकार दीपक के प्रकास साथ देषता है॥ तब सर्प भय निवर्त होता है॥ तब निर्भय होय कर विचरता है॥ तैसे अहंता कर के यह दुष भय कों पावता है॥ अरु अहंता के निवर्त हूए शांतवान होता है॥ हे राम जी ज्ञानवान जो कछु कर्म करता है॥ तिस विषे अहंकार अभिमान नही करता॥ ताते करणे विषे उस का अर्थ कछु सिद्ध नही होता॥ अरु जो न ही करता तिस विषे भी अभिमान कछु नही॥ ताते अकरणे कर के उस की कछु हानता नही होती॥ अपणे स्वभाव विषे इस्थित होता है॥ जगत कों भी द्वैत भाव कर नही देषता सर्व आत्म भाव कर देषता है॥ ताते कर्म स्पर्श नही करते॥।।॥ इति श्री उपशम प्रकरणे ज्ञान विचारो नाम सर्ग॥ वसिष्ठोवाच॥ हे राम जी चिंतादिक जो जगत है॥ सो वासनव आत्मा ते कछु भिंन नही॥ आत्म रूपी सर्व है॥ तिस विषे चित अहंता अरु देस काल रूपी तीषनता है॥ जैसे तीषणता मिरच ते भिंन नही॥ तैसे चित अहंता देस काल आत्मा ते भिंन नही॥ जैसे पाषाण विषे कठोरता है॥ तैसे आत्मा विषे जगत है॥ अरु जैसे पर्वत विषे जड़ता है॥ तैसे आत्मा विषे जगत है॥ अरु अहंता है॥ जैसे जल विषे द्रवता है॥ तैसे आत्मा विषे अहंता है॥ जैसे व्रष ते फूल फल पत्र टास भिंन नही होते॥ तैसे आत्मा ते अहं आदिक भेद भिंन नही होते॥ जैसे अग्न विषे उसनता होती है॥ अरु बर्फ विषे शीतलता होती है॥ अरु सूर्य विषे प्रकास होता है॥ अरु जैसे गुड़ विषे मधुरता होती है॥ तैसे आत्मा विषे देस काल की वेदना होती है॥ हे राम जी जैसे मणि विषे प्रकास होता है॥ तैसे आत्मा विषे अहंतादिक होते है॥ जैसे जल ते भिंन तरंग नही होते॥ तैसे आत्मा ते भिंन अहंतादिक नही होते॥ जेता कछु जगत भासता है॥ सो आत्म सत्ता का प्रकास है॥ सो आत्मा अनंत है अरु सर्व विषे पूर्ण है॥ पकही स्वभाव विषे इस्थित है॥ जहा शिला वत घन इस्थित है॥ तिस ते भिंन कछु नही॥ जैसे आकास अपणे भाव विषे इस्थित है॥ तैसे सत केवल आत्म तत्व अपणे आप विषे इस्थित है॥ सो निर्वेदन है पर वेदना भी तिस ते कछु भिंन नही॥ जैसे जल ही तरंग होय भासता है॥ तैसे आत्मा ही वेदना रूप होइ कर भासता है॥ अरु जैसे जल विषे द्रवता भासती है॥ अरु पवन विषे

उ.प.
११

चलताभासता है ॥ तैसे ज्ञानरूप आत्मा विषे अरु देस काल जगत भासता है ॥ हे राम जी जीवणा है सो ज्ञान कर कै होता है ॥ अरु ज्ञानी का जीवणा चैतनमात्र कर कै होता है ताते चिनमात्र अरु जीवो विषे रंचक भी भेद नही ॥ अरु ज्ञात अरु जगत विषे भेद कछु नही एक अखंड सत्ता ही ज्यु की त्यु इस्थित है ॥ हे राम जी सर्व सत्ता एक अज अनादि अनंत महते रहत प्रकाशरूप है ॥ सो चिनमात्र अद्वैत तत्व अपणे आप विषे इस्थित है ॥ अरु अशब्द पद है ॥ जिस विषे वाणी प्रवेश नही कर सकती ॥ अरु जेते कछु वाक्य है सो तिसके जतावणे निमित कहे है ॥ वास्तव ते है तत्व सत कछु नही ॥ एक आत्म तत्व को अपणे हिरदे विषे धार कर के इस्थित होवो ॥॥ इति श्री उपशम प्रकरणे भेद निरासो नाम सर्ग ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे राम जी एक पूरब वृतांत नइ नहा सुन्या है तिसको रिषी अरु कहते है ॥ सो तुम सुनो किरात देस का राजा सुरघु होत भया तिसका यह वृतांत है ॥ सो तिस समय का उपजाव होता है ॥ हे राम जी उत्तर दिशा विषे पृथवी है ॥ तहां सुंदरता गंधता है ॥ मानो कपूर कर के लेपत है ॥ मानो सदा शिव के हंस स्थान एकत्र भए है ॥ हिमालय का संग है ॥ तिसरूप कैलाश पर्वत है ॥ सो सेव पर्वतो ते उत्तम है ॥ अरु महा उज्जल स्वेत है ॥ तैसा विस्नु जी का षीर समुद्र उत्तम उज्जल है ॥ तैसा रुद्र जल समधारी रुद्र जी के निवास इस्थान कैलास पर्वत है ॥ तहां अनंत ही कल्पवृक्ष है ॥ अरु अनेक रतनो के गुच्छे तिनके संग लटकते है ॥ अरु गंगा जी का प्रवाह तहां चला जाता है ॥ अरु वरन नदीयां अरु वरन दच चलते है ॥ अरु अनेक तडाग कमलो संयुगत है ॥ अरु महां सुंदर इस्थान है ॥ जो पास पंछी अनेक है ॥ मानो वृक्ष को नीत नर वनावती है ॥ तिस हमाले के निकट विषे स्वेत ककडी यांजरा वाले किरात रहते है ॥ जैसे वृक्ष के मूल विषे पीलका रहती है ॥ अरु जैसे मानुष के आश्रय जूं अरु लीखा रहती है ॥ तैसे तिस पर्वत के आश्रय जीव किरात देस विषे रहते है ॥ तिस किरात देस का राजा सुरघु होत भया ॥ कैसा राजा लषमी जिसकी भुजा विषे प्रतष है ॥ मानो पराक्रम की मूरत है ॥ अरु वेगवान ऐसा मानो पवन की मूरत है ॥ अरु वैराग्यवान ऐसा जैसा तिन ईश्या ॥ अरु बुधवान ऐसा जैसा ब्रहसपत है ॥ अरु कव ऐसा जैसा सुक्र है अरु राजा ऐसा जैसा राजा इंद्र है ॥ अरु धनी ऐसा मानो कुबेर है ॥ ऐसा सोभावान राज करत भया ॥ अरु भली प्रकार प्रजा की पालना करे ॥ जो सभ मार्ग विषे वरते तिनकी रषा करे ॥ अरु जो पाप कर्म चोरी आदिक करे तिनको दंड देवे ॥ अरु जैसा कर्म आन प्राप्त होवै ॥ तिसको रागद्वेष ते रहत वितीत करे ॥ एक काल विषे अपणे इस्थान विषे इस्थित है ॥ अरु चित विषे इह विचार उपजा जो अनेक कष्ट मैं जीवो को देता हौं ॥ जैसे तिलों को तेली पीडता है ॥ तैसे मैं पापीयों को कष्ट देता हौं ॥ ताते इनको यह न देवों ॥ कष्ट न देवो परंतु इनको दंड दीए बिना राज नही चलता ॥ जैसे जल बिना नदी का प्रवाह नही चलता ॥ अरु जो दंड देता हौं तब वह अति दुष पावते है ॥ ताते मैं का करों ॥ दोनो वार्ता विषे कष्ट है ॥ हे राम जी ऐसे विचार विषे राजा भ्रमता रहे ॥ जैसे वायु विरोले विषे आया त्रिण भ्रमता है ॥ तैसे संशय विषे राजा भ्रमता रहे ॥ तब एक दिन विषे राजा को समीप मांडव मुन आन निकसे ॥ जैसे इंद्र के ग्रह विषे नारद आवै ॥ तैसे राजा के ग्रह विषे मुन आय प्राप्त भया ॥ तब राजे ने मुन का विधपूरवक पूजन कीया ॥ अरु संदेहवान होइकर प्रश्न कीया ॥ सुरघोवाच ॥ हे भगवन सर्व धरम तुम्हारे आगमन कर मैं अत अनंद को प्राप्त भया हौं ॥ जैसे वसंत रित कर कै पृथ्वी प्रफुलत होती है ॥ तैसे तुम्हारे आवणे कर मैं प्रफुलत भया हौं ॥ मैं भी आपको अवपुनवान जानत भया हौं ॥ जो मैं भी पुन्यवानो विषे प्रसिद्ध होवोंगा ॥ काहे ते जो तुम मेरे ग्रह विषे कृपा करी है ॥ जैसे सूर्य के उदय होवणे कर कमल षिड आवते है ॥ तैसे मैं तुम्हारे दरसन कर प्रसंन भया हौं ॥ हे भगवन मुझ को संशय है तिसके निवारणे को तुम योग हौ ॥ जैसे सूर्य के उदे हूए अंधकार नष्ट हो जाता है ॥ तैसे तुमो कर मेरा संसय निवर्त हो जावेगा ॥ जो कोऊ महां पुरुषो का संग करता है तिसका संसय अवनष्ट हो जाता है ॥ अरु संशय परम दुषो का कारण है सो संशय इह है ॥ हे मुनीश्वर जीवो को दुष्ट कर्म करती है तिसको मैं दुष देता हौं ॥ अरु जब उसको दुषी देषता हौं तब मुझ को दया उपजती है अरु जब दंड नही करता तब परजा निर्भय होइकर पाप करती है ॥ इह संशय मुझ को पड़ा षेदता है ॥ जैसे सिंह के नष हसती को षेदते है ॥ ताते कृपावान मुझ को कहो जिसकर मुझ को समता भाव प्राप्त होवे ॥ जैसे सूर्य की किरना सर्व ठौर विषे सम होती है ॥ तैसे इष्ट का अनिष्ट की प्राप्त विषे मैं सम होवे ॥ सो कथा कर मुझको कहो ॥ मांडव उवाच ॥ हे राजन इह तौ अत सुगम है ॥ अरु अपणे अधीन है ॥ आप ही कर सिद्ध होती है ॥ अरु अपणे ग्रह विषे है ॥ हे राजन सर्व उपाधि मन ते उठती है सो मन तुच्छ है ॥ विचार कीए ते निवर्त हो जाता है ॥ जैसे उष्णता कर कै वरफ जमरी हो जाती है ॥ तैसे विचार कीए ते मनन भाव लीन हो जाता है ॥ जब मनन भाव नष्ट हो जाता है तब ताप मिट जाता है ॥ जैसे सीत काल के आगन ते कुहीड नष्ट हो जाती है ॥ तैसे विचार कीए ते मन नष्ट हो जाता है ॥ सो विचार इस प्रकार करे जो मैं कवन हौं अरु देह इंद्रिया का है ॥ अरु जगत का है ॥ अरु जन्म मरण किसको होता है ॥ इस विचार कर के जब तूं अपणे स्वभाव विषे इस्थित होवेगा ॥ तब राग द्वेष जो दे हर्ष सोक सातक कों चलाय न सकेगा ॥ जैसे वायु कर पर्वत चलाइमान होते नही ॥ तैसे तूं अचल रहैगा ॥ हे राजन जब आत्म बोध होवेगा ॥ तब मन अपणे मनन भाव को त्याग देवेगा ॥ तैसे ताप ते रहत अपणे स्वरूप को प्राप्त होवेगा ॥ जैसे तरंग भाव के मिटणे कर जल निर्मल भाव होता है ॥ तैसे तूं अचल होवेगा मन धर्म भी रहेगा ॥ परम ध्य सो अज्ञान नष्ट हो जावेगा ॥ आत्मतत्व ही का भान होवेगा ॥ जैसे काल वही रहता है परस्तु अवर हो जाती है ॥ तैसे मन वही होवेगा ॥ पर स्वभाव अवर ही हो जावेगा ॥ अरु तेरे भ्रत अरु प्रजा भी साधवृतवान हो जावैगी ॥ तेरी आज्ञा के अनुसार ही वरतेगी ॥ अरु तुझ को देष कर प्रसंन होवैगी ॥ हे राजन जब तूं विचार रूपी दीपक संग आत्म रूपी चिंतामण पदार्थ पावेगा ॥ तब तेरी आयु सुमेर अरु समुद्र अरु आकास ते भी दीर्घ हो जावेगी ॥ जब तुझ को आत्म सत्ता प्राप्त होवेगी तब तूं संसार की तुच्छ वृत्ति विषे न डूबेगा ॥ जैसे गोपद के जल विषे हस्ती नही डूबता तैसे तूं राग द्वेष कर न डूबेगा ॥ हे राजन जिनको देह विषे अभिमान है ॥ अरु चित्त विषे वासना है सो तुच्छ संसार की वृत्त विषे पडे डूबते है ॥ जैसे कीच का कीट कीच विषे पडा डुबता है ॥ ताते जेता कछु अनात्म भाव दृश्य है तिसको त्याग कर ॥ जो कछु सेश रहेगा सो परम पद है आत्मतत्व है ॥ हे राजन जो सत वस्तु है तिसको हिरदय विषे धार ॥ अरु जो असत है तिसको त्याग कर ॥ जैसे तब लग सुन्यारीया न्यारे कहीर केकरी को धोवता है ॥ जब लग स्वर्ण नही निकस्या ॥ जब स्वर्ण निकसता है तब धोवणे का त्याग करता है ॥ तैसे तब लग आत्म विचार करतव्य है ॥ जब लग आत्मतत्व का साक्षात्कार नही भया ॥ जब आत्मतत्व का साक्षात्कार होता है ॥ तब विचार संग प्रयोजन नही रहता ॥ हे राजन सर्व विषे अरु सर्व प्रकार सर्वदा काल सर्वात्मा की भावना कर ॥ अथवा जेता कछु दृश्य भाव है ॥ सो सर्व को त्याग कर जो सेष रहेगा ॥ सो तुझ को भास आवैगा ॥ जब लग सर्व दृश्य भाव को त्याग न करेगा तब लग आत्म पद का लाभ न होवेगा ॥ सर्व पदार्थो के त्यागे ते सेष आत्म पद भासेगा ॥ हे राजन जो किसी अवर पदार्थ पावणे का यतन करीता है ॥ तो जब लग अवर को त्याग कर उसका यतन नही करता ॥ तब लग प्राप्त नही होती ॥ तो आत्मतत्व अनन्य होइकर चितवे बिना कैसे प्राप्त होवै ॥ जब संपूर्ण अपणा यतन एक ही ओर लगावता है ॥ तब तिस

पद कों प्राप्त होता है। ताते आत्म पद के पावणे निमित सर्व दृश्य कों त्याग करि सर्व के त्याग की पत्नी सें शेष रहै सो परम पद है। हे राजन सर्व त्याग की पपाछे जो सत्ता तिस का अधिष्ठान रहैगी सो तुम कों आत्म भाव का प्राप्त होवैगी ॥ ॥ ॥ इति श्री उपशम प्रकरणे [illegible] उपदेश वर्णनं नाम सर्गः ॥ ॥

वसिष्ठ उवाच ॥ हे राम जी इस प्रकार महा उत्थम मन करकर अपणे इस्थान कों गमन करते भया। तब सुरघ राजा एकांत बैठ कर विचार करते भया। जो मैं कछु नहीं हों। ना मैं सुमेर हों न मेरा सुमेर है। न मैं जगत हों न मेरा जगत है। न मैं प्रथवी हों न मेरी प्रथवी है न मैं किरात मंडल हों। काहे ते जो यह अपणे भाव विषे इस्थित है। मेरे भाव करतो इस्थित नहीं। जो मैं न होवों तो भी इह ज्युं के त्युं इस्थित है। तो मेरे कैसे होवें और मैं इनका कैसे होवों। न मैं नगर हों न मेरा नगर है। मैं ना अरु रूसती होउ मैं दरब धन अरु इस्त्री पुत्र आदिक जेते कछु पदार्थ है सो न मैं हों न यह मेरे हैं। इनों विषे आसक्त होवणा व्यर्थ है। इन संग मेरा से बंध कछु नहीं। जेते कछु भोगों के समूह है न मैं हों न इह मेरे हैं। भूत कल स सर्व अपणे भाव करके सिद्ध है। मेरा इन संग संकेत कछु नहीं। न मैं राजा हों न मेरा राज है मैं यह एक काकी शरीर मात्र हों। इन विषे मेरा ममत करणा व्यर्थ है। काहे ते जो प्रथवी अपणे संकेत विषे इस्थित है। अरु देस प्रवर्त आदिक अपणे संकेत विषे इस्थित है। अरु देस प्रवत आदिक अपणे संकेत विषे इस्थित है। अरु व्रछ आदिक अपणे संकेत विषे इस्थित है। नगर ग्राम ग्रह विषे काष्ट लोष्ट दृष्टों मितका आदिक सर्व पदार्थ अपणे संकेत विषे इस्थित है। न यह मेरे हों न कोऊ मेरा है। मंत्री अपणे संकेत विषे इस्थित है। अरु राज पद अपणे संकेत विषे इस्थित है। काहे ते जो जब मैं न था तब भी राज संज्ञा थी। अरु राजा राज करते थे। अरु जो मैं न होवोगा तो भी राज संज्ञा होवैगी। अरु राजा राज करैगे। ताते न मैं राजा हों न मेरा राज है। अरु शरीर मात्र विषे जो अहं मानता हों सो भी व्यर्थ है। काहे ते जो हस्त पाद आदिक जिसका मरूप है। ऐसा जो शरीर तिस विषे अनेक अंग है। सो अपणे अपणे संकेत विषे इस्थित है। अरु भिंन भिंन संज्ञा पावते है। रक्त मांस अस्थि मज्जा आदिक अपणे अपणे संकेत विषे इस्थित है। सो मैं न हों न यह मेरे है। इन संग मेरा कछु संबंध नहीं। यह जड है मैं चेतन हों। जैसे जल का स्पर्श कमलों को कछु नहीं। तैसे इन का स्पर्श मुझ कों कछु नहीं। अरु न मैं कर्म इंद्रीया हों न मेरी या कर्म इंद्रीया है। यह तो जड है। न मैं ज्ञान इंद्रीया हों न मेरी या ज्ञान इंद्रीया है। इन ते परे मन है सो भी मैं नहीं। यह तो जड है। मन बुद्धि चित अहंकार यह सर्व अनात्म रूप है। मेरा इनों संग अविद्या करके संबंध है। आन कर के इनों मे अपणा रूप पड ज्ञाणता था। इह सर्व भूतों का कारण है। इन के परे चेतन जीव है। सो चेतन रूप कों चेतने हारा है। सो चेतन चेतनता भी मैं नहीं। इन सर्व ते शेष अचेतन चिन मात्र है सो सत्ता मैं राम रूप है। वडा आश्चर्य है जो मैं अपणा आप पाया। अब मैं जाग्या हों। अरु अपणा स्वरूप पाया है। वडा आश्चर्य है जो मैं अर्थ दृष्यादिकों कों आपणा कर सोक मोह कों प्राप्त होता था। मैं तो एक निर्विकल्प चेतन हों। अरु अनंत आत्मा हों। अरु सर्व विषे व्याप रहा हों। ब्रह्म रूप आत्मा यही है। इंद्रीयों ते आदि ले कर जेते भूत गण है सर्व का आत्मा होय यह भगवान आत्मा सर्व विषे व्यापक है। जैसे सर्व विषे तत्व व्यापक है। तैसे सर्व विषे तत्व व्यापक है। तैसे यह चेतन रूप सर्व तत्व भावों कों धार कर भर रहा है। सर्व भावों विषे व्याप रहा भैरव है। उदे अस्तादिक भाव विकारों ते रहत है। ब्रह्मादिक अरु तृणा पर्यंत सर्व का आत्मा यही है। सर्व प्रकाशों का दीपक प्रकाशणे हारा यही है। अरु संसार रूपी मोतीयों के परोवणे हारा तागा यही है सर्व कार्य कारण यही है। अरु प्रकारों ते रहत है अरु शरीर आदिक सर्व दृस की सत्ता कर उपलवध रूप होते है। शरीर रूपी रथ इसी कर चलता है। अरु वस्तु ते शरीरादिक कछु वस्तु नहीं। यह जगत चित्त रूपी नट की नृत्य लीला रूप है। चित्त विषे जगत पडा फुरता है। वास्तव ते अवर कछु नहीं वस्तु। अन कष्ट अन कष्ट था। जो मैं व्यर्थ नगर अनगर की चिंता पडा करता था। यह तो गुणों का प्रवाह है। मैं इन विषे कछु शोक वान होता था। अब आश्चर्य है जो असत रूप जगत भ्रम मुक कों सतवत पडा भान होता था। अब मैं निश्चै करकै सम प्रबोध भया हों। अरु दुर दर्सन भ्रम मेरा मिट गया है। दृष्टा की जो अपल दृष्ट है सो मैं देखी है। तिस कों प्राप्त भया हों। जैती कछु दृश्य है तिस कों मैं स्वरूप ते देख्या है। अरु अहं मम आदिक दुखों का मैं इह मेरा मिट गया है। मैं सर्व चिदानंद स्वरूप आत्मा हों। तिन सबद अनंत आत्मा अपणे आप विषे इस्थित है। नगर का अरु नगर का घर कलेस कछु नहीं। न कोऊ सुष दे न दुष दे सर्व ब्रह्म है। अवर है न कछु वस्तु नहीं। राग किस का करों अरु द्वेष किस संग करों मैं मिथ्या भ्रमता कों आप्त होइ कर दुखी होता था। अब कल्याण भया है। जो मैं विचार करके अपणे आप स्वरूप व भाव विषे इस्थित भया हों। ऐसे आत्मा के साक्षात करने ते रहत दुखी था। इस का ज्ञान पाइ कर अब किस का शोक करों। अरु कैसे मोह कों प्राप्त होवों। अब मैं का देखों अरु का करों। अरु कहां इस्थित होवों। अब कहां गमन करों। यह सर्व जगत आत्मा के प्रकाश कर भासता है सर्व आत्म रूप है। ताते नमस्कार है नम। हे अनंत रूप निष्कलंक हे दृष्टलमारी। आश्चर्य यह जो तनों की उपाध रहत है। मैं अमम सम्यक ज्ञानवान भया हों। ताते नमस्कार है मेरी मुझ कों। मैं अनंत आत्मा हों। अब भव रूपी भूम ते रहत निष्कलंक सर्व इछा ते रहत मसंषमवन शांत रूप हों अचेत चिनमात्र सदा अपणे आप विषे इस्थित हों ॥ ॥ ॥ इति श्री उपशम प्रकरणे सुरघ विश्रान वर्णनं नाम सर्गः ॥ ॥

सिष्ठ उवाच ॥ हे राम जी इस प्रकार स्वेत जटा रूप जो है किरातन तिन का राजा परमानंद पद कों प्राप्त भया। इस प्रकार विचार अभियास करकै चस्वरूप भया। ब्रह्म बोध रूप्या अनेक राज के कार्यों कों करते भया। जैसे सूर्य इष्ट अनिष्ट विषे सम है विगत ज्वर होइ कर दिन कों विनीत करता है। तैसे राग द्वेष ते रहत राज कार्य करते भया। जैसे जल ऊंची अरु नीची ठौर विषे गमन करता है। वहिता है अपणे जल भाव कों नहीं त्यागता सम ही रहता है। तैसे राजा हर्ष शोक ते रहत होय कर राज कार्यों कों करते भया। अरु अपणे स्वभाव कों न त्यागत भया। आतम रूप कों धारे हुए विचरती भया। सुषमवत व्रत होतासी। संसार भाव का फुरणा कछु न करे। जैसे वायु ते रहत दीपक प्रकाशता है। तैसे सम उप्रकास कों धारत भया। हे राम जी दया करता इष्ट आवै पर उस की दृष्ट विषे कछु दया नहीं। अरु दया ते रहत भी अवगों कों इष्ट आवै। पर उस की दृष्ट विषे कछु निरदया नहीं। न कछु सुष न दुष न अर्थ न अनर्थ न। सर्व पदार्थों विषे एक आत्म भाव देषे। अरु अंतर ते पूर्नमासी के चंद्रमा वत सीतल रहे। अरु आत्मा का कचन रूप जगत कों जाणत भया। सुष दुःख का जो भाव है। सो शांत होगया। अरु शोक करना विलास करता मन होता इस्थित होता चलता श्वास लेता अरु शब्द स्पर्श रूप रस गंध विषयों कों ग्रहण करते भी राग द्वेष कों न प्राप्त भया। जैसे पाषाण विषे फुरणा कछु नहीं होता। तैसे कर्त्तत्व का अभिमान कछु न फुरे। सर्व क्रिया कों कर्ता भी निहसंग रहे। जैसे जल विषे कमल अलेप रहता है। तैसे राजा राज विषे निरलेप होइ कर जीवन मुक्त होत भया। अनेक शत वर्षों को वीतावत भया। तिस के अनंतर शरीर कों त्यागत भया। जैसे वर्षा का कणका सूर्य के तेज कर जलमय हो जाता है। तैसे शरीर अपणे भाव कों त्याग कर आत्म सत्ता विषे लीन हो गया। अरु जैसे नदी समुद्र विषे लीन होजाती है। समुद्र ते इतर नहीं भासती। तैसे सुरघ अपणे भाव कों त्याग कर परम ब्रह्म होत भया। कलना रूपी मैल कों त्याग कर ऊजल भाव कों प्राप्त होत भया। जैसे शरत काल का आकास निर्मल होता है। तैसे निर्मल चिदानंद स्यात भाव कों प्राप्त भया। जैसे घट के फूटे घटाकास महाकास होजाता है। तैसे सुरघ पूर्न ब्रह्म सचिदानंद तत्व होत भया ॥ ॥ ॥ इति श्री उपशम प्रकरणे सुरघ वृतांत समाप्त नाम सर्गः ॥

वसिष्ठ उवाच ॥ हे राम जी तुम भी इसी दृष्ट कों आश्रय करकै विचरों। तब भय मिट जावै। जैसे महा घोर तम विषे बालक भय कों पावता है। अरु जब दीपक का प्रकाश भया तब निरभय होता है। तैसे संसार रूपी घोर तम विषे आया पुरुष भय पावता है। जब ज्ञान रूपी दीपक उदे भया तब निरभय होता है। हे राम जी आत्म विचार

उ·प्र·
२२

12

विषे जब कछु भी इस का चित विश्राम पावता है ॥ तब तिस विश्राम कों आश्रय करकै संसार समुद्र ते निकस जाता है ॥ जैसे दोप विषे गिरते कों त्रिण का बूटा हाथ लागे तौ भी तिस कों आश्रय करके निकस आवता है ॥ हे रामजी इह पावन दृष्ट मैने तुम कों कही है ॥ इस कों चित विषे विचार ॥ परस्पर मिल कर उदाहरणों से दृढ अभ्यास करके नित एक समाध विषे इस्थत होवो ॥ अरु अपम का भय वला होइ कर लोक विषे विचरो ॥ रामउवाच ॥ हे मुनीश्वर एक समाध किस कों कहीए ॥ अरु एक समाध कैसे होती है ॥ सो कहो जो मेरा चित इस्थत होवै ॥ अब तौ पड़ा फुरता है ॥ जैसे वायु करकै मयुर का पङ्ख पड़ा हलता है ॥ तैसे चित सदा चंचल रूप पड़ा फुरता है ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जब सुरघु बुध भया था तब तिस का परघ राजा साथ संवाद हूया है ॥ सो महा अद्भुत संवाद है ॥ तिस कों स्रवण करके तुम विचारोगे तब एक समाधवान होवोगे ॥ जो उनो मिल कर परस्पर चरचा करी है ॥ तिस कों स्रवण करो ॥ हे रामजी पारस देस का राजा जो महा वीर था ॥ अरु परघु तिस का नाम था सो सुरघु का मित्र था ॥ जैसे नंदन वन विषे कामदेव अरु वसंत का मित्र भाव होता है ॥ तैसे सुरघु अरु परघ का मित्र भाव होता भया ॥ एक काल विषे परघ के देस मों प्रलय बिना मलय की न्याई होत भई ॥ तिस कर सर्व जीव दुख पावणे लागे ॥ प्रजा के जीवों की जो पाप बुध थी तिस का फल आय प्राप्त भया ॥ जैसे प्रलय काल विषे जीवों की बुध भ्रष्ट कर नास होते है ॥ तैसे जीवों की बुध भ्रष्ट कर नास होते है ॥ तैसे जीवों की बुध भ्रष्ट कर महा दुरभिष आन परी ॥ कोई इक छुधा कर मृतक होत भये ॥ कोई एक अग्न विषे जल गए ॥ कोई वार विवाद करके मर गए ॥ प्रजा के जीव अत कष्ट कों प्राप्त भए ॥ पर आप राजे कों दुख कछु न भया ॥ जैसे स्वथ मनुष कों नाह स्पर्श नही करता ॥ तैसे राजा कों दुख न स्पर्श करे ॥ जब प्रजा अति दुख पाया ॥ तब राजा प्रजा कों दुखी देखत भया ॥ पर प्रजा के कष्ट निवारणे कों समर्थ न भया ॥ तिस कर संताप पाया अरु कुटंब कों त्यागत भया ॥ जैसे बन कों अगन लागती है ॥ अरु पसु पंषी बन कों त्याग जाते है ॥ तैसे त्यागता भया ॥ तब एक पर्वत की कंदरा विषे जाइ कर तप करते भया ॥ सो कैसा तप कीया जैसा जिनेंद्र तप कीया था ॥ फल पत्र आदिकों का भोजन भी त्याग दीया ॥ सूके पत्रों का भोजन करने भया ॥ जैसे अग्न बसत के पत्रों का भोजन करते है ॥ तिस कर तिस का नाम प्रणाद होन भया ॥ एकांत तप करणे करणे दीप विषे तिस का नाम प्रणाद प्रसिद्ध होत भया ॥ अर तप का निमित थी जो चित की वृत आत्मपद विषे जो उन भया ॥ सहस्र वर्ष पर्यंत तप कीया ॥ जब अभ्यास कर चित इस्थत भए ते केवल ज्ञान स्वरूप आत्म तत प्रकाश आया ॥ तब सर्व तप सिद्ध भए ॥ तिस कर राग द्वेष ते रहत अक्रिय सम दरसी जीवन मुक्त होइ कर निर्भय त्रिलोकी रूपी मही विषे विचरता भया ॥ सिद्धों के अस्थानों विषे जावे ॥ जैसे सरोवर विषे कमलों के निकट है सो कों भ्रमर जाइ मिलता है ॥ तैसे सिद्धों कों राजा जाय मिले ॥ ऐसे विचरते विचरते एक समे अकस्मात किरातन देस विषे आय प्राप्त भया ॥ तिस देस का राजा सुरघु पूर्व मित्र कों देषकर उठ दौड़ता भया ॥ परस्पर कंठ मिले ॥ उभय ज्ञान ते युक्त थे अरु परस्पर भाव करके एक ही आसन पर इस्थत भए ॥ अरु परस्पर कुसल प्रस्न पूछन भए ॥ प्रथम परघ बोलत भया ॥ परघोवाच ॥ हे सुरघु तेरे दर्सन करके मै परमानंद कों प्राप्त भया हों ॥ जैसे चंद्रमा के मंडल विषे जाय कर कोउ अनंदमान होता है ॥ तैसे मै आनंदमान भया हों ॥ मित्र का जो वियोग होता है ॥ तब अनस्पीत बहुती है ॥ जैसे वृष कों ऊपर सों काटते बड़ उअन विसना हो जाता है ॥ हे साध अब मै भी ज्ञानवान भया हों ॥ अरु तुम भी सो उव रिष के प्रसाद अरु आत्म प्रसाद कर ज्ञान कों पावत भए हो ॥ हे राजन अब तुम दुख इंद्री ते मुक्त भए कैंा ॥ अरु विश्रांत कों भी प्राप्त भए होवो ॥ अरु आत्मपद स्यावरो की जो वडियाई है ॥ सो सुमेर आदि के ते भी ऊची है ॥ तिस कों तुम प्राप्त भए हो कों ॥ अब परम कल्याण वान तौ भए हो कैंा ॥ अरु आत्मराम भया है कों ॥ अरु तें राग द्वेष मल ते रहत भया है कों ॥ जैसे सरत काल का तड़ाक निर्मल होता है ॥ तैसे निर्मल भए हो कैसो ॥ अरु सर्व का जो कर्ता सम भाव विषे रहता है कों ॥ अरु आप आध व्याध ताप ते रहत भए कों ॥ अरु तेरी प्रजा भी विगत ज्वर भई है कों ॥ अरु धन राजन माल षेत्र विषे कुसल है ॥ अरु दसो दिसा विषे तेरी कीरत प्रसर रही है कों ॥ जैसे चंद्रमा की सीतलता प्रसर जाती है ॥ तैसे तेरी कीरत कों ग्राम नगर विषे कन्या गावती या है कों ॥ हे राजन प्रजा भृत पुत्र कलत्र सर्व आध व्याध ते रहत भए है कों ॥ अरु आपातरमणीय ते विषय पदार्थ है ॥ तिन विषे अब तेरी प्रीत तौ नही कों ॥ अरु त्रिसना रूपी सर्पणी तुझ कों डसती नही कों ॥ हे राजन तुमारी अरु हमारी मित्रताई थी सो समे पाइ कर तुम कहा रहे ॥ अरु हम कहा रहे ॥ अब बहुर एकत्र आन भए है ॥ वड़ा आश्चर्य है ॥ ईश्वर की नेत जाणी नही जाती ॥ सुष का दुष हो जाता है ॥ अरु दुख गए ते बहुर सुख हो जाता है ॥ संसार की दसा आगमापाई है ॥ संयोग का वियोग हो जाता है ॥ अरु वियोग का संयोग हो जाता है ॥ तैसे तुमारा हमारा संयोग का वियोग होता भया था अब बहुर वियोग का संयोग आन भया है ॥ वड़ा आश्चर्य है ईश्वर की नेत जाणी नही जाती सुरघोवाच ॥ हे भगवन देव जो प्रमात्मा है ॥ तिस की नेत कों जाण न ही सकता महा गंभीर है विसमय कों देवणे हारी है ॥ तुमारा हमारा वियोग भया तब दूर ते दूर जाइ पड़े ॥ तुम कहां अरु हम सर्व कों दुरविज्ञेय है जाणी नही जाती ॥ अरु तुम जो मुझ कों कुशल पूछिया सो तुमारे आगमन ही जो पुंन है ॥ तिस कर मै परम पावन भया हों ॥ तुमारे दर्सन कर सर्व पाप नास हो जाते है ॥ आज हम कों पुंनों का फल प्राप्त भया है ॥ जो तुमारा दर्सन भया है ॥ अब जेती कछु कीरत अरु संपदा है ॥ सो अब मुझ कों प्राप्त भई है ॥ हे भगवन संतों का जो आगमन है सो अंम्रत ते भी अधिक मिष्ट है ॥ जैसे ग्रीष्म तऊ रणे ते द्रवता है ॥ तैसे तुमारे दर्सन अरु बचनो कर परमार्थ रूपी अंम्रत द्रवता है ॥ तिस कों पाइ कर जीव निरभय पद कों प्राप्त होते है ॥ संतों का मिलाप परम पद का सरोवर है ॥ तिस कर हम अब परम सुख कों प्राप्त भए है ॥।॥ इति श्री उपशम प्रकरणे सुरघु परघ समागम वर्णनं नाम स र्गः ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जब इस प्रकार पूर्व वृतांत परस्पर भाव करते रहे तब बहुर परघ बोलत भया ॥ पर वा ॥ हे राजन जो जो समाहित चित इस्तत गत ताल विषे कर्म कर्ता है सो सुख रूप होता है ॥ अब संकल्प ते रहत जो परम विश्रांत है ॥ अरु परम उपशम समाध है तिस विषे तुम इस्थत भए हो कों ॥ सु र घो च ॥ हे भगवन तुम सर्व संकल्पन ते रहत परम उपशम समाध किस कों कहते है ॥ जो ज्ञानवान महात्मा पुरुष है ॥ सो नत्सीर है अथवा अवहार करे ॥ वह असमाहित चित कर चित नही होते ॥ हे साध नित प्रबुध जिन का चित न ही ॥ अरु जगत के काज भी पड़े करते है अरु आत्म तत्व विषे इस्थत है ॥ तौ वह सर्वदा समाध विषे इस्थत है ॥ अरु जो पदमासन बांध कर बैठा है ॥ अरु ब्रह्म अंजली हाथ राषता है ॥ अरु चित आत्म पद विषे नही इस्थत होता विश्रांत कों नही पावता तौ इस कों समाध कहा है ॥ वह समाधान नही कहीता ॥ हे भगवन परमार्थ तत्व जो बोध है ॥ सो सर्व आसा रूपी त्रिणों कों जलावणेहारी अगन है ॥ ऐसी निरासी रूपी जो समाध है ॥ सो समाध कहीती है ॥ तैलीन रूपणों का नाम तो समाध नही ॥ हे साध चित जिस का सदा समाहित अरु नित तृप्त है ॥ सो सदा समाध इस्थत है ॥ अरु हे साध जेता कछु जगत दृष्ट आवता है ॥ सो आत्मा ते भिंन कछु वस्त नही ॥ जैसे सीतलता बिना बर्फ नही पाईती ॥ अरु जैसे स्यामता बिना काजर नही पाईता ॥ तैसे आत्मा ते भिंन जगत नही पाईता ॥ हे साध जिस कों आत्मा ते इतर कोऊ पदार्थ नही भासता तिस कों उथ्यान कैसे होवै सर्वदा मै बोध रूप हों अरु सर्वदा निर्मल हों ॥ सर्वदा सर्वात्मा समाहित चित हों ॥ ताते उथ्यान मुझ कों कदाचित नही ॥ आत्मा ते इतर मुझ कों कोऊ पदार्थ भासता नही ॥ सर्व प्रकार आत्मा तत्व ही भासता है ॥ हे साध आत्म तत्व सर्व कों जाणने योग है ॥ सर्वदा सर्व ओर सर्व प्रकार सर्वात्मा इस्थत है ॥ वहुड समाध अरु उथ्यान कैसे होवै ॥ अरु जिन कों काज करणे विषे भाग कल्पना नही करती ॥ अन आत्म तत्व विषे इस्थत है ॥ तिन कों समाहित अरु असमाध का कहीए ॥ अन आत्मतत्व विषे इस्थत है ॥ तिन कों समाहित अरु अस

उ·प्र·
९७

माथकाकहीये॥ समाधुअरउत्थानकाभेदवास्तवकछुनही॥ आत्मतत्वसदाअपुणेआपविषेइस्थ
तहै॥ द्वैतभेदकछुनही॥ तौसमाहितअसमाहितकाकहीये॥॥ इतिश्रीउपशमप्रकरणेसमाध
निश्चयोवर्ननंनामसर्गः॥ वसिष्टोवाच॥ हेराजननिश्चयकरकेप्रवर्ततागाहै॥ अरपरमपदकों
प्राप्तभयाहै॥ अरसरनमासीकेचंद्रमावतशीतलअंतःकरणभयाहै॥ अरमुखकमलतमारापमें
सोभायमानभयाहै॥ अरब्राह्मीलक्ष्मीकरकेपरमानंदसोंपूरनभयाहै॥ शीतलअरमनिगदते
रहितहृदयकमलविराजताहै॥ निर्मलविस्तारअरगंभीरतातेरीमनकोंप्रगटभासतीहै॥ अरअपने
कारूपीमेघतेरानष्टहोगयाहै॥ सतकालकेआकासवतनिर्मलस्वच्छहै॥ हेराजनअवतेरा
कोंसर्वत्रस्वसरूपअरनष्टहूताहै॥ अरकिसीविषेरागनही॥ वीतरागहोइकरविराजताहै॥ अरसार
असारकोंतुमभलीप्रकारजाणयाहै॥ अरजाणकरसंसारअसाररूपीसमुद्रकेपारकोंप्राप्तभ
याहै॥ अरमहाबोधकोंध्यांकानेंज्ञानकरअषंडस्थितसिसीविषेपाईहै॥ भावअभावपदार्थ
होनोकोंतेंजाणतभयाहै॥ सबअरसमजोजगतकेलोलपपदार्थ॥ तिनतेमुक्तभयाहै॥ अररता
अरशांतआशयहूयाहै॥ अरवस्तुअवस्तुअर्थयहजोभलाअरबुराग्रहणअरत्यागतेंतूनिवर्त
होगयाहै॥ अररागद्वेषतस्कारूपीमेघवादरोतेंरहतनिर्मलआकासवतसोभताहै॥ अरअपणे
आपकरतृप्तभयाहै॥ कछुइच्छातुझकोंनहीरही॥ रामउवाच॥ हेमुनीश्वरइसजगतविषे
ग्रहणकरणेयोगवस्तुकोउनही॥ जेतेककछुदृश्यपदार्थहै॥ सोसर्वआभासरूपहै॥ तोकिसकों
ग्रहणकरीये॥ अरजोकहीयेग्रहणयोगनही तोत्यागकीकरीतौआभासरूपपदार्थोकात्याग
काकरीये॥ काहेतेंजोहैहीनहीसर्वतुछपदार्थहै॥ जैसेमरजलकीनदीकिरणोंविषेजलभास
ताहै॥ तोजलआभासकाकवणअंगत्यागकीयेअरकवनअंगग्रहणकरीये॥ तैसेयहजगतहै॥
हेमुनीश्वरजगतविषेएकतुछपदार्थहै॥ अरएकअतुछपदार्थहै॥ जोअल्पकालविषेनष्ट
होजातेहैसोतुछहै॥ अरजोदीर्घकालपर्यंतरहतेहैसोअतुछहै॥ सोदोनोकालतेंउपजेअ
रकालहीकरनष्टहोतेहै॥ जवमेंअकालस्वरूपआत्माकोंदेषयातवदोनोतुल्यहोगए॥ वह
इच्छाकिसकीकरां॥ अर्थयहमोइच्छाकछुनही॥ हेमुनीश्वरजोरमणीकपदार्थजाणीताहै
तिसकीइच्छाभीकरीतीहै॥ सोत्रिलोकीविषेरमणीकपदार्थतोकोउनही॥ सर्वतुछपदार्थ
है॥ असारतासरूपहै॥ अरजीवोंकोंजोवडेपदार्थभासतेहै॥ सोअविचारकरकेभासतेहै॥ श
ब्दस्पर्शरूपरसगंधजेतेककछुइंद्रीयोकेविषेहै सोसर्वअसाररूपहै॥ इसजीवोकोंवडापदा
र्थजाणतेहै॥ सोवासनासेषणेमात्रसुंदरहै॥ अंतरतेमासरक्तविष्ठामूत्रकीलोथडीहै॥ इस
विषेसारकछुनही॥ अरपर्वततनोवडेपदार्थहै॥ सोपाषाणवडेहैसमुंदहैसोजलहै॥ अरवनहै॥
सोकाष्ठपत्रहै॥ इत्यादिकजेतेककछुपदार्थहैसोसर्वअपामरमणीयहै॥ अर्थयहजोविचारविनासुं
दरभासतेहै॥ इनकीजोइच्छाकरतेहै॥ सोअपणेनासकेनिमितकरतेहै॥ जैसेपतंगजोदीपककी
इच्छाकरताहै॥ सोअपणेनासकेनिमितकरताहै॥ अरजैसेमृगनादश्रवणकीइच्छाकरताहै॥
तवनष्टहोताहै॥ तैसेजोविषयोंकीत्रिसनाकरतेहै॥ सोअपणेनासकेनिमितकरतेहै॥ तातेविचा
रतेरहतअज्ञानीहै॥ अरजोसम्यकदरसीज्ञानवानहै॥ सोरमणीकज्ञानकरकिसीजगत
केपदार्थकीइच्छानहीकरते॥ जैसेसूर्यकेअस्तभयतेप्रकाशकाअभावहोजाताहै॥ तैसेराग
पदार्थोविषेउठगया॥ तवत्रिसनाकिसविषेरहे॥ हेसाधोरागद्वेषरूपकाष्ठहणसागजेतेककछु
विकारहै॥ तिनसरवोतेंरहतमैंशुद्धआत्मतत्वविषेस्थितहों॥ वहुतकहणेकरक्याहै॥ जि
सपुरुषकेमनतेंवासनानष्टभईयाहै॥ सोउपशमवानकल्याणमूर्त्तपरमपदकोंप्राप्तहोता
है॥ संसारसमुद्रकोंतरजाताहै॥॥ इतिश्रीउपशमप्रकरणेरामसुखस्वरूपनिश्चयवर्ननंनामस
र्गः॥ वसिष्टोवाच॥ हेरामजीइसप्रकाररघुवरघुजगतकोंभ्रमरूपविचारतभए॥ विचारक
रकेपरमपरगुरुजाणकरपूजनकीया॥ तवपर्वेइछतउछातकोंगमनकर्तेभए॥ हेरामजीयह
जोमैंतुझकोंइनकापरस्परसंवादश्रवणकरायाहै॥ सोपरमबोधकाकारणहै॥ इसविचारके
क्रमकरकेवोधकोंप्राप्तहोताहै॥ जोपाणबुद्धकरकेजवविचारकरेगा॥ तवअहंकाररूपीवाद

रकाअभावहोतावेगा॥ अरसदाहिरदेरूपीआकासविषेआत्मरूपीसूर्यकासाक्षात्कारहोवे
गा॥ तातेतुमआत्मपदलाभकेनिमितअहंकाररूपीवादरकेअभावकायतनकरो॥ सोआत्मासम
है॥ सर्वआनंदकीसंपदाहै॥ चिदाकासहैतिसविषेस्थितपावेगा॥ हेरामजीजोपुरुषनितअंत
रमुखअध्यात्ममयहै॥ अरनितचिदानंदविषेचितकोंजोडताहै॥ सोसदासुषीहै॥ तिसको
शोककदाचितनहीहोता॥ अरजोपुरुषआत्मपदविषेस्थितहूयाहै॥ सोवडेविवहारकरेअर
रागद्वेषमनविषेहोवे॥ तोभीतिसकोंकलेसकछुनहीस्पर्शकरता॥ जैसेकमलजलविषेदृष्ट
आवताहै॥ तोभीऊचाहीरहताहै॥ जलउसकोंस्पर्शनहीकरसकता॥ तैसेज्ञानवानकोंराग
द्वेषव्यवहारकाअंतरस्पर्शनहीहोता॥ हेरामजीजिसकामनअंतरतेशांतभयाहै॥ तिसकों
संसारकेइष्टअनिष्टपदार्थदुखनहीदेते॥ जैसेसिंहकोंमृगादुखनहीदेसकते॥ तैसेज्ञानवान
कोंजगतकेपदार्थदुखनहीदेसकते॥ जिसपुरुषकोंआत्मानंदप्राप्तभयाहै॥ तिसकोंविषयों
कीहत्सानहीरहती॥ वहविषयोंकेनिमितदीननहीहोता॥ जैसेजोपुरुषनंदनवनविषेइस्थ
तभयाहै॥ सोकिसकरकेत्रषाकीइच्छानहीकरता॥ तैसेज्ञानवानकोंजगतकेपदारथोंकी
इच्छानहीहोती॥ हेरामजीजिसपुरुषअविद्यारूपजगतकोंजाणकरत्यागकीयाहै॥
तिसकेचितकोंजगतकेपदार्थदुखनहीदेसकते॥ जैसेविरक्तकीइस्त्रीमरजावे॥ तवउस
कोंदुखनहीहोता॥ तैसेज्ञानवानकोंजगतकेपदार्थइष्टअनिष्टनष्टभएदुखनहीहोता॥ जि
सपुरुषकोंआत्मबोधहूयाहै॥ अरसंसारकाकारणमोहनिवर्तभयाहै॥ सोजगतकेकाम
करतीभीदृष्टआवताहै॥ तोभीउसकोंस्पर्शनहीकरते॥ जैसेअंधकारआकाशविषेदृष्टआ
वताहै॥ परप्रकासकोंस्पर्शनहीकरता॥ तैसेज्ञानवानकोंकर्मस्पर्शनहीकरते॥ हेरामजी
अविद्याकेनिवर्तकाकारणविद्याकाजाणनाहै॥ अवरकिसीउपावकरनिवर्तनहीहोती॥
जैसेप्रकासविनातमनहीनिवर्तहोता॥ तैसेअविद्याविचारविनानहीनिवर्तहोती॥ अ
विचारहीकानामअविद्याहै॥ अरविचारहीकानामविद्याहै॥ जवअविद्यानष्टहोवेगीत
वष्टीवेंभोगसंपदानदेवेंगे॥ आत्मानंदकरतृप्तवानरहेगा॥ हेरामजीज्ञानवानकोंइंद्री
योकेव्यवहारअंधनहीकरसकते॥ जैसेजलविषेमीनअंधनहीहोती॥ अवरअंधहोजातेहै
तैसेज्ञानवानव्यवहारविषेअंधनहीहोते॥ अवरजीवअंधहोजातेहै॥ जवज्ञानरूपीसूर
जउदेहोताहै॥ तवअज्ञानरूपीरात्रनिवर्तहोजातीहै॥ अरचितपरमानंदकोंप्राप्तहोताहै
अररागद्वेषरूपीनिसाचरनष्टहोजातेहै॥ वहुडमोहकोंप्राप्तनहीहोता॥ जिसकेहिरदेआ
काशविषेआत्मज्ञानरूपीचंद्रमाप्रकासताहै॥ तिसकाजनमअरकुसलफलहोताहै॥ जै
सेपूरनमासीकाचंद्रमाअपणेअमृतकोंपाइकरअपनेविषेसीतलहोताहै॥ तैसेजिसपु
षेआत्मचितवनाकाअभ्यासकीयाहै॥ सोसांतकोंपावेगा॥ हेरामजीवोधभीवहीश्रेष्ट
है॥ अरमित्रभीवहीहै॥ अरसास्त्रभीवहीहै॥ जिसकरसंसारतेवैराग्यउपजे॥ अरआत्मतत्व
कीचितवनाउपजे॥ तवआत्मतत्वपदकोंपावताहै॥ तवसर्वकलेसमिटजातेहै॥ अरजिन
कोंआत्मचितवनाविषेरुचिनहीतेमहाअभागीहै॥ चिरपर्यंतकरकष्टपावेंगे॥ जनमरूपीउ
द्यानकेवृषहोवेंगे॥ हेरामजीजीवरूपी॥ जीवरूपीवलदहै॥ अरआसारूपीअनेकफांसीयो
करबांधाहै॥ अरजराअवस्थारूपीपाषाणोंकेमारीकरकेजरजरीभावहोताहै॥ अरभो
गरूपीनलावडीगातेविषेगिरयाहै॥ अरकरमरूपीभारकोंलीएजनमरूपीउद्यानवि
षेपडाभरताहूया॥ इच्छारूपीकीचविषेफसिया॥ रागद्वेषरूपीमछरोंकरडंसीताहै॥ अरस
नेहरूपीनथकरपकडाहूयापडाखैचीताहै॥ अरपचरससत्रीपादिकोंकीममतारूपीजल
विषेपडाभोगतेषाताहै॥ अरमहासंसाररूपीमारगविषेकर्मरूपीरथसंगजोडयाहै॥ अरकु
परसोंअज्ञानरूपीतमकरजलताहै॥ अरमनसासत्रअरसंतजनरूपीव्रषकीछायान
हीपावता॥ हेरामजीऐसाजोजीवरूपीवलदहै॥ सोनिकसणेकायतननकरे॥ जवलगका
अविलोकनकरेगा॥ तवचितनष्टहोजावेगा॥ हेरामजीसंसाररूपीजोसमुंदहैतिस

केनरहोकाउपाउअवणाकरु॥ महापुरुषजोसंतजनहैंसोमल्लाहहैं॥ अरतिनकीयुक्तरूपी
नहाजहोवे॥ तिसकरसंसाररूपीभयानकसमुद्रकोंतरजावे॥ अवरउपाइकोऊनहीं॥ जिसदे
सविषेसंतजनरूपीब्रिषनहीं॥ जिनकीफलोंसेयुक्तसीतलछायाहोतीहै॥ तिसनिरजन
देसरूपीमारुथलविषेएकदिवसभीनरहणावाहीए॥ हेरामजीसंतजनरूपीकैसेब्रिषहैं॥ स
तिगाधुअरसीतलवचनरूपीजिनकेपत्रहैं॥ अप्रसंनताउनकेफूलहैं॥ अरउनकेनिश्चय
केउपदेसरूपीजोवचनहैंसोफलहैं॥ जबइहपुरुषतिनकेनिकटजावैगा॥ तबमहामोहरू
पीतपतेछुटैगा॥ अरसांतकोंप्राप्तहोवैगा॥ अरतिनकेफलकोंपाइकरत्रिपतहोवैगा॥ अर
सर्वदुषकानासतहोवैगा॥ हेरामजीइसपुरुषकाअपणाआपहीमित्रहै अरअपणाआपही
शत्रुहै॥ तातेअपणेआपकोजन्मरूपीकीचविषेनडारे॥ जोदेहविषेअहंभावकरकेविषों
कीत्रिस्नाकर्ताहै॥ सोअपणाआपनष्टकर्ताहै॥ अरजोदेहकेअहंममभावकोंत्यागकरआत्म
अभ्यासकर्ताहै॥ तबअपणाउधारकर्ताहै॥ सोअपणेआपकामित्रहै॥ अरजोआपकोंसंसारस
मुद्रविषेडारताहै॥ सोअपणेआपकाशत्रुहै॥ हेरामजीप्रथमऐसेविचारकरेजोइहजगतका
है॥ अरकैसेउत्पतभयाहै॥ अरकैसेनविर्तहोवैगा॥ अरमैंकवणहों॥ अरसतकाहै॥ अरअसत
काहै॥ जोसतहैतिसकाअंगीकारकरे॥ अरजोअसतहैतिसकात्यागकरे॥ हेरामजीतथ
नइसकाकल्यानकर्ताहै॥ नमित्रबांधवइसकाकल्यानकरतेहैं॥ अपणाउधारइसआपही
करणाहै॥ अपणेमनमायआजीकरे॥ बडेउवैरागअरअभ्यासकायतनकरे॥ तबसंसारदुः
षतेछुटे जबअभ्यासअरवैरागकरततअवलोकनदेडीऊपरचढे॥ तबसंसाररूपीसमुंद्रतेपा
रहोवे॥ हेरामजीजीवरूपीहसतीहै॥ अरजन्मरूपीगर्तविषेगिरियाहै॥ अरअहंकाररूपीसा
रूपीजंजीरसाथबांधाहै॥ अरकामनारूपीमदकररमाताहै॥ जबइसत्रितीयबंधनतेछुटेत
बमुक्तहोवै॥ अन्यथानहीमुक्तहोता॥ जबआत्मविचाररूपीदंतोंसाथइनबंधनोंकोतोडेत
बमुक्तहोवे॥ हेरामजीरिदेरूपीनेत्रोविषेअनात्मअभिमानरूपीमलनरकहोगई॥ तबविचा
ररूपीअवषधपाकरइनमलनताकोंहरे॥ तबआत्मरूपीसूरजकादर्सनहोवैं॥ हेरामजी
तोअवरउपाइकोऊनकरे॥ तबएकउपाइहीकरे॥ जोदेहकोंकाष्ठलोष्टकेसमानजाणकर
इसकेअभिमानहीकात्यागकरे॥ तबअहंकाररूपीबादरनष्टहोवैगा॥ तबआपहीआत्म
रूपीसूरजभासआवैगा॥ सोपरमानंदस्वरूपहैं॥ अरस्वपनतेभीमौनअकुरहै॥ केवलअदै
ततत्वहैवाणीकाविषयनहीं॥ अनभवकरकेआपहीमेंजाणीताहैं॥ हेरामजीसर्वजगतअ
नंतआत्माहै॥ जबचित्तकाहढअपणामउसहीविषेहोवै॥ तबइसथावरजंगमरूपजगतवि
षेवहीशिवदेवएकभासेगा॥ अनवासनासर्वमिटजावेगी॥ केवलपरमानंदआत्मतत्वअनुभ
वकरकेपरादृष्टआवैगा सोस्वरूपपूरनअदैतहै॥ अनसर्वयतनकोंत्यागकरकेतिसीके
पावणेकायतनकरो॥ ॥॥ इतिश्रीउपशमप्रकरणेकालिउपदेसवर्ननंनामसर्गः॥ वसिष्टो
वाच॥ हेरामजीमनकरकैमनकोछेद॥ अरअहंममभावकोत्याग॥ जबलगमननहीनष्ट
होतातबलगजगतकेकष्टनहीनिवर्तहोते॥ जैसेमर्तकाकाजैमर्तकेनष्टहूएविनाश
हनहीहोता॥ जबमर्तनष्टहोवैतबसत्तंकाआकारहरहोवे॥ अन्यथाहरनहीहोता
तैसेजबमननष्टहोवै॥ तबसंसारकेदुषनष्टहोवै॥ अन्यथानहीनासहोते॥ हेरामजीजैसे
प्रलयकालविषेअनंतदुषहोतेहैं॥ तैसेमनकेजीतेविनाअनंतदुषहोतेहैं॥ जैसेस्याम
घटामेघकेवरषणेकरनदीयावधतीयाजातीयाहै॥ तैसेमनकेप्रमादीसंसरतेजा
गतेअपदावधतीयाजातीयाहै॥ इसऊपरपुरातनइतहासमुनीस्वरकहतेहैं॥ सोपर्स
परमित्रोकाहैतमश्रवणकरो॥ हेरामजीमध्यापर्वतवडापर्वतहै॥ ऊंचातोआकासकों
गयाहै॥ अरनीचेपातालकोंगयाहै॥ त्रिलोकीकोउसनीवनरायाहै॥ तिसकेऊपरपृथ्वी
केसेहूरहै॥ अरनानाप्रकारकेब्रिषहैं॥ अरजलकेझरणेचलेजातेहैं॥ अरयतीजोहैकुवे
रतिसकेप्रकारणोकेइस्थानहैं॥ अरमोतीयोंकेइस्थानहैं सर्णोकेसंगहै॥ अरअवरया

तेकेसंगहैं॥ कहूपुष्पहैंकहूलताडागहैं॥ कहूकमलोंपरभ्रमरगुंजारशब्दकरतेहैं॥ कहूदेव
ताअरदेवतोंकीयांइस्थानहैं॥ अरकहूनानाप्रकारकेब्रिषोंपरपंषीशब्दकरतेहैं॥ अरविद्या
धरीयांगीतगानकरतीयांहैं॥ कहूदेवतपोकेइस्थानहैं॥ अरनीचेकिंनररहतेहैं॥ ऊपरस्वर
गविषेसिद्धदेवताविद्याधररहतेहैं॥ अरपीठविषेमानषरहतेहैं॥ नीचेनागसर्परहतेहैं॥
मानोसंपूर्णजगतकाआश्रयहीहै॥ बडेबडेचंदनकेब्रिषहैं॥ तिनसंगनागलपटेहूएहैं॥ इस्था
दिकअतसुंदररचनावणीहूईहै॥ तिसकेउत्तरदिशाविषेअतिसुंदरतडागहै॥ अरपुष्पो
संयुगतअतमनोरमाइस्थानहै॥ सतलोकअरब्रह्मलोकअरशिवलोकजैसीउपमाहैति
सकी॥ तहांअत्रनामाऋषीस्वरवसताथा॥ साधोंकाआश्रमहरिकरणेहारा॥ तिसकेआश्र
मकेसमीपहोइतपसीआनवसे॥ जैसेआकासविषेब्रहस्पतअरसुक्रआइस्थहैं॥ तैसेवहदो
नोंआइरहे॥ तबदोनोंकेग्रहविषेदोपुत्रउत्पतभए॥ अतसुंदरजैसेकमलउत्पतहोतेहैं॥ तै
सेउत्पतभए॥ एककानामभासभया॥ अरद्वितीयकानामविलासभया॥ उभयक्रमकरके
बडेभए॥ जैसेउभयपत्रअरशरीरकेवधतेहैं तैसेवधतेजावैं॥ अरपरस्परतिनकीप्रीतअत
वधी॥ अरएकदेहीरहे॥ जैसेतैलअरतिलएकहोरहतेहैं॥ अरजैसेपुष्पअरसुगंधएकहै
रहतेहैं॥ जैसेइसत्रीअरपुरुषकीआपसमोंप्रीतहोतीहै॥ तैसेउनकीप्रीतवधी॥ देषणेमात्र
देहभिन्नताभासे॥ परमात्मातोएकहीहै॥ इस्नानआदिककरयाभीतिनकीएकसमान॥ अरमहा
संदरप्रकासवान॥ जैसेचंद्रमाअरसूर्यहैं॥ तैसेप्रकासवान॥ जबकेताककालवतीतभ
या॥ तबतिनकेमाताअरपिताशरीरकोंत्यागकरस्वर्गकोंगमनकरतभए॥ तबतिनके
वियोगकरदोनोंशोकवानभए॥ सुषकीकांतजातीरही॥ तैसेकमलकीकांतजलविनाजा
तीरहतीहै॥ तैसेउनकीकांतकुमलायगई॥ तबउनकेमर्णकीक्रियासर्वकरतेभए॥ पा
उनकेगुणस्मरणकरें॥ अरविलापकरें॥ अरशोकवानभए॥ हेरामजीइसप्रकारशोक
करउनकाधारीरकासारहो॥ ॥॥ इतिश्रीउपशमप्रकरणेभासविलासव्रतीतेसवि
रवृर्तंनंनामसर्गः॥ ॥ वसिष्टोवाच॥ हेरामजैसेजलविनाब्रिषसूकजाता॥ तैसेउनके
शरीरमातापिताकेयोगकरकृसहोगए॥ तबअभयविरक्तहोयकरविचरणेलागे
जैसेजलपसेवृक्षसोंडालीविछुडियाहूयाशोकवानहोताहै॥ तैसेविचरेवहउआपस
मेंभीविछुडआए॥ एकलेएकलेविचरणेलागे॥ जबकेताककालवतीतभया॥ तबवहऊ
इकठेआइमिले॥ तबविलासकहतभया॥ विल्लासोवाच॥ हेभाईजीवरणारूपीजोब्रिषहैति
सकाफलसुषहै॥ सोपताकालतुमसंगसाथतोब्रतीतभयाहैकेयं॥ अरतुमाराहमारा
आपसमोंवियोगभया॥ तबतुमकैसीक्रियाकोंकरतभए॥ तुमकहोनिर्मलतपकीयाहै
कों॥ अरविद्याअचतुककोंफलीहैकेयं॥ अरतुमारीदुषशोककीतेरहतभईहैकेयं॥ तुमकोंअ
वआत्मापदकीप्राप्तभईहैकेयं॥ अबकुशलहूएतोभयाहैकेयं॥ भासउवाच॥ हेसाधअ
बहमकोंकुशलकहांहै॥ इससंसारविषेहमकोंइस्थितहूएसुषकहांहै॥ जबलगचि
तमेंदुषनिवर्तनहीहोता॥ तबलगचित्तकीभ्रमकानहीनष्टहोती॥ जबलगसंसारस
मुद्रकेपारकोंनहीप्राप्तहोते॥ तबलगहमकोंसुषकहांहै॥ जबलगचित्तरूपीषेत्रवि
षेआसारूपीविषकीवलीवधतीजातीहै॥ अरआत्मविचाररूपीदात्रीसाथनही
काटीती॥ तबलगहमकोंकुशलकहांहै॥ तबलगआत्मज्ञानउदयनहीभया॥ अर
समताभावउदयनहीभया तबलगकुशलकहांहै॥ हेसाधसंसाररूपीविसूचका
रोगहै॥ सोआत्मज्ञानरूपीऔषधविनादूरनहीहोता॥ सर्वजीववहीक्रियाकरतेहैंति
सकरदुषोंकीप्राप्तहोवैसुषकोंनहीप्राप्तहोते॥ देहरूपीएकब्रिषहै॥ तिसविषेकौ
मारूपअवस्थापत्रहै॥ अरजोवनअवस्थाफूलहै॥ अरजराअवस्थाफलहै॥ सोमनसकाल
केमुषविषेजाइपडताहै॥ बडउउपजताहै॥ बडउनष्टहोताहै॥ हेसाधचितरूपीहसती

है॥ सो वैराग रूपी संगलड़ा के विना हूए ते दुरबल जाता है॥ दुष्य रन ही होता॥ अर शब्द स्पर्श रूप रस गंध जो है॥ विषय इनकी ओर ही धावता है॥ जैसे रल्लय भी मास कों ओर ही धावता है॥ तैसे चित विष्यों की ओर धावता है॥ आत्मरूपी जो चिंतामणि है तिस की ओर नही धावता॥ गर्व अभिमान रूपी जो है इल सो देहादिकों रूपी संसार की ओर धावता है॥ सुख रूपी जो कमल है सो अपमान रूपी धूर कर मैला होइ जाता है॥ अर भोग रूपी वर्षा कर नष्ट हो जाता है॥ हे साध देह रूपी गर्त विषे दृग इथा है॥ भोग रूपी तिस विषे सर्प है॥ अर आसा रूपी कंटक है॥ अर तृष्णा रूपी मलन जल है॥ तिस विषे जीव पड़ा दुखवता है॥ अर कष्ट पावता है॥ ऐसा पवित रूपी समंद है॥ अर चिंता रूपी तिस विषे तुमर जेर है॥ जीवरूपी हरण तिस विषे आया पड़ा फिर्ता कष्ट पावता है॥ अर तृष्णा रूपी पंषी है सो वासना रूपी जाल विषे फसा कष्ट पावता है॥ हे मित्र यह मैं कीया है अर यह कर्तव्य है अर यह करोंगा॥ इह वासना रूपी जाल विषे दुख रूपी पंषणी पड़ी कष्ट पावती है॥ एक षण भी विश्राम कों नही पावती हे भाई इह चित रूपी कमल है॥ तिस कों राग द्वेष रूपी हसती मलदन करता है॥ जो यह मेरा सुहृत है॥ अर इह मेरा मित्र है॥ अहं अर मम इस कों मानता है॥ शुद्ध आत्म स्वरूप कों त्याग कर देहादिक अनात्म रूप विषे अहं भाव करता है॥ अर दीनता कों प्राप्त होता है॥ जैसे राज ते रहत राजा कष्ट पावता है॥ तैसे आत्मभाव ते रहत इह कष्ट पावता है॥ देह के अभिमान करके जन्म मर्ण के कष्टों कों पावता है॥ जब देह अभिमान कों त्यागे तब कुशल होवेगा॥ अन्यथा कुशल नही होता॥ ॥ इति श्री उपशम प्रकर्णे अविद्या प्रतपादने नाम सर्गः॥ वसिष्ठ उवाच॥ ॥ हे रामजी इस प्रकार अन्य समय पर कुशल प्रश्न कीया॥ जब केताक काल व्यतीत भया॥ तब अभ्यास द्वारा उन कों निर्मल ज्ञान प्राप्त भया अर मोक्ष पद कों प्राप्त हूए॥ ताते हे रामजी ज्ञान ते इतर अन्य मार्ग कल्याण के निमित कोऊ नही॥ जिस का चित आसा रूपी फासी साथ बाधा हूया है॥ सो संसार समुद्र के पार होवणे कों समर्थ नही होता॥ ताते जीव संसार समुद्र विषे पड़े गोते षाते है॥ अर ज्ञानवान यों ही तर जाते है॥ जैसे गोपद कों लंघणा सुगम होता है॥ तैसे ज्ञानवान संसार कों तुच्छ जाण कर लंघ जाते है॥ अर जैसे जिस पंषी के पंष नहे है सो समुद्र के पार नही पहूंचता॥ मध्य ही गिर कर पड़े गोते षाता है॥ अर पंषों संगारा इसी ओही लंघ जाता है॥ तैसे जिन पुरुषों के वैराग अर अभ्यास रूपी पंष नहे पड़े है॥ सो संसार समुद्र ते पार नही होइ सकते॥ अर जिन के वैराग अर अभ्यास रूपी पंष है॥ ऐसे ज्ञानी शीघ्र ही तर जाते है॥ हे रामजी जो देह ते अतीत महात्मा पुरुष चिन्मात्र आत्म तत्व विषे स्थित है॥ सो ऊचे होकर देषते है॥ अर हसते है॥ जैसे पर्वत ऊपर स्थित जनता कों देषकर हसता है॥ अर्थ यह जो जगत की क्रिया ते निर्लेप रहता है॥ जैसे रथ के नष्ट होते सारथी कों कछु षेद नही होता॥ तैसे देह के नष्ट कर ज्ञानवान कों कछु षेद नही होता॥ अर मन के षोभ कर भी आत्म तत्व कों कछु षेद नही होता॥ जैसे तरंग ऊपर जो धूड पड़ती है॥ तिस कर समुद्र कों कछु लेप नही होता॥ तैसे मन के दुख कर आत्मा कों कछु दुख नही होता॥ हे रामजी देह अर आत्मा का संजोग कछु नही जैसे जल अर हंस का आपस विषे संबंध कछु नही॥ जैसे जल अर वेड़ी का संबंध कछु नही॥ तैसे देह अर आत्मा का संबंध कछु नही॥ जैसे पवन अर सुमेर का संबंध कछु नही॥ जैसे जल अर पाषाण एकठे रहते है॥ पर संबंध कछु नही॥ तैसे देह अर आत्मा का संबंध कछु नही॥ हे रामजी इस कों जो देह होता है सो संग कर होता है॥ तहां अहं मम अभिमान होता है॥ तहां दुख भी होता है॥ जहां अहं मम का अभिमान नही तहां दुख भी कछु नही॥ जैसे जल विषे वेड़ी कों अभिमान नही॥ तो दुख भी नही॥ अर मीन कों जल विषे ममत होता है॥ तब जल के त्याग कर कष्ट पावती है तैसे जिस पुरुष कों देह विषे अहं मम भाव है॥ सो बड़े कष्टों कों पावता है॥ अर जिस कों देह विषे अहं मम का अभिमान नही तिस कों दुख भी कोऊ नही॥ ज्यों ज्यों मन मों संसर्ग ना निवर्त होती है॥ त्यों त्यों भोग प्रवाह का कष्ट नही होता॥ जैसे जल अर पाषाण कों कष्ट कोऊ नही होता॥ जैसे अर दर्पण विषे प्रतिबिंब पर्वत का होता है॥ सो जल अर दर्पण कों पर्वत का भार कछु नही होता॥ ताते कष्ट भी कछु नही होता॥ काहे ते जो दर्पण विषे पर्वत का प्रतिबिंब पड़ता है तो दर्पण हर्षतो वही होता॥ तैसे देह अर देही का संबंध संग भाव उदना वैतव कष्ट कोऊ नही॥ काहे ते जो देह की क्रिया मिथ्या कों मन आप विषे अंगीकार करके सइ आत्मा विषे प्रतिबिंबत होता है॥ पर आत्मा र कों स्पर्श नही होता॥ काहे ते जो शुद्ध आत्मा विषे देहादिक जगत त्रिकाल ही नही बणा अभासमात्र है॥ हे रामजी सर्वथा से चित मात्र आत्म सत्ता अपणे आप विषे स्थित है॥ सो अद्वैत है॥ द्वैत शब्द के अर्थ लेवे रहते है॥ जो तिस पद विषे स्थित है॥ तिन कों द्वैत शब्द नही होता॥ अर जो अज्ञानी है तिन कों द्वैत कलना पड़ी उदती है॥ हे रामजी सर्व जीव अदुख रूप है॥ पर अज्ञान भ्रम करके आप कों दुखी मानते है॥ जैसे अस्थान विषे चोर की भावना अविचार करके होती है॥ तैसे आत्मा विषे कष्ट की भावना होती है॥ यह पुरुष असंबंध रूप है॥ पर कल्पना के वश ते आप कों संबंध मानता है॥ जैसे स्वप्न अंगना बंधन करती है॥ अर जैसे इस्थान विषे वेताल भासता है॥ अर भय कों प्राप्त करता है॥ तैसे आपनी कल्पना करके बंधायमान होता है॥ हे रामजी देह अर आत्मा का संबंध असत है॥ जैसे जल अर वेड़ी का संबंध असत है॥ जब लग अभाव होजावे॥ तब वेड़ी कों चिंता कछु नही होती॥ अर वेड़ी का अभाव होजावे तब जल कों चिंता कछु नही होती॥ ताते असत संबंध है॥ तैसे आत्मा का देह साथ संबंध असत है॥ जब ऐसे ही जाणे अर अंतर ते असंग होवे॥ तब देह का दुख कछु न भासे॥ देह के दुख सुख विषे आप दुखी सुखी न होवे॥ देह विषे अहंमान करके आत्मा दुखी रूपी जो मानता है॥ सो जन्म मरण आदिक संबंधनों कों पावता है॥ जब देह अभिमान कों त्यागे तब मुक्त होवे॥ ऐसे बुद्धीश्वर कहते है॥ जैसे जल अर पाषाण एकठे भी रहते है॥ अर अंतर संग का अभाव है॥ ताते दुख कोऊ नही होता॥ तैसे अंतर संग ते यह भी रहत होवे॥ तब देह इंद्रियों के विद्यमान भी दुख कछु स्पर्श न करे॥ निर्दुख पद कों प्राप्त होवे॥ हे रामजी जिस कों देह का अभिमान है तिस कों जन्म मरण रूपी संसार है॥ तैसे बीज ते वृक्ष उपजता है॥ तैसे देह अभिमान ते सब दुख रूपी संसार उपजता है॥ अर संसार समुद्र विषे डूबता है॥ अर जो अंतर ते असंग रहता है सो संसार समुद्र कों तर जाता है॥ हे रामजी जिस के अंतर देह अभिमान है॥ तिस के चित रूपी वृक्ष ते मोह रूपी अनेक शाखा उपजेगीयां॥ अर जो अंतर ते असंग है तिस का मोह लीन होइ जावेगा॥ उस कों लीन चित कहीता है॥ अर जिस का चित देहादिकों विषे बंधायमान है॥ तिस कों नाना प्रकार का जगत रूपी भ्रम भासता है॥ अर जिस का चित देहादिकों विषे निर अभिमान होता है॥ सो एक आत्मा भाव कों सदा देषता है॥ जैसे एक दर्पण विषे अनेक प्रतिबिंब भासते है॥ अर अपर एक ही प्रतिबिंब कों अदर्शन करता है॥ तैसे संशयवान चित विषे नाना प्रकार का जगत भासता है॥ अर स्वच्छ चित विषे एक ही आत्मा भासता है॥ हे रामजी जो पुरुष व्यवहार भी पड़ा करता है॥ अर अंतर ते असंग है॥ ऐसा निर्मल संसार ते मुक्त है॥ अर जो सर्व व्यवहार कों त्याग कर तप भी पड़ा करता है॥ पर अंतर चित विषयों विषे षचत है॥ सो अनंत बंधनों विषे है॥ अर अंतर असंग मुक्त है॥ अर अंतर ते चित किसी पदार्थ विषे षचत है सो बंध है॥ बंध अर मोक्ष का एक ही लक्षण वासना द्वारा आवता है॥ जो अंतर संग ते रहत है सो सर्व कार्य कों करता भी अकर्ता ही है॥ जैसे नट स्वांग सर्व स्वांगों कों धारता भी अलेप है॥ अर जो अंतर अभिमान से एक कछु न करे॥ कर्ता तो भी कर्ता ही है॥ जैसे सर्व कों त्याग कर के शयन करता है॥ अर स्वप्न विषे अनेक सृष्टियों कों भोगता है॥ जैसे वह सर्व कछु करता ही है॥ चित के करने कर कर्ता है॥ अर चित के अकर होने कर अकर्ता है॥ शरीर का कर्तापण ही कर्तापण नही॥ अर शरीर का अकर्तापण ही नही॥ जो अंतर स्वत्याग करे तो भी असक्त पुरुष कों कछु पाप नही होता॥ अर जो अग्नि मे प्रवेश करे तो भी कछु पुण्य नही होता॥ जिस के चित ते सर्व असक्तता दूर भई है॥ सो मुक्त है॥ अर धन है॥ अर जिस का चित संसक्त है सो बंध है॥ अर दुखी है॥ अर जो पुरुष संसक्त ते रहत है सो आत्म की न्याई निर्मल है॥ अर सर्व भाव पदार्थों ते आत्मतन विषे इस्थित है॥ ॥ ॥ इति श्री उपशम प्रकरणे अंतर असंग विचारो नाम सर्गः॥ राम उवाच॥ हे भगवन संग किस कों कहते है॥ अर बंध किस कों कहते है॥ अर मोक्ष किस कों कहते है॥ अर असंसक्त बंधनों ते रहत किस कों कहते है॥ अर मोक्ष किस कों कहते है॥ अर असंसक्त बंधनों ते र

हतकिसकोंकहतेहैं॥ अरकिसउपाइकरमुक्तहोताहैसोकहो॥ वसिष्ठोवाच॥ हेरामजी देहकाजोभोगहैअरजिससंगजोमिलकरकर्ताभानताहै॥ अरदेहमात्रविषेजोअपणाविश्वासकरताहै॥ जोपदार्थमेरेहो॥ इसीकोंसंगअरबंधकहतेहैं हेरामजीआत्मतत्त्वअनंतहै अरदेहविषेअहंभावमानकरआपकोंएतावानपुरुषजाणताहै॥ अरतिसविषेअभिमानकरताहै॥ अरसुषकीइछाकरताहै॥ इसकानामसंगअरबंधकहीताहै॥ अरजिसकोंइहनिश्चयभया॥ जोसबीआत्माहैसोकिसकीइछाकरेअरकिसकात्यागकरे॥ सोइसदृष्टकरजीवन्मुक्तकहीताहै॥ अथवानमैंहौंनयहजगतहै॥ सर्वभावअभावकोंत्यागकरअद्वैतसत्ताविषेइस्थितहोवणा॥ इसदृष्टकानामभीजीवन्मुक्तहै॥ नकर्मोंकेत्यागकीइछाहैनकरणेकीइछाहै यथाप्रवाहकरयत्नकरताहै॥ अरयंतरतेजिसकोंकर्तृत्वभावनही॥ इससंगकाजिसत्यागकीयाहै सोअसंगसंगकहीताहै॥ हेरामजीएकआत्मतत्त्वविषेहैनिष्टाजिसकी॥ अररागद्वेषजोहैहर्षशोकतिनकेवशनहीहोता॥ सोअसंगकहीताहै॥ अरसर्वकर्मोंकाफलजिसत्यागकीयाहै॥ जोमैंकछुनहीकरताहों ऐसाजोमनकरत्यागीहैसोअसंसक्तकहीताहै॥ तिसकोंकोऊकर्मबाधानहीकरसक्ता अरसंपदातिसकोंहोजातीहै अरजोपुरुषसंसक्तकरलमभोगअभिमानसेलागतहै तिसकेअंतरदुषपदउत्पनहोतेहैं॥ जैसेकोऊपुरुषगर्तविषेगिरपडेअरतिसविषेकंटकोंकरवेधहोवै॥ तिसकरकष्टपावताहै॥ तैसेएकपुरुषदेहरूपीगर्तविषेगिरकररागद्वेषरूपीकंटकोंकरकष्टपावताहै॥ हेरामजीजैसेनासिकाविषेरस्सीडारकरउष्टअरवलदसोंभारउठाईताहै॥ अरमारपडावाताहै॥ तैसेसंसक्तजीवआसारूपीफासीकरबंधेहुयेदुषपडेपावतेहैं॥ वहीसंसक्तताकाफलउष्टपष्यआदिकभोगतेहैं॥ जंगलविषेरहतेहैंशीतउष्णकरकष्टमानहोतेहैं संसक्तवनकेवषहोरकरकटारीसाथकाटीतेहैं॥ अरकष्टमानहोतेहैं॥ पृथ्वीकेछिद्रविषेकीरहोइकरकष्टपावतेहैं॥ सोसंसक्तकाफलभोगतेहैं॥ अरचिराअरअंनहोइकरउपजतेहैं॥ अरदातीसाथकाटीतेहैं अरअंतरतेदुषपावतेहैं॥ वहुडवोवीतेहैं॥ वहुडकाटीतेहैं॥ यहसंसक्तकाफलभोगतेहैं इसप्रकारअनेकयातनाकोंपावतेहैं अरकष्टमानहोतेहैंसोसंसक्तहै॥ हरेत्रिणोकोंसराभलणकरतेहैं॥ अरवधककेघातकरत्रितहोतेहैं॥ अरकष्टमानहोतेहैं॥ इसप्रकारजोनिकोंजीवदुषआवतेहैंसोसंसक्तकरवाधेहुयेहैं॥ सोसंसक्तभीदोप्रकारकीहै॥ एकवंधहै॥ अरएकवंदनाकरणेयोगहै॥ जोमूढजीवहैसोवंधहै॥ अरतिनकेवेनावंदनाकरणेयोगहै॥ हेरामजीआत्मतत्त्वतेजोभिन्नहै॥ अरदेहादिकोंविषेअभिमानकरतेहैंसोमूढहैं॥ संसारविषेजन्ममरणकोंप्रापतहोतेहैं॥ अरजिनकोंआत्मतत्त्वकाबोधभयाहै॥ अरआत्मतत्त्वविषेजिनकीनिष्टाहै॥ सोवंदनाकरणेयोगहै॥ तिनकोंवहुडजन्ममरणसंसारनहीहोता॥ संषचक्रगदापद्मजिसकेहस्ताविषेविराजतेहैं॥ अरसदाआत्मतत्त्वविषेनिश्चयधारताहै॥ सोआत्मतत्त्वविषेसंसक्तहै॥ अरत्रिलोकीकीपालनाकरताहै॥ ऐसाजोविष्णुभगवानहैसोवंदनाकरणेयोगहै॥ अरजोनिरालंबसदाप्रकाशविषेसजेभगवानविचरताहै॥ अरसदास्वरूपनिष्टहैसोवंदनायोगहै॥ अरजोमहाप्रलयपर्यंतजगतकोंउत्पतप्रलयकरताहै॥ अरसदास्वरूपविषेसंसक्तहै ब्रह्मारूपकरविराजताहै॥ सोवंदनाकरणेयोगहै॥ अरजोलीलाकरकेइसगौरीरूपीदेवीकोंअरधंगराषताहै॥ अरविभूतकोंलगावताहै॥ अरसदास्वरूपविषेसंसक्तहै॥ अरत्रिनेत्रशंकरवपकोंधारकरइस्थितहै ऐसाजोसदाशिवभगवानहैसोवंदनाकरणेयोगहै॥ इनतेआदलेकरसिद्धदेवताविद्याधरलोकपालहै॥ जिनकीसंसक्तताअस्वरूपहीविषेहै॥ सोमुक्तरूपहैअरवंदनाकरणेयोगहै॥ अरजोदेहादिकोंविषेसंसक्तहैसोवंधहै॥ अरजन्मजरामृत्युकोंपावतेहैं॥ अरकष्टमानहोतेहैं॥ हेरामजीजिनकोंदेहअभिमानहै॥ अरवारंवारउदरमाभीदुषआवतेहैं॥ परजवभोगोंकोंदेषतेहैं॥ तवइसप्रकारगिरतेहैं जैसेमांसकोंदेषकरआकाशतेउलपंषीगिरताहै॥ तैसेवहगिरतेहैं॥ अरस्वार्थयत्नकरतेहैं॥ हेरामजीसंसक्तरूपजोजीवहैं॥ सोवोधरूपकरीदेवतारूपधारकरस्वर्गविषेरहतेहैं॥ त्रिलोकीविषेभटकतेफिरतेहैं॥ कईमानुषमध्यलोकविषेरहतेहैं कईसर्पदैत्यादिकपातालविषेरमघत

हैं॥ त्रिलोकीविषेपडेभटकतेहैं॥ जैसेरत्नाकरविषेअनेकमछरहतेहैं॥ तैसेब्रह्मांडविषेनानाप्रकारकेसंसक्तजीवरहतेहैं॥ जैसेसमुद्रविषेतरंगउपजतेहैंउछलतेहैं॥ अरमिटजातेहैं॥ तैसेसंसारविषेजीवउपजतेरहतेहैं॥ अरनष्टहोजातेहैं॥ कालरूपीबालककागेंदजीवहैं॥ कबहूंअधःकोंउछालताहै कबहूंऊर्ध्वकोंउछालताहै॥ हेरामजीजेताकछुजगतहैसोअसतरूपहै॥ मनरूपीचितेरेसंगरूपीरंगसाथअसतआकाशविषेदेहादिकजगतलिप्याहै॥ सोसर्वअसतरूपहै॥ जिनकामनदेहादिकोंविषेसंसक्तहै॥ सोचिंतारूपीअग्निविषेत्रिलोकीवतपडेजलतेहैं हेरामजीजोसंसक्तपुरुषहैंतिनकोंशरीरपावणेकीकछुसंख्यानही॥ समुद्रकेकनारेरेतकेकणकोंकीसंख्याभीहोवै॥ परदेहअभिमानीजेतेकछुशरीरधारतेहैं॥ तिनकीसंख्याकछुनही अरजेतेजीवकछुआपदाहैं॥ सोतिनकोंप्रापतहोवैगे॥ जैसेसमुद्रविषेसर्वनदीयांआयप्रापतहोतीहैं तैसेसर्वआपदादेहअभिमानीकोंआइप्रापतहोतीयाहैं॥ हेरामजीजोदेहअभिमानीसदाविषयोंकोंसेवनाकरतेहैं॥ सोनर्ककीअगनकेईंधनहोवैगे॥ दग्धहोयकरकरकष्टपावैगे॥ अरजेतेकछुकष्टइस्थानहैं॥ सोसर्वसंसक्तचितजीवकोंप्रापतहोवैगे॥ अरजोअसंसक्तचितहैतिनपुरुषोंकोंसर्वविभूतसंपदाप्रापतहोवैगी॥ जैसेवरषाकालविषेनदीयांजलकरपूरनहोतीयांहैं॥ अरजैसेसमानस्थावरविषेसर्वरसआनप्रापतहोतेहैं॥ तैसेअसंसक्तचितपुरुषकोंसर्वसंपदाआयप्रापतहोतीयांहैं॥ अरजिसपुरुषकोंदेहअभिमानवढताजाताहै॥ सोअभिमानविषेवर्ततानाशकरताजाता॥ अरजिसकोंदेहअभिमानघटताजाताहै॥ सोघटणाअभ्यासवतअमरकतोजाणा॥ हेरामजीजिसपुरुषकाचितदेहादिकोंत्यागकरस्वरूपविषेसंसक्तभयाहै॥ सोसुषीहै॥ अरचंद्रमावतशीतलमनकरूपहै॥ अविद्यारूपीविसूचकारोगतिसकानष्टहोताहै॥ शांतरूपहोताहै॥॥॥ इतिश्रीउपशमप्रकरणेसंसक्तविचारोनामसर्गः॥ वसिष्ठोवाच॥ हेरामजीयहजोमैंतुमकोंउपदेशकीयाहैतिसकोंविचारकरअभ्यासकरो॥ जोसर्वदाकालसर्वइस्थानसर्वकरमोंकोंकरतीचितकोंदेहादिकोंविषेसंसक्तनकरो॥ केवलचैतनतत्त्वआत्मतत्त्वहैतिसहीविषेइस्थितहोवै॥ हेरामजीनसंसक्तचित्तविषेहोवै॥ नचेष्टाविशिष्टचितहोवै॥ नकिसीपदार्थोंकोंमतजाणकरतिसविषेचितहोवै॥ नअंतरविषेचितहोवैनप्राणोंविषेनअवरविषे॥ नभ्रुवोंकेमध्यननासिकाकेअग्रविषे॥ नजाग्रतनस्वप्ननसुषोपतननिर्मलननतमनप्रकाशविषेनश्यामवर्णनरक्तवर्ण॥ नपीतनस्वेतवर्णविषेनइस्थिरविषेनचरविषेआदिनअंतनमध्यविषेनहरतननिकटविषेनकिसीपदार्थविषेनचितादिकअंतःकरणविषेनशब्दस्पर्शरूपरसगंधविषेनकमलनालनअकलनाविषेचितकोंलगावै॥ सबोंकीओरतेचितकोंवर्जकरकेकेवलचैतनतत्त्वविषेविश्रामकरो॥ कछुकहेतबलेकरचैतनतत्त्वकाआश्रयकरो॥ हेरामजीसर्वतेंनीरसभया॥ अरआत्मतत्त्वविषेइस्थितभया॥ जवविगतसंगहोवैगा॥ तवजीवकाजीवनचलतारहेगा॥ केवलचिदात्माहोइकरइस्थितहोवैगा॥ सर्वव्यवहारकरेअथवानकरेकर्ताभीनहीकतो॥ अथवाइसकोंभीत्यागकरो॥ केवलचिद्घनशांतरूपजोतत्त्वहैतिसविषेइस्थितहोवो॥ अरदेतरूपतत्त्ववहस्वभावकभासआवैगा॥ जैसेवादरोंकेहटणेतेजैसास्वभावकभासआवताहै॥ तैसेफुरनेतेरहतचैतनभासआवताहै॥ जैसेचिंतामणप्रकाशरूपस्वभावकरप्रकाशतीहै॥ तैसेआत्मास्वभावकप्रकाशभासआवैगा॥ वहुडजोकछुक्रियाकरेगासोफलदायकनहोवैगी जैसेकमलकोंजलस्पर्शनहीकरता॥ तैसेतुझकोंक्रियास्पर्शनकरेगी॥ अरचितआत्मगततनिर्वाणरूपहोवैगा॥ क्रियाकोंकर्ताभीअसेवारहैगा॥॥॥ इतिश्रीउपशमप्रकरणेसातनकसमाधारूपेणोपदेशनामसर्गः॥ वसिष्ठोवाच॥ हेरामजीअसंसक्तजोपुरुषहैसोध्यानकरेअथवानकरे॥ अथवाव्यवहारकरेवहसदाध्यानविषेइस्थितहै॥ अरशोकतेरहतहै॥ वासनाअभिमानभीदृष्टआवताहै॥ परअंतरसर्वकलनातेरहतहै॥ तोवहसंपूर्णलक्ष्मीवानसंपन्नसोभताहै॥ हेरामजीजिसपुरुषकामनचेतनतेरहतकेवलभीहैसोविगतज्वरहै॥ तिसकोंकछुदुषस्पर्शनहीकरता॥ जैसेकमलकोंजलस्पर्शनहीकरता॥ जोपुरुषआत्मतत्त्वविषेलीनहै॥ वहक्षोभमानभीदृष्टआवतेहैं॥ परक्षोभकदाचितनही॥ जैसेसूर्यकाप्रतिबिंबहलतेजलविषेक्षोभमानदृष्ट

आवता है ॥ पर सूर्यकों खोभ कदाचित नहीं तैसे ज्ञानवानका चित व्यवहार विषे खोभवान भी दृष्ट आवता तौभी खोभ कदाचित नहीं ॥ हे रामजी आत्माराम जो पुरुष है सो वास्यमपुरुषकी सकछवनचे चल भी दृष्ट आवता है ॥ पर अंतरतें सुमेर पर्वतकी न्याई अचल है ॥ जिसका चित आत्मपद विषे इस्थित है ॥ तिनकों सुखदुःख अपनावश नहीं कर सकें ॥ जैसे सफटककों प्रतविंवका रंग नहीं स्पर्श करता ॥ तैसे ज्ञानवानकों सुखदुःखका रंग नहीं स्पर्श करता ॥ जिन पुरुषोंकों परमवर ब्रह्मका ध्यान आरंभ भया है ॥ तिनका चित रागद्वेषकर रंजन नहीं होता ॥ जैसे आकास विषे वादर प्रतष दृष्ट आवते हैं ॥ पर आकासकों स्पर्श नहीं कर सकें ॥ तैसे ज्ञानवानके चितकों रागद्वेष नहीं स्पर्श कर सकें ॥ जो आत्मध्यानी है तिसकों परमबोधका साख्यातकार होता है ॥ अरु कलना मलतें मुक्त भया है ॥ सो असंसंग कहीता है ॥ हे रामजी जो आत्मारामी पुरुष है ॥ तिसकों आत्मज्ञानके अभ्यास कर्तसें सकलान वितें होजाती है ॥ अनथा संसक्त भाव निवर्त नहीं होता ॥ जब चितका प्रणाम आत्माकी ओर होवेगा ॥ तब जाग्रत भी सुषुप्तकी न्याई होजावेगी ॥ अरु चित रागद्वेषतें रहत परमशांतकों प्राप्त होवेगा ॥ जैसे चंद्रमा श्यामके वशतें अमावस्याकों सूक्ष्मरूपी होजाता है ॥ तैसे चित आत्माकी ओर हद प्रणामके वशतें आत्मरूप होजावेगा ॥ जब चित चेतनभावतें हीन होता है ॥ तब षीणचित कहीता है ॥ अरु शांत कल्पना कहीता है ॥ तब जाग्रत इसकों सुषुप्तरूप होजाता है ॥ इस अवस्था विषे जो कछु क्रया करता है ॥ सो फलकों नहीं आरंभती ॥ काहेतें जो निरहंकार होजाता है ॥ जैसे यंत्रीकी या पुतली या अहंकारतें रहत चेष्टा करती या है ॥ अरु संवेदनतें रहत है ॥ तिनकों दुःख कोऊ नहीं होता ॥ तैसे ज्ञानी निरहंकार संवेदनतें रहत निर्दोष अरु अलेप चेष्टा करते हैं ॥ हे रामजी इष्ट अनिष्ट भाव अभावरूपी जगत चित विषे होता है ॥ जब चित आत्मभावकों प्राप्त भया ॥ तब किसकों तिसकर किसका बंधन होवै ॥ सर्व आत्मतत्व होजाता है ॥ जैसे नट आ सर्व स्वांगोंकों धारता है ॥ पर अपणा अभिमान किसी विषे नहीं करता ॥ तातें बंधायमान नहीं होता ॥ तैसे सुषुप्तबोधपुरुष जगतकी क्रया करता है ॥ अरु बंधायमान कबहूं नाही होता ॥ जीवनमुक्त होइकर इस्थित होता है ॥ हे रामजी सुषुप्तबोधकों आश्रयकरकै जगतकी क्रयाकों करो ॥ क्रया कर्म करता त्रकुटीकी भावनातें रहत होवो ॥ तब तुमकों कछु दुःख न होवेगा ॥ न दान विषे न त्याग विषे अभिमान होवै ॥ यथाप्राप्त विषे इस्थित होवै ॥ सुषुप्तबोध विषे जो इस्थित है सो करता भी कछु नहीं करता ॥ एसे निश्चयकों धारकर जैसे इच्छा होवै तैसे करो ॥ हे रामजी ज्ञानवानकी चेष्टा बालककवत होती है ॥ जैसे बालक पंघूडे विषे अंगोंकों निरअभिमान पना हलावता है ॥ संवेदनतें रहत पना षेलता है ॥ तैसे ज्ञानवान निरअभिमान संवेदनतें रहत कर्म करता है ॥ इसी कारणतें फलका स्पर्श नहीं होता ॥ जब चित अचितरूप होता है ॥ तब जाग्रत जगत सुषुप्तरूप होजाता है ॥ अरु जो कछु क्रया करता है सो स्पर्श नहीं करता ॥ हे रामजी जब इसकों जगततें सुषुप्त दशा प्राप्त भई ॥ तब इसका अंतर शीतल होइजाता है ॥ रागद्वेष कछु नहीं फुरता ॥ आत्मानंदकर पूर्ण होइजाता है ॥ जैसे पूर्नमासीका चंद्रमा शोभता है ॥ तैसे वह सोभता है ॥ जो सुषुप्तबोध विषे इस्थित होता है ॥ सो महातेजवान सूर्य होता है ॥ आत्मानंदकर पूर्ण चंद्रमाकी न्याई होइजाता है ॥ हे रामजी जो पुरुष सुषुप्त अवस्था विषे इस्थित होता है ॥ सो किसी संसारके षोभकर चलायमान नहीं होता ॥ जैसे भूकंपकर सर्व वृक्षादिक चलायमान होते हैं ॥ पर असताचल पर्वत कंपायमान नहीं होता ॥ तैसे ज्ञानवान किसी षोभकर नहीं चलाइमान होते ॥ जैसे पर्वत सर्वदाकाल विषे सम रहता है ॥ तैसे ज्ञानवान सर्वदाकाल विषे सम रहता है ॥ जैसे अनेक प्रकार फूलफल पर्वत ऊपर होते हैं ॥ बहुरि गिरपडते हैं ॥ पर वह ज्योंका त्यों रहता है ॥ तैसे ज्ञानवान अनेक प्रकारकी क्रया विषे सम रहता है ॥ हे रामजी ऐसी सुषुप्त दशा अभ्यास योगकर प्राप्त होती है ॥ जब इस दशा विषे दृढ होवै तब इसकों तुरीयापद कहते हैं सो आनंदरूप है ॥

तिस विषे सर्व दुःख नाम होजाते हैं ॥ असंसंग होजाता है ॥ अरु मनका मननभावन निवर्त होजाता है ॥ तब ज्ञानीको महां सुख उदय होता है ॥ परमानंदकर पूर्ण होजाता है ॥ इस संसारकी रचनाकों लीला स्वभावतें देखकर सर्व शोक भयतें रहत विचरता है ॥ संसार भ्रम तिसका निवर्त होजाता है ॥ जब तुरीयापदकों प्राप्त होवेगा ॥ तब बहुड संसार विषे न गिरैगा तब यत्नवान पुरुष परमपावन पद विषे इस्थित होता है ॥ तब संसारकों देखकर हसता है ॥ जैसे कोऊ पुरुष पर्वत पर वैठ्या नगरकों जलता देखकर हसता है ॥ तैसे ज्ञानवान आत्मानंदकों पाइकर संसारके कारयोंकों दुःखज्वालाकर हसता है ॥ हे रामजी तुरीय अवस्था विषे जो इस्थित है सो अविनासी होता है ॥ अरु आनंदरूप है ॥ अरु अनंदकी कलनातें रहत है ॥ अनंद अनंद है ॥ जब ऐसे तुरीयातीत पद विषे प्राप्त होता है ॥ तब जन्ममरणके बंधनतें मुक्त होता ॥ अभिमान आदिक कल्पना भ्रमतें रहत होता है ॥ परमज्ञान विषे लीन होता है ॥ जैसे लवणकी डली समुंद्र विषे डारी तुल्यरूप होजाती है ॥ तैसे वह आत्मारूप होजाता है ॥ ॥ इति श्री उपशमप्रकरणे असंसंसवकिनसा उपदेसवर्ननो नाम सर्गः

वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जब लग तुरीयपद विषे इस्थित होता है ॥ तब लग केवलपद जीवनमुक्त विषे होता है ॥ इसतें उपरांत जो विदेहपद तुरीयातीत है ॥ सो वाणीका विषय नहीं ॥ जैसे आकासकों कोऊ भुजाकरके पकड नहीं सकता ॥ तैसे तुरीयातीत पद वाणीका विषय नहीं ॥ जो वाणीकर कह सकीय ॥ तुरीयातीत पद विश्रांततें भी परा है ॥ विदेहमुक्त करके पाईता है ॥ अवतें कछुक काल ऐसी सुषुप्त अवस्था विषे इस्थित होइकर भोगो ॥ पाछे परमानंदसूक्ष्म पद विषे इस्थित होवोगा ॥ हे रामजी तुरीयावस्था विषे जो इस्थित भया है ॥ सो निरहंकृभावकों प्राप्त भया है ॥ जब चेतनमन सुषुप्त अवस्था विषे इस्थित होवो भया ॥ तब जगतके कर्तें भी रहोगे ॥ अरु सदा एकाकार होगे ॥ उदय अस्त भावकों कदाचित न प्राप्त होवोगे ॥ जैसे मूरते पर लिख्या चंद्रमा उदय अस्तकों नहीं प्राप्त होता ॥ हे रामजी जो इस सरीरकों आप जाणकर रागद्वेष विषे पड जलता है ॥ जिस पदार्थका संनिवेश होता है ॥ तिसके नष्ट भये नष्ट होता है ॥ जैसे मस्सका कालिवेबाद विषे होता है ॥ सो वदके नष्ट भए तें ॥ सुतकोका नाश भी होवै ॥ ऐसे भ्रमकों मत अंगीकार करो ॥ तू सदा ज्योंका त्यों ही है ॥ तेरा संनिवेश्या तो देहादिकों विषे कछु न हूया ॥ तातें ज्ञानवान देहके नष्ट भए शोकवान नहीं होता ॥ अरु देहके इस्थितरूप सुषी भी नहीं होता ॥ काहेतें जो देहसंग कछु संबंध नहीं राषते ॥ जो तत्वदर्सी पुरुष है सो यथाप्राप्त विषे निरदुःख होइकर विचरते हैं ॥ जो पुरुष अभिमानादिक विकारोंतें रहत भया है ॥ सो निर्दुःख निर्मल आकाशरूप है ॥ जैसे सरतकालकी रात्र चंद्रमा संयुक्त उज्जल होती है ॥ तम अरु तम अरु मेघोंतें भी रहत आकास निर्मल प्रकासवान होता है ॥ तैसे मनकी वृत विकारोंतें रहत आत्मपद विषे इस्थित हुई संसारकी ओर नहीं गिरती ॥ जैसे योगमें व्रतप सिद्ध करके संपन्न आकास विषे उडता जाता है ॥ सो पुरुष प्रथ्वी पर नहीं गिरता ॥ हे रामजी यह सर्व जगत चिदानंदस्वरूप है ॥ आद अंत मध्यतें रहत है ॥ अहंत्व आदिक भ्रमकों त्यागकर तिस पद विषे इस्थित होवो ॥ आत्मा केवल अथत्व चितवणातें रहत है ॥ तिसका शरीर संग कैसे संबंध होवै ॥ आत्मादिक नाम भी उपदेस व्यवहारके नमित कल्पे हैं ॥ नामरूप भेदतें रहत अशब्दपद सोई जगतरूप होइकर इस्थित भया है ॥ जगत कछु भिन वस्तु नहीं ॥ जैसे जल तरंगरूप होइकर भासता है ॥ सो तरंग जलतें कछु भिन वस्तु नहीं ॥ तैसे आत्मातें भिन जगत कछु नहीं ॥ जैसे समुंद्र जलरूप है ॥ जलतें इतर समुंद्र कछु नहीं ॥ तैसे सर्व जगत आत्मातें भिन कछु नहीं ॥ जैसे जल अरु तरंग अभेदरूप है ॥ अरु जैसे पट अरु तंत अभेदरूप है ॥ तैसे ब्रह्म अरु जगत अभेदरूप है ॥ हे रामजी अवर द्वैत वस्तु कछु नहीं ॥ पर मैं तेरे उपदेशके नमित द्वैत अंगीकार करके कहता हों ॥ यह जो शरीर है तिससंग तेरा संबंध कछु नहीं ॥ जैसे छाया अरु प

उ॰प्र॰
५५

R

प एक देश नहीं रहते जैसे प्रकाश अरु तम एक देश नहीं होते ॥ तैसे आत्मा अरु देह का संबंध कछु नहीं होता ॥ जैसे शीत अरु उष्ण का परस्पर विरोध है ॥ तैसे आत्मा अरु देह का संबंध कछु नहीं ॥ देह जड है ॥ अरु मलिन है नाशवंत है असत है ॥ अरु आत्मा चेतन है ॥ सत है अरु निर्मल है अद्वैतरूप है ॥ इंद्रियों का विषय नहीं ॥ तिनका अरु देह का संबंध कैसे होवै ॥ जैसे वन को अग्नि न लागे तो जीव जलते है ॥ तैसे अमरूपी इस देह विषे अहंभाव करवे जलते है ॥ जैसे मारूस्थल विषे सूर्य की या किरणा कर जल भासता है ॥ तैसे आत्मा विषे अविद्या करके देह भाव देखता है ॥ हे रामजी चिदात्मा निर्मल है ॥ अरु नित्य सर्व का आश्रय है दुषकर तेरहते है ॥ अरु देह मलिन है ॥ अस्थ मांस रक्त मय है ॥ ऐसी मलीन देह संग आत्मा का संबंध कैसे होवै ॥ आत्मा विषे देह का अभाव है ॥ केवल एक अद्वैत आत्मा तत्व सदा ज्यों का त्यों अपने आप विषे स्थित है ॥ तिस विषे द्वैत भ्रम कैसे होवै ॥ हे रामजी सरूप ते न को उ बंध है न को उ मुक्त है ॥ सर्व एक सत्ता आत्मतत्व स्थित है ॥ हे रामजी सरूप ते न को उ बंध है न को उ मुक्त है ॥ सर्व एक सत्ता आत्मतत्व स्थित है ॥ अंतर बाहर सर्व वही है ॥ मैं सुखी दुखी हों मूढ हों ॥ ऐसी मिथ्या दृष्टि को हरने लागा ॥ आप को केवल आत्म रूप जाण कर स्थित होवो ॥ यह मिथ्या दृष्टि परमे उपद्रव की देवणहारी है ॥ दुख कर दुखी प्राप्त होते है जैसे शिला अरु पर्वत की एकता नहीं होती ॥ जैसे पट अरु पाषाण की एकता नहीं होती ॥ तैसे आत्मा अरु शरीर की एकता नहीं होती ॥ जैसे तम अरु प्रकाश का एकत्र संयोग नहीं होता ॥ अरु दोनो तुल्य भी नहीं होते ॥ तैसे आत्मा अरु शरीर का एकत्र संयोग नहीं होता ॥ अरु दोनो तुल्य भी नहीं होते ॥ जैसे शीत अरु उष्ण की एकता नहीं होती ॥ जैसे चेतन अरु जड की एकता नहीं देषीती ॥ तैसे आत्मा अरु शरीर की एकता नहीं देषीती ॥ हे रामजी शरीर जो चलता फिरता है ॥ सो वायु के बल कर चलता है ॥ अरु बोलता भी वायु के बल कर है ॥ सो अष्ट स्थानो विषे वायु के बल कर अक्षरों का उच्चार होता है ॥ उर कंठ शिर जिह्वा मूल दंत नासिका ओष्ठ तालू यह अष्ट स्थान है ॥ कखगघ ॥ इन चारो का कंठ विषे उच्चार होता है ॥ चछजझ ॥ इन चारो का तालू स्थान विषे उच्चार होता है ॥ टठडढ ॥ इन चारो का मूर्धन शिर विषे उच्चार होता है ॥ तथदध ॥ इन का दंतो विषे उच्चार होता है ॥ पफबभ ॥ इन का ओष्ठो विषे उच्चार होता है ॥ ङञणनम इन का नासिका विषे उच्चार होता है ॥ अ स्वर ह ऊषमण कंठ स्थान ॥ १ ॥ इ स्वर य श ऊषमण तालू स्थान ॥ २ ॥ ऋ स्वर र ष ऊषमण मूर्ध स्थान ॥ ३ ॥ लृ स्वर ल स ऊषमण दंत स्थान ॥ ४ ॥ उ स्वर ओष्ठ स्थान ॥ ५ ॥ ए ऐ स्वर कंठ तालू स्थान ॥ ६ ॥ ओ औ स्वर कंठ ओष्ठ स्थान ॥ व ऊषमण दंत ओष्ठ स्थान ॥ जिह्वा मूल विषे जिह्वा मूल का उच्चार है ॥ हकार होवै आदि जिस पद के सो उर हिरदे विषे उच्चार होता है ॥ इन अष्ट स्थानो विषे इन वरनो का उच्चार वायु कर होता है ॥ अरु नवम सप्त रोम षमो का उच्चार होता है ॥ अरु आत्मा इनते निरलेप है ॥ जैसे बांसरी वायु कर शब्द करती है ॥ तैसे यह चेतन आकर के शरीर होता है ॥ तिस शरीर के स्थानो पर वायु का सपर्स होता है ॥ तब शब्द उठता है ॥ जैसे नगारे पर डंके का स्पर्श होता है तब शब्द उठता है ॥ इन विषे आत्म अभिमान करणा जो मैं कर्ता हों सो महा मूढता है ॥ अरु नेत्रादिक इंद्रीयां भी वायु कर चेष्टा करती यां है ॥ ताते इस भ्रम को त्याग करके आत्म पद विषे स्थित हो ॥ आत्मा आकाशवत सर्व विषे पूर्ण है ॥ जैसे आकाश सर्व ठवर विषे स्थित है ॥ पर जहां आदर्श होता है तहां आकाश प्रतिबिंब होकर भासता है ॥ तैसे आत्मा सर्व ठवर विषे पूर्ण है ॥ पर जहां चित होता है तहां भासता है ॥ हे रामजी तहां वासना करके चित रूपी पृथ्वी जाता है ॥ तहां आत्मा का अनुभव होता है भासता है ॥ जो मैं ही हों ॥ जैसे जहां पुष्प होता है तहां गंध भी होती है ॥ तैसे जहां चित होता है ॥ तहां अहंभाव भी होता है ॥ जैसे आकाश सर्व स्थान विषे होता है ॥ पर जहां प्रतिबिंब होता है तहां भासता है ॥ जैसे जल सर्व पृथ्वी विषे है ॥ पर जहां षोदीता है तहां ही भासता है ॥ तैसे आत्मा सर्व ठवर पूर्ण है ॥ पर भासता तहां है जहां चित है ॥ जैसे सूर्य का प्रकाश सर्व ठवर है ॥ पर प्रतिबिंब तहां भासता है जहां जल अथवा आदर्श दर्पण होता है ॥ अन्यथा नहीं भासता ॥ तैसे आत्मा

जहां कहा या एक है ॥ पर जहां चित है अहंभाव कर तहां ही भासता है ॥ आत्मा का प्रतिबिंब चित विषे भासता है ॥ सो चित आत्मा की सत्ता पाय कर जगत की रचना पसारता है ॥ जैसे सूर्य की या किरणां रूप को पसारती यां है ॥ हे रामजी अनों का कारण अंतःकरण है ॥ अरु आत्मतत्व सर्व ते अतीत है ॥ आद कारण यही है ॥ पर वास्तव ते अकारण है ॥ जगत जो सत भासता है ॥ सो अविचार कर कै भासता है ॥ तिस के निवर्त उपाय आत्मज्ञान है ॥ हे रामजी संसार का कारण अंतःकरण है ॥ सो असम्यक ज्ञान कर सत रूप भासता है ॥ जैसे मारूस्थल विषे असम्यक ज्ञान करके जल भासता है ॥ जब यथार्थ आत्मा का ज्ञान होवेगा ॥ तब जगत का कारण चित नष्ट होवेगा ॥ जैसे दीपक के उदे होते अंधकार नष्ट हो जाता है ॥ हे रामजी संसार का कारण अपना चित है ॥ इसी का नाम जीव अंतःकरण चित अरु मन है ॥ रामो वाच ॥ हे मानरमान के देवणहारे एतीयां संज्ञा चित कीया कैसे हुईयां है ॥ वशिष्ठो वाच ॥ हे रामजी सर्व भाव रूप एक परमात्म तत्व है ॥ जैसे समुंद्र तरंगा आदिक अनेक संज्ञा एक जल ही धारती है ॥ अरु सदा एक रूप है ॥ संवेदन संपट रूप करकै अनेक रूपो को धारती है ॥ जैसे एक जल ही तरंग कर बुदबुदा अरु फेण अरु कहूं विकार उपकरू इस्पर ॥ एतीयां संज्ञा को धारती है ॥ पर सर्व जल ही रूप है ॥ तैसे सर्व शक्ति रूप आत्मा सर्व शरीरो विषे चिंतादिक संज्ञा सर्व रूप होता है ॥ जब समपदं कलना हर होती है ॥ तब वस्तु स्वरूप होइ भासता है ॥ अरु जहां अज्ञान संसारो को अंगीकार करता है ॥ तहां वही अनंत आत्मा जीव कर कहीता है ॥ जैसे केसरी सिंह पिंजरे विषे फासता है ॥ तैसे यह जीव होता है ॥ हे रामजी जहां अहंभाव कर फुरता है ॥ तहां जीव कहीता है ॥ अरु जो निश्चय वृत कर फुरता है ॥ तिस को बुध कहीता है ॥ अरु संकल्प विकल्प रूप कर मन कहीता है ॥ अरु चिंतना करणे ते चित कहीता है ॥ अहंकृत भाव करकै अहंकृत कहीता है ॥ हे रामजी अकृत रूप जो पदार्थ है सो जड है ॥ अरु चेतन है सो जीव कर कहीता है ॥ जड जो है दृश्य भाव कर संवित भागा है ॥ अरु अजड जो है जीव अरु दृष्टा भाव कर सिद्ध होता है ॥ इन के नाम धरे है सो परमात्म तत्व है ॥ सो नाना रूप होइ भासता है ॥ इस रूप जीव का बृहदारण्यक उपनिषद विषे बहुत प्रकार करकै कहा है ॥ इस ते इतर जो संज्ञा पास जो कारो विकल्प कर कहीयां है ॥ सो व्यर्थ कल्पना करी है ॥ जब लग अहंभाव करकै चित प्रकाशता है ॥ तब लग जगत भ्रम होता है ॥ जैसे जब लग सूरज उदे है तब लग प्रकाश है ॥ जब सूर्य अस्त भया तब प्रकाश जाता रहता है ॥ तैसे जब चित का अभाव भया तब जगत भ्रम जाता रहता है ॥ अरु देह विषे विषे जो आत्मा बुद्ध कर्ता है ॥ सो अहंकार महा मूढता है काहे ते जो यह तो आधार अधेय संज्ञा मय है ॥ तो आत्मा का ऐसे संजोग न होवै ॥ तब देह के नष्ट हूए आत्मा भी नष्ट हो जावैगा ॥ जब आधार आधेय एक हे होवै तब देह के नष्ट हूए आत्मा भी नष्ट होवै ॥ जैसे बडे वृष के एक पत्र न नष्ट हूए वृष नष्ट न होता ॥ तैसे शरीर के नष्ट हूए आत्मा नष्ट नहीं होता ॥ जैसे पुरातन वस्त्रो को त्याग कर उरषनो तन वस्त्र का अंगीकार करता है ॥ तैसे पुरातन शरीर को त्याग कर आत्म रूप जीव नोतन शरीर को अंगीकार करता है ॥ इस का नाम मूढ मृतक कहते है ॥ शरीर के नाश हूए कछु आत्मा तो नाश नहीं होता ॥ हे रामजी जिस का चित निर्वासी भया है ॥ तब उस का शरीर छूटता है ॥ तब वह चिदाकाश विषे लीन होता है ॥ अरु जिस के चित विषे वासना है ॥ सो एक शरीर को त्याग कर अवर को पावता है ॥ बहुड उस सरीर को त्याग कर अवर को ग्रहण करता है ॥ तो भी शरीर के नाश हूए आत्मा नाश नहीं होता ॥ अरु जो शरीर के नाश हूए अपणा नाश मानते है सो अज्ञानी है ॥ जैसे इस स्थान विषे अज्ञान करकै वैताल भासता है ॥ तैसे आत्मा विषे अज्ञान करकै मृत भासती है ॥ अरु जो इस का अत्यंत नास होवै ॥ अर्थ यह जो चित नास होवै जावै ॥ बहुड फुरणे ते न वर्जित होवै सो तो आनंद भया ॥ अरु जो शरीर के नष्ट हूए आत्मा को नष्ट कहते है ॥ सो मूढ है मिथ्या कहते है ॥ जैसे कोऊ देस ते देसांतर को जाता है ॥ तो उस का अ

उ.प्र.
२

भावतौ नहीं होता ॥ तैसे शरीर कौं त्याग करके वहु अवर शरीर कौं पावता है ॥ आत्मा का नाश नहीं होता ॥ तैसें जल विषे तरंग फुरता है ॥ वहु लीन होइ कर अवर २ वर जाइ फुरता है ॥ तैसे एक शरीर कौं त्याग कर आत्मा अवर शरीर कौं धारता है ॥ जैसी पंषी उडता उडता दूर जाता है ॥ न वह दृष्टि नहीं आवता तैसे शरीर के नाश हूए आत्मा अवर २ वर जाइ प्रगट होता है ॥ नाश नहीं होता ॥ हे रामजी वासना के वशते यह जीव शरीर कौं त्याग कर अवर शरीर कौं ग्रहण करता है ॥ जैसे वानर वन विषे एक व्रष कौं त्याग कर अवर व्रष ऊपर जाइ वैठता है ॥ वहु उसकौ भी त्याग कर अवर पर जाइ वैठता है ॥ इसी प्रकार वासना के अनुसार जीव पडा फिरता है ॥ वासनारूपी जेवडी कर मनरूपी वांध जन्मरूपी इस थानों विषे जीवरूपी वालक लीए फिरता है ॥ हे रामजी वासनारूपी जेवडी साथ वांधा हूया पडा भरकता है कवहु पर्वत की कंदरा विषे कवहु नगरों विषे कवहु ऊर्ध लोक कवहु अधःलोक कवहु मानुष लोक विषे घटी जंत्र की न्याई पडा भ्रमता है ॥ हे रामजी जीव के हिरदे विषे जो वासना होती है तिसकर जन्म मरणादिक दुष कू करके दुषी होता है ॥ अर कर्मों के फलरूपी जो भार है तिन कौं उठाए फिरता है ॥ वहु स्वर्ग लोक जाता है ॥ कवहु अधः लोक कवहु मध्य लोक विषे आवता है ॥ शांत कौं कदाचित नहीं पावता ॥ ताते हे रामजी अविद्यारूपी जो संसार है तिसकौं भ्रमरूप जान कर इसकी वासना त्याग कर अपने स्वरूप विषे स्थित होवो ॥ हे भारद्वाज इस प्रकार जब वसिष्ठजी कहता तव सूर्य अस्त भया ॥ सर्व सभा संध्यादिक कर्मों के निमित्त उठते भए ॥ परस्पर नमस्कार करके अपने अपने स्थानों कौं गमन करते भए ॥ जव निशा व्यतीत भई तब वहुरि सूर्ज की किरणों साथ अपने अपने स्थानों विषे आय स्थित भए ॥

इति श्री उपशम प्रकरणे संसारोपदेश नाम सर्गः ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी आत्मा देह के उपजे ते उपजता नहीं ॥ अर देह के नाश भए नाश नहीं होता ॥ तैसे निर्कलंक आत्मा रूप है ॥ अर देह का संवंध तिस कौं कदाचित नहीं ॥ जैसे कुंड विषे फल पडा होता है ॥ सो एक के नष्ट भए दूतीय नष्ट नहीं होता ॥ जैसे घट विषे आकाश होता है ॥ सो परस्पर भिंन भिंन रूप होते हैं ॥ घट के नाश हूए तो घटाकाश नष्ट नहीं होता ॥ तैसे देह के नष्ट हूए आत्मा नष्ट नहीं होता ॥ अर जो देह के नाश हूए विषे अपना नाश मानते हैं ॥ सो मूढ जड है ॥ जैसे रथ अर जेवडीयां अर घोडियों के संनेह ते रहत संवंध होता है ॥ तैसे शरीर अर चित अर इंद्रियों का संजोग है ॥ हे रामजी रथ आदिक के नष्ट हूए सारथी की तौ हान नहीं होती ॥ तैसे देह इंद्रीयादिक के नाश हूए आत्मा का नाश नहीं होता ॥ जैसे प्रथवी पर्वत ऊपर जल के प्रवाह का संयोग होता है ॥ अर वियोग भी होता है ॥ सो एक के नाश हूए दूतीय का नाश नहीं होता ॥ तैसे देह इंद्रियों का संयोग है ॥ इन के नाश हूए आत्मा का नाश तौ नहीं होता ॥ जैसे इस स्थान विषे वैताल कल्पकर भै मान होता है ॥ तैसे देह विषे अहं भावमान कर राग द्वेष सुष दुष कौं पावता है ॥ जैसे एक काष्ट की अनेक पुतलीयां होतीयां हैं ॥ सो काष्ट ते इतर कछु नहीं ॥ तैसे जेते कछु शरीर हैं सो पंच भूतकर हैं ॥ पंच भूतों ते इतर कछु नहीं ॥ वहुउ यह पंच भूत के शरीर पंच भूतों विषे लीन होता है ॥ तिस कौं मिरतक कहा कहते हैं ॥ यह आश्चर्य है जो प्रतक्ष पंच भूत के शरीर हैं ॥ तिस विषे आतम भाव इस्थापन करते हैं ॥ वहुउ हर्ष अर सोक कौं प्राप्त होते हैं ॥ इसी ते मूढ है ॥ हे रामजी न कौं दुषरूप है न कौं हरष भी है ॥ अर इन के निमित्त न पडे रुदन करते हैं ॥ ताते जो कछु मैं तुम कौं उपदेस कीया है तिस कौं आदि ते लेकर अंत पर्यंत भली प्रकार विचार देषो ॥ इस पक्ष कौं ग्रहण कर सोक का त्याग करो ॥ न वंध के त्याग मोक्ष की इछा करो ॥ न मोक्ष के प्राप्त होवणे की इछा करो ॥ यंत्र की या पुतलीया की न्याई निर अभिमान जैसे चेष्टा होते तैसे ही करो ॥ इस का नाम आत्मा मौन है ॥ हे रामजी मोक्ष नाम कोऊ पदार्थ आकास विषे नहीं इस्थित ॥ न कोऊ पाताल विषे इस्थित है ॥ अर भूम लोक विषे भी मोक्ष नामा पदार्थ इस्थित नहीं ॥ चित का निर्मल होवणा ॥ अर्थ यह जो अनात्मा साथ आप कौं मिलावणा तिस विषे आत्म अभिमान करणा यही मैल है ॥ इस अनात्म त्याग करणा ॥ शुद्ध आत्मा विषे चित को लगावणा ॥ यह निर्मल चित होवणा इसी का नाम मोक्ष है ॥ जव चित सौं गुणामय वृत्त का त्याग होवै ॥ अर सम्यक ज्ञान होवे ॥ तिस कौं तत्वदरसी मोक्ष कहते हैं ॥ हे राम जव लग आत्म का वोध नहीं होता ॥ तव लग इह दीन अर दुषी होता है ॥ जव आत्मा का निर्मल वोध हूया तव सर्व दुष इते मुक्त होता है ॥ ताते अवर उपावों कौं त्याग ॥ भक्ति कर के आत्म वोध कौं पाइ जो तू सुषी होवैं ॥ हे रामजी जव चित्त अचित होता है ॥ तव सर्व जगत भ्रम मिट जाता है ॥ अर जगत न कछु द्वितीय वस्त नहीं ॥ एक अद्वैत आत्म तत्त्व है ॥ जो वही है तौ वंध किस कौं कहीए अर मोक्ष किस कौं कहीए ॥ मोक्ष वंध की कल्पना त्यक्त है ॥ इस कल्पना कौं त्याग कर आत्म पद विषे इस्थित होवो ॥ अर सर्व कलना कौं त्याग कर चक्रवरती होइ कर प्रथवी की पालना करो ॥ तुम कौं कर्म का स्पर्स कछु न होवैगा ॥ जैसे कमल कौं जल का स्परस नहीं होता ॥ तैसे तुम कौं कर्म का स्पर्स न होवेगा ॥ इति श्री उपशम प्रकरणे आत्मा विचारो नाम सर्गः ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी इस दृष्टि के संकल्प ते जगत उपज्या है ॥ अर अज्ञान कर के आप कौं शरीर रूप जानता है ॥ अपने संकल्प कर उपजाए कौं आप जानता है ॥ जैसे कोऊ सुंदर पुरुष होवै ॥ तिस के मुष देषे विना उस कौं कुरूप जाणे ॥ तैसे आत्मा के साक्षात्कार विना देहरूप आत्मा कौं जानता है ॥ जो मैं देह हों ज्यों ज्यों स्वरूप का प्रमाद होता है ॥ त्यों त्यों देह विषे अधिक अभिमान होता जाता है ॥ जैसे ज्यों ज्यों मदरापान करता जाता है त्यों त्यों मत होता जाता है ॥ हे रामजी यह जो नाना प्रकार की दृश्य भासती है ॥ सो अज्ञान कर के भासती है ॥ जैसे सूर्य की या किरणों कर के मारूथल विषे जल भासता है ॥ तैसे असम्यक ज्ञान कर के आत्मा विषे जगत भासता है ॥ एक कलना के फुरणे कर के मन वुध चित अहंकार इंद्रीयां देह भासते हैं ॥ सो एक फुरणे की यापती या संज्ञा है ॥ जैसे एक जल की या अनेक संज्ञा होती या है ॥ तैसे एक फुरणे की या सर्व संज्ञा है ॥ जो चित है सो ही अहंकार है ॥ जो अहंकार है सो ही मन है ॥ जो मन है सो ही बुद्ध है ॥ इन विषे भेद कछु नहीं ॥ जैसे वर्फ अर शुकलता अर शीतलता विषे भेद कछु नहीं ॥ तैसे मन बुद्धि आदि कौं विषे भेद मिथ्या है ॥ एक के नाश हूए सर्व का नाश हो जाता है ॥ जैसे पट के नष्ट हूए सर्व तंतन का अर शुकलता का नाश हो जाता है ॥ ताते मन विषे जो कछु कलना है तिस कौं त्याग करो ॥ मोक्ष की इछा भी त्याग करो ॥ अर वंध निवृत्त की इछा भी त्याग करो ॥ हे रामजी विवेक अर वैराग अर अभ्यास कर के मन कौं निर्मल करो ॥ जव मन निर्मल हूया तव मन का मनन भाव भी नष्ट हो जावेगा ॥ जव पद पूर्ण होता है ॥ जो मैं मोक्ष होवौं तौ भी मनन जाग आवती है ॥ अर मन के जागे ते मनन भी हो आवता है ॥ अर मनन भाया तव अपणे संस्कारी भास आवता है ॥ तव अनेक दुष भासते हैं ॥ हे रामजी आत्म तत्व सर्व ते अतीत है ॥ अथवा सर्वरूप वही है ॥ न तव केवल वंध होवे ॥ अर केवल मोक्ष होवे ॥ जव मन का मनन निर्मल हूया तव न कोऊ वंध है न कोऊ मोक्ष है ॥ आत्मा सर्व क्रिया ते अतीत है ॥ अर सर्व क्रिया भी इस प्रकार होती है ॥ जैसे वायु के चलणे ते वृक्ष के पत्र फूल हलते हैं ॥ तैसे प्राणों के फुरणे कर हस्त पाद आदिक इंद्रीयां चेष्टा पडी या करती या है ॥ हे रामजी चितन शक्ति जो है सो सर्व व्यापी है ॥ अर सूषम है अचल है ॥ न आप ही चलती है ॥ न किसी अवर की प्रेरी हूई चलती है ॥ सदा इस्थिर रूप है ॥ जैसे सुमेर पर्वत न अव ही चलता है न वायु कर चलाइमान होता है ॥ तैसे चित शक्ति चलायमान नहीं होती ॥ हे रामजी जेते कछु पदार्थ भासते हैं ॥ सो आत्मरूपी आदर्श विषे प्रतिविंव होते हैं ॥ जैसे सर्व पदार्थों कौं दीपक प्रकासता है ॥ तैसे सर्व पदार्थों कौं आत्मा प्रकाशता है ॥ अर सर्व पदार्थों विषे एक अनस्यूत आत्मा व्यापक है ॥ अर अहं इत्यादिक की कलना ते रहत है ॥ जहां अहं त्वं आदिक कलपना नहीं फुरती न दृश्य भी नहीं फुरता ॥ जैसे सुषोपति विषे अहं त्वं आदिक का व्यवहार नहीं फुरते ॥ तैसे आत्मा विषे नहीं फुरते ॥ ताते ज्ञानवान विषे कर्तृत्व भोगतृत्व नहीं फुरते ॥ हे रामजी आत्मा निरहंकार है ॥ अर निराकार है तिस विषे कर्तृत्व भोगतृत्व

उ॰प्र॰
२१

21

भोगतत्व कैसे होवे॥ करतत्व अरु भोगतत्व आत्मा विषे अज्ञान करके भासते हैं॥ जैसे मारूथ
ल विषे जल भासता है॥ अरु हे रामजी अज्ञानरूपी मदरा कों पान करके मनरूपी मृग मस्त हूया
है॥ तिसकरि असत असतन का विचार कछु नहीं करता॥ जैसे असत मृगत्रिस्ना की नदी सत होइकर
भासती॥ मृग तिसकों सत जाणकर पानके निमित धावते हैं॥ तैसे इन जीवों का मन है॥ जो असत
न रूप संसार कों सत जाणकर सुषके निमित धावता है॥ अरु दुषी होता है॥ अरु जब आत्मसता
का सम्यक बोध होता है॥ तब इह अविद्या नष्ट होजाती है॥ जैसे ब्रह्मणों के मध चंडाल की कं
न्या आइ वैठे॥ अरु जब उन ब्रह्मणों उसकों जाणा जो यह चंडाल की कंन्या है॥ तब वह चलती
रहती है॥ जैसे जब अविद्या कों जाण्या जो यह अविद्या है॥ तब अविद्या नष्ट होजाती है॥ हे रा
मजी जब अविद्या कों ज्यों का त्यों जाणीए तब अविद्यारूप जगत मन कों वंधन नहीं सकता॥ जै
से मृगत्रिस्ना की नदी कों असत जाणा यातें वह जल मन कों षेंचन नहीं सक्ता॥ हे रामजी जब प
मार्थ सता का वोध होता है॥ तब समल वासना नष्ट होजाती याहे॥ जैसे दीपक के उदे हूए तें अं
धकार नष्ट होजाता है॥ तैसे आत्मज्ञान करि अविद्या से युक्त वासना नष्ट होजाती याहे॥ हे राम
जी अविद्या अविचार तें सिद्ध है॥ जब सतसंग सत्सास्त्रों की युक्ति संयुक्त विचार इसकों प्राप्त होता
है॥ तब अविद्या नष्ट होजाती है॥ जैसे वर्फ का कणका धूप करके जल होजाता है॥ तैसे विचा
र करि वै अज्ञान नष्ट होजाता है॥ हे रामजी देह जड है अरु आत्मा सदा चैतनरूप है॥ वह इस जड
देह के निमित भोगों की इछा करणी यह मूढता है॥ जो ज्ञानवान पुरुष है॥ सो इस वंधन को
तोड डारते हैं॥ जैसे केसरी सिंह पिंजरे को तोडकर निकस जाता है॥ तैसे ज्ञानवान पुरुष भो
गों के निश्चय कों तोड डारता है॥ हे रामजी आसारूप जो फासी है तिसकों छिद देंतें का दो
नव आसारूपी आवरण दूर भया॥ तब पूर्नमासी के चंद्रमा च अंतर सीतल होजावेगा॥ जै
से परवत कों अगन लागती है॥ जिसकर जलने के ऊपर मेहतन वर्षा होवे तब तपतें मुक्त
होइकर सीतल होजाता है॥ तैसे यह पुरुष तीनों तापों तें मुक्त भया॥ आत्मपद कों पाइकर
पूर्णतवान होजाता है॥ हे रामजी आत्मा के साक्षात्कार रूप परमानंद कों प्राप्त होता है॥ जैसे स
रंक कों त्रिलोकी का राज्य प्राप्त होवै॥ अरु उसकों आनंद की प्राप्त होवै॥ तैसे ज्ञानवान कों आ
नंद प्राप्त होता है॥ अरु परम लक्ष्मी कर सोभता है॥ जब इसके विदे सो आसारूप मैल जल जाती
है॥ तब सर्त काल के आकास वत पुरुष अपणे आप विषे मावता नहीं॥ जैसे महाकल्प क
संघै इनहीं समावता॥ तैसे ज्ञानवान पूर्ण होता है॥ जैसे मेघ जल कों त्याग करके मौन होजा
ता है॥ तैसे ज्ञानवान आसा कों त्याग कर आत्म मौन होजाता है॥ जैसे अगन ईधनों कों जला
इकर प्रसांत रहत अपणे आप विषे स्थित होता है॥ तैसे चित अंत ते रहत भया॥ आत्मपद
विषे निर्वाण होजाता है॥ जैसे दीपक निर्वाण होता है॥ तैसे चित निर्वाण भया॥ परमानंद कों
प्राप्त होता है॥ जैसे अमृत कों पान करके पुरुष आनंदमान होता है॥ तैसे परमानंद कर पूर्ण अ
पणे आप विषे प्रकाशता है॥ जैसे वायु तें रहत स्थान विषे दीपक प्रकाशता है॥ अरु जैसे सु
र्यमणि अपणे प्रकाश कर प्रकाशती है॥ तैसे ज्ञानवान अपणे प्रकाश कर प्रकाशता है॥ ऐसे स
र्वात्मा हो सर्वगत हो सर्व का ईश्वर हो॥ सर्व आकार हो निराकार हो केवल चिदानंद आत्मा हो
सदा अपणे आप विषे स्थित॥ हे रामजी ऐसे वह ज्ञानवान अपणे आप कों जाणता है॥ अरु पूर्व
जो छिन्न वलीन भय है॥ तिनकों स्मरण करके हसता है॥ मै तो आनंद आत्मा हों॥ माया के भ्रम
कर आपकों कर्ता भोगता मानता था॥ हे रामजी ऐसे जाणकर रागद्वेषादिक रोगों ते रहत परम
शांत कों प्राप्त होता है॥ उसके ताप सर्व निवर्त होजाते हैं॥ अरु आत्मा विषे सदा अभीतर रहती है॥
अवचित सर्वते पूर्ण होजाता है॥ अरु सर्व कों पवित्र करणे हारा होता है॥ कामरूपी वक्र ते मुक्त
होता है॥ जनमों के वंधनों कों काट डारता है॥ रागद्वेषादिक द्वंद अरु सर्व के भय ते रहत होता
है॥ अरु अविद्यारूपी संसार समुद्र कों तर जाता है॥ अरु उत्तम लक्ष्मी कों प्राप्त होता है॥ अरु प

पद जो परमपद कों प्राप्त होता है॥ वह उसे मारके जन्म मरण कों नहीं प्राप्त होता है॥ अरु करमों का अं
त होजाता है॥ हे रामजी ज्ञानवान की कथा कों देषकर अवर सर्व वांछाकते हैं॥ पर अवर की
कृपा कों देषकर ज्ञानवान किसी की इछा नहीं करता॥ अरु सर्व कों आनंदवान करता है अरु
आप किसी करि आनंदवान नहीं होता न किसी कों देता है न लेता है॥ न किसी की उपमा करता,
है॥ न निरादर करता है न किसी उत्तम पदार्थ कों पाइकर उदय होता है॥ अरु न अनिष्ट कों पाइकर अ
स्त होता है॥ हर्ष अरु शोक ते रहत है॥ सर्व आरंभ अरु तिनके फलों का त्याग कीया है॥ सर्व उ
पाध ते रहत है॥ करतत्व अरु भोगतत्व ते आपकों न्यारा जाणता है॥ ऐसा जो पुरुष है सो जीवण
मुक्त कहीता है॥ हे रामजी सर्व इछा कों त्यागकर चित कों मौन करेगा॥ तब निवर्त शोष मोष
भाव कों तूं प्राप्त होवेगा॥ जैसे मेघ जल कों त्याग मोष भाव कों प्राप्त होता है॥ तैसे तुम मोष भा
व कों प्राप्त होवेगी॥ हे रामजी जैसे कामी पुरुष सुंदर इस्त्री कों कंठ लगाइकर आनंदमान हो
ता है॥ तिसकों ऐसा आनंद नहीं होता॥ जैसे आनंद निरासी पुरुष कों प्राप्त होता है॥ अरु फूल
वली गुछे कर वसंत रित ऐसी नहीं सोभती॥ जैसे निर्वासी पुरुष सोभता है॥ अरु हिमालय
वेन विषे प्राप्त भया भी ऐसा सीतल नहीं होता॥ जैसा निरासी मन सीतल होता है॥ अरु केले के
वन कों प्राप्त भया॥ ऐसा सुखी नहीं होता॥ अरु चंदन कों पान कीए भी ऐसा सीतल नहीं होता॥
जैसा सीतल निरासी मन होता है॥ अरु चंद्रमा के स्पर्श कीए ने भी ऐसा सीतल नहीं होता॥
जैसा निरासी पुरुष सीतल होता है॥ काहेतें जो चंद्रमा बाह्य की तपत कों मिटावता है॥ पर अं
तर की तपत निवर्त नहीं कर सक्ता॥ अरु निरासता करके अंतर की तपत मिट जाती है॥ पर प
मसांत कों प्राप्त होता है॥ जैसी सीतलता निरासी पुरुष के संग कर प्राप्त होती है॥ तैसी अवर कि
सी उपाइ कर नहीं प्राप्त होती॥ हे रामजी ऐसा सुष स्वर्ग विषे भी नहीं होता॥ अरु सुंदर इस्त्रीओं के
पर्मकी पते भी नहीं होता॥ जैसा सुष निर्वासी कों प्राप्त होता है॥ निर्वासी पुरुष तिस सुष
कों पावता है॥ जिस विषे त्रिलोकी के सुष त्रिणवत भासते हैं॥ हे रामजी आसारूपी करोजी
पका वृष है॥ तिसके कारणे कों उपशम रूपी कुठार है॥ जो पुरुष निरास भया है तिसकों सं
पूर्ण प्रथ्वी गोपद के समान तुछ भासती है॥ अरु सुमेर पर्वत एक वृष के समान भासता
है॥ ग्रथवादि वेके समान भासता है॥ काहेतें जो महा उत्म पद कों प्राप्त भया है॥ त्रिलोकी की
विभूत त्रिणवत देषता है॥ जो पुरुष निरास रूपी भूषण कर भूषत भया है॥ सो जगत कों देषक
र हंसता है॥ अरु कदाचित जगत के पदार्थों की कलना नहीं फुरती॥ त्रिणवत जगत कों जाण
कर त्याग दीया है॥ अरु सर्वदा आत्मतत्व विषे स्थित भया है॥ तिसकों उपमा किस की दीजीए
तिस पुरुष की उदे अस्त निस तें आ जाणणी॥ जो थी होवे अरु थी न होवे॥ अहंत्व आदिक सर्व क
लना नष्ट होगई है॥ केवल आत्मस्वभाव कों प्राप्त भया है॥ तिसकों कवण तोल सके जो हूती
य उसके समान होवै तब बोले॥ हे रामजी वह पुरुष सर्व संकटों के अंत कों प्राप्त भया है अरु संक
दसुष कों प्राप्त भया है॥ अरु परम सोभागता कों प्राप्त भया है॥ हे रामजी यह जगत मिथ्या भ्र
म रूप है॥ जैसे आकास विषे दूतीय चंद्रमा भासता है सो भ्रम कर भासता है॥ अरु जैसे मारू
थल विषे नदी भ्रम कर भासती है॥ अरु जैसे स्वपन नगर भ्रम करके भासता है॥ तैसे यह जगत
मिथ्या भ्रम करके भासता है॥ इसका आसा मत करो॥ तुम बुधवान पंडित हो॥ मूढ होवत मो
ह कों कंु प्राप्त हो॥ यह मैं हों यह मेरा है॥ यह अज्ञान करके भासते हैं॥ इस कल्पना कों वि
तते दूर करो॥ यह वास्तव कछु नहीं॥ सर्व जगत आत्मरूप है नानात्मक कछु नहीं॥ जो सत्य
कटर सी पुरुष है सो एकरूप जगत कों जाणकर धीर्जवान रहते हैं॥ अरु षेद कों नहीं प्राप्त
होते॥ हे रामजी जो पुरुष निर्वासी भया है॥ अरु आत्मविचार करके आत्मपद कों प्राप्त हूया है॥ ति
सकों देषकर जगत के मोहणे हारी माया भी भाग जाती है॥ इसके निकट नहीं आवती॥ जै
से सिंह के निकट म्रग नहीं आवता॥ अरु ज्ञानवान कों संइ इसत्री अरु मणि अरु स्वर्णादिक ध

उ॰प्र॰
२२

22

न अरु पाषाण अरु अषादिक तल्य भासते है ॥ अरु भोगो कर तिसको सुष नहीं होता ॥ अरु दुष दाउस
कों कष्ट नहीं देते ॥ सदा ज्यों का त्यौं रहता है ॥ जैसे पर्वत वायु कर चलाइमान नहीं होता ॥ तैसे ज्ञानी
सुष दुष कर के चलाइमान नहीं होता ॥ संकट ज्वाला इस जीउ सके विनकों षेच नहीं सकती ॥ अरु का
मदेव के चलाए बाण उसपर टूक टूक हो जाते है ॥ अरु राग द्वेष उसको षेच नहीं सकते ॥ काहु ते जो
उसको स्पर्श नहीं करते ॥ सदा आपको अद्वैत निराकार अक्रिय निर्गुण जानता है ॥ अरु संकट वगी
चेलता वली अरु संकट सिंह जो इस जीयो के भोग अरु अनिष्ट कष्ट देवणे हारे ज्ञानवानो कों तबलहे
राग द्वेष कों नहीं प्राप्त कर सकते ॥ जैसे पर्वत विषे रितु के अनुसार मिष्ट कटक फल फूल लगा
ते है ॥ सो पर्वत को किसी विषे राग द्वेष नहीं होता ॥ तैसे ज्ञानवान कों यथा याल भेद कर सुष दुष
आय प्राप्त होते है ॥ तब राग द्वेष किसी कर नहीं उपजता ॥ जैसे नेत्र रूप को देषते है ॥ पर भले बुरे वि
षे इन कों राग द्वेष कछु नहीं ॥ तैसे ज्ञानवान भोगो कों भोगता है ॥ पर राग द्वेष किसी विषे नहीं
करता ॥ अकस्मात जो भोग आय प्राप्त होता है ॥ तिसकों भोगता है ॥ पर हर्ष शोक वान नहीं
होता ॥ हे रामजी जो यथाभूत दरसी है ॥ तिसकों इष्ट अनिष्ट विषे सुष दुष नहीं होता ॥ जैसे वसं
त रितु के गमन आगमन अरु अवरित के आवणे जावणे विषे पर्वत कों सुष दुष नहीं प्राप्त हो
ता ॥ कर्म इंद्री कर कर्म कर्ता है ॥ पर तिस विषे मगन नहीं होता ॥ वाह्य ते उन विषे आसक्त दृष्ट आ
वता है ॥ पर अंतर ते आसक्त नहीं होता ॥ अरु जो वाह्य ते आसक्त नहीं दृष्ट आवता ॥ अरु अंतर ते वि
न देह विषे आसक्त है सो मगन होता है ॥ दुःषता है ॥ अरु जैसे मणि अंतर ते सुध है ॥ अरु वाह्य कों च
विषपरी दृष्ट आवती है ॥ तो भी तिसकों कलंक कछु नहीं निकवालंका है ॥ अरु जो अंतर ते षोटी है ॥
अरु वाह्य सुंदर उज्जल भासती है ॥ तो भी सकलंक है ॥ तैसे अपणे चित कर जो आसक्त है ॥ सो दुःष
सक्त है ॥ अरु जो चित भाव कर आसक्त नहीं होसी असंसक्त है ॥ हे रामजी शरीर सो जिस का अहं
भाव मिट गया है ॥ अरु इंद्रीयो कर कर्म पड़ा करता है ॥ तो करता भी कछु नहीं करता ॥ अरु जो देह
विषे अहंभाव है ॥ सो अकर्ता भी करता ही है ॥ हे रामजी आत्मसत्ता सदा अकाश रूप है ॥ अ
नित शुद्ध है परमानंद स्वरूप है ॥ जिस पुरुष कों अपणे शुद्ध स्वरूप का ज्ञान है तिसको विस
मर्ण नहीं होता ॥ जैसे किसी को बांधव चिरकाल ते मिल्या तिसको जाण्या बहुर विसमर्ण
नहीं होता ॥ तैसे अपणा स्वरूप जिसने जाण्या है ॥ तिसको विसमर्ण नहीं होता ॥ हे रामजी जि
सकों सुध स्वरूप का ज्ञान भया है ॥ तिसकों भ्रांत रूप जगत बहुर नहीं भासता ॥ जैसे जेवड़ी वि
षे सर्प भ्रम भास्या था ॥ जब सर्प भ्रम निवर्त भया ॥ तब जेवड़ी जो सर्व रूप है तिसका विसमर्ण
नहीं होता ॥ अरु सर्प भ्रम नहीं भासता ॥ अरु जैसे मारूथल विषे जलबुद्ध निवर्त हुई तो बहुर ज
लबुद्ध नहीं होती ॥ तैसे आत्मा के जाणे ते फिर बहुर देह भावना नहीं होती ॥ जैसे परवत ते नदी उतर
ती है ॥ सो बहुर पर्वत ऊपर नहीं चढ़ती ॥ अरु जैसे स्वर्ण का षोट अग्नि कर जलाया बहुर षोटा नहीं
होता ॥ सो कीच विषे डारीए तो भी षोटा नहीं होता ॥ तैसे जब हिरदे की चिद्जड़ ग्रंथ टूटी तब
गुणो के विकार विषे भी गेरन नहीं पड़ती ॥ अरु वेधाइमान नहीं होता ॥ जैसे ब्रष ते टूटा फल बहु
र नहीं लागता ॥ तैसे जिसका देह सों अभिमान टूटा है सो बहुर देह विषे नहीं लागता ॥ उसका
अभिमान स्वरूप विषे रहता है ॥ जैसे लोहे के हथोड़े साथ पषाण को चूर्ण कीया ॥ बहुर तिसको
एकठा पाषाण कोऊ नहीं कर सकता ॥ तैसे आत्म विचार मन को जब चूर्ण कीया तब बहुर एक
ठा नहीं होता ॥ जिस पुरुष अविद्या जाणी तब बहुर नहीं देह संग मिलता ॥ जैसे जिस ब्राह्मण चं
डालो की सभा जाणी तब उनकी संगत बहुर नहीं करता ॥ जैसे जिस अविद्या रूप जगत को जाणा
तब बहुर जगत के पदार्थो विषे आसक्त नहीं होता ॥ हे रामजी विष जो मधु अरु जल में गम मिला
या हुआ होवे तो जबलग जाणी नहीं ॥ तबलग तिसकों पान करता है ॥ जब उसको जाण्या तब ब
हुर पान करणे की इच्छा नहीं करता ॥ तैसे जबलग इस संसार कों ज्यों का त्यों न जाण्या तबलग इ
सके पदार्थो की इच्छा करता है ॥ तब जाण्या जो माया मय है तब इसकी इच्छा नहीं करता ॥ हे रामजी

सुंदर स्त्रीया जो नाना प्रकार के वस्त्रो अरु भूषणो से युक्त कर दृष्ट आवती है ॥ और इनको आपणा जाणता है
अस्थि मांस रुधिरादिक की पुतली है ॥ अवर कछु नहीं ऐसे जाणकर तिसकी इच्छा निवर्त होता
ती है ॥ जैसे मूरत ऊपर रक्त स्याम रंग लिषे होते है ॥ तैसे उनको इस जी के वसत्र अरु केस भासते है ॥
हे रामजी जिन पुरुषो कों आत्मा का साक्षात्कार भया है ॥ तिनको अवस्त विषे वस्तबुद्ध नहीं हो
ती ॥ अवस्त विषे वस्तबुद्ध तब होती है ॥ जब वस्त स्वरूप का विसमरण होता है ॥ सो तो ज्ञानवा
न को सदा सरूप का स्मर्ण है ॥ अवस्त विषे वस्तबुद्ध उसकों कैसे होवे ॥ जिसको आत्म अनु
भव हुआ है ॥ तिसको विसमर्ण नहीं होता ॥ जैसे किसी पुरुष गुड़ किसी पास राष्या होवे अरु
वह भषण कर जावै ॥ तो उसको अवर दंडादिक कर सकेगा ॥ पर उसके स्वाद का अनुभव तो ह
रन कर सकेगा ॥ उसकी समर्थ नाही जो हर कर सके ॥ तैसे जिसको आत्म अनुभव हुआ है ॥
तिसके हर करणे कों कोउ समर्थ नहीं ॥ हे रामजी जैसे परव्यसनी नारी होती है ॥ किसी पर पु
रुष संग उसका चित लागा हुआ है ॥ तब बहुर ग्रह के कर्म भी पड़ी करती है ॥ पर उसका चित स
दा तिस विषे रहता है ॥ तैसे ज्ञानवान क्रिया कर्म भी सर्व करता है ॥ पर उसका चित सदा आत्मपद
विषे रहता है ॥ जैसे परव्यसनी इस्त्री कों अपणा भर्ता दंड भी करता है ॥ तो भी स्पर्श के सुष का
अनुभव उसके हिरदे ते हर नहीं कर सकता ॥ तैसे जिसको आत्म अनुभव हुआ है ॥ तिसके
हर करणे कों कोऊ समर्थ नहीं ॥ देवता अरु दैत भी हर नहीं कर सके ॥ अवरो की क्या वारता
है ॥ जो बड़े सुष अरु दुष का प्रवाह भी आन पड़ता है ॥ तो भी तिनको षेद नहीं कर सकता
ज्ञानी कर्ता हुआ भी अकर्ता होता है ॥ जैसे परव्यसनी नारी पर पुरुष के संयोग कर दुष भी पा
वती है ॥ पर उसको जो सुष का अनुभव भया है ॥ तिसकों संकल्प कर अनुभव पड़ी करती है
तिस कर उसको दुष नहीं होता भासता ॥ तैसे जिसको आत्म सुष प्राप्त भया है ॥ तिसको अनु
भव कर कछु सुष दुष नहीं भासता है ॥ हे रामजी सम्यक ज्ञान कर के जिसकी अविद्या नष्ट भई
है ॥ सो दुष कों नहीं देषता ॥ जिसके अंग काटीए तो भी दुष कों नहीं देषता ॥ रुदन करता है ॥
तो भी नहीं करता ॥ जो अंग पड़े जलते है तो भी नहीं जलता ॥ शरीर के नष्ट हुए नष्ट नहीं होता
सुष दुष तिसके नष्ट हो जाते है ॥ उसका निश्चय सदा आत्मपद विषे रहता है ॥ संकटवान भी प
ड़ा दृष्ट आवता है ॥ पर उसको संकट कोऊ नहीं ॥ वन विषे रहे अथवा ग्रह विषे रहे ॥ अथवा व्यवहा
र करे अथवा न करे अथवा समाध करे ॥ वह सदा ज्यों का त्यों रहता है ॥ उसको षेद कष्ट किसी प्र
कार नहीं होता ॥ ॥ ॥ इति श्री उपशम प्रकरणे सत्तासपद मौनवर्णनं नाम सर्गः ॥ वसिष्ठोवाच
हे रामजी राजा जनक राज व्यवहार करता रहा ॥ पर स्वात्मपद विषे स्थित रहा ॥ तिस कर उसको क
लंक न भया ॥ सदा अगत तृप्त होय रहा ॥ अरु तमारा पिता मा जो राजा दलीप है ॥ सो भी सर्व आरंभ
कों कर्ता रहा ॥ पर अंतर ते राग द्वेष कों न प्राप्त भया ॥ जीवन्मुक्त होइ कर चिरकाल पर्यंत पृ
थ्वी का राज्य कर्ता भया ॥ अरु राजा मानधाता नाना प्रकार की युद्धादिक चेष्टा कर्ता रहा ॥ सो स
दा आत्मपद विषे निश्चल रहा ॥ अरु कदाचित मोह कों न प्राप्त भया ॥ अरु राजा बल पाताल विषे जो
इस्थित भया ॥ महात्यागी अरु राज व्यवहार कों कर्ता भी दृष्ट आया ॥ पर स्वरूप के ज्ञान कर सदा आ
तरूप जीवन्मुक्त होइ कर व्यवहार कर्ता भया ॥ अरु नमुचर दानवो का राजा सदा नाना प्रकार की
युद्धादिक क्रिया विषे रहा ॥ पर हिरदे विषे कछु ताप न भया ॥ अरु इंद्र के युद्ध विषे वृत्रासुर दैत्य
मारा ॥ पर सदा सीतल कदाचित षोभवान न भया ॥ अरु दैतो का राजा प्रहलाद पाताल विषे रा
ज कर्ता रहा ॥ पर हिरदय विषे षोभ न होता भया ॥ हे रामजी शंभव नाम दैत सदा षेष्ट अपणी के
रचणे कों उदय भया ॥ सो अलेप संसार के रचणे विषे वेधायमान भया ॥ अरु विसन भगवान सदा
दयतो कों नास करता है ॥ अरु युद्ध कर्ता रहता है ॥ अरु हिरदे विषे अलेप बुद्ध है ॥ तिसकर स
दा सुषेन जीवन्मुक्त है ॥ अरु मसलन नाम दैत्य विसन भगवान जी संग युद्ध कर के शरीर कों त्या
गत भया ॥ पर हिरदय कर जो देह संग वेधायमान न भया ॥ इसकर जीवन्मुक्त सुषी रहा ॥ षेद कों न

उ.प्र.
२३

23

पावन भया ॥ हे रामजी सर्व देवतेयों का मुष अगन है ॥ सो यह लक्ष्मी कों चिरकाल पर्यंत भोगता है
पर ज्ञानवान है ॥ इस कर षेद कों नहीं प्राप्त होता ॥ सदा शीतल है ॥ अर देवते सदा चंद्रमा की या र
किरणा ते अमृत पान करते हैं ॥ पर चंद्रमा कों कछु षोभ नहीं होता ॥ अर बृहस्पति देवतेयों का
गुर इस स्त्री ते चंद्रमा साथ युद्ध कर्त भया ॥ अर देवतेयों ने मिल नाना प्रकार के कर्म कर्ते हैं ॥ पर रा
ग द्वेष ते रहत हैं ॥ ताते जीवनमुक्त है ॥ हे रामजी दैत्यों का गुर जो है सुक्रजी सो दैत्यों के निमि
त सदा यतन कर्ता है ॥ अर लोभी की न्याई अर्थों कों चितवता रहता है ॥ पर कदाचित षोभ अ
र षेद कों नहीं प्राप्त होता ॥ अर पवन प्राणीयों के अंगों कों चिरकाल का पडा कुरवता है ॥ चे
ष्टा करावता है ॥ पर निश्चय सदा अपने स्वरूप विषे है ॥ सो षेद कों नहीं प्राप्त होता ॥ ताते
जीवनमुक्त है ॥ अर ब्रह्माजी सदा लोकों कों उत्पत्त कर्ता है ॥ प्रलय पर्यंत इसी क्रिया विषे र
हता है ॥ पर स्वरूप का साक्षात्कार रहता ताते जीवनमुक्त है ॥ अर विष्णु भगवानजी सदा युद्धादि
क द्वंद्व विषे रहते हैं ॥ अर सर्व की पालना करते हैं ॥ पर सदा मुक्तरूप है ॥ अर सदाशिव भग
वानजी जो त्रिनेत्र है ॥ अर्ध अंग इस्त्रीरूप देवी सदा रहती है ॥ जैसे कामी पुरुष कामनी कों
धारता है ॥ तैसे ही धारते हैं पर विषया विषे सक्त नहीं ॥ ताते जीवनमुक्त है ॥ अर मोतीयों की माला र
केर विष परहजी जो गौरी ईश्वरी है ॥ पर अंतर तैसे सीतल रहती है ॥ ताते जीवनमुक्त है ॥ अर स्वाम का
रनक दैत्य साथ युद्ध कर्ता रहा ॥ सो ज्ञानरूपी रतनों का समुद्र ज्ञानवान है ॥ पर अंतर को शीत
ल राषता है ॥ ताते मुक्तरूप है ॥ अर सदाशिव का भृंगी गण नाना प्रकार की पापरूप क्रिया कर्ते भया
पर जीवनमुक्त है ॥ इस कारण ते सदा सुषी है ॥ अर नारद मुनी अर सदा मुक्तस्वभाव है ॥ सर्व दा
जगत की क्रिया जाल विषे रहता है ॥ पर षोभ कों नहीं प्राप्त होता ॥ ताते जीवनमुक्त है ॥ अर जी
वनमुक्त मन मान जो विश्वामित्र है ॥ सो वेदोक्त कर्म कों कर्ता रहता है ॥ पर सदा सीतल रिद
य है ताते जीवनमुक्त है ॥ अर सूर्य भगवान दिन कों कर्ता है ॥ अर फिरता रहता है ॥ पर जी
वनमुक्त सदा तृप्ती है ॥ अर यम सदा जीवों कों दंड करता है ॥ अर षोभ विषे रहता है ॥ पर जी
वनमुक्त है ॥ इंद्र कुबेर ने आदि लेकर त्रिलोकी विषे अनेक जीवनमुक्त हैं ॥ व्यवहार विषे इस्थि
त हैं ॥ कई राज करते हैं ॥ कई होवेंगे कई व्यवहार विषे इस्थित हैं ॥ पर अंतर ते शीतल है कई
मूढ शिलावत होइ रहे हैं ॥ कई धर्मबोधना न वन विषे जाइ इस्थित भए हैं ॥ जैसे मृग अर भा
रद्वाज अर विश्वामित्र जाइ इस्थित भए हैं ॥ अर कई चिरकाल पर्यंत प्रजा की पालना राज कर
ते हैं ॥ जैसे जनक अर मानधाता आदिक करते रहे हैं ॥ कई आकाश विषे वडी कौन कों धार कर
ब्रहस्पति शुक्र चंद्रमा आदिक जाइ इस्थित भए हैं ॥ कई स्वर्ग विषे अगन वायु वर्ण यम नारदादि
क जाइ इस्थित भए हैं ॥ कई देवतारूप धार कर आकाश लोक विषे इस्थित हैं ॥ उन कों सर्वथा
सर्व प्रकार सर्व विषे सर्वात्मरूप भासता है ॥ इतर कछु नहीं भासता नाना प्रकार का अवरू र
अरसिवादिक सर्व आत्मा के नाम हैं ॥ अर वस्तुरूप विषे जो अवस्तु है ॥ अर अवस्तु विषे जो वस्तु
है ॥ सो अवस्तु सो वस्तु तब निकसती है जब पुष्ट होती है ॥ अर वस्तु सों अवस्तु भी पुष्ट कर के हर
होती है ॥ जैसे अवस्तुरूप जो है रेत तिस मों सर्करा पुष्ट कर निकसता है ॥ पर वस्तुरूप स्वती सा
में लय पक्व कर के हर होती है ॥ तैसे अवस्तुरूप देहादिकों विषे वस्तुरूप आत्मा शास्त्र की युक्त
करु धारीता है ॥ अर वस्तुरूप आत्मा सों दृश्यरूपी अवस्तु पदार्थ की युक्त कर हर होती है ॥ हे राम
जी पापने जो भय करता है ॥ सो धर्म विषे प्रवर्तता है तब निरभय होता है ॥ जैसे उपद्रव के भय क
र के जीव आलयद की डार प्रवर्तता है ॥ तब भावना के वस ते असत सों सत कों पावता है ॥ धिया
न अर योगाभ्यास तप है ॥ पर यतन केवल कर के तिस सों सत पद पावता है ॥ अरु जो असत वस्तु
है ॥ सो उदय होइ कर सत भासता है ॥ जैसे बाजीगर की बाजी सो सम से केवल गाभास आवते हैं ॥ तैसे
आत्मा विषे यह जगत भ्रमरूप है ॥ सो अज्ञान कर के दृढ होइ भासता है ॥ पर कल्प के अंत
विषे यह भी नष्ट होइ जाता है ॥ हे रामजी यह जो सूर्य चंद्रमा इंद्रादिक हैं तिन के नाम भी न रहेंगे

अर वे इस मेरादिक पर्वत अर समुद्रादिक सर्व नष्ट होइ जावेगे ॥ जेते कछु तुम कों भाव पदार्थ भा
सते हैं ॥ उत्कृष्ट अर निकृष्ट सर्व नास होवेगे ॥ सर्व माया मात्र है रहणा किसी नहीं ॥ ऐसे विचार
कर के इन के भाव अभाव विषे हर्ष अर शोक मत करो ॥ अर समताभाव कों प्राप्त होवो ॥ हे रामजी सत
है असत वत भासता है ॥ अर जो असत है सो सत की न्याई प्रतीभासता है ॥ इन कों यथार्थ विचा
र कर सम स्वरूप आत्मपद विषे इस्थित होवो ॥ अर असतरूपी जगत की आस्था कों त्याग करो ॥ अ
र समताभाव कों ग्रहण करो ॥ इस लोक विषे जो अविवेक मार्ग कर विचरता है ॥ सो मुक्त नहीं हो
ता ॥ इस प्रकार कर कोट जीव संसार समुद्र विषे डूबे हैं ॥ अर जो विवेक विषे प्रवर्तता है सो मु
क्त होता है ॥ हे रामजी जिस का मन नष्ट होइ गया है ॥ तिस कों तूं मुक्तरूप जाण ॥ अर जिस का म
न नष्ट नहीं भया ॥ सो बंधन विषे है ॥ ताते जिस कों सर्व दुष हरने मुक्त की इछा होवै सो आत्म वि
चार करे ॥ तिस कर सर्व दुष नष्ट होइ जावेगा ॥ हे रामजी दुष का जो मूल है ॥ सो चित है जब लग
चित है तब लग दुष है ॥ जब चित नष्ट भया तब दुष मिट जाते हैं ॥ हे रामजी जब आत्मज्ञान होता
है तब चित का अभाव होइ जाता है ॥ अर सर्व दुष मिट जाते हैं ॥ राग इछा दुष भय सर्व मिट जाते हैं
केवल शांतरूप होइ जाता है ॥ जनकादिक जो जीवनमुक्त भए हैं सो नीराग निरसंग होइ कर
महा उत्तम वडे व्यवहार भी करते रहे हैं ॥ पर सदा सीतल चित रहे हैं ॥ ताते तुम भी विवेक क
र के चित कों लीन करो ॥ हलो हड के वदे अर याष्याण ॥ अर स्वर्ग विषे मग्न होइ कर जीवनमुक्त
होइ कर विचरो ॥ हे रामजी मुक्त भी दुइ प्रकार की है ॥ एक जीवनमुक्त है एक विदेहमुक्त है ॥ जो
पुरुष पदार्थों विषे असंसक्त है ॥ अर मन शांत भाव कों प्राप्त भया है ॥ सो पुरुष मुक्त कही
ते हैं ॥ अर जिस पुरुष का संसार के पदार्थों विषे ज्ञान कर सनेह नष्ट होइ गया है ॥ अर व्यवहार
भी कर्ता है इष्ट आवता है तो भी सीतल चित है ॥ सो जीवनमुक्त कहीता है ॥ जो पुरुष सर्व भाव अ
भाव पदार्थों कों त्याग कर केवल अद्वैत पद कों प्राप्त भया है ॥ अर सरीरादिक की क्रिया कों अन
ही होइ आवती सो विदेहमुक्त कहीता है ॥ अर जो त्रितीय जिस का मन इह पदार्थों विषे निवृत्त न
ही भया ॥ सो बंध कहीता है ॥ मुक्त के अर्थ यतन भी करता है ॥ जब यत्न पूर्वक यतन करता है ॥ तब
दुसतर भी सुगम होइ जाता है ॥ अर जो फक्त रहत यतन करता है तिस कों गोपद भी दुसतर हो
जाता है ॥ हे रामजी जिनो आत्मा कर आत्म विचार कीया है तिस कों दुसतर जगत समुद्र भी गो
पद वत होता है ॥ अर अज्ञानी कों गोपद भी दुसतर होइ जाता है ॥ अर अज्ञानी कों जो कोऊ इष्ट अनि
ष्ट अल्प भी आन प्राप्त होता है ॥ तिस विषे डूब जाते हैं ॥ निकस नहीं सकते ॥ अर ज्ञानवानों कों
अत्यंत विभूति रिद्धि आन प्राप्त होवे ॥ अथवा तिस का विपर्यय कष्ट अभाव होइ जावे तौ भी तिस
कों राग द्वेष विषे नहीं डूबता ॥ हे रामजी जिस कों कछु प्राप्त होता है ॥ सो अपना प्रयत्न केवल
कर होता है ॥ जो कोऊ प्रधान भया है सो प्रयत्नरूपी वृष का फल वार भया है ॥ आत्मपद कों प्रा
प्त होती है ॥ सो भी प्रयत्नरूप वृष का फल है ॥ अवर प्रयत्न का त्याग करो ॥ ताते आत्मपद प्राव
का प्रयत्न करो ॥ ॥ इति श्री उपशमप्रकरणे सुकामना विचारो नाम सर्गः ॥ वसिष्ठ उवाच ॥ हे राम
जी जेते कछु जगत जाल है ॥ सो सर्व आत्मा ब्रह्म का आभासरूप है ॥ अज्ञान कर के इस्थिरता कों प्राप्त
भए हैं ॥ विवेक कर के शांत होइ जाते हैं ॥ ब्रह्मरूपी जो समुद्र है ॥ तिस विषे जगतरूपी आवर्त पडे कर
ते हैं ॥ तिन की संख्या करणे कों कोऊ समर्थ नहीं ॥ हे रामजी असम्यक दरसन ही जगत की इस्थि
ति कारण है ॥ अर सम्यक दरसन कर के शांत होइ जाता है ॥ जैसे मारुस्थल विषे असम्यक दरसन
कर जल भासता है ॥ अर सम्यक दरसन कर जल का अभाव होइ जाता है ॥ हे रामजी संसाररूपी जो
समुद्र है सो आत्म अभ्यास विना तरणा कठन है ॥ सो मोहरूपी जल कर पूर्ण है ॥ अर मनरूपी
आवते है ॥ अर बडवा अगन इस के अंगों विषे नरकों के समान हैं ॥ हलारूपी कपर तिस विषे प
डता है ॥ इंद्रीयां अर मनरूपी तरंग पसरे हैं ॥ जनम मरनरूप आवर्त चक्र हैं ॥ इन कों जो तर जाते हैं
सो पुरुष है ॥ अर इस्त्रीयां जो सुंदर लागतीयां हैं ॥ ते रजिन के वाम लोचन हैं ॥ अर दंत मोतीयों की
न्याई हैं ॥ अर ग्रीवा सवन तरीयावन है इत्यादिक जो सुंदर अंग हैं ॥ सो अंतड षडके देवणे हारे हैं ॥ वडवा

9

उ.प्र.
स्व

24

अगनवत दाघ करते हैं ॥ जो इन कों तर जाते हैं वही पुरुष है ॥ हे रामजी जो जहाज अरु मलाह के वि
द्यमान इस भयानक समुद्र कों न तरे तिस कों धिक्कार है ॥ जहाज अरु मलाह कवन हैं सो श्रव
ण करु मानुष देह विषे विचार संयुक्त बुद्धि है ॥ सो जहाज है ॥ अरु सतशास्त्र अरु विवेकी संतज
न मलाह हैं ॥ इन कों पाइकर जो इस संसार कों नहीं तरते तिन कों धिक्कार ॥ ऐसे अपार सं
सार समुद्र कों ग्रहण करके जो पुरुष ले विया है ॥ तिस कों पुरुषार्थ कहीता है ॥ हे रामजी जिस पुरुष
आत्म विचार विषे बुद्धि कों लगाया है ॥ सो तर जाता है ॥ अन्य यत्न करी नहीं तर सकता ॥ जिन कों आत्मप
द का अभ्यास होता है ॥ सो तरणे कों समरथ होते हैं ॥ हे रामजी यह जो विषयों के भोग हैं ॥ सो वि
षरूप हैं जो इन कों सेवेगा सो नष्ट हो जावेगा ॥ पर जिस कों ज्ञान प्राप्त भया है ॥ तिस कों यह
भी दुःख नहीं दे सकते ॥ जैसे गारडू मंत्र पढ़णे वाले कों सर्प नहीं दुःख दे सकता ॥ तैसे ज्ञानी कों विष
य दुःख नहीं दे सकते ॥ जिस का प्रमाण सदा भया है सो विभूत है ॥ बलवीरज ने जय है त्रितीय
ह त्रितीय मके साक्षात्कार भए वध आवते हैं ॥ जैसे वसंत के आगमन ते रस फूल फल स
वे संपूर्ण हो आवते हैं ॥ हे रामजी जो ज्ञान का अर्थ मैं लक्ष्मी प्राप्त भई सो पूरन स्वमन रूप है ॥ शीत
ल है सर्वत्र सम है ॥ प्रकाशरूप है परमानंद रूप है ॥ ऐसी लक्ष्मी कों पाइकर विदवेद इ
स्थित होइ रहते हैं ॥ ॥ ॥ इति श्री उपशम प्रकरणे संसार सागरोपशम प्रतपादनो नाम सर्गः
रामोवाच ॥ हे मुनी परम मंगल लक्षण वडभागी कों कहो ॥ जिन कों तत्त का चमत्कार भया
है तिन की उदार वृति कहो ॥ ऐसा कहणा है ॥ जो तुम्हारे उदार वचन सुणने की इच्छा है ॥ वसिष्ठोवा
च ॥ हे रामजी जीवनमुक्त का लक्षण मैं बहुत प्रकार करके आगे कहा है ॥ बहुरि भी श्रवण क
रहु महाबाहो ज्ञानवान संसार कों स्वप्न की न्याई जाणता है ॥ अरु सर्व वरी घाणा उस की पा
नष्ट हो गया है ॥ अरु सर्व जगत कों आत्मरूप कर देखता है ॥ केवल भाव कों प्राप्त होता है ॥ अ
रस संसार की डोर ते स्वप्न हो जाता है ॥ अरु आत्मानंद विषे पूर होता है ॥ किसी कों कछु देता
है परस्परणो जाणके किसी को नहीं देता ॥ अरु लोक दृष्टि कर खत बदस्तो साक्ष्य ग्रहण
करता है पर अपनी दृष्ट कर कछु नहीं ग्रहण करता ॥ ऐसा जो सम आत्मदरसी ज्ञानवा
न उदास आत्मा है ॥ सो यंत्री की पुतली वत चेष्टा करता है ॥ जैसे यंत्री की या पुतली या निर
अभिमान चेष्टा करती या है ॥ तैसे ज्ञानवान निर अभिमान चेष्टा करते हैं ॥ देखता है सु
नता है देता है लेता है ॥ अरु अंतर ते सदा अकर्ता सीतल शांत बुद्ध रहता है ॥ भविषत का कछु
विचार नहीं करता ॥ अरु बीती की भी कछु चितवना नहीं करता ॥ अरु वरतमान विषे इच्छा
तन ही कर्ता ॥ सर्व कारयों विषे अकर्ता है संसार की डोर ते शायन कर रहा है ॥ अरु आत्मा
की ओर जाग्रत भया है ॥ अंतर ते सर्व कों त्याग कीया है वाह्य सर्व कारयों कों पड़ा करता
है ॥ अरु अंतर किसी पदार्थ की इच्छा नहीं ॥ वाह्य प्रकृत आचार जैसे प्राप्त होवे तैसे कर
ता है ॥ राग द्वेष किसी विषे नहीं करता ॥ सब दुःख भोग विषे दिशा पवन की न्याई स्थित
है ॥ भ्रम कों त्याग कर सर्व कर्मों कों पड़ा करता है ॥ उदासीन की न्याई कर्मों कों करता
है ॥ न किसी की वांछा करता है न किसी विषे द्वेषवान होता है ॥ वाह्य ते सर्व कछु करता दृष्ट
आवता है ॥ पर अंतर ते सदा असंग है ॥ हे रामजी वह पुरुष भोगता विषे भोगता है ॥ अरु महा
विषे महा तोवत स्थित है ॥ बालकों विषे बालकों वत स्थित है ॥ वृद्ध विषे वृद्धवत स्थित है
वीरों विषे वीर्यवान वत स्थित है ॥ दुःखीओं विषे दुःखी है धीजवान है ॥ अरु सदा पुन कर्ता
उदारवान है ॥ अरु सदा प्रसंन मधुरवाणी संपन्न है अरु अंतर ते सदा विश्राम है ॥ दीनता ति
स की निवर्त होइ गई है ॥ अरु सर्व साथ कोमल स्वभाव है ॥ अरु वेद मार्ग की आरी सीतलता
कर चलता है ॥ सभ कर्म कारयों विषे कछु अर्थ नहीं ॥ न अकर्म विषे कछु पाप है ॥ ग्रहण विषे न
ग्रहण है न त्याग विषे त्याग है ॥ न बंध है न मोक्ष है ॥ न आकाश विषे कार्य है न पाताल विषे
कार्य है ॥ यथा वस्तु यथार्थ आत्मा ही कों देखता है ॥ द्वैत भ्रम उस कों कछु नहीं फुरती ॥ बंध
अरु मोक्ष के निमित्त कछु वासना नहीं ॥ सर्व संदेह संसय कज्ञान कर जाते रहे हैं ॥ जैसे पंछी ने

मुक्त हूया पंछी उड़कर आकाश विषे जाता है ॥ तैसे शंका ते रहत भया चित उन का आत्माकाश
विषे प्राप्त होता है ॥ हे रामजी जिस पुरुष का चित संसार भ्रम ते सत हूया है ॥ परम सम रस अ
चलभाव विषे स्थित भया है ॥ तिस कों इष्ट विषे कछु रमा नहीं होता ॥ अरु अनिष्ट विषे द्वेष नहीं
होता ॥ आकाशवत सर्व विषे सम रहता है ॥ जैसे पिंघूरे विषे बालक अंतर निर अभिमान प
ड़ा अंगों कों हलावता है ॥ तैसे ज्ञानी की चेष्टा निर अभिमान पड़ी होती है ॥ जैसे मदापान
करले हारा उनमत हो जाता है ॥ वाह्य क्रिया की कछु संभाल नहीं होती ॥ तैसे आत्मानंद विषे
ज्ञानी हूर मग्न हो जाता है ॥ द्वैत की संभाल तिस कों कछु नहीं रहती ॥ हेय अरु उपादेय बुद्धि ते
रहत होता है ॥ हे रामजी सर्व कों सर्व प्रकार ग्रहण करता है अरु त्याग भी करता है ॥ पर अंत
र ते ग्रहण त्याग कछु नहीं फुरता ॥ जैसे बालक कों ग्रहण त्याग की बुध कछु नहीं होती ॥ तै
से ज्ञानी कों नहीं होती ॥ सर्व कारयों विषे उस कों राग द्वेष कछु नहीं करता ॥ जगत के पदार्थों कों
असत जाणकर ग्रहण करता है न त्याग करता है ॥ सर्व विषे अनुस्यूत आत्मतत्त्व देखता है ॥ न इष्ट वि
षे सुख बुध करता है न अनिष्ट विषे द्वेष बुद्ध करता है ॥ हे रामजी सूर्य शीतल हो जावे अरु चंद्रमा उ
ष्ण हो जावे ॥ अगन अरु धरती कों खावे तो भी ज्ञानवान को कछु आश्चर्य नहीं भासता ॥ जो वह जाणता है
जो यह सर्व विश्वात्मा की शक्ति पड़ी या फुरती या है ॥ न किसी पर दया करता है ॥ न अदया करता है
न लज्जा करता है ॥ न अलज्जा कों धारता है ॥ न दीन होता है न उदार होता है ॥ न सुखी है न दुःखी है
न हर्ष है ॥ न शोक है ॥ सर्व विकारों ते रहत सदा अपणे आप विषे स्थित है ॥ जैसे शीतकाल का
आकाश निर्मल होता है ॥ तैसे निर्मल भाव विषे स्थित है ॥ जैसे आकाश विषे अंकुर उदय नहीं
होता ॥ तैसे उस विषे राग द्वेष नहीं उदे होता ॥ हे रामजी ऐसा ज्ञानी पुरुष है सो सभ कों वैसे ग्रहण
करे ॥ अरु सभ कों वैसे ग्रहण करे उस कों जगत जाल ऐसे भासते हैं जैसे जल विषे तरंग होते हैं
हे रामजी इस प्रकार तुम भी जाण कर अपणे स्वभाव विषे स्थित होवो ॥ हे रामजी जैसे स्वप्न विषे प
कुन मेघ कर स्वप्न सृष्टि फुर आवती है ॥ अरु जाग्रत विषे वह दिन नष्ट हो जाती है ॥ अरु फुर आव
ती है ॥ तैसे जाग्रत विषे भ्रष्ट उपजता है अरु लीन हो जाती है ॥ जितेक कछु इच्छा अनिच्छा सुख दुःख शो
क मोह आदिक विकार हैं ॥ सो सर्व मन विषे फुरते हैं ॥ जहां मन है तहां विकार भी होते हैं ॥ जैसे
जल सम होता है तहां तरंग भी होता है ॥ तैसे जहां मन होता है ॥ तां विकार भी होते हैं ॥ अरु जे
हां चित का अभाव है ॥ तहां विकारों का भी अभाव है ॥ जिन का चित ज्ञानरूपी अगन कर निर्मल
भया है ॥ तिन विषे विकार नहीं रहते ॥ जब लग चित पड़ा फुरता है ॥ तब लग जगत भ्रम होता है ॥
जब विचार रूपी सूरज के तेज कर मन रूपी बरफ का पुतला गल गया ॥ तब आनंद भया ॥ दुःख
की दिशा सांत हो जाती है ॥ जब दुःख का अभाव भया तब शुद्ध ग्रहण अरु त्याग भी मिट जाते हैं ॥ जब दुः
ख मिटे तब ईपसत अनीपसत जो है वांछत अरु अवांछत सो भी नष्ट हो जाते हैं ॥ जब सुख दुः
ख मिटे तब ईपसत अनीपसत जो है वांछत अरु अवांछत सो भी नष्ट हो जाते हैं ॥ जब पुरुष भी न
ष्ट भए तब सभ भ्रम अरु सभ भी नहीं रहते ॥ जब सुख भ्रम नहीं रहता तब रमणीक अरु अरमणीक भी
नष्ट हो जाते हैं ॥ अरु भोगों की इच्छा भी नष्ट हो जाती है ॥ जब भोगों की इच्छा मिटी तब मन भी नि
र्वाण पद विषे जाइ लीन होता है ॥ हे रामजी जब इस प्रकार मल संयुक्त मन नष्ट भया ॥ तब मन निर्वि
षेज्ञो है संसार के संकल्प विकल्प कों कहा रहे ॥ जैसे तिलों के जलाणे ते तेल नहीं रहता ॥ तै
से मन के जलने ते संकल्प विकल्प नहीं रहते ॥ केवल शांत आत्मपद सो पर रहता है ॥ जैसे समुद्र
चल के क्षोभ मिटे ते धीर समुद्र शांतवान भया ॥ तैसे चित शांत होता है ॥ ताते हे रामजी भाव वि
षे अभाव की दृढ भावना करो ॥ अरु स्वरूप का अभ्यास करो ॥ जैसे सतकाल का आकाश नि
र्मल होता है ॥ तैसे कल्पना कों त्याग कर महात्मा पुरुष निर्मल होता है ॥ काल प्रतीत ते रहत नि
तत्सम होता है ॥ ॥ ॥ इति श्री उपशम प्रकरणे जीवनमुक्त कथन अवस्था वर्णनं नाम सर्गः ॥ वसिष्ठो
वाच ॥ हे रामजी जैसे जल विषे द्रवता करके चक्र होइ भासते हैं ॥ सो असत ही सतवत होइ भा

सते है ॥ तैसे चित के फुरणे कर जगत असत ही सत वत होइ भासता है ॥ जैसे नेत्र दूषण कर के फुरणे
कर जगत असत नहीं सत वत होइ भासता है ॥ जैसे नेत्र दूषण कर आकास विषे मोर के पंछ वत तर-
वरे मुक्ता माला भासते है ॥ तैसे चित के फुरणे कर जगत भासता है ॥ जैसे बादलों के धावणे ते चंद्र-
मा धावता दृष्टि आवता है ॥ तैसे चित के फुरणे कर असत ही जगत सत वत होइ भासता है ॥ रामोवा-
च ॥ हे ब्रह्मण जिस कर चित फुरता है ॥ अर जिस कर अफुर होता है ॥ सो प्रकार कहो जो तिस
का उपाइ करो ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जैसे बरफ विषे सीतलता होती है ॥ अर तिलों विषे तेल
होता है ॥ अर जैसे पुष्पों विषे सुगंधता होती है ॥ जैसे अगन विषे उसनता होती है ॥ जैसे अगन विषे
उसनता होती है ॥ तैसे चित विषे फुरना है ॥ चित अर फुरणा अभिंन है ॥ एक वसत है जब उभय विषे
एक नष्ट होवे तब दोनो नास हो जावै ॥ जैसे सीत अर स्वेतता नष्ट रूप बरफ के नष्ट हो जाती है ॥ तैसे
एक के नास हूए दोनो नास हो जाते है ॥ चित नास के दो क्रम है योग अर ग्यान ॥ योग कहीए पवन का
निरोध करणा अर ग्यान कहीए सम्यक विचारणा ॥ इन दुहों उपावों कर मन नास हो जाता है ॥
रामउवाच ॥ हे भगवन जगत के भ्रमतों का हिरदा किस को कहते है ॥ अर वह महा आदर्स कवन
है जिस विषे सर्व पदार्थ प्रतिबिंबत होते है ॥ सो कृपा कर कहो ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जग-
त के भ्रमतो के है हिरदे है ॥ एक हिरदा ग्रहण करणे योग है ॥ एक त्यागणे योग है ॥ तिन का भे-
द श्रवण करो ॥ देह विषे जो नाभ प्रयेंत दस अंगुल है सो त्यागणे योग है ॥ परिछिन भाव कर के
असत्य है ॥ अर तिस विषे जो संवित मात्र ग्यान स्वरूप अनुभव कर के प्रकासता है सो ग्रहण
करणे योग है मन घटों को सो अंतर बाहर व्यापर रहा है ॥ अर वास्तव अंतर बाह्य ते भी रहत है ॥ सो
प्रधान हिरदा है ॥ अर सर्व पदार्थों का प्रतिबिंब धारणे हारा आदर्स है ॥ वह सर्व जीवों का संवित
हिरदय है ॥ नहीं एक अवयव का नाम हृदा ॥ जैसे जैसे जल विषे एक पाषाण कणका पड़ा होवे
सो तो जल नहीं हो जाता ॥ तैसे संवित मात्र के निकट संवित मात्र तो नहीं होता ॥ ताते बल क-
र के से चित मात्र की ओर चित को लगावो ॥ तब प्राण स्पंद भी रोका जावेगा ॥ हे रामजी प्र-
माणो का रोकणा मैं तब को कहता है ॥ अर अवर स्थानो विषे भी अनेक प्रकार कर के कहा है
जिस जिस प्रकार गुरो के मुख ते किसी श्रवण कीया है तिसी प्रकार अभ्यास करे तब प्राणो
का निरोध होता है ॥ गुरो के उपदेस ते अनथा करे तब सिध नहीं होता ॥ जिन को अभ्यास
कर के निरोध सिध भया है ॥ सो कल्याण मूरत है अवर कल्याण मूरत नहीं होते ॥ हे रामजी
अभ्यास कर के प्राण याम होता है ॥ अर वैराग की दृढता कर के वासना याम होता है ॥ अर्थ
यह जो वासना रोकीती है ॥ जब दृढ अभ्यास करे तब चित अचित हो जाता है ॥ हे रामजी सुक-
टी के दस अंगुल प्रयंत तो बाहर जाती है ॥ तिस का जब बारंबार अभ्यास करीता है ॥ तब प्राण
खीण हो जाते है ॥ अर षेचरी मुद्रा कर के तालु मांझ जिह्वा लगाइ कर जो अभ्यास करे तो भी प्रा-
णो के जाते है ॥ इस प्रकार के अभ्यास कर चित की व्याकुलता जाती रहती है ॥ अर परम उपसम
की प्राप्त होती है ॥ तब यह पुरष आत्मारामी होता है ॥ सर्व सोक मिट जाते है ॥ आनंद की प्राप्त हो-
ती है ॥ ताते तुम भी अभ्यास करो ॥ अभ्यास कर के प्राण स्पंद षय हो जावेगा ॥ अर मन परम सांत
को प्राप्त होवेगा ॥ तिस के पाछे जो पद है सो निर्वाण रूप है ॥ हे रामजी जब प्राण स्पंद मिट जाता
है ॥ तब चित स्थिर होता है ॥ जब चित स्थिर भया तब वासना नष्ट हो जाती है ॥ जब वासना न-
ष्ट हुई तब मोष की प्राप्त होती है ॥ जब लग चित वासना कल्पे दिया है ॥ तब लग जन्म मरणे
को देषता है ॥ जब मन वासना ते रहत होता है तब मोष होता है ॥ हे रामजी प्राण वायु को रोक
कर वासना ते रहत जहां तुमारी इछा होवै तहां ही विचरो ॥ तुम को बंधन कछु न होवेगा ॥ ज-
ब प्राण फुरते है ॥ तब मन उदय होता है ॥ जब मन उदय भया तब संसार उदय होता है ॥ जब म-
न उदय भया तब संसार उदय होता है ॥ जब मन षीण भया तब संसार भ्रम मिट जाता है ॥ हे रा-
मजी जब मन सों कल्पना मिटती है ॥ तब अस्मद पद प्राप्त होता है ॥ जिस ते यह सर्व है ॥ अर

जो सर्व है ॥ अर जिस ते न सर्व है ॥ अर जो न सर्व है ॥ सो निर्गुण तत है ॥ सो सर्व कलपना के त्याग ते प्रा-
म होता है ॥ तिस को उपमा किस की दीजै ॥ अर तब तो दूतीय कोऊ नहीं ॥ जेते कछु स्वाद है तिन को
स्वाद करता वही है ॥ अर जेते कछु प्रकास है तिन का प्रकासकरता वही है ॥ सर्व कलना का क-
लना रूप वही है ॥ जेते कछु पदार्थ है ॥ तिन सबों का अधिष्ठान रूप वही है ॥ ऐसा जो चंद्रमा है
सो चित रूपी आदर्स के स्वरूप प्राप्त होता है ॥ अर सर्व पदार्थों की सीमा वही है ॥ तिस विषे दृढ-
ता जब इस्थित होता है ॥ तब जीवन मुक्त होता है ॥ अर सर्व इछा ते रहत होता है ॥ अहंत्वं आदिक क-
ल्पना मिट जाती है ॥ तब सर्व व्यवहार विषे सम ही रहता है ॥ ऐसा जो सूक्ष्म मन है सो पुरषोतम हो-
ता है ॥ इति श्री उपसम प्रकरणे जीवन मुक्त ज्ञान बंध वर्ननं नाम सर्गः ॥ ॥ रामोवाच ॥ हे प्रभो
योग की उक्ति तो तुम ने कही जिस कर चित उपसम होता है ॥ अब सम्यक ज्ञान का लखण भी कृपा क-
र के कहो ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी यह जो निश्चय है आत्मा नेह रूप है ॥ सर्वथा प्रकास रूप है ॥ सर्व
प्रमात्मा तत है ॥ इस निश्चय को सम्यक ज्ञान बुद्धिमान कहते है ॥ घट पटादिक सर्व आत्म रूप है ॥ ऐ-
सी जो दृष्ट है सो सम्यक दृष्ट है ॥ सर्व आत्मा है नित सुध है ॥ परमानंद स्वरूप है ॥ सदा अपने आप विषे
इस्थित है ॥ ऐसा निश्चय सम्यक ज्ञान है ॥ अर जो इस ते रहत है सो इतर दृष्ट है ॥ असम्यक ज्ञान है ॥ हे
रामजी सम्यक दरसी को मोष है ॥ असम्यक दरसी को बंध है ॥ तिस को आतमा सरीर भासता
है ॥ अर सम्यक दरसी को सर्वात्मा ही भासता है ॥ जैसे जेवड़ी विषे असम्यक दरसी को सर्प भा-
सता है ॥ अर सम्यक दरसी को जेवड़ी ही भासती है ॥ सर्व संवेद संकल्प ते रहत सुध संवेदन प्रमा-
त्मा है ॥ तिस को जो जाणता है सो प्रमात्मा को ज्ञानवान बंधो व्यर्थ है ॥ इस ते रहत अथवा विरुद्ध कहे ॥ हे
रामजी आत्म तत सदा आप ही विषे इस्थित है ॥ तिस विषे द्वैत कल्पना कोऊ नहीं ॥ ऐसे जो य-
थाभूत दरसी है सर्वात्मा स्वै है ॥ भावाभाव बंध मोष कोऊ नहीं ॥ तम कहे न देत है ॥ सदा अ-
परो आप विषे इस्थित है ॥ जो सर्व ही चिदाकास है तो बंध कवण कहीए ॥ अर मोष कवण कहीए ॥
ऐसा जिन को ज्ञान है तिन को काष्ठ पाषाण ब्रह्मा ते आदि चींटी प्रयंत सम सर्व भासता है ॥ अ-
ल्पमात्र भी भेद नहीं भासता ॥ कलपना के सनमुष कैसे होवे ॥ हे रामजी वसत ते आदि अंत तो
अनपद तर के कर के आत्म सत्ता सिद्ध है ॥ अर्थ यह जो पदार्थ होते है ॥ तो भी आत्म सत्ता कर सि-
द होते है ॥ अर पदार्थों का अभाव होता है ॥ तो भी आत्म सत्ता सम रहती है ॥ तुम तिसी परायण
होवो ॥ जो अवनासी अनुभव तत है ॥ तिस विषे इस्थित होवो ॥ वही अनुभव सत्ता जगत रूप
होइ कर भासती है ॥ जरा मरण आदिक जो नाना प्रकार के विकार अवस्ता रूप होइ कर भा-
सते है ॥ सो एक आत्म तत अपणे आप विषे पड़ा फुरता है ॥ जैसे जल विषे द्रवता कर के नाना
प्रकार के तरंग बुदबुदे होते है ॥ सो एक जल ही रूप है इतर कछु नहीं ॥ तैसे चित के फुरणे क-
र आत्मा विषे नाना प्रकार के पदार्थ भासते है ॥ सो आत्म रूप है इतर कछु नहीं ॥ आत्म तत स-
दा ही अपने आप विषे इस्थित है ॥ जब तिस विषे इस्थित होता है ॥ तब बहुर उदय नहीं होता ॥ जो पु-
रष दृढ विचारवान है सो भोगों कर चलाइमान नहीं होते ॥ जैसे सुमेर पवन कर के सुमेर च-
लायमान नहीं होता ॥ अर जो अज्ञानी है सो विचार ते रहत मूढ है ॥ तिन को भोग ग्रास लेते
है ॥ जैसे जल ते रहत मीन को बगला ग्रास लेता है ॥ अर जिन को सर्वात्मा ही भासता है सो स-
म्यक दरसी पुरुष कहीता है वही मुक्त रूप है ॥ ॥ इति श्री उपसम प्रकरणे सम्यक ज्ञान ल-
खण वर्ननं नाम सर्गः ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी ज्ञानवान विवेकी पुरुष है सो निकट आए प्राप्त हूए
भोगों विषे भी इछा नहीं करते ॥ जैसे संइ कमलनी चित्र की लिषी हुई निकट भी आइ प्राप्त हो-
वै ॥ तब भी भ्रमर तिस की इछा नहीं करता ॥ काहे ते जो अर्थ बुध तिस विषे नहीं होता ॥ हे रामजी
सुख दुःख की प्राप्त अर निवर्त विषे इछा तब लग होती है ॥ जब लग देह अभिमान होता है ॥ जब
देह अभिमान निवर्त होता है ॥ तब कछु इछा नहीं होती ॥ हे रामजी ममता कर के इस को दु-
ष होता है ॥ जो रूप को नेत्र देषते है ॥ तिस को इष्ट मान कर हृदय प्रसंन होता है ॥ अर अनिष्ट मान

टाहै॥ वैराग्यविवेकरूपीशस्त्रोंकर॥ तबअज्ञानरूपीवैतालभागा॥ अरुमारिताकर
केतैंमहावतकोंनमारा॥ तिसकोंछोडकरतैंबनविषेगया॥ जबतैंबनविषेआया॥ त
बअज्ञानरूपमहावततेरेपाछेचलिआया॥ आइकरतेरेचौफेरखाईकरी॥ जोतपादि
कक्रियाकाआरंभकीया॥ सोखाईविषेतूंगिडपड़ा॥ अरुमहादुखकोंप्राप्तभया॥ तबतें
रेताईसंगलोंसाथबहुडबांधा॥ अरुलागादेखणे॥ जोअबतैंबडेदुखकोंपावताहै॥ अरुतैं
सोखाईविषेगिड़ियाहै॥ जोअनात्माविषेअभिमानकरकेइहतपादिकक्रियाका
आरंभकीयाहै॥ जोमैंकरताहों॥ ऐसीखाईविषेतूंपड़ियाहै॥ हेराजनतूंजाणिकेखाई
विषेनहीपड़ा॥ जोखाईकेऊपरघासतृणपड़ाथा॥ सोछलकरकेतूंगिडपड़ा॥ सोछ
लअरुतृणकवनहै॥ सोतूंश्रवणकर॥ प्रथमजोज्ञानरूपशत्रुकोंनमारा॥ अरुसंग
लोंकेभैकरभागा॥ जोबनमेंरीकल्याणकरेगा॥ अरुशास्त्रोंकेवचनोंकोंनजानिया
जोमेरेदुखकोंनिवृतकरहिगे॥ तपरूपीखाईऊपरआशापूर्णरूपतृणादिकथा॥ सो
मारिताकरकेतूंगिड़ा॥ जैसेबलिराजापातालविषेबांधाहुयाहै॥ छलकरके॥ तैसेंही
प्रथमप्रथमतैंनेभविष्यतकालकाविचारनकीया॥ जोअज्ञानशत्रुरहाहुआमेरा
नाशकरेगा॥ तिसविचारविनातूंबहुडदुखीहुआ॥ इहविचारनकीयातैंसर्वत्यागतो
कीया॥ परंतुऐसेनजानियाजोमैंअक्रियहों॥ सोइसक्रियाकाआरंभकाइहकोंकर्ता
हों॥ इसीतेंतूंबहुडफासीसाथबांधा॥ हेराजनजोपुरुषइसफासीतेमुक्तभयाहै सो

ईसक्तिहै॥ अरुजिसकाचित्तअनात्मअभिमानकरबांधाहै॥ जोइहमेरेताईप्राप्तहोवे
तिसकरकेदुखकोंपावताहै॥ जिसपुरुषवैराग्यअरुविवेकदंतोंकरकेआशाजंजीरे
कोंनहीकाटा॥ सोकदाचितसुखकोंनहीपावता॥ विवेकतेवैराग्यउत्पन्नहोताहै
अरुवैराग्यतेविवेकहोताहै॥ विवेककहीये॥ सत्यकोंसत्यजाणना॥ अरुअसत्य
कोंअसत्यजाणना॥ जबऐसेजानियातबअसत्यकीओरभावनानहीजाती॥ सोवै
राग्यहूआ॥ अरुवैराग्यतेविवेकउपजताहै॥ अरुविवेकतेवैराग्यउपजताहै॥ इसवै
विवेकअरुवैराग्यरूपीदंतोंकरआशारूपीसंगलोंकोंतोड॥ हेराजनइहहस्तीका
वृत्तांततुझेकहाहै॥ इसकाविचारकरणतेमोहतेरानिवृत्तहोजावेगा॥ हेराजनइहह
स्तीबडाबलीथा॥ तिसअज्ञानरूपीमहावतकोंमारिताकरकेनमारा॥ तिसकार
केपराइदुखपावताहै॥ तातेतूंवैराग्यअरुविवेकरूपीदंतोंकरकेफासकोंतोडेगा
तोदुखमिटजावहिंगे॥ इतिश्रीनिर्वाणप्रकरणेहस्तीवृत्तांतवर्णनंनामसर्गः
अथदेववशिष्ठोवाच॥ हेराजनऐसीजोतेरीस्त्रीचूडालाथीब्रह्मवेता॥ अरुसर्वज्ञानी
थीतेश्रेष्ठसातातेब्रह्मरूप॥ अरुसत्यवादी॥ सोतिसनेतेरेताईउपदेशनकीया॥ अ
थवातैनेतिसकेवचनोंकोंनिरादरकीया॥ सोकिसनिमित्त॥ मैंतोसर्वज्ञाणताहों
जोत्रिकालज्ञहों॥ तोभीतैंअपणाभलानलेकहो॥ जोउपदेशथातिसकाअंगीकारकि
ऊनकीया॥ इकतोइहमूर्खताकरी॥ जोउपदेशथातिसकाअंगीकारनकीया॥ अरुइस
रीइहमूर्खताहै॥ जोसर्वत्यागकरकेबहुडअंगीकारकीया॥ जोसर्वत्यागकरतातोदु
खसर्वेमिटजाते॥ जबऐसेदेवपुत्रनेकहा॥ तबराजाबहुडबोलतभया॥ हेदेवपुत्र
मैंतोसर्वत्यागकीयाहै॥ जोस्त्रियाअरुपृथ्वीअरुमंदिरअरुहस्तीइत्यादिकजोपदा
र्थहैं॥ अरुझंडवहैसोसर्वत्यागकीयाहै॥ तूंकाहेकोंकहिताहै॥ जोत्यागनहीकी
यातबचूडालाजोदेवपुत्रहै॥ तिसनेकहा॥ हेराजनतैंनेक्यात्यागियाहै॥ राज्यविषेतेरा
क्याथा॥ अरुजैसेऐश्वर्यआगेथातैसेअबभीहै॥ अरुस्त्रियांभी॥ जैसेअबवर्तमानपृथ्वी
तैसेस्त्रियांथी॥ तिनविषेतेराक्याथाजोत्यागकीया॥ पृथ्वीमंदिरहस्तीजैसेआगेथे
तैसेअबभीहैं॥ तिनविषेतेराक्याथा॥ जोत्यागकीया॥ जोतेराहोवे॥ तिसकातैं
त्यागकर॥ जोनिर्दुखपदकोंप्राप्तहोवहि॥ श्रीवशिष्ठोवाच॥ हेरामजीजबइसप्र
कारदेवपुत्रनेकहा॥ तबसर्वबीरजोजितेंद्रीराजाहै॥ सोमनविषेविचारतभया॥
जोअरुवनमेराहै॥ अरुवृक्षफलफूलमेरेहैं॥ तिनकात्यागकरों॥ अरुकहतभयाहे
देवपुत्रवनअरुवृक्षफलफूलजेमेरेथे॥ अरुतिनकामैंनेत्यागकीया॥ अबतोसर्वत्या
गहूआहै॥ तबदेवपुत्रनेकहा॥ हेराजनअबभीसर्वत्यागनहीभया॥ जोबनअरुवृक्ष
फूलफलतेरेतैआगेथे॥ इनविषेतेराक्याहै॥ जोतेराहै॥ तिसकोंत्यागकर॥ तबसिद्ध
होवहि॥ वशिष्ठोवाच॥ हेरामजीजबइसप्रकारदेवपुत्रनेकहा॥ तबराजाबनविषेवि
चारतभया॥ जोमेरीबावलीहै॥ जलपानकीअरुमेरेबगीचेहैं॥ तिनकात्यागक
रों॥ जोसर्वत्यागसिद्धहोवे॥ अरुकहाहेभगवनइहमेरीबावलीहै॥ अरुबगीचेहैं
तिनकात्यागकीया॥ अबमेरासर्वत्यागसिद्धहूआ॥ तबदेवपुत्रनेकहाहेराजन॥ सर्वत्या
गअबभीनहीभया॥ जोकछुतेराहै॥ तिसकोंत्यागेगा॥ तबशांतिपदकोंप्राप्तहोव
हिगा॥ वशिष्ठोवाच॥ हेरामजीजबइसप्रकारदेवपुत्रनेकहा॥ तबराजाविचारत
भया॥ जोअबमेरीमृगछालाहै॥ अरुकुटीहै॥ इसकात्यागकरों॥ तबराजेनेकहाहेदेव
पुत्र॥ मेरेपासएकमृगछालाअरुएककुटीहै॥ तिसकात्यागकीया॥ अबमैंसर्वत्या
गीभया॥ तबदेवपुत्रनेकहा॥ हेराजनमृगछालाविषेतेराक्याहै॥ इहतोमृगकीत्व
चाहै॥ अरुकुटीविषेतेराक्याहै॥ कुटीतोमाटीअरुशिलोंकीहै॥ इसकरतोसर्वत्याग
सिद्धनहीहोता॥ जोकछुतेराहै॥ तिसकोंत्यागेगा॥ तबत्यागीहोइगा॥ अरुसर्वडंडतोतेर

वा.नि.
प्र.
५८
57

हित होवहिगा ॥ तब वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जब ऐसे कुंभ कहा तब राजा मन विषे
विचारत भया ॥ जो अब मेरा एक कमंडल है ॥ अरु एक माला है ॥ अरु एक लाठी है ॥ इसका
भी त्याग करौं ॥ ऐसे विचार करके राजा अंगीठी को लीप बोलत भया ॥ हे देवपुत्र मेरी
लाठी अरु माला अरु एक कमंडल है ॥ तिसका भी त्याग कीया ॥ अब मैं सर्वत्यागी
भया ॥ तब देवपुत्र कहा हे राजन कमंडल विषे तेरा क्या है ॥ अरु लाठी भी बन के बा
सकी है ॥ अरु माला भी काष्ठ की है ॥ तिस विषे तेरा क्या है ॥ जो कछु तेरा है ॥ सो ति
सही का त्याग कर ॥ जब तिसका त्याग करैगा ॥ तब दुखों ते रहित होवहिगा ॥ वसि
ष्ठोवाच ॥ हे रामजी जब इस प्रकार कुंभ कहा ॥ तब राजा शिखरध्वज विचारत
भया ॥ जो अब मेरा क्या रहिता है ॥ तब देखिया जो एक आसन रहिता है ॥ अरु बास
न है ॥ जिस विषे फूल फल राखीते हैं ॥ अब तिनका त्याग करौं ॥ तब राजे कहा हे भ
गवन आसन अरु बासन यह मेरे पास रहिते हैं ॥ अब तिनका भी त्याग कीया ॥ अ
ब तो सर्वत्यागी भया किंउ ॥ तब कुंभ कहा हे राजन ॥ अब भी सर्वत्यागी नहीं भया
आसन तो भेड की ऊन का है ॥ अरु बासन मृत्तका के हैं ॥ इनो विषे तेरा क्या है ॥ जो कु
छ तेरा है ॥ तिसका त्याग कर ॥ जो सर्वत्यागी होवै ॥ अरु दुखों ते रहित निवृत्त होजाव
हि ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जब इस प्रकार कुंभ कहा ॥ तब राजा उठ खडा हूआ
अरु बन की लकडी एकठी करी ॥ अरु अग्नि जलाई ॥ तब बडी अग्नि जागी ॥ तब लाठी
को हस्त विषे लेकर कहिणे लागा ॥ जो हे लाठी तेरे साथ मैं बहुत देशों का भ्रमन
कीया ॥ परंतु तैंक मेरे साथ उपकार कछु न कीया ॥ अब मैं कुंभ मुनि की कृपा ते त
रौंगा ॥ तेरे ताई नमस्कार है ॥ ऐसे कहिकर अग्नि विषे डार दीई ॥ बहुड मृगछाला
को हाथ विषे लेकर कहा ॥ हे मृगछाला बहुत काल मैं तेरे ऊपर आसन कीया
परंतु उपकार कछु न कीया ॥ अब कुंभ मुनि की कृपा कर मैं तरौंगा ॥ तेरे ताई नम
स्कार है ॥ ऐसे कहिकर मृगछाला को अग्नि विषे डार दीया ॥ बहुड कमंडल को
लेकर लागा कहिणे ॥ कि हे कमंडल तूं यत्न है ॥ मैं तेरे ताई धारा ॥ अरु तुझ मेरे ज
ल को धारा ॥ तैने मेरे साथ स्नाणपान कीया ॥ तऊ भी हे कमंडल जैसे अवरनों को
त्यागणा तिउं निवृत्ति की कल्पना भी त्यागणी है ॥ ता ते तेरे ताई नमस्कार है ॥ तुम जा
वो ऐसे कहिकर कमंडल को भी अग्नि विषे जलाइ दीया ॥ बहुड माला को हाथ
विषे लेकर लागा कहिणे ॥ हे माला तेरे मणके जो मैं फेरे हैं ॥ सो मानो अपने जन्म
गिणे हैं ॥ तेरे मैं बंधकार के जप कीया है ॥ अब तेरे ताई नमस्कार है ॥ ऐसे कहिकर
माला को भी अग्नि विषे डार दीया ॥ इसी प्रकार फूल फल आसन कुटी सम जलाइ
दीया ॥ बडी अग्नि जागी ॥ अरु बडा प्रकाश भया ॥ राजे सर्वस्व समग्री का त्याग कीया ॥ इ
ति श्रीनिर्वाणप्रकरणे शिखरध्वजसर्वत्यागवर्णनं नाम सर्गः ॥ ५७ ॥ श्रीव
सिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जब संपूर्ण समग्री राजे जलाई ॥ सो भस्म हो गई ॥ तब राजा
मन विषे विचारत भया ॥ जो अब कुंभ मुनि की कृपा ते बडे ॥ आनंद को प्राप्त भया हूं
अब दुख मेरे मिट गए ॥ जे तो कछु भ्रम मन के संकल्प कर रचे थी जो मेरी है ॥ सो
जलाइ दीई है ॥ तिसका मेरे ताई न हर्ष है न शोक है ॥ सो मेरा ममत्व अब किसी सा
थ न रहा ॥ ता ते दुख भी कोऊ नहीं ॥ अब मैं ज्ञानी भया हूं ॥ अब मेरी जै है ॥ अब मैं नि
र्मल भया हूं ॥ अरु सर्वत्याग मैंने कीया है ॥ ऐसे विचार करके राजा उठ खडा हूआ
अरु हाथ जोडकर कहिणे लागा ॥ हे देवपुत्र अब सर्वत्याग मैंने कीया है ॥ जो आ
काश ही मेरे बस्त्र हैं ॥ अरु पृथ्वी मेरी शय्या है ॥ जब ऐसे कहा राजे ॥ तब कुंभ कहा
हे राजा अब भी सर्वत्याग नहीं कीया ॥ जो तेरा है तिसका त्याग कर ॥ जो दुख ते निवृत्त
होजावहि ॥ जब ऐसे कुंभ कहा ॥ तब राजे कहा हे भगवन अब अवर मेरे पास कछु

रा

नहीं रहा ॥ जो त्याग होइ करत मम येह आगे बैठा हौं जब एक रक्त मास का देह है ॥ जो कुछ है
तो इसका भी त्याग करौं ॥ परबत ऊपर जाइकर सहूं पावौं ॥ ऐसे कहिकर राजा पर्वत
कौ टोहिया ॥ जो देहि को डार देवौं ॥ तब कुंभ कहा हे राजा ऐसे पुण्य देह को किंउ त्याग
ता है ॥ इसके त्यागे ते सर्वत्याग नहीं होता ॥ जिसके त्यागे ते सर्वत्याग होवै ॥ तिसका
त्याग कर ॥ इस देह विषे क्या दूषण है ॥ जो देहि पालने वाला अभिमानी है तिसका
त्याग कर ॥ जो सर्वत्याग सिद्ध होवै ॥ अरु ऐह तौ निरगुण जड है ॥ इसके त्यागे ते क्या सिद्ध हो
ता है ॥ तौ ते देह के प्रेरणे वाले का त्याग कर ॥ जो दुख ते रहित होवहि ॥ हे राजा जिसके
र सर्व है ॥ अरु जिस विषे सर्व स्थित है ॥ अरु जो सर्व ओर ते त्यागणा योग्य है ॥ तिसका त्याग
कर ॥ जो तेरे सर्व दुख मिट जावहि ॥ तब राजे कहा हे भगवन ओह कवन सर्व है ॥ अरु
जिस विषे सर्व प्राप्त है ॥ अरु जो सर्व ओर ते त्यागणा योग्य है ॥ हे तत्ववेत्तियों विषे श्रेष्ट जि
सके त्यागे ते जरा मृत्यु नष्ट होवै ॥ तब कुंभ कहा हे राजा जिसका नाम चित्त है ॥ य
रूपाण है अरु देहि है ॥ ऐसा जो चित्त है तिसका त्याग कर एक चित्त है अरु नानाप्रकार के
आकार बाहर दृष्ट आवते हैं ॥ सो चित्त ही कर दृष्ट आवते हैं ॥ ता ते चित्त ही का त्याग करो
हे राजा जैसे सर्प पत्थर इ विषे दबा होवै ॥ तो दुख विषे हर्ष नक कछु नहीं ॥ विवेक जो है सो म
पे विषे है ॥ जिस कर देखता है ॥ तिसके नाश करणे का उपाय करे ॥ अरु सर्व शास्त्र औ
र सचित्त विषे है ॥ अरु आत्मा जो है ॥ शिवमात्र पद है ॥ जिस विषे न एक कहिणा है न
द्वित्व कहणा है ॥ अरु सर्व ओर ते इसी चित्त का त्याग होया गया है ॥ जब इस चित्त का त्या
ग करहिगा ॥ तब त्यागरूप अमन तूं कर अमर होवहिगा ॥ अरु जरा मृत्यु ते रहित हो
वहिगा ॥ अरु जो चित्त का त्याग न करहिगा तब बहुड देह को धारहिगा ॥ अरु दुख को
भी भोगहिगा ॥ जैसे एक ते बीज के अनेक दाणे उत्पत्त होते हैं ॥ अरु जो ते बीज जल
जाता है ॥ तब अंकुर नहीं उत्पत्त होता ॥ तैसे इह जो देह है ॥ अरु दुख जरा मृत्यु संसार
न का बीज चित्त है ॥ जैसे अंकुर का कारण बीज है ॥ तैसे संसार दुख का कारण चित्त
है ॥ हे राजा ता ते चित्त ही का त्याग कर ॥ जब इसी का त्याग करेगा ॥ तब सुखी होवहि
गा ॥ हे राजा जिसने सर्वत्याग कीया है ॥ सो सुखी हूआ है ॥ किसी का स्पर्श नहीं करता ॥
ओह सर्व ते बडा है ॥ अरु सब वो है ॥ जो सर्व पदार्थ नष्ट हो जाते हैं ॥ तो भी सुखी रहिता है
जिउं सर्वत्याग कीया है आकाश ॥ हे राजा तैं भी सर्वत्यागी हो ॥ राजादिक देहादिकाग्
र कुटंब गृहस्थादिक जो आश्रम है ॥ सो सर्व चित्त ही ने कल्पे हैं ॥ हे राजा जो एक को
त्यागता है ॥ तब अवर किंउ ग्रहण करता है ॥ जो कछु त्यागते तो सर्वत्याग नहीं होता है
राजा इह तीन जो हैं ॥ धर्म वैराग्य अरु ऐश्वर्य सो इह भी चित्त कल्पे हूए हैं ॥ जब चित्त पु
ण्य क्रिया स्यों लागता है ॥ तब पाप भी प्राप्त होता है ॥ अरु धर्म अरु वैराग्य दारिद्री होता
है ॥ अरु जब पाप का फल उदय होता है ॥ तब दुख प्राप्त होता है ॥ जब चित्त का त्याग
होता है ॥ तब दुख सर्व नष्ट होजाता है ॥ हे राजा जो कोऊ पुरुष किसी वस्तु को चाह
ता नहीं ॥ जो मैं नहीं लेता ॥ तब तिसकी पूजा बहुत होती है ॥ अरु जो कोऊ कहता
है ॥ जो मैं इस वस्तु को लेवौं ॥ अरु मेरे ताई इह देवै ॥ तो उसको देता कोऊ नहीं ॥ ता ते
सर्वत्याग कर ॥ जो सुखी होवहि ॥ अरु सर्वत्याग कीये ते सर्व तूं ही होवहिगा ॥ सर्वा
त्मा होवहिगा ॥ अरु संपूर्ण ब्रह्मांड आपने विषे देखहिगा ॥ जैसे माला के मणकि
यों विषे तागा होता है ॥ अरु मणके भी सूत के हैं ॥ तिस विषे अवर कछु नहीं होता
तैसे ही देखहिगा ॥ जो सर्व मैं ही हों ॥ अरु एक रस हों ॥ मेरे ही विषे त्रिलोकी स्थित है ॥
अरु मैं ही हों ॥ मेरे ते इतर कछु नहीं ॥ हे राजन जिसने सर्वत्याग कीया है ॥ सो सुखी
है ॥ अरु समुद्र की न्याई स्थित है ॥ उसको दुख कोऊ नहीं ॥ ता ते तूं चित्त का त्याग करे

वा॰सि॰
नि॰प्र॰
५९

50

जोरागअरद्वेषमिटजावहि॥ अरइसचितकेएतेनामहैं॥ चितअरमायाअरमनअहंका
रअरजीवएह॥ सर्वचितहीकेनामहैं॥ अरजबलगइहफुरताहै॥ जोमैंत्यागकीयाहै
अरअबमैंतपकरताहों॥ तबलगसर्वत्यागनहींहोता॥ जबइहफुरणानिवृत्तहोता
है॥ तबइसकात्यागहोताहै॥ अरचितकोंत्यागकरभीत्यागकेअभिमानतेर
हितहोवणा॥ ऐसेजबसन्यासीठहरहेगातबसर्वआत्माहोवहिगा॥ अरजबचितकोंत्या
गेगा॥ तबऐसेपदकोंप्राप्तहोवेगा॥ जोजेताएसर्वहै॥ अरजेतासबहै॥ सोसबसर्व
तिनकाआश्रयहै॥ अरजेतेकछुदेखतेहैं॥ तिनकानाशकरनेहाराहै॥ अरतिसकेजाणे
तेकिसीपदार्थकीइछानरहेगी॥ काहेतेनरहेगीजोसर्वआनंदकेधारनहारातेरास्वरूप
है॥ वहइछाकिसकीरहै॥ जैसेआकाशकेआश्रयदेवलोकतेआदिसर्वविस्तारहते
हैं अरआकाशकोंइछाकछुनहींजोइछानहीं करतातोभीसर्वआकाशविषेहैं
अरसभकाधारनहाराहै॥ हेराजाजबतूंभीइछाकिसीकीनकरहिगा॥ तबनिर्वासी
होइकरआपणेस्वरूपविषेस्थितहोवहिगा॥ अरजानहिगाजोसर्वकाआत्मामैंहीहों
अरसर्वकोंधाररहाहों अरभूतभविष्यतवर्तमानकालमेरेआश्रयहैं॥ जैसेसमुद्रके
आश्रयतरंगहैं॥ तैसेमेरेआश्रयकालहैं॥ अरचितकासंबंधतेरेताईप्रमादकरकेहै॥ अर
प्रमादइहीहै॥ जोसत्तामात्रपदविषेचितहोकरफुरताहै॥ अरचितकेसाथहै॥ जडभी
हैअरचेतनभीहै॥ इसीकानामचिदजडग्रंथहै॥ जबग्रंथखुलजावेगी॥ तबआपणे
आपकोंवास्तवरूपजाणेंगा॥ जबनिर्वासहोवेगा॥ तबसंसाररूपवृक्षनष्टहोजावे
गा॥ इससंसारचितहीविषेहै॥ जैसेबीजकेजलणेतेवृक्षभीजलताहै॥ तैसेवासना
केदग्धहूएसंसारदग्धहोजाताहै॥ हेराजाजैसेएकडब्बाहोताहै॥ अरतिसविषेबहु
तरत्नहोतेहैं॥ तबरत्नोंकेनाशहूयेतेडब्बानाशनहींहोता॥ अरजबडब्बानष्टहोवेतो
बरत्ननष्टहोतेहैं॥ सोडब्बाक्याहैअररत्नक्याहैं॥ सोश्रवणकर॥ डब्बाचितहै॥ रत्नदे
हिहैं॥ तातेचितनष्टहोवणेकाउपावकरीये॥ जबचितनष्टहोवेगा॥ तबदेहीतेरेहित
होवेगा॥ देहिकेनष्टहूएचितनष्टनहींहोता॥ अरचितकेनष्टहूएदेहनष्टहोजातीहै
जबचित्तरूपधूडतेरहितहोवहिगा॥ तबकेवलशुद्धआकाशहोवहिगा॥ इतिश्री
निर्वाणप्रकरणेचित्तत्यागवर्णनंनामसर्ग॥ २३॥ वशिष्ठोवाच॥ हेरामजोजब
इसप्रकारकुंभकहा॥ जोचितकात्यागकरणाहीसर्वत्यागहै॥ तबशिखरध्वजकहाहेभ
गवनचितकोंस्थितकैसेकरोंमैं॥ आकाशरूपीसंसारकाचितरूपीथरहै॥ अरसंसा
ररूपीवृक्षकाचितरूपीबीजनरहै॥ जोकबहूंस्थितनहींहोता॥ तातेमैंवशचित्तकोंकै
सेकरोंतबकुंभकहाहेराजनतिसकारोकणातोसुगमहै॥ नेत्रकेखोलणेअरमूंद
णेविषेभीकछुयत्नहै॥ अरचितकेरोकणेविषेकछुयत्ननहीं॥ परकिसकोंसुगम
है॥ जोदीर्घदर्शीहै॥ अरअज्ञानीकोंचितकारोकणाकठनहै॥ जैसेचंडालकोंचक्रव
र्तीहोवणाकठिनहै॥ तैसेअज्ञानीकोंचितकारोकणाकठिनहै॥ राजोवाच॥ हेदेव
पुत्रवज्रकोंतोडनाकठिनभीहै॥ तोभीटूटजाताहै॥ जोकोऊकहेतोमानीये॥ परम
नकारोकणाकठिनहै॥ जैसेबडेसमुद्रकोंबालकनहींरोकसकता॥ हेदेवपुत्रतु
मकहितेहो॥ जोमनकारोकणाकठिननहीं॥ अरमेरेताईऐसेभासताहै॥ जैसेमते
महासंदरलिखीहुईहै॥ परनेत्रसोंअंधपुरुषकोंनहींदृष्टआवती॥ अहहाथसोंके
मलेवे॥ तैसेचितकोंवशकरणामेरेताईकठिनहै॥ अथमचितकारूपमेरेताईकहो
जोक्याहै॥ तबकुंभकहाहेराजनइसचितकारूपवासनाहै॥ जबवासनानष्टहोजा
वे॥ तबचितभीनष्टहोजावे॥ तातेचितकाबीजतूंनष्टकर॥ तोवडडडालभीनहोवे
नकोफूललगेहै॥ नकोफललगेहै॥ अरजोडालोंकोंकाटहिगातबवहडोभा

डासकेकाटणेकरवृक्षनष्टनहींहोता॥ वहइककईडासहोजातेहैं॥ जबबीजनष्टकर
हिगातबवृक्षभीनष्टहोजावेगा॥ तबराजेकहाहेभगवनसंसाररूपमहाग्रंथहै॥ तिस
काचित्तरूपीफलहै॥ अथसंसाररूपीतंतहै॥ तिसकाचित्तरूपीभीहहै॥ हेहरूपतण
हैंतिसकेउडावणेवालाचितरूपीपवनहै॥ अरजगतसतअध्यात्मकअधिभूतकते
लहैं॥ तिनकेउड़दतिलहैं॥ जिनतेइहतेलउपजताहै॥ अरसंसाररूपीअंधेरीहै॥ तिस
काउडचितआकाशहै॥ सोआकाशविषेकईअंधेरीयांहोतीयांहैं॥ अरहृदयरूपा
कमलकाभोगहै॥ तिसकाबीजजबीकहो॥ अररासभीकहो॥ जोक्याहै॥ अररासोंकै
कारणक्याहै॥ अरवृक्षक्याहै॥ अरफलक्याहै॥ सोकृपाकरकहो॥ कुंभमुनोवाच
हेराजन॥ चेतनरूपीतेजहै॥ स्वच्छनिर्मल॥ अरतिसविषेअहंभावजोहैसोबीजहै
अरइसीकोंअहंकारकहितेहैं॥ अरइसीकोंचित्तकहितेहैं॥ अरइसीकोंमिथ्याकहि
तेहैं॥ तिसअहंविषेजोसंवेदनाहै॥ सोदेहइंद्रियांहोकरपसरीहै॥ तिसविषेनिश्चैहै
सोबुद्धिहै॥ तिसबुद्धिविषेजोनिश्चैहैजोमैंहों॥ अरइहसंसारहै॥ इहमैंजोहोवणाहै
सोअहंकारजीवहै॥ अरअहंकारइसवृक्षकाबीजहै॥ अरवासनाजोहै॥ सोइसचित्तरूप
वृक्षकेडासहैं॥ अरसोवडडालइसचित्तरूपवृक्षकेफलहैं॥ हेराजाइनडासोंकाजो
काटणाहै॥ सोश्रवणकर॥ एकांतबैठकरअरचितवणातेरहितएकआश्रमकोंअं
गीकरना॥ अरइसकेंअंगीकारकरणा॥ ऐसाजोइहस्थितहोवणा॥ अरमैंऐसासा
गीहों॥ इसकोंनचितवणाइहीडासोंकाकाटणाहै॥ इनडासोंकेकाटणेतेहेराजन
वृक्षनष्टनहींहोता॥ काहेतेजोऐसाहोइकरस्थितहोवणाजोमैंहों॥ ऐसीपरवास
नाकात्यागकरेकछुफुरेनहीं॥ जबकछुवासनाफुरेतबचितरूपवृक्षकेडासहो
आवतेहैं॥ अरजबचित्तनष्टहोजाताहै॥ तबवृक्षभीनष्टहोजाताहै॥ काहेतेजोइस
काबीजअहंहै॥ जबअहंभावनष्टहूआतबवृक्षभीनष्टहोजाताहै॥ तातेचितकाबी
जतूंनष्टकर॥ राजोवाच॥ हेदेवपुत्रतमामांनिश्चैहीमैंजानियाहै॥ जोचित्तकेत्याग
तेचितकानष्टकरणाश्रेष्टहै॥ इहभावनएताकालमेंडासोंकोंकाटताभयाहों॥ इसीतेइ
वृक्षमेरानष्टनहींभया॥ अरतुममैंकोंकहाजोअहंहैसोईडालदाईहै॥ सोअहंकाउत्पतहोव
णाकैसेहोताहै॥ कुंभोवाच॥ हेराजनशुद्धचितविषेचेतनमनोहोवणा॥ चेतन
मनकरहीयेफुरणाअहंहै॥ इहजोहोवणाहैजोमैंहों॥ दृश्यरूपहूआहै॥ जैसेमातसमु
द्रोंविषेपवनकरलहरीतरंगहोतेहैं॥ सोसत्यनहींमिथ्याहै॥ तैसेशुद्धआत्माविषे
अहंइहजोसंवेदनाहै॥ तिसकरकेचित्तसंसारहूआहै॥ तातेअहंभावकोंनष्टकर
जोशांतिपदविषेस्थितहोवहि॥ जोडावदाईवस्तुहैतिसकोंनष्टकर॥ जोशांतिहो
वहि॥ तबराजेकहाहेभगवनओहकवनवस्तुहैजोजलावणेयोग्यहै॥ अरओहक
वनहैजिसकरजलतीहै॥ तबकुंभकहाहेराजनत्यागवानोंविषेश्रेष्ठतेराजोआ
पणास्वरूपहै॥ तिसकोंविचारजोमैंकवणहों॥ अरसंसारक्याहै॥ इहजोदृढविचारके
रनासोईअग्निहै॥ अरमिथ्याअहंजोअनात्मदेहइंद्रियांविषेअहंभावहै॥ तिसवास्तव
रूपीअग्निकरजलाउ॥ तबविचारअग्निकरकेअहंभावबीजकोंजलावहिगा॥ तबके
वलचिन्मात्रहोवहिगा॥ हेराजामैंउपदेशकरकेतैंआपकोंक्याजानतभयाहै॥ सो
मेरेताईकहो॥ तबराजेकहाहेभगवनमेराजामीनहीं॥ अरभूमजोदेशहैसोभीमे
नहीं॥ अरपर्वतभीमेनहीं॥ अरदशोदिशाभीमेनहीं॥ अररुधिरमाससकीदेहिभी
मैंनहीं॥ कर्मइंद्रियांअरज्ञानइंद्रियांभीनहीं॥ अरमनबुद्धिभीमैंनहीं॥ अरअहंकारभी
मैंनहीं॥ इनतेरहितमैंशुद्धआत्माहों॥ परंतुहेभगवनअहंरूपकलंकजोमेरेताईके
होलागीहै॥ तिसकेकलंककेदूरकरणेकोंसमर्थनहीं॥ तबकुंभकहाहेराजा॥ इसीअहं
कारकात्यागकरजोमैंत्यागकीयाहै॥ इहफुरणाभीनफुरेस्वतहहोरहो॥ तबइसकात्या
गकरहिगा॥ तबचेतनआकाशहोवहिगा॥ हेराजातैंआपणेस्वरूपविषेजागकरदेख॥

जो तूं कवन है ॥ तब राजे कहा हे भगवन् अहं मैं जानता हों ॥ जो मेरा स्वरूप आत्मा है अ
रु मैं आनंदरूप हों सर्व मेरा ही प्रकाश है ॥ परंतु इन ही जानता ॥ जो अहंभाव कलंकता
कहां स्यों लागी है ॥ इसके नाश करणे कों मैं समर्थ नहीं ॥ अरु इहु मैं जाणिया है ॥ जो स
संसार का बीज चित्त है ॥ अरु चित्त का बीज अहंभाव है ॥ तुमारी कृपा ते मैं जानिया है ॥ मे
रा स्वरूप आत्मा है ॥ अरु मेरे विषे अहंत्व का फुरना नहीं ॥ तथापि इहु अहंरूप कलंकता मों
हू करता हों ॥ परंतु मेरे ते इहु रहनही होती ॥ बहुरि आइ फुरती है ॥ जो मैं श्रिष्य अजन हों
इस अहंकार कर मैं संसारी हों ॥ इसके नाश करणे का तुम उपाइ कहो ॥ ऋं भोवाच ॥ हे रा
जा कारण बिना कार्य नहीं होता ॥ जो कारण बिना भासता है तब जाणीये ॥ जो भ्रम मा
त्र है ॥ अरु मिथ्या है ॥ अरु जिसका कारण पाईये ॥ सो जानीये जो सत्य है ॥ तां ते तूं कहो अ
हंकार का कारण क्या है ॥ तब मैं उपाइ कहोंगा ॥ राजोवाच ॥ हे भगवन् अहंकार
का कारण शुद्ध आत्मा है ॥ शुद्ध आत्मा विषे जो नाना रूप आई है ज्ञानने मात्र विषे जो जान
ने का उत्थान हूआ है ॥ जो दृश्य की ओर लागा है ॥ सो ज्ञानना संवेदन अहंकार का कार
ण है ॥ ऋं भोवाच ॥ हे राजा इस ज्ञानने का कारण क्या है ॥ प्रथम इहु कहो ॥ तब पाछे इहु
करणे का उपाय मैं कहोंगा ॥ जिसका कारण सत्य होता है ॥ तिसका कार्य भी सत्य हो
ता है ॥ अरु जो कारण जड होता है ॥ तब कार्य भी जड होता है ॥ जैसे भ्रम दृष्टि कर के दू
सरा चंद्रमा आकाश विषे देखीता है ॥ अरु कारण तिसका भ्रम है ॥ तां ते ओह चंद्रमा कू
डा है ॥ तां ते इस ज्ञानने संवेदन का कारण मेरे तांई कहो जो क्या है ॥ सो ज्ञानने संवे
दन आगारूप दृश्य रूप होकर स्थित भई है ॥ राजोवाच ॥ हे देव इस ज्ञानने का कार
ण देहादिक दृश्य है ॥ काहे ते जो जानता तब होता है ॥ जब ज्ञानणे योग्य वस्तु आगे
होती है ॥ जब आगे वस्तु नहीं होती ॥ तब वस्तु का ज्ञानना भी नहीं होता ॥ तां ते ज्ञान
णे का कारण देहादिक कहीं हैं ॥ ऋं भोवाच ॥ हे राजन् इहु देहादिक जो हैं सो मि
थ्या है ॥ भ्रम कर के हूए हैं ॥ इनका कारन कोऊ नहीं ॥ राजोवाच ॥ हे देव पुत्र देह
का कारण तो प्रत्यक्ष दीसता है ॥ जो खाता पीता है ॥ अरु पिता ते इसकी उत्पत्ति है भई ॥ अरु प्र
त्यक्ष ही कार्य कर्ता दृष्ट आवता है ॥ तुम कैसे कहिते हो ॥ जो कारण बिना मिथ्या है ॥ ऋं
भोवाच ॥ हे राजा पिता का कारण कौन है ॥ पिता भी मिथ्या है ॥ जैसे स्वप्ने विषे पिता भी
देखीये ॥ अरु पुत्र भी देखीये ॥ सो दोनों मिथ्या हैं ॥ तां ते कहो पिता का कारण कवन है ॥ राजोवाच
हे भगवन् पुत्र का कारण पिता अरु पिता का कारण पितामहा ॥ इसी प्रकार परंपरा कर के स
र्व का कारण ब्रह्मा प्रत्यक्ष जाणीता है ॥ जो सर्व की उत्पत्ति ब्रह्मा ते है ॥ ऋं भोवाच ॥ हे राजा ब्र
ह्मा आदि अरु काष्ठ पर्यंत सर्व सृष्टि संकल्प ते रची है ॥ अरु देह भी भ्रम कर के भासता है ॥ जैसे
मृगतृस्ना का जल भ्रांत होता है ॥ अरु जैसे सीपी विषे रूपा भासता है ॥ अरु जैसे आका
श विषे दो चंद्रमे भ्रम कर के भासते हैं ॥ तैसे इहु संसार भ्रम कर के आत्मा विषे भासता है ॥ अ
रु जो तूं कहे है जो क्रिया के सेती दृष्ट आवती है ॥ सो सुण ॥ जैसे कोऊ कहे बंध्या के पुत्र को भूषण प
हिराए हैं ॥ अरु भक्ष कीया है ॥ जो बंध्या का पुत्र ही नहीं ॥ तो भूषण किस पहिरे सो मिथ्या भ्र
म कर के भासता है ॥ जैसे स्वप्ने विषे सर्व क्रिया होती है ॥ सो भ्रम मात्र है ॥ तैसे इहु संसार भ्र
म तेरे विषे है ॥ जब भ्रम निवृत्त होवेगा ॥ तब केवल आत्मा ही भान होवेगा ॥ तब हे राजन्
जैसे तूं आपना देव जानता है ॥ तैसे ब्रह्मा को भी जान ॥ ब्रह्मा का कारन कवन है ॥ तां ते भ्र
म ते जाग जो तेरा भ्रम निवृत्त हो जावेगा ॥ राजोवाच ॥ हे भगवन् मैं जागिया हूं ॥ मेरा
भ्रम अब नष्ट भया है ॥ अरु इहु संसार भी मिथ्या है ॥ आत्मा ही मेरे निश्चे विषे सत्य भया है ॥ हे भ
गवन् ब्रह्मा का भी कारण ब्रह्म है अरु अद्वैत है ॥ अरु अविनाशी है अरु सर्वात्मा है ॥ ब्रह्मा
का कारण इहु हूआ ॥ ऋं भोवाच ॥ हे राजन् कार्य अरु कारण द्वैत विषे होता है ॥ सो अद्वै
त है ॥ तिस कारण का जो देश ते भी अंत होता है ॥ अरु वस्तु ते भी अरु काल ते भी अंत हो
ता है ॥ अरु परिणामी होता है ॥ जो वस्तु परिणामी है ॥ सो मिथ्या है ॥ हे राजा आत्मा अद्वैत है ति

स विषे न एक कहिणा है ॥ न द्वैत कहिणा है ॥ न भोगता है ॥ न भोग्य है न कर्म है ॥ अरु केव
ल अद्वैत है ॥ तो स्वरूप ते परिणाम कों नहीं प्राप्त भया ॥ अरु सर्वात्मा है ॥ अरु सर्व देश अरु स
र्व काल भी वही है ॥ अरु सर्व वस्तु विषे पूरन है ॥ अरु अद्वैत है ॥ जो अद्वैत है ॥ तो कार्य कि
सका होवे ॥ अरु कारण किसका होवे ॥ कार्य अरु कारण का संबंध तहां होता है ॥ जहां द्वै
त होता है ॥ अरु परिणामी होता है ॥ अरु जिसकों देश काल अंत होता है ॥ आत्मा अद्वैत है
तिस विषे न कोऊ देश है ॥ न कोऊ काल है ॥ न कोऊ वस्तु है ॥ अरु सन्मात्र पद है ॥ हे राजा
मैं जानता हों ॥ जो तूं जाग्रत होवेगा ॥ अब भ्रम तेरा निवृत्त हो जाता है ॥ जैसे बरफ की पुत
ली सूर्य की किरणां साथ दीण होती जाती है ॥ तैसे अज्ञान तेरा नष्ट होता है ॥ जैसे बरफ
गली तब जल ही होता है ॥ तैसे अज्ञान के नष्ट हूए तूं आत्मा ही होवेगा ॥ तूं आपणे प्र
त्यक चैतन्य विषे स्थित हो ॥ अरु देव जो ब्रह्मा आदिक सर्व परमात्मा का कचन है ॥ परमा
त्मा ही ऐसे होइ कर स्थित भया है ॥ अरु जो दृष्ट आवते हैं ॥ तिस सर्व का आपणा आपु है आ
त्मा ॥ जो जागे सो जाने जागे बिना नहीं जानता ॥ राजोवाच ॥ हे भगवन् तुमारी कृपा ते मैं
जागिया हों ॥ अरु जानता हों ॥ जो मेरा स्वरूप आत्मा है ॥ अरु मैं निरमल हों ॥ अब मेरा मुझ
कौं नमस्कार है ॥ एक मैं ही हों मेरे ते इतर कछु नहीं ॥ अब मैं आपको जाणिया है ॥ इति नि
र्वाण प्रकरणे राजा विश्रांति वर्णने नाम सर्गः ॥ ७४ ॥ राजोवाच ॥ हे भगवन् तुम के
से कहिते हो ॥ जो ब्रह्मा का कारण कोऊ नहीं ॥ अरु सो ईश्वर है ॥ आत्मा जो अनंत है ॥ अरु अ
च्युत है ॥ अरु अव्यक्त है ॥ अरु अद्वैत है ॥ अरु प्रमाण का विषय नहीं ॥ अरु परम ब्रह्म है ॥ सो
ब्रह्मा का कारण है ॥ ऋं भोवाच ॥ तूं ही कहिता है ॥ जो आत्मा अनंत है ॥ अरु जो अनंत है ॥
तिसकों देश काल वस्तु का परिछेद नहीं ॥ सो सर्व देश सर्व काल सर्व वस्तु का परिछेद
नहीं ॥ सो सर्व देश सर्व काल सर्व वस्तु रूप है ॥ सो कार्य का कारण किसका होवे ॥ कार्य
तब होता है ॥ जो प्रथम द्वैत होवे ॥ सो आत्मा अद्वैत है ॥ अरु कारण तिसकों कहिते हैं ॥ जो
कार्य ते पूर्व होवे ॥ अरु पाछे भी ओही होवे ॥ जैसे घट के आदि भी मृत्तिका है ॥ अरु अंत भी मृ
त्तिका होती है ॥ तिसकों कारण कहीता है ॥ सो आत्मा विषे न आदि है ॥ न अंत है ॥ आत्मा अ
नंत है ॥ अरु कारण तब होता है ॥ जब परिणामी होता है ॥ सो आत्मा अच्युत है ॥ आप
णे स्वरूप ते गिरिया कदाचित नहीं ॥ अरु भोगता भोक्ता नहीं होता है ॥ न हो द्वैत है ॥ सो आ
त्मा अद्वैत है ॥ भोगता भोग दोनों नहीं ॥ अरु आत्मा कर्म भी नहीं ॥ जो आत्मा ते आदि को
नहीं ॥ जिस ते आत्मा सिद्ध होवे ॥ अरु किसी का कार्य भी नहीं ॥ तो कार्य होता है ॥ तो इंद्रियों
का विषय होता है ॥ सो आत्मा अव्यक्त है ॥ अरु जो कार्य होता है ॥ तिसका कारण भी होता
है ॥ सो आत्मा सर्व का आदि है ॥ तिसका कारण कोऊ नहीं ॥ जो सर्वात्मा है ॥ अरु स्वच्छ है
अरु आकाशवत् निर्मल है सो तेरा स्वरूप है ॥ राजोवाच ॥ हे भगवन् बडा आश्चर्य है मैं
जानिया है ॥ जो आत्मा अद्वैत है ॥ सो न किसी का कार्य है ॥ अरु न कारन है ॥ अरु न भव रूप है
सो मैं हों ॥ अरु निर्मल हों ॥ विद्या अरु अविद्या ते रहित हों ॥ अरु निर्वाण पद हों ॥ अरु निर्वि
कल्प हों ॥ मेरे विषे फुरना कोऊ नहीं ॥ बहुड के साहां जो मैं नहीं ॥ अरु मैं ही हों ॥ ऐसा जो
सर्वात्मा हों सो मैं हों ॥ मेरा मुझ कर मुझ कों नमस्कार है ॥ इति श्री निर्वाण प्रकरणे
सिखरध्वज विश्रांति वर्णने नाम सर्गः ॥ ७५ ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे राम जी शिखिध्व
ज कुंभ का प्रबोधिया हूआ ॥ ऐसे वचन कहि कर केवल निर्वाण पद विषे स्थित भया
अरु निर्विकल्प फुरणे ते रहित एक मुहूर्त पर्यंत स्थित भया ॥ जैसे दीपक वायु ते रहित
स्थित होता है ॥ तैसे स्थित भया ॥ ऋं भोवाच ॥ तब कुंभ जगाय कर कहा हे राजन् ते
ने समाधि साथ क्या है ॥ तत्व केवल आत्म तत्व मात्र है ॥ अरु मैं जानता हों ॥ जो तैं परम सत्ता त
करु शोभना भया है ॥ जैसे सडवे विषे रत्न होते हैं ॥ अरु तिन का प्रकाश बाहर दृष्ट नहीं
आवता ॥ जब उह बेस्यों निकास कर देखीये ॥ तब उह बाहर प्रकाश दृष्ट आवता है ॥ तैसे आव

याहृपदृश्योंनिकासियाहैं ॥ अरुपरमज्ञानकरशोभतभयाहैं ॥ हेरामज्ञानीविषेनको
ऊक्षोभहै ॥ नपुनःकोऊउपाधिहै ॥ अबसंसारकेरागद्वेषतेरहितभयाहैं ॥ अबशां
तिरूपजीवन्मुक्तहोइकरविचरो ॥ तेरेताईंउपाधकोऊनलागेगी ॥ वसिष्ठोवाच ॥ हे
रामजीजबइसप्रकारकुंभकहा ॥ तबराजाशांतहोइगया ॥ अरुकहाहेभगवन्जो
कछुतुममइआज्ञाकरी ॥ सोसर्वकोंभलीप्रकारमेंजनताहैं ॥ अबएकप्रश्नअवरहै ॥
तिसकाउत्तरकृपाकरकेकहो ॥ जोमेंदृढस्थितपावों ॥ हेभगवन्आत्मातोएकहै
अरुशुद्धहैअरुनिराभासहै ॥ केवलआकाशरूपहै ॥ अरुचैतन्यमात्रहै ॥ तिसविषेइ
ष्टादर्शनदृश्यत्रिपुटीकहांतेउपजीहैसोकहो ॥ कुंभोवाच ॥ हेराजाजेकछुस्थाव
रजंगमसेसारहै ॥ सोमहाप्रलयपर्यंतहै ॥ जबमहाप्रलैहोतीहै ॥ तबकेवलआत्मा
हीशेषरहिताहै ॥ अरुस्वच्छनिर्मलहोताहै ॥ तहांनतेजहोताहै ॥ नअंधकारहोताहै
केवलआपणेआपस्वभावविषेस्थितहोताहै ॥ अरुजेताकछुआनंदहै ॥ तिसकाअ
धिष्टानआत्माहै ॥ अरुसत्यकहीयेजिसकोंबुद्धिदेखकरकेकहै ॥ अरुअसत्यकहीये
जिसकोंनाशहोकहै सत्यअसत्यतेरहितहै ॥ अरुसर्वकलाकरसंयुक्तहै ॥ जोआपना
स्वभावमात्रहै ॥ जिसविषेउपायकोऊनहीं ॥ अरुसर्वदाप्रकाशमानहै ॥ अरुसर्वदा
उदयरूपहै ॥ तिसपरमात्माकाइहसंसारचमत्कारहै ॥ जेसेरत्नोंकाचमत्कारला
टहोतीहै ॥ तेसेइहसंसारब्रह्मरत्नकाचमत्कारहै ॥ तातेब्रह्मरूपहै ॥ इतरकछु
नहीहूआ केवलब्रह्मरूपहै ॥ अरुब्रह्मतेइतरकरकेमिथ्याहै ॥ तातेरीसंवेदन
भीमिथ्याहै ॥ आत्माविषेअहंत्वंकाउत्थानकोऊनहीं ॥ केवलज्ञानमात्रहै ॥ अरु
केवलसत्यरूपहै ॥ अरुआनंदरूपहै ॥ अरुअविद्यातमतेरहितप्रकाशरूपहै ॥ अरुप्र
माणकरनहीजाणीता ॥ जोइंद्रीयोंकाविषेनहीं ॥ अरुमनकीचिंतवणीतेरहित
है ॥ काहेतेजोसर्वकाइष्टाहै ॥ अरुसर्वकाआपनाआपहै ॥ अनुभवरूपहै ॥ हेराजा
तिसविषेस्थितहो ॥ बड्डेतेबडाहै ॥ आत्माजोबडियोंतेबडाहै ॥ अरुसूक्ष्मतेसूक्ष्महै
अरुस्थूलतेस्थूलहै ॥ जिसविषेआकाशभीकिसीठौरअणुजेसापाईताहै ॥ अरुब्र
ह्मांडभीजिसविषेतृणसमानपाईये ॥ आपणेआपकरशरणाहै ॥ अरुआपणेआपक
रअसमहै ॥ अरुकिंचितभीतिसतेकछुउत्पतनहीभया ॥ अरुनानाप्रकारकरके
स्थितभयाहैं ॥ अरुफुरणेकरकेजगतभासताहै ॥ फुरनेकेनिवृत्तहूयेतेशुद्धआ
त्माहै ॥ तबराजेकहाहेभगवन्तुमकहितेहो ॥ तोसंसारसंवेदनमात्रहै ॥ अरुआ
त्माशांतिरूपहै ॥ अरुनिर्विकल्पहै ॥ तौतिसविषेसंवेदनफुरनाकहांतेआयाहै
तबकुंभकहाहेराजनफुरनाभी ॥ आत्माकाचमत्कारहै ॥ जेसेपवनविषेस्पंदफुर
नाशक्तिभीहै ॥ अरुनिस्पंदरहिनाशक्तिभीहै ॥ जबफुरताहै ॥ तबसपर्शचलता
मलूमहोताहै ॥ जबठहिरजाताहै ॥ तबमलूमनहीहोता ॥ तेसेसंवेदनजबफुर
तीहै ॥ तबनानाआकारहोतेहैं ॥ अरुजगतभासताहै ॥ जबफुरणामिटजाताहै
तबकेवलशुद्धआत्माभासताहै ॥ हेराजाआत्मासत्तामात्रहै ॥ अरुसंसारभीतन्मात्र
आत्माहीहै ॥ तोसम्यकदृष्टकरदेषीयेतोसावदाईजगतभासताहै ॥ जबअसम्यक
दृष्टकरदेखीयेतोउसवदाईजगतभासताहै ॥ जिसकेमनविषेसंसारभावनाहै ॥ ति
सकोंउसवदाईभासताहै ॥ अरुजिसकेहृदयआत्मभावनाहोतीहै ॥ तिसकोंआत्मा
हीभासताहै ॥ अरुसत्यरूपहोताहै ॥ काहेतेजोआत्मानामआपनाहै ॥ जिसज
गतकोंआपणाआपजाणीयाहै ॥ तिसकोंदुखकहांतेहोवे ॥ हेराजनइससंसारके
वलभावनामात्रहै ॥ जेसीजेसीभावनाहोतीहै ॥ सोतेसीतेसीदृष्टआवतीहै ॥ जिस
कीभावनाविषविषेअमृतकीहोवे ॥ तोविषभीअमृतहोजातीहै ॥ अरुजिसको
भावनाअ ॥ अमृतविषेविषकीहोतीहै ॥ तबअमृतभीविषहोइजाताहै ॥ काहे

तेजोसंसारभावनामात्रहै ॥ जिसकीभावनाइहदृढकरताहै ॥ यदपिआगेवस्तु
ओहनाहोवे ॥ तोभीहोजातीहै ॥ तातेसंसारभावनामात्रमिथ्याहै ॥ परज्ञानवान्
कोंदुखकदाचितनहीदेता ॥ अरुअज्ञानीकोंदुखदाईहै ॥ हेराजनअहंताअरुसं
वेदनचितअरुचेत्यइहभीआत्माकीसत्ताहै ॥ जेसेआकाशकहीयेशून्यक
हीये ॥ नभकहीये ॥ इहसर्वसंज्ञाआकाशकीहै ॥ तेसेसर्वसंज्ञाआत्माकीहै ॥ आ
त्मातेइतरकछुनहीं ॥ अहंत्वंसर्वआत्माकेआश्रहै ॥ जेसेभूषणसुवर्णकेआ
श्रहै ॥ अरुसुवर्णभीपरिणामहोकरभूषणहोताहै ॥ जोस्वरूपकोत्यागताहै
आत्मातेसेभीनहीं ॥ केवलएकरसहै ॥ अरुआपणेआपहीविषेस्थितहै ॥ क
न दाचितपरिणामकोंप्राप्तनहीभया ॥ इहसंवेदनआत्माकाचमत्कारहै ॥ अरुस
त्यअसत्यतेपरेहै ॥ जेतीकछुदृश्यहै ॥ सोआत्माविषेनहीं ॥ चितकरकेरचीहै
इसीतेपरेहै ॥ हेराजन्सोकार्यकारणकिसकाहोवे ॥ कार्यकारणतबहोताहै
जोदृश्यहोतीहै ॥ सोआत्माकिसेकाविषेनहीं ॥ तौकार्यकारणकिसकाहोवे
अरुविश्वकीआदिभीआत्माहै ॥ अरुअंतभीआत्माहै ॥ अरुमध्यविषेभीआत्माहै
जोकछुअवरभासेसोभ्रांतिमात्रहै ॥ अरुजेसेआकाशविषेचंद्रमंडलदूसर
दृष्टआवतेहैं ॥ तिनकेआदिभीआकाशहै ॥ अरुमध्यभीआकाशहै ॥ अंतभीआ
काशहै ॥ जोचंद्रमंडलप्रदृष्टआवतेहै ॥ सोमिथ्याहै ॥ जेसेअग्निनानाप्रकार
कीदृष्टआवतीहै ॥ सोआकारमिथ्याहै ॥ एकअग्निहीहै ॥ तेसेसबकीआदिमध्य
अंतलकआत्माहीसारहै ॥ हेराजनजलविषेदेशभीहोताहै ॥ अरुकालभीहो
ताहै ॥ काहेतेजोदृश्यहै ॥ आत्माइंद्रियोंकाविषेनहीं ॥ प्रथमजाणियाजातोइह
तेंजोभ्रमकेस्थानउठाहै ॥ अरुभ्रमकेस्थानजायलीनभयाहै ॥ तोस्थानदे
शहूआकिउ ॥ अरुउपजनेकारणताकालरहासोकालहूआ ॥ जिसकोंइंद्रियोंवि
षेकरनसकहि ॥ तिसविषेदेशकेसेहोवे ॥ अरुकालकेसेहोवे ॥ तबराजेकहा
हेभगवन्मेंजाणियाहै ॥ सोआत्माचिन्मात्रहै ॥ ज्ञानइंद्रियांअरुकर्मेंद्रियोंअ
रुमनतेपरेहै ॥ अरुदेशकालमनइंद्रियोंकरजानीताहै ॥ जोभ्रमकादेशहैभ्र
मकाकालहै ॥ जहांइंद्रियांअरुमननहोतहोदेशकहांहै ॥ अरुकालकहां
है ॥ तबकुंभकहाहेराजनजोअैसेजाणियाहै ॥ तैनेतोजाणियाहै ॥ आत्मा
विषेदेशकालकोऊनहीं ॥ इनमनइंद्रियोंकरजाणीताहै ॥ जोइहदेशहै
अरुइहकालहै ॥ जबइनतेरहितहोकरदेखे ॥ तोकेवलआत्माहीभासेअ
रुजोइनोंसहितदेखेतोसंसारहीदृष्टआवेगा ॥ हेराजनइनोंतेरहितहोकरदेख
जोसंशयतेरेविषेकोऊनरहे ॥ जोअमकाप्रश्नकीया ॥ अबअमृतकाप्रश्नकरोगा
संसारतबलगहोताहै ॥ जबलगइनकाआपणासाथसंयोगहोताहै ॥ हेराज
नब्रह्मकरकेब्रह्मकोदेख ॥ अरुफुरनेकरकेफुरणकोदेख ॥ जोतेभीशांतिहो
वें ॥ जबशांतिहोवेंगा ॥ तबसर्वओरतेआपकोंजानेंगा ॥ अरुसर्वसंज्ञातेरीही
होवहिंगीयां ॥ अरुविवेचापदकोंप्राप्तहोवहिगा ॥ जहांइंद्रियोंकोगमनही
केवलआकाशरूपहै ॥ जेसेआकाशआपणीशून्यताकरकेपूर्णहै ॥ तेसेतू
आपणेचैतन्यस्वभावकरकेपूर्णहोवेंगा ॥ अरुजबमनसहितषटइंद्रीयोंते
रहितहोकरदेखहिगाआपणेआपकों ॥ वहुडइनसहितभीदेखहिगा ॥
तबभीतेरेताईंचेतन्यघनआत्माहीदृष्टआवेगासंसारभावअरुतिसका
अर्थतेरेहृदयतेउडजावेगा ॥ प्राप्तइहहै ॥ जोसंसारशब्दहै ॥ अरुइसकोंसंस
जाणनाअहंइसकाशब्दअर्थहै ॥ सोभावनातेरीनिवृत्तहोजावेगी ॥ केवल ॥
आकाशरूपोहीआत्माभासेगा ॥ अरुसंसारसंवेदनमात्रहै ॥ संवेदनकहीये

9

वा॰ नि॰
प्र॰
६१

61

चितशक्तिचमत्कार है॥ अरु इह चितशक्ति उल्लास होइकर स्थित भई है॥ अरु उल्लास होइ कर संसार को देखने लागी है॥ जो अंतर्मुख होती है॥ तब आत्मा ही दृष्ट आवता है॥ जब बहिर्मुख होकर देखती है॥ तब संसार दृष्ट आवता है॥ आत्मा सदा एकरस है॥ जैसी दृढ भावना करती है॥ तैसी आगे दृष्ट आवती है॥ जो संसार की भावना होती है॥ तब संसार भासता है॥ अरु जो आत्मा की भावना होती है॥ तब आत्मा ही दृष्ट आवता है अरु आत्मा सदा एकरस है॥ अरु संसार भी है॥ ताते हे राजन् तू आत्मा ही की भावना कर जो आत्मा ही भासै तेरे ताईं॥ इति श्री निर्वाण प्रकरणे शिखरध्वज बोधनं नाम सर्गः॥ ७६॥

ॐ कुंभ उवाच॥ हे राजन् इह संसार जो तेरे ताईं भासता है॥ सो आत्मा विषे नहीं केवल शुद्ध आत्मा विषे अहं इह जो उत्थान है॥ सोई संसार है॥ अहंकार जो चमत्कार है॥ सो न सत्य है॥ न असत्य है॥ न अंतर है ना बाहिर है॥ न शून्य है॥ न अशून्य है॥ केवल आपणे आप विषे स्थित है॥ तिस विषे वाणी की गमन नहीं॥ वाणी तिस को कहती है॥ जहां दूसरा होता है॥ जहां दूसरा न होवै॥ तहां वाणी क्या कहै॥ इह कहिणा भी तेरे उपदेश निमित्त कहिया है॥ आत्मा विषे किसी शब्द की प्रवृत्ति नहीं॥ हे राजा ऐसा आत्मा कार्य कारण किसका होवै॥ अरु आत्मा शुद्ध है॥ अरु निराकार है॥ अरु परिमाणों ते रहित है॥ जो किसी लक्षण कर जाणीये सो आकार होइ करि स्थित भया है॥ अरु शांतिरूप है॥ हे राजा ऐसा आत्मा कारण कार्य किसका होवै॥ कारण तब होता है॥ जो प्रथम परिणाम को प्राप्त होता है॥ अरु लोभ को प्राप्त होता है॥ सो आत्मा शांतिरूप है॥ अरु कार्य तब होता है॥ जो क्रियाकर के कार्य को उत्पन्न करता है सो आत्मा अक्रिय है॥ क्रिया ते रहित है॥ अरु कार्य ते कारण को जाणीता है॥ सो आत्मा चिह्नों ते रहित है॥ अरु परिमाणों का विषे नहीं॥ ताते कारण कार्य आत्मा नहीं॥ अरु आत्मा को कार्य कारण मानणा आश्चर्य आवता है मेरे ताईं॥ हे राजा जो वस्तु उपजती है॥ सो नष्ट भी होती है॥ अरु जो नष्ट होती है॥ सो उपजती भी है॥ सो आत्मा सब की आदि है॥ अरु अजन्मा है॥ आत्मा विषे कोऊ विकार नहीं॥ तिसी विषे स्थित हो॥ जो तेरा संशय निवृत्त होजावै इह संसार अज्ञान करके भासता है॥ जब तू स्वरूप विषे स्थित होकरि देखैगा॥ तो संसार न भासैगा॥ अरु ऐसा भी न भासैगा॥ जो संसार आगे था॥ अरु अब निवृत्त हुआ है॥ एकरस आत्मा ही भासैगा॥ केवल शुद्ध आकाश हो जावैगा॥ स्वरूप चेतन्य नाना कर कै भी उही है॥ अरु शून्य अरु अशून्य ते रहित है॥ द्वैत रूप भी उही है

३ अद्वैत रूप भी उही है॥ अरु ऐसे भासैगा॥ इति श्री निर्वाण प्रकरणे शिखरध्वज प्रबोध नाम सर्गः॥ ७७॥

ॐ कुंभ उवाच॥ हे राजा जो कछु देखीता है॥ सो केवल चेतन्यघन है॥ जिस विषे अहं त्वं शब्द कोऊ नहीं॥ अहं त्वं शब्द प्रमाद कर के होते हैं॥ जब आत्मा विषे स्थित हो कर देखैगा॥ तब आत्मा ते इतर कछु न भासैगा॥ तो अहं त्वं शब्द कहां भासै॥ हे राजन् इह नाना प्रकार की संज्ञा चित ने कल्पी है॥ जब चित ते रहित होवैगा॥ तब नाना संज्ञा अरु एक संज्ञा कोऊ न रहैगी॥ हे राजन् सर्व ब्रह्म है इह वाक्य वेद का सार है॥ जब इस वाक्य विषे दृढ भावना होवै॥ ऐसी बुद्धि होवै प्रीतब एकरस दृष्ट आवैगा॥ तब चित नष्ट हो जावैगा॥ जब चित्त नष्ट हुआ॥ तब केवल महा शुद्ध आकाश की न्याईं स्थित होवैं॥ गात भावैं॥ विदेह होइ॥ भावैं सदेह हो भावैं बहिर रहि॥ भावैं चलहि॥ तेरे ताईं कष्ट न होवैगा॥ निर्वाण पद को प्राप्त होवहिगा॥ जो पद सर्व की आदि है॥ अरु सर्वदा मुक्तिरूप है॥ तब राजे कहा हे भगवन् तम इह कहा जो चित के नष्ट हूए उलेख कोऊ न रहैगा॥ सो चित नष्ट का उपाय तुम कहा है॥ परंतु मैं दृढ करके नहीं समझा॥ ताते मेरे दृढ होवणे निमित्त कृपा करके बहुड़ि कहो॥ जो चित नष्ट कैसे होवै॥ तब कुंभ कहा हे राजन् इह चित न किसी का

लका है॥ अरु न किसी को है॥ न इह देखीता है॥ चित्त है ही नहीं॥ तो मेरे ताईं क्या कहो॥ अरु जो चित्त तेरे ताईं दृष्ट आवता है॥ तो तू आत्मा ही जान॥ आत्मा ते इतर कछु वस्तु नहीं॥ हे राजन् महासर्ग के आदि अरु अंत विषे अष्ट कोऊ नहीं॥ केवल आत्मा ही है॥ इह कहिणा भी आत्मा विषे नहीं॥ तेरे जनावणे निमित्त मैं कहा है॥ अरु मध्य जो कछु दृष्ट आवता है॥ सो अज्ञानी की बुद्धि विषे है॥ आत्मा विषे अष्ट कोऊ नहीं॥ आत्मा किसी का उपादान कारण अरु निमित्त कारण नहीं॥ कहे ते जो अच्युत है॥ परिणाम को नहि प्राप्त भया॥ अरु उपादान भी परिणाम कर होता है॥ आत्मा शुद्ध है॥ अरु निराकार है॥ अरु आकाश रूप है॥ सो कार्य कारण किस का होवै॥ अरु चित्त भी वासना रूप है॥ वासना तब होती है॥ जब वास्य होता है॥ वासना कहीए फुरना अरु वासक ही॥ अवासना कर कै ने यो भय॥ जो आगे सहहीन ही॥ तब वासना किस की फुरे॥ अरु वितत विषे संसार की स्थिति कैसे होवै॥ ताते चित्त कछु नहीं॥ इह विश्व आत्मा का चमत्कार है॥ अरु आत्मा का चमत्कार भी उपदेश निमित्त है॥ आत्मा प्रकाश अप्रकाशक भावते रहित है॥ आत्मा विषे कोऊ नहीं॥ काहे ते जो अद्वैत है॥ निरालंब केवल आपणे आप विषे स्थित है॥ हे राजन् संसार भी नहीं भया अरु चित्त भी नहीं भया॥ तो अहं त्वं शब्द आत्मा विषे कोऊ नहीं इस शब्द भी आत्मा विषे कोऊ नहीं॥ इह शब्द भी आत्मा विषे कोऊ नहीं॥ इह शब्द तब होते हैं॥ जब चित्त होता है॥ अरु चित्त तब लग है जब लग वासना है॥ जब निर्वाण पद को प्राप्त भया॥ तब कल्पना कोऊ नहीं रहिती॥ हे राजन् इस संसार महाप्रलय विषे नष्ट हो जावैगा॥ सत्य असत्य संसार कोऊ न रहैगा॥ एक आत्मा ही शेष रहैगा॥ जो निराकार अरु शुद्ध है॥ अरु जब लग महाप्रलय नहीं भई॥ तब लग संसार है॥ सो महाप्रलय क्या है॥ सो श्रवण कर एक लक्षण आत्मा का साक्षात्कार होवणा॥ तिस कर के सृष्ट का शेष भी न रहैगा॥ सो ज्ञान ही महाप्रलय है॥ अरु अब जो दृष्ट आवता है॥ सो मिथ्या है॥ इह क्रिया भी मिथ्या है॥ अरु इसका भान होवणा भी मिथ्या है॥ तैसे जाग्रत संसार भी मिथ्या है॥ स्वप्नमात्र है॥ कारन विना ही दृष्ट आवता है॥ जो कारण विना है॥ सो मिथ्या है॥ इसका कारण अज्ञान ही है॥ जो आप को न जाणना॥ जब आपको जाणिया॥ तब आपणा आप ही भासैगा॥ जैसे स्वप्न विषे आपणे न जाणने कर भिन्न आकार भासते हैं॥ जब आपको जाणिया तब आपणा आप ही जानीता है॥ जो मैं ही था॥ हे राजन् मेरे ताईं तो एक आत्मा ही दृष्ट आवता है॥ अरु आत्मा ही है॥ आत्मा ते इतर संसार कोऊ नहीं॥ अरु इह संसार को स्थिर मानणा मूर्खता है॥ सदा चलरूप जाणीता है॥ अरु वेद शास्त्र लोक भी कहिता है जो संसार मिथ्या है॥ अरु आपनी जाणता है॥ जो नष्ट होता जाता दृष्ट आवता है तिस विषे आस्था करणी मूर्खता है॥ आत्मा विषे संसार नाना अरु अनाना कोऊ नहीं आत्मा सर्वदा आपणे आप विषे स्थित है॥ शुद्ध है अरु अच्युत है॥ जिउं का तिउं है॥ इति श्री निर्वाण प्रकरणे शिखरध्वज बोध नाम सर्गः॥ ७८॥

ल

शिखरध्वज उवाच॥ हे भगवन् अब मेरा मोह नष्ट भया है॥ अरु आपणा आप मैं जाणिया है॥ तमारी कृपा ते संशय मेरा निवृत्त भया है॥ अरु शोक समुद्र को मैं अब तरिया हूं॥ अरु शांति पद को प्राप्त भया हूं॥ अच्युत अरु चिन्मात्र हूं॥ अरु अहं त्वं शब्द मेरे विषे कोऊ नहीं॥ निर्वाण पद को प्राप्त भया हूं॥ अच्युत अरु चिन्मात्र हूं॥ केवल हूं॥ अरु अनन्य हूं॥

ॐ कुंभ उवाच॥ हे राजन् आत्मा शुद्ध है अरु आकाश की न्याईं निर्मल है॥ अरु आकाश ते भी अति निर्मल है॥ तिस विषे अहं मल जो है सो अहं मोह ते उपजी है॥ मोह कहीए अविचार॥ जब विचार होता है॥ तब अहं कोऊ नहीं होता॥ इह विश्व संवेदन सार है॥ संवेदन सर्व के आदि होकर स्थित भई है॥ जब संवेदन अंतर्मुख होती है तब सर्व लीन होजाती है॥ संवेदन विषे बंध अरु मुक्ति है॥ जब बहिर्मुख होती है॥ त

बंध होता है ॥ जब अंतर भाव होती है ॥ तब मोक्ष होता है जिसने मन अरु इंद्रियों ते
रहित होकर आपणा आप देखिया है ॥ तिस कों निंद्रा विषे दृष्ट आवता है ॥ अर जो
मोह संयुक्त देखता है ॥ तिस कों विवर्त दृष्ट आवता है ॥ जैसे सम्यक दृष्ट करके भूष
णों विषे भी स्वर्ण दृष्ट आवता है ॥ जब भूषणों के आकार जाते है ॥ तब सोना ही है
अर जो बुद्धि इन्हों विषे भी फुरती है ॥ चिरकाल के अभ्यास करके ॥ तो भी प्रारब्ध के
वेग पर्यंत चेष्टा होवे ॥ तब चेष्टा विषे भी आत्मा दृष्ट आवता है ॥ अर जो भूषण है ति
स कों सोने विषे भूषण दृष्ट आवते है ॥ तातें केवल आत्मा का चमत्कार ही कच
न होता है ॥ जैसे सोने विषे भूषण दृष्ट आवते है ॥ अर आकाश विषे नीलता ॥ अर
वायु विषे स्पंदता है से आत्मा विषे सृष्टि है ॥ जैसे आकाश विषे नीलता देखणे मात्र है
वास्तव कछु नहीं ॥ तैसे आत्मा विषे सृष्टि कछु नहीं ॥ वास्तव करके आत्म मात्र ही है
जब भ्रांति निवृत्त होवेगी ॥ तब जगत का भाव अर अर्थ सर्व ओर ते त्याग होवेगा ॥ भा
व अर अर्थ की भावना ते चेष्टा भी होती है ॥ तौ रस जो है राग अर अभिलाषा तिस
ते रहित होती है ॥ अर दुःख कोऊ नहीं होता ॥ इसी कों मुनीश्वर निर्वाण कहिते है जब
ऐसा निर्वाण पद हुआ तब शून्य अर शांति पद कों पाइकर स्थित होता है ॥ हे राज
न जब अहं का उत्थान हुआ सो ई ही बंधन है ॥ अर अहंकार निर्वाण ई ही मुक्ति है
अर अहं के होवणे करके संसार दुःख है ॥ जब लग अहंकार का उत्थान है ॥ तब लग
संसार है ॥ अर जब लग संसार है ॥ तब लग अहं का उत्थान है ॥ जब संसार की सत्ता
जाती रहे ॥ तब अहं जो संवेदन है ॥ सो भी नष्ट हो जावे ॥ अर संवेदन नष्ट भयी ॥ त
ब शुद्ध आत्मा ही शेष रहेगा ॥ अर अनामे कहीये ॥ निर्दुःख ही भावना होवे ॥ अर
अहं भ्रम का उत्थान भी न रहे ॥ अर चैतन्य मात्र ही रहेगा ॥ हे राजन सर्व ब्रह्म ही की
जो को बुद्धि भई है ॥ तिन कों संसार की बुद्धि नहीं ॥ जैसी जैसी भावना दृढ होती है
तैसा ही आगे दृष्ट आवता है ॥ तिन कों ब्रह्म भावना दृढ होती है ॥ सो ब्रह्म रूप दृढ
हो जाता है ॥ अर जिस कों जगत की भावना होती है तिस कों जगत ही होता है
हे राजन तुम अब जागिया है ॥ अर ब्रह्म स्वरूप हुआ है ॥ जो शुद्ध है ॥ अर निर्मल है
जो किसी शब्द अर लक्षण का विषे नहीं ॥ हे राजन ऐसा आत्मा कार्य अर कारण
किस का होवे ॥ सो केवल अद्वैत है ॥ अर इह विश्व आत्मा का चमत्कार है ॥ जैसे स
मुद्र विषे नाना प्रकार के तरंग पवन करके उपजते हैं ॥ तो भी समुद्र ते भिन्न इतर नहीं
सम भ्रम ते मात्र हैं ॥ जैसे स्वप्ने विषे मनोराज करके विश्व कोऊ कल्पता है ॥ अर ना
ना प्रकार की चेष्टा करता है ॥ इन की चेष्टा तब लग है ॥ जब लग संकल्प है ॥ जब संक
ल्प निवृत्त हुआ ॥ तब शून्य अभाव ही रहिता है ॥ जैसा आगे शून्य था ॥ अर तिस की सं
वेदन विषे सृष्टि थी ॥ तैसे इह संसार संवेदन अंत ही भयी ॥ तब संसार की सत्ता
जाती रहती है हे राजन संसार सत्ता जाती तब है जो आगे ही सत्य है ॥ अर जो अस
त्य होती है ॥ तिस का नाश कदाचित नहीं होगा ॥ तातें संवेदन कर कल्पते है
जैसे एक शिला विषे पुरुष पुतली या कल्पता है ॥ तो शिला विषे तौ पुतली को
ऊ नहीं ॥ वोह जिड की तिड शिला ही है ॥ तैसे संवेदन करके आकार दृष्ट आवते
हैं ॥ जब चित्त संवेदन ते रहित होवेगा ॥ तब आत्मा कों आपणा आप जाणेगा अस
पष्ट पद कों प्राप्त होवैगा ॥ जो शांति पद है ॥ अर शुद्ध आकाश रूप है ॥ हे राजन सर्व
अर्थ अर सर्व शब्द की अभावना इह ब्रह्म अर्थ है ॥ नहीं कोऊ कल्पना नहीं ॥ जब सम्यक
दर्शी होता है ॥ तब शेष आत्मा दृष्ट आवता है ॥ अर इह भावना भी उड जाती है ॥ जो इह
संसार है ॥ अर एक ब्रह्म है ॥ अर केवल ज्ञेय मात्र ही रहिता है ॥ कैसा ज्ञेय रहिता है जो
शिला की न्याई ज्ञान है ऐसे शेष रहिता है ॥ इति श्री निर्वाण प्रकरणे शिखिध्वज बो
ध वर्णनं नाम सर्गः ॥ ७४ ॥ राजोवाच ॥ हे भगवन जैसे तुम कहिते हो सो सत्य है अर

मैं जानता हूं संसार आत्मा का कार्य है ॥ अर आत्मा कारण है ॥ सो आत्मा का कार्य हु
आ ॥ तो भी आत्म स्वरूप हुआ ॥ आत्मा ते इतर नहीं ॥ कुंभोवाच ॥ हे राजन आत्मा चेतन्म
मात्र है ॥ कार्य कारण किसी का नहीं ॥ जो आत्मा अनंत को है ॥ अर क्रिया ते रहित है ॥ अ
रच्युत है ॥ अर निरिछ है ॥ जो शुद्ध है तो कार्य कारण किस का होवे ॥ अर कारण को कि
ये होरा जाणीता है ॥ अर आत्मा किसी प्रमाण कर विषय नहीं ॥ तो अप्रमेय है ॥ तिह
ने तर हित है ॥ अर कारण तब होता है ॥ जब क्रिया होती है ॥ सो आत्मा क्रिया ते अती
त है ॥ अर अच्युत है ॥ अर वाणी का विषय नहीं ॥ निराल है ॥ न किसी का कारण है ॥ न का
र्य है ॥ न कर्म है ॥ केवल जिड का तिड स्थित है ॥ अर चेतन्य मात्र है ॥ अर शिव रूप है ॥ अ
र शुद्ध रूप है ॥ अर इह विश्व भी चेतन्य मात्र है ॥ जैसे आकाश विषे आकाश स्थित हो
वे तैसे आत्मा विषे विश्व आत्म रूप कर स्थित है ॥ ऐसे जो विश्व चेतन्य मात्र है ॥ तिस
विषे असम्यक दर्शी नाना प्रकार कल्पता है ॥ अज्ञान करके ॥ अज्ञान कहीये वस्तु
का न जानणा ॥ सो ब्रह्म परमात्मा है ॥ तिस के प्रमाद करके वासना रूप जो चित्त
है ॥ सो विश्व कों कल्पता है ॥ सो विश्व शब्द मात्र है ॥ शब्द कहीये नाम मात्र है ॥ अर्थ
ते कछु नहीं ॥ जैसे दूसरा चंद्रमा आकाश विषे देखीता है ॥ अर जैसे समुद्र विषे
तरंग ॥ अर जैसे मृगतृष्णा के जल विषे जल ॥ जैसे बालक कों परछावें विषे भू
त ना भ्रम करके भासता है ॥ तैसे असम्यक दृष्टी आत्मा विषे विश्व कल्पता है
अर सम्यक दर्शी ऐसे जागता है ॥ जो आत्मा शुद्ध है ॥ अर अजन्मा है ॥ अर अविनाशी
है ॥ अर परम ब्रह्म है ॥ अर निरालंब है ॥ हे राजन जब तें सम्यक दृष्ट करके देखेगा
तब संसार का अध्यासाभावन देखेगा ॥ काहे ते जो चित्त का कल्पिया हुआ है ॥ अर
चित्त अज्ञान करके उपजिया है ॥ अर स्वरूप विषे न चित्त है ॥ न अज्ञान है ॥ न संसार है
केवल अद्वैत मात्र ही है ॥ तहां एक कहां अर द्वैत कहां ॥ केवल मात्र अपद है ॥ जब अ
ज्ञान नष्ट हुआ ॥ तब अहंत्व संवेदन चित्त सभ नष्ट हो जावेगा ॥ बडइ भ्रम दृष्ट न
आवेगा ॥ हे राजन आत्मा ते जो कछु दृष्ट इतर आवता है ॥ सो अज्ञान करके है ॥ वि
चार कीये तें नहीं रहिता ॥ राजोवाच ॥ हे भगवन अज्ञान क्या है ॥ अर नाश कैसे
होवे सो कहो ॥ कुंभोवाच ॥ हे राजन एक ज्ञान है ॥ अर एक अज्ञान है ॥ ज्ञान इह
है जो पदार्थ प्रत्यक्ष कों जानना ॥ अर इह अज्ञान है ॥ जो पदार्थ को न जाणना ॥ अर
एक ज्ञान भी अज्ञान है ॥ सो श्रवण कर ॥ मृगतृष्णा का जल देख कर आस्या क
रणी जो है ॥ अर जेवडी विषे सर्प अर सीपी विषे रूपा देखणा ॥ अर तिस कों सत्य
जाणना ॥ इह ज्ञान भी अज्ञान है ॥ काहे ते अज्ञान है ॥ जो सम्यक दर्शी
हो कर नहीं देखिया ॥ इह दृष्टांत है ॥ अर दार्ष्टांत इह है ॥ जो शुद्ध आत्मा निरा
कार अद्भुत विषे मैं हों ॥ अर भ्रम का वरन अर आश्रम है मेरा ॥ अर नाना प्र
कार की विश्व जाणनी ॥ सो ज्ञान भी अज्ञान है ॥ अर मर्वता है ॥ हे राजन न को
ऊ जन्मता है ॥ न मृत होता है ॥ जिड का तिड आत्मा ही स्थित है ॥ तिस विषे ज
न्म मरन आदिक विकार देखणा ऐसा जो ज्ञान है सो अज्ञान है ॥ हे राजन जै
से कोऊ ब्राह्मण होवे ॥ अर ऊंची बांह करके कहे ॥ जो मैं शूद्र हों मेरे ताईं दे
व का अधिकार नहीं ॥ अर जैसे कोऊ पुरुष कहे जो मैं मुआ हों ॥ तिस कों मैं जानों
हों ॥ अर आप कों कछु वरन अर आश्रम का अभिमान ले कर कहिए सो मन वि
ता है ॥ काहे ते जो सम्यक दर्शी ॥ जब जिड का तिड जाणे ॥ तब उद्दीन होवे हे राज
न ऐसा ज्ञान जो सम्यक दर्शीन कर नष्ट हो जावे सो अज्ञान है ॥ जैसे सूर्य की कि
रणा विषे जल की प्रतीत होती है ॥ अर किरणों के ज्ञान ते जल का ज्ञान नष्ट हो

वा॰ नि॰ प्र॰
६३

63

जाता है॥ सो अज्ञान तथा जल का जाणना॥ सो सर्प का ज्ञान जेवडी के ज्ञान ते नष्ट हो
जाता है॥ सो तत्त्वज्ञान है॥ जैसे शुद्ध चिन्मात्र विषे आपको देहि इंद्रियो अर विषय देखणी
इरु जो ज्ञान है॥ सो अज्ञान है॥ सो सम्यक् दर्शन कर के नष्ट होता है॥ जब अर साक्षा
त्कदर्शी होवेगा॥ तब अध्यात्म ताप निवृत्त होजावेगा॥ अर शुद्ध होवेगा॥ जो आत्मा
है॥ अर अज है॥ अर अपरिछिन्न रूप है॥ ऐसा तूं है॥ हे राजन अज्ञान भी अवर कोऊ नहीं
इस चित के उदय होवणे का नाम अज्ञान है॥ अज्ञान का कारन चित है॥ जो पदा
र्थ चित कर के हुआ है॥ सो चित्त कर के नष्ट होता है॥ ताते तूं चित्त कर के चित को ना
श कर॥ जैसे अग्नि पवन कर के उपजती है॥ अर पवन ही कर शांत हो जाती है॥ ते
से चित को चित्त कर नष्ट कर॥ हे राजन तूं तत है॥ न मैं हों न इंद्रिया हैं॥ न आकाश है
न अन्य है न इह जगत है॥ केवल शुद्ध आत्मा है॥ हे राजन चित का उदय होवणा
इह अज्ञान है॥ जब अज्ञान नाश हूआ॥ तब चित अर अहं ते सर्व नष्ट होजाता है॥ हे
राजन जो चित ही नहीं तो चित का कार्य विश्व कहां होवे॥ इह अज्ञान कर दृश
आवते हैं॥ जो इह विश्व है॥ अर इह चित है॥ केवल आपणा आप विषे आत्मा स्थित है
हे राजन तूं शुद्ध आत्मा है॥ अर एक है॥ अर प्रकाश रूप॥ अच्युत है॥ अर निरंतर है
अरादेहि इंद्रियादिक रूप होइ कर तूं ही स्थित भया है॥ इच्छा अर अनिच्छा भी तें
ही है॥ जैसे चंद्रमा की किरणा चंद्रमा ते भिन्न नहीं॥ तैसे तूं है॥ अर निर्विकल्प है
कल्प फुरणा ते रहित नहीं तूं केवल जिउ का तिउ स्थित है॥ इति श्री निर्वाण प्रक
रणे परमार्थ उपदेशो नाम सर्गः॥ [illegible]॥ वसिष्ठोवाच॥ हे राम जो जब ऐसे कुंभ कहा
तब सिषरध्वज श्रवण कर के शांति को प्राप्त भया॥ नेत्रों को मूंद कर समस्त अंगो
की चेष्टा ते रहित भया॥ जैसे शिला ऊपर पुतली लिखी होती है॥ तैसे स्थित भया एक
मुहूर्त पर्यंत निर्विकल्प स्थित रहा॥ अर बहुर उठडिया तब कुंभ कहा॥ हे राजन आ
त्मा जो निर्विकल्प है तिस निर्विकल्प आत्मपद प्रवेशन कीया है॥ तब तेरा अज्ञान नष्ट
भया है॥ अर ग्रंथवान नहीं भया॥ अर जो जितेक जाणने योग्य है॥ सो तैने जाणिया है॥ अर शां
ति को प्राप्त भया है॥ ग्रंथवान नहीं भया॥ तब राजे कहा हे भगवन तुमारी कृपा ते मैं उ
त्तम पद को प्राप्त भया हों॥ हे भगवन तत्त्ववेत्ता के संग ते जो सुख नहीं पाईता है॥ सो
क्षीर समुद्र ते भी नहीं पाईता॥ अर देवतियों विषे भी नहीं पाईता॥ तुमारी कृपा ते
ऐसे अमृत को पाया है॥ जिस का आदि अर अंत कोऊ नहीं॥ अनंत है॥ अर अमृत
सार है॥ अब मेरे दुःख सर्व नष्ट होगए हैं॥ अब मैं जाणिया हों॥ अर आपणा आप
को जाणिया है मैंने॥ मैं आत्मा हों॥ मेरे साथ चित कोऊ नहीं॥ मैं केवल आपणा
आपणे आप विषे स्थित भया हों॥ अर इच्छा मेरे ताईं कोऊ नहीं॥ मैं केवल आपणे
आप स्वभाव को पाया है॥ अर सर्व के आदि पद को प्राप्त भया हों॥ अर कोई भी नहीं
जिस विषे॥ ऐसे निर्विकल्प पद को प्राप्त भया हों॥ हे भगवन ऐसा आपणा आप है
मेरा जिस कर सर्व प्रकाशते हैं॥ तिस के जाणे विना कोटि जन्म पाये हैं॥ अर दुःख
मेरे नष्ट भये॥ अब तुमारी कृपा ते एक क्षण विषे जाना है॥ आगे श्रवण भी करता
था॥ सो कारण क्या जो आगे ना जाना॥ अब जाना॥ कुंभोवाच॥ हे राजन तेरे काल
कषाय परिपक्व हुए हैं॥ काषाय कहीये वासना॥ जब वासना परिपक्व होती है॥ त
ब वृक्ष के फल की न्याई गिर पडती है॥ जैसे फल वृक्ष ते साथ परिपक्व होता है॥ तब य
त्न विना गिर पडता है॥ तैसे तेरी वासना अब परिपक्व भई थी॥ जो अंतःकरण शुद्ध
भया है॥ अब अज्ञान तेरा नष्ट भया है॥ जब अंतःकरण मलिन होता है॥ तब सं
तों के वचन नहीं लागते॥ अर जब अंतःकरण शुद्ध होता है॥ तब संतों के वचन

लागते हैं॥ जैसे कोमल भूमि को बाण लगे तब शीघ्र ही वेध जाता है॥ तैसे ही शु
द्धि अंतःकरण विषे शीघ्र ही प्रवेश कर जाता है उपदेश॥ हे राजन तेरी वासना भो
गों की अब नष्ट भई है॥ अर स्वरूप के जाणने की तीव्रता भई है॥ ताते तूं अब जागि
या है॥ हे राजन उपदेश मैं तब कीया है॥ जो अंतःकरण तेरा शुद्ध भया है॥ अर प्र
तिबिंबत होय पडती है॥ जब होता निर्मल होता है॥ जैसे श्वेत वस्त्र होता है॥ तब के
सर का वेग तिस को शीघ्र ही चढ जाता है॥ अर गंध भी इत्यादि चढता है॥ तैसे शुद्ध
अंतःकरण विषे संतों का वचन प्रवेश कर जाते हैं॥ अर शोभायमान होते हैं॥ जब लग
अंतःकरण मलिन होता है॥ तो भावें जेता उपदेश करीये तो स्थित नहीं होता
जब भोगों विषे वैराग हुआ तब वासना कोऊ न होर रहिती॥ केवल आत्मपद
की इच्छा होती है॥ तब स्वरूप का साक्षात्कार होता है॥ हे राजन॥ अब तेरा सर्व
त्याग सिद्ध हुआ है॥ अर अज्ञान नष्ट हुआ है॥ जो उपाधि कोऊ नहीं॥ चित्त ही व
डी उपाधि है॥ जब चित्त नष्ट हुआ॥ तब दुःख कोऊ नहीं रहिता॥ अब ते [illegible] विच
षे॥ तेरे ताईं दुःख कोऊ नहीं॥ अर शोक भी कोऊ नहीं॥ अर भय भी कोऊ नहीं॥ तूं शां
ति पद को प्राप्त भया है॥ तब राजे कहा हे भगवन॥ अज्ञानी को चित्त का संबंध है अ
र ज्ञानवान को चित्त का संबंध नहीं होता॥ जो रूप विषे स्थित है॥ तो चित्त विना जी
वन्मुक्त क्रिया विषे कैसे वर्तता है॥ अर चेष्टा विषे कैसे वर्तता है॥ तब कुंभ क
हा हे राजन तूं सत्य कहिता है॥ सो ज्ञानी को चित्त का संबंध नहीं॥ सो ज्ञानी वि
षे चित्त कदाचित नहीं॥ जैसे पत्थर की शिला विषे अंगुरी कदाचित नहीं होती॥ ते
से ज्ञानी को चित्त का संबंध कदाचित नहीं होता॥ हे राजन चित्त जो है॥ सो वासना
रूप है॥ सो वासना जन्म मरण का कारण है॥ सो वासना जीवन्मुक्त को नहीं र
हिती॥ ज्ञानवान का चित्त सत्पद को प्राप्त भया है॥ अर अज्ञानी चित्त विषे स्थि
त है॥ चित्त विषे स्थित होवणे कर जन्मता भी है॥ अर मरता भी होता है॥ अर जो
चित्त सत्त विषे स्थित है ज्ञानी॥ तिस को चित्त का संबंध नहीं॥ हे राजन चित्त जो है
सो वासना रूप है॥ सो वासना जन्म मरण का कारन है॥ सो वासना जीवन्मुक्त
को नहीं रहिती॥ ज्ञानवान का चित्त सत्पद को प्राप्त भया है॥ अर अज्ञानी चित्त वि
षे स्थित है॥ चित्त विषे स्थित होवणे कर जन्मता भी है॥ अर मरता भी होता है॥ अ
र ज्ञानी चित्त सत्त विषे स्थित है॥ ज्ञानी तिस को बंधन नहीं॥ प्रारब्ध भोगता है॥ अर सर्व
आत्मा देखता है॥ जद्यपि इंद्रियों कर चेष्टा भी करता दृष्टि आवता है॥ तो भी सर्व ब्रह्म
देखता है॥ अर क्रिया करणे के अभिमान ते रहित होता है॥ जो मैं न करता हों॥ अ
र न भोगता हों॥ अर जो अज्ञानी आपको करता मानता है॥ तिस को संसार सत्य
भासता है॥ अर सत्य जान के संकल्प विकल्प करता है॥ सो ज्ञानवान को संसार
की सत्यता नहीं भासती॥ अर आपको अकर्ता अभोगता देखता है॥ अर अभि
लाषा पूर्वक चेष्टा नहीं करता॥ हे राजन संसार को सत्य जानणा॥ अर आपणा वि
षे क्रिया देखणी तब लग होती है॥ जब लग चित का संबंध होता है॥ जब चि
त्त ही नष्ट होगया॥ तब संसार अर फुरना कहां रहे॥ हे राजन चित्त का तैने त्याग
कीया है॥ ताते सर्व त्यागी भया है॥ अर आगे सर्व त्याग न था कीया॥ जो अज्ञान ना
ष्ट न था भया॥ अब अहं भाव तेरा दूर भया है॥ जो अज्ञान का कार्य था॥ जब अज्ञा
न नष्ट भया तब अहं भाव न रहा॥ अहं के त्यागणे कर त्याग सिद्ध हुआ॥ अर आगे
तैने राज का संकल्प त्याग कीया था॥ सो राज विषे तेरा क्या है॥ बहुर तैंने का त्याग की
या॥ बहुर इखनने आदि लेकर सर्व सामग्री का त्याग कीया॥ अब तिस का त्याग है
जो त्यागणे वाला अहं भाव है॥ ताते सर्व त्यागी भया॥ अर जो कछु जाणने योग्य है
तिस को जाणिया है॥ अर शांति पद को प्राप्त भया है॥ हे राजा तूं आत्मा है॥ अर सर्व

वा.नि.
प्र.
६४
64

इस्तेंतेरहितहैं॥ अरुबहुतेजागियाहैं॥ अरुचित्तकात्यागकीयाहै॥ तांतेसर्वआत्माभ
याहै॥ अरुअहंतनहैं॥ हेराजन जबदोअरुरहोतेहैं॥ तबचित्तकीसंज्ञानानाप्रकार
कीहोतीहै॥ जोअमृतअरुविषसुखदुखधर्ममेंअधर्ममेंइहहोतेहैं॥ अरुजोएककाकौ
अहंकारहै॥ तबसर्वकाआत्माहै॥ तैसेंहीसराअज्ञाननष्टभयाहै॥ अरुसत्यपदको
प्राप्तभयाहैं॥ अरुशुद्धनिर्मलभयाहैं॥ हेराजन जोज्ञानवानहै॥ तिसचित्तकात्या
गकीयाहै॥ बहुरइतिनकोदुखकोऊनहीहोता॥ सोतेतिसपदकोप्राप्तभयाहै
जिसविषेदुखकोऊनहीं॥ अरुतिसपदकोप्राप्तभयाहै॥ जहांस्वर्गादिकसुखदेखे
हैं॥ स्वर्गविषेभीतेअरुअतिशैहोताहै॥ अतिशैकहीयेउन्नकरणेहारा॥ जोआप
सेकेरूपोंऊर्धदेखताहै॥ तबचाहताहै॥ जोमेंभीऐसाजैसाहोवो॥ अरुतेकहीं
येमतइसस्वर्गतेगिरायमिलो सोदोनाप्रकारदुखहोताहै॥ सोशुभपापदोना
काअरुबत्यागकियाहै॥ तांतेतिससर्वत्यागीहै॥ अरुअज्ञानीजोपापीजीवहैं॥ तिनको
स्वर्गहीभलाहै॥ जैसेस्वर्णकापात्रनपाइअरु तोपिलकाभीभलाहै॥ तैसेस्वर्णका
पात्रजोहै सोज्ञानहै॥ तबलगप्राप्तनहोवै॥ तबलगपितलकापात्रजोहै॥ स्व
र्गादिकसोनरकतेभलाहै॥ अरुतमसारावियांकोकछुनहीं॥ आत्मपदविषे
सर्वपदार्थोंकीशर्णताहै॥ सर्वकीउत्पत्तिआत्मातेहैं॥ हेराजनवर्णअरुआश्र
मविषेक्याआस्थाकरणीहै॥ नहोतेइनकीउत्पत्तिहै॥ अरुजहांलीनहोते
हैं॥ सोसामर्थ्यविषेजिसकेअज्ञानतेदृष्टआवतेहैं॥ तिसविषेस्थितहोवीये॥ जिस
केज्ञानतेसर्वलीनहोइजातेहैं॥ हेराजनसंकल्पविकल्पजोउठतेहैं॥ तिसवि
षेस्थितमनहो॥ जिसविषेउत्पन्नलीनहैं॥ तिसविषेस्थितहो॥ अरुतपादिकक्रि
याकरक्यासिद्धहोताहै॥ जिसकरतपआदिकसिद्धहोतेहैं॥ तिसविषेइस्थि
तहो॥ जैसेबुदविषेक्यास्थितहोवणाहै॥ जिनमेंयोतेबुदउत्पन्नहोतीहै॥ तिसवि
षेस्थितहोवीये॥ हेराजनजैसेस्त्रीहोवै॥ अरुभरतातेकोऊपदार्थचाहै॥ अरुआपन
कहै॥ तैसेंतपादिकजोहैं॥ तिनकरक्यासिद्धहोताहै॥ सोतिनकरआत्मप्राप्तकी
इच्छानकरे॥ आपनेआपकरपावैहै॥ हेराजनआत्मातेराआपणाआपहै॥ ति
सीकारसर्वसिद्धहोतीहै॥ जोवस्तुपाछेत्यागकरणीहोइ॥ तिसकोज्ञानवानअ
थमेहीनहीअंगीकारकरता॥ अरुजेतीकछुतपादिककथाहै॥ तिनकोवि
नकरविचक्यारचताहै॥ आपणाआपकोदेखजोअनुभवरूपहै॥ अरुसर्वदा
हालितअरुआपणेसत्यविषेस्थितहै॥ जबतेआपणाआपकरआपकोदेष
हिगातपादिकक्रियाकोदूरकरके॥ तबशोभापावहिगा॥ जैसेबदलोंकेदूरभ
येचंद्रमाप्रकाशमानशोभापावताहै॥ तैसेतेभीभोगोंकीचपलताकोत्यागक
रकेशोभापावहिगा॥ जबइंद्रियोंकोजीतहिगा॥ अरुकिसीपदार्थविषेआसक्त
नहोवैगा॥ अरुसर्ववासनाकात्यागकरैगा॥ तबज्ञानवानहोवहिगा॥ अरुजिस
सर्ववासनाकात्यागकीयाहै॥ तिसकोविसजाणना॥ सोसर्वराजियोंकास्वा
मीहै॥ जिसमनजीतियाहै॥ सोचेष्टाविषेभीनिइकातिइवहताहै॥ जैसेपवनसंद
ताहै॥ ऊरणाअरुहहिरजावणातल्यहै॥ तिसविषेतैसेज्ञानवानकोखेदकछुने
हींहोताकहे॥ तबराजेकहाहेभगवन्सर्वसंशयोंकेछेदनहारे॥ संदअरुनिसं
दविषेज्ञानीजिइकातिइकेसेरहताहै॥ सोकृपाकरकेकहो॥ कुंभोवाच॥ हेराज
नचैतन्यआकाशजोहै॥ सोआकाशतेभीनिर्मलहै॥ तिसकासाक्षात्कारहूआ॥ तब
नहींटोलनहोचैतन्यहीभासताहै॥ जैसेसमुद्रकेजाणेतेतरंगबुदबुदासर्वजलहीं
भासतेहैं॥ तैसेहीविद्वानकोआत्माकेदेषेहुयेफुरणेविषेभीआत्माहीदृष्टआव
ताहै॥ अरुजिसआत्माकेदेखेहुयेफुरणेविषेभीआत्माहीदृष्टआवताहै॥ अरुजि
सआत्माकोंनहीजाणीया॥ तिसकोंनानाप्रकारकाजगतभासताहै॥ जैसेजल

केजाणेबिनातरंगबुदबुदेभिन्नदृष्टआवतेहैं॥ अरुजलकेजाणेतेतरंगभीज
लमयीभासतेहैं॥ हेराजनसम्यकदर्शीकोंजगतआत्मस्वरूपहै॥ अरुअसं
म्यकदर्शीकोंजगतहै॥ तांतेतेसम्यकदर्शीहोकरदेखजोजगतभीआत्मस्व
रूपहै॥ अरुसम्यकदर्शनकरकेजैसेप्राप्तहोताहै सोभीश्रवणकर॥ सतशास्त्रोंकावि
चारकरणा॥ अरुसंतोंकासंगकरणा॥ तबदृढभावनाकरकरीये॥ तबकेतेक
कालतेस्वरूपकासाक्षात्कारहोताहै॥ जबस्वरूपकासाक्षात्कारभया॥ तब
स्पंदअरुनिस्पंदविषेएकसमानहोताहै॥ हेराजनजाकेसमीपहीमाखीहो
वैसोमाखीकेनिमित्तपरबतकिउंखोजे॥ अरुकिउंदउडे॥ तैसेतेरेघरहीवि
षेब्रह्मवेत्ताचूडालाथी॥ तिसकात्यागकरकेबनविषेआइकरतपकाआ
रंभकीया॥ तांतेकष्टबडापाया॥ परअबतेजागाहै॥ अबदुखतेरेनष्टभयेहैं॥
अबतेसत्यपदकोप्राप्तभयाहै॥ जैसेजेवडीकेनजाणनेकरकेसर्पभासताहै
अरुसम्यकदर्शीकोभलीप्रकारजाणनेकरकेसर्पभासतानहीं॥ जेवडीहीभा
सतीहै॥ तैसेहीभलीप्रकारनिसंदेहहोकरजिसआपणाआपदेखियाहै॥ तिस
कोस्पंदफुरणेविषेभीआत्माभासताहै॥ जबमनकीचपलतामिटतीहै॥ त
बतुरीयाअतीतपदकोप्राप्तहोताहै॥ जिसपदकोवाणीविषेनहीकहिसक
ती॥ हेराजनतूंभीतिसीपदकोप्राप्तभयाहै॥ जोमनअरुवाणीरहितहै
